सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0
RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-17 अंक-92 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शनिवार, 09 सितम्बर 2023
22 सफर, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




### देश के छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों के नतीजे
# त्रिपुरा की दो व उत्तराखंड में एक सीट जीती भाजपा

- झारखंड में जेएमएम, बंगाल में टीएमसी, केरल में कांग्रेस की जीत
- भाजपा ने पुराना प्रदर्शन रखा बरकरार
- लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन के भविष्य की ओर संकेत दिए



**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों को आइएनडीआइए नाम से नए स्वरूप में लाने के प्रयासों के बीच विधानसभा की सात सीटों के उपचुनाव के नतीजों ने भविष्य के संकेत दे दिए हैं। भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए के साथ छह राज्यों में विपक्षी दलों का यह पहला संघर्ष था। देशभर की नजर थी। किंतु सात में तीन सीटें जीतकर भाजपा ने अपने पुराने प्रदर्शन को बरकरार रखा।

दूसरी ओर बंगाल एवं केरल में आइएनडीआइए के घटक दलों ने आपस में ही टकराकर दूसरे को हराया। त्रिपुरा में मिलकर भी दोनों सीटों को भाजपा की झोली में जाने से रोक नहीं पाए। मुस्लिम बहुल सीट बक्सानगर में भी भाजपा ने माकपा को हराकर पहली बार कब्जा जमा लिया। अलग-अलग कारणों से छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर पांच सितंबर को वोट डाले गए थे। संसदीय आम चुनाव से सात महीने पहले हुए इस चुनाव को सेमीफाइनल बताया जा रहा है। भाजपा के कब्जे में पूर्व से त्रिपुरा की धनपुर, उत्तराखंड की बागेश्वर एवं बंगाल की धूपगुड़ी सीटें थीं। इनमें धूपगुड़ी भाजपा के हाथ से चली गई। उसकी जगह एक नई सीट त्रिपुरा की बक्सानगर आई है। मतलब तीन की तीन रह गई। तीन अन्य में यूपी की घोसी पर सपा, झारखंड की डुमरी पर झामुमो एवं केरल की पुथुपल्ली पर कांग्रेस ने अपना कब्जा बरकरार रखा है। उपचुनाव के नतीजे आगाह कर रहे हैं कि बंगाल और केरल में विपक्षी गठबंधन की अवधारणा पूरी तरह सफल नहीं हो सकती है। केरल में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व सीएम ओमान चांडी की सीट पर माकपा ने प्रत्याशी देकर साफ कर दिया कि संसदीय चुनाव में भी वह गठबंधन के लिए तैयार नहीं होगी। एक अन्य बड़ा संकेत है कि मिशन-24 में दो प्रमुख प्रत्याशियों के बीच ही आरपार की लड़ाई हो सकती है। तीसरे की संभावना सिमट सकती है। चाहे वह राष्ट्रीय दल ही क्यों ना हो? बसपा एवं जदएस जैसे छोटे होते दलों के लिए यह ट्रेंड एक चेतावनी है, जो किसी खेमे के साथ खड़े होने के लिए उन्हें प्रेरित कर सकता है। उत्तराखंड की बागेश्वर सीट पर भाजपा की वापसी से स्पष्ट है कि कांग्रेस के लिए आगे की राह भी आसान नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस में 190 सीटों पर सीधी टक्कर थी, जिसमें मात्र 15 पर कांग्रेस और 175 पर भाजपा की जीत हुई थी।

#### धूपगुड़ी सीट पर तृणमूल का कब्जा

बंगाल की धूपगुड़ी सीट भाजपा ने संघर्ष के बावजूद तृणमूल के सामने गंवा दी। माकपा-कांग्रेस गठबंधन को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। यह परिणाम आइएनडीआइए के लिए मुश्किल पैदा करेगा। पहले से ही वामदलों की दोस्ती से परहेज करने के लिए कांग्रेस पर दबाव बना रही ममता बनर्जी अब ज्यादा मुखर होंगी। बंगाल में मिशन-24 के लिए सीट बंटवारे का काम दुश्कर होने वाला है।

#### भाजपा ने आइएनडीआइए को दी करारी शिकस्त

संकेत यह भी है कि भाजपा ने हारकर भी अपने वोटरों को जोड़े रखा है। बंगाल की तरह त्रिपुरा में भी कांग्रेस एवं वामदलों का तालमेल था। स्थानीय दल टिपरा मोथा का भी समर्थन प्राप्त था। फिर भी भाजपा ने दोनों सीटों पर आइएनडीआइए को करारी शिकस्त दी और साबित कर दिया कि वामदलों एवं कांग्रेस की संयुक्त राजनीति भी अब पस्त होने वाली है। केरल में कुश्ती और बाकी राज्यों में दोस्ती की चालाकी ज्यादा दिनों तक आम जनता से ओझल नहीं रहने वाली।

# घोसी में सपा की चली साइकिल

**घोसी उपचुनाव**

- सपा प्रत्याशी सुधाकर ने दर्ज की रिकॉर्ड जीत
- दारा सिंह को 42 हजार वोटों से हराया
- चुनावों में खाली हाथ रही बसपा
- मूल वोटर छिटके, नोटा की अपील भी हवा में उड़ी



**मऊ।** घोसी उपचुनाव के परिणाम से उत्तर प्रदेश की सियासी जमीन के ताप की आजमाइश हो गई। घोसी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के सुधाकर सिंह ने भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान को बड़े अंतर से हराया। इस चुनाव पर पूरे देश की नजर थी। घोसी के सियासी रण में साइकिल ने ऐसी रफ्तार पकड़ी कि भाजपा चारों खाने चित्त हो गई। सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने भाजपा के दारा सिंह को 42759 वोटों से हराया है। 2022 विधानसभा चुनाव में सपा से चुनाव लड़ रहे दारा सिंह ने 22000 वोटों से जीत दर्ज की थी।

यह सीट दारा सिंह चौहान के इस्तीफे देने के कारण खाली हुई थी। इस उपचुनाव में वैसे तो मुकाबला भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच था, लेकिन प्रतिष्ठा एनडीए और इंडिया गठबंधन की दांव पर लगी थी। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बने इंडिया गठबंधन की सियासी पकड़ का भी यह नतीजा माना जा रहा है। सपा प्रत्याशी की इस विशाल जीत से विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया चहक उठा। विपक्ष के नेताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन को जनता स्वीकार किया है। कहा कि घोसी उपचुनाव के नतीजे लोकसभा चुनाव 2024 में दिखेगा। घोसी विधानसभा के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि किसी प्रत्याशी ने 42 हजार के अधिक अंतर से जीत दर्ज की हो।

उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की। बीते वर्ष विधानसभा चुनाव में एक लाख 8 हजार 430 वोट पाने वाले दारा सिंह चौहान इस बार 81668 पर सिमट कर रह गए है। जबकि सुधाकर ने 124427 मत पाकर 42 हजार 759 वोट से सबसे बड़ी जीत हासिल की। इससे पहले बड़ी जीत का रिकार्ड वर्तमान सदर विधायक अब्बास अंसारी का है, जिन्होंने 38116 मतों से भाजपा प्रत्याशी को हराया था।

## भारत ने की इंडिया को जिताने की शुरुआत: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने घोसी उप चुनाव में सपा की जीत को लोकतंत्र की विजय बताया है। उन्होंने कहा कि भारत ने इंडिया को जिताने की शुरुआत कर दी है। यह भाजपा की उल्टी गिनती की शुरुआत है। अखिलेश यादव ने कहा कि घोसी ने सपा के नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताया है और यही आने वाले कल का भी परिणाम होगा। सकारात्मक राजनीति की जीत और सांप्रदायिक नकारात्मक राजनीति की हार है। भाजपा की तोड़फोड़ और समाज को बांटने वाली राजनीति का भी यह मुंहतोड़ जवाब है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता के दुरुपयोग की भरसक कोशिश की, पर जनता ने करारा जवाब देकर सबक सिखाया है। यह पीडीए की धारा को इंडिया गठबंधन के साथ जोड़कर सामाजिक न्याय के लिए जातीय जनगणना की मांग करने वालों की भी जीत है। यह सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही सामाजिक घृणा, भ्रामक सूचनाओं और राजनीतिक मिथ्या की पराजय है। साथ ही भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी जैसे मुद्दों की भी जीत बताई।

#### जीते तो एक विधायक, पर हारे कई भावी मंत्री

घोसी उपचुनाव में जीत को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि ये झूठे प्रचार और जुमला जीवियों की पराजय है। ये दलबदल-घरबदल की सियासत करने वालों की हार है। उन्होंने कहा कि ये नतीजा भाजपा का अहंकार और घमंड को चकनाचूर करने वाला है। ये एक ऐसा चुनाव है, जिसमें जीते तो एक विधायक हैं। पर हारे कई दलों के भावी मंत्री हैं। इंडिया टीम है और पीडीए रणनीति। जीत का हमारा ये नया फॉर्मूला सफल साबित हुआ है। घोसी की जनता को धन्यवाद। सुधाकर सिंह को जीत की बधाई।

## डॉ. दिनेश शर्मा निर्विरोध राज्यसभा सदस्य निर्वाचित
### विधान परिषद की सदस्यता से देंगे इस्तीफा



**लखनऊ।** राज्यसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुए हैं। भाजपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य हरद्वार दुबे के निधन से खाली हुई सीट पर हुए उप चुनाव में भाजपा ने डॉ. शर्मा को प्रत्याशी बनाया था।

उप चुनाव में एक मात्र डॉ. शर्मा का नामांकन दाखिल हुआ। शुक्रवार को नामांकन वापसी के अंतिम समय दोपहर तीन बजे निर्वाचन अधिकारी ब्रजभूषण दुबे ने डॉ. शर्मा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। विधानमंडल भवन के सेंट्रल हॉल में निर्वाचन अधिकारी दुबे ने डॉ. शर्मा को राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपा। डॉ. शर्मा वर्तमान में विधान परिषद के सदस्य है। उनका कार्यकाल 30 जनवरी 2027 तक है। डॉ. शर्मा अब परिषद सदस्य के पद से इस्तीफा देंगे। उनकी सीट पर फिर उप चुनाव होगा।

#### गैंगस्टरों से जुड़े 822 ठिकानों पर दी दबिश

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर आतंकी गठजोड़ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान गैंगस्टरों से जुडे 822 ठिकानों पर पुलिस की टीमों ने दबिश दी। यह विशेष चेकिंग अभियान करीब चार घंटे चला। इस दौरान पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि हाल ही में पकड़े गए गैंगस्टरों के मॉडयूल से पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि इसके पीछे प्रयास यही है कि आतंकी और गैंगस्टरों को गठजोड़ को तोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी तरह से डरने की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस की तरफ से यह विशेष अभियान सुबह सात बजे से 11 बजे तक चला। ऑपरेशन में 350 से अधिक पुलिस टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें 2000 से अधिक जवान शामिल थे। अभियान में 28 पुलिस जिलों में गैंगस्टरों के साथियों, रिश्तेदारों, दोस्तों के ठिकानों व अन्य जगह पर छापेमारी की गई। विशेष डीजीपी (कानून-व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बताया अभियान में सभी जिलों के एसएसपी व सीपी शामिल थे।

# देश को महाशक्ति के रूप में देखना हर भारतीय की इच्छा: सीएम योगी

**अवधनामा संवाददाता**

- मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का मुख्यमंत्री योगी ने किया शुभारंभ



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव महोत्सव मना रहा होगा तब हर राष्ट्रभक्त भारतीय के मन में भारत को समर्थ, सशक्त और दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में देखने की इच्छा होगी। हर भारतीय देश को दुनिया का नेतृत्व करते हुए देखने की इच्छा भी रखता है।

सीएम योगी ने ये बातें शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भाजपा महानगर इकाई के अध्यक्ष राजेश गुप्ता को गोरखनाथ मंदिर परिसर की पवित्र मिट्टी अमृत कलश में भरकर सौंपी। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत ने अपनी आजादी का अमृत महोत्सव पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित किया। यह हम सबका सौभाग्य है कि आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में हम सबको नए भारत का दर्शन हो रहा है। पीएम मोदी ने नए भारत की 140 करोड़ की आबादी को आगामी 25 वर्ष की एक विस्तृत कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ने का एक अवसर दिया है। सीएम योगी ने कहा कि सशक्त, समर्थ और शक्तिशाली भारत के लिए जो कार्यक्रम दिए गए हैं, उसी की श्रृंखला में विरासत के सम्मान वाले %माटी को नमन वीरों को वंदन% कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के कार्यक्रम का शुभारंभ आज गोरखपुर में महानगर इकाई की तरफ से किया जा रहा है। इसमें गोरखपुर की माटी को अमृत कलश के साथ जोड़ने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के हर नगर निकाय व हर विकासखंड से अमृतकलश एकत्र होकर लखनऊ और फिर दिल्ली के लिए जाएंगे। लखनऊ में जहां आजादी के अमृत कलश की स्थापना हुई है, उसी पवित्र स्थल पर एक अमृत कलश वाटिका स्थापित हो रही है जहां प्रदेश भर से संग्रहित कलश रखे जाएंगे। अमृत कलश वाटिका में 825 विकास खंडों समेत करीब 1500 स्थलों से एकत्रित मिट्टी भरे कलश रखे जाएंगे। इस अवसर पर महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा महानगर महामंत्री इंद्रमणि उपाध्याय, ओमप्रकाश शर्मा, देवेश श्रीवास्तव, अच्युतानंद शाही, उपाध्यक्ष शशिकांत सिंह, दयानंद शर्मा, देवेंद्र नाथ पांडेय,मंत्री अजय श्रीवास्तव, अवधेश अग्रहरि, पार्षद पवन त्रिपाठी, रणंजय सिंह जुगनू, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, सत सुकृत, सचिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

#### मानहानि मामले में केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सीएम अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी की डिग्री को लेकर खूब निशाना साधा था और प्रधानमंत्री को अनपढ़ तक करार दे दिया। वहीं अब इसी मामले में गुजरात में अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा संजय सिंह की याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने आपराधिक मानहानि मामले में एक स्थानीय मजिस्ट्रेट द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को चुनौती दी थी। सीएम अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा संजय सिंह पर आरोप है कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री के बारे में विवादास्पद टिप्पणियां कीं। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश जे.एम. ब्रह्मभट्ट ने 14 सितंबर तक के लिये आदेश सुरक्षित रख लिया। गुजरात हाईकोर्ट द्वारा सत्र अदालत के प्रधान न्यायाधीश को एक न्यायाधीश नियुक्त करने के लिए कहने के कुछ दिनों बाद अदालत ने छह सितंबर को मामले की सुनवाई शुरू की।

# ज्ञानवापी सर्वे को कोर्ट ने एएसआई को दिए चार हफ्ते

- 6 अक्तूबर तक मांगी रिपोर्ट
- 35 वें दिन मसाजिद कमेटी ने टीम को रोका था



**वाराणसी।** ज्ञानवापी सर्वे को लेकर जिला कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने एएसआई टीम को 4 हफ्ते में सर्वे करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट में सर्वे की रिपोर्ट 6 अक्तूबर तक पेश करने का आदेश दिया।

वहीं शुक्रवार सुबह अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने आज 35वें दिन एएसआई टीम को परिसर में जाने से रोका था। अंजुमन कमेटी ने कोर्ट के आदेश के बाद ही टीम को सर्वे के लिए अंदर जाने की बात कही थी। वहीं, गुरुवार को भी सर्वे शुरू होने के बाद मुस्लिम पक्ष ने विरोध जताया था, जिसके चलते सर्वे रोका गया था। अंजुमन कमेटी का कहना था कि कोर्ट के आदेश आने के बाद ही सर्वे की कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा। अधिकारियों ने एएसआई की टीम और मसाजिद कमेटी के पदाधिकारियों से बात की, लेकिन सहमति नहीं बन सकी थी। मसाजिद कमेटी का कहना है कि जिला जज की अदालत ने सर्वे और उसकी रिपोर्ट जमा करने के लिए 2 सितंबर तक की इजाजत दी थी। सर्वे रिपोर्ट नहीं जमा की गई और जिला जज की अदालत ने 8 सप्ताह का समय और मांगा गया। आज सुनवाई के बाद ही फैसले के आधार पर आगे की कार्रवाई के लिए टीम को प्रवेश करने देंगे।

#### सनातन की लड़ाई कोर्ट तक आई

**भागलपुर।** तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन का सनातन सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी के बाद से देश में सियासी बवाल मचा हुआ है। भाजपा के नेता से लेकर संत समाज भी इसका विरोध कर रहे हैं। वहीं, अमर्यादित और अपमानजनक टिपणी करने वाले तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन और द्रमुक सांसद ए. राजा के खिलाफ बिहार के भागलपुर मे आपराधिक केस दर्ज करा दिया गया है। भागलपुर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी फिरोज अकरम की अदालत में अधिवक्ता चंद्रशेखर झा ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इस मामले में 21 सितंबर को सुनवाई होगी। उदयनिधि स्टालिन पर धार्मिक भावनाओं को जानबूझ कर ठेस पहुंचाने और अपमानजनक बात बोलकर हिंदू भावना को आहत पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। अधिवक्ता चंद्रशेखर झा ने मामले में संज्ञान लेते हुए थाने में केस दर्ज कराने या स्वयं संज्ञान लेते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पीएम मोदी से की मुलाकात
# भारत-अमेरिका के रिश्ते होंगे और गहरे: मोदी
### दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को आयोजित होगा जी-20 के शिखर सम्मेलन

- बाइडन की तीन दिवसीय भारत यात्रा
- एयरपोर्ट से सीधे पीएम आवास पहुंचे बाइडन



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन शुक्रवार शाम जी-20 समिट के लिए भारत पहुंचे। दिल्ली पहुंचने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात पर पीएमओ ने कहा कि कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई है। दोनों नेता इस बात पर फोकस्ड थे कि भारत और अमेरिका के रिश्ते और मजबूत किए जाएं। जो बाइडेन ने अमेरिका से 31 ड्रोन खरीदने के लिए भारत के रक्षा मंत्रालय से अनुरोध पत्र (रिक्वेस्ट लैटर) जारी करने का स्वागत किया भी किया। बाइडेन से मुलाकात के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा- प्रेसिडेंट बाइडेन को 7 लोक कल्याण मार्ग पर रिसीव करके खुश हूं। हमारी मुलाकात काफी सार्थक रही। हमने कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। दोनों देशों के बीच आर्थिक मुद्दों पर सहयोग बढ़ेगा। इसके साथ ही दोनों देशों के लोगों के बीच भी संपर्क बढ़ेगा। इसके पहले बाइडेन के पालम एयरपोर्ट पर उतरने के बाद केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने उन्हें रिसीव किया। बाइडेन इसके बाद भारत में अमेरिकी एम्बेसडर एरिक गार्सेटी और उनकी बेटी माया से भी मिले। अमेरिका के एनएसए जैक सुलीवान ने बताया कि इस दौरान दोनों देशों के बीच सिविल न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। बता दे कि दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को जी-20 के शिखर सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इस दौरान छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों पर समझौता हो सकता है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच जेई जेट इंजन डील पर भी बात आगे बढ़ सकती है। बाइडेन ने कहा कि भारत की जी 20 की अध्यक्षता बताती है कि ये फोरम कैसे अहम नतीजे दे सकता है। वहीं, मोदी-बाइडेन ने जी 20 के प्रति कमिटमेंट दोहराया और विश्वास जताया कि समिट अपने उद्देश्यों में सफल होगा। मोदी-बाइडेन दोनों ने कहा कि उनकी सरकारें इंडो-यूएस स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप पर काम करते रहेंगी। साथ ही दोनों ने स्वतंत्र, खुले, समावेशी और लचीले इंडो-पैसिफिक का समर्थन करने में क्वाड की अहमियत बताई।

# उचित रख-रखाव न होने के चलते अपनी आयु सीमा से पहले ही धराशाही हो गये सामुदायिक शौचालय

अवधनामा संवाददाता





**मोहम्मदी-खीरी।** नगर पालिका की उदासीनता के चलते स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत लाखो की लागत से सामुदायिक शौचालय खुद को लूटे जाने की कहानी बया कर रहे है। नगर के अधिकांश शौचालय उचित रख-रखाव न होने के कारण या तो क्षतिग्रस्त हो गये है या उनमें पालिका प्रशासन का ताला लटक रहा है।बताते चले कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर में प्रमुख स्थानो पर पालिका प्रशासन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनवाये गये थे जिन पर लाखो रूपयां खर्च किया गया था परन्तु यह शौचालय उचित रख-रखाव न होने के चलते अपनी आयु सीमा से पहले ही धराशाही हो गये। मोहल्ला सरैया, बाजारगंज सहित अन्य कई मोहल्लो में बने शौचालय टूटे पड़े है वही सब्जी मण्डी में महिलाओ के लिये बनवाए गये शौचालय में पालिका प्रशासन की तानाशाही के चलते कभी खुलता है तो कभी ताला पड़ा रहता है। जिससे सब्जी मण्डी से सब्जी लेने आने वाली ग्रामीण महिलाओ को खासी परेशानियो का सामना करना पड़ता है जिसे देखकर वही के एक व्यक्ति द्वारा एक खाली पड़े प्लाट जिसमें लैट्रीन बनी हुयी थी जिसकी दीवारे गिर चुकी थी के चारो बार पन्नी तानकर शौचालय का रूप दे दिया जिससे यहां सब्जी लेने आने वाली ग्रामीण महिलाओ को कुछ राहत मिली है। इस शौचालय पर तो लगता है कि जैसे नगर पालिका द्वारा सफाई कर्मचारी नियुक्त ही नहीं किया गया। सब्जी मण्डी में महिलाओ के लिये बने इस शौचालय में इतनी गन्दगी है कि जिस दिन यह खुला होता है तभी महिलाए इस शौचालय का उपयोग करने से कतराती है। परन्तु यह सब देखकर भी पालिका प्रशासन द्वारा सब्जी मण्डी में बने इस सामुदायिक शौचालय की साफ-सफाई नहीं करायी जाती और न ही यहां तैनात कर्मचारी को इस शौचालय को रोज खोलने की हिदायत ही दी जाती है।

## 15 सोलर पैनल चोरी कर ले जा रहे चोरों की ट्रैक्टर-ट्रॉली शारदा ब्रांच नहर में पलटी

**लखीमपुर खीरी।** अलीगंज क्षेत्र में जमुनाबाद गन्ना शोध केंद्र क्षेत्र से 15 सोलर पैनल चोरी कर ले जा रहे चोरों की ट्रैक्टर-ट्रॉली शारदा ब्रांच नहर में पलट गई। हादसे के बाद चोर सामान छोड़ वहां से भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली और सोलर पैनल नहर से निकलवाकर कब्जे में ले लिया सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली शारदा ब्रांच नहर में मठिया के पास पलटी मिली। पास में ही एक सोलर पैनल पड़ा था। बताया गया कि चोर जमुनाबाद गन्ना शोध केंद्र एरिया से 15 सोलर पैनल चोरी कर ट्रैक्टर में भरकर भाग रहे थे। हड़बड़ाहट में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। अधिकारियों ने पुलिस को सूचना देकर गोताखोर उत्तम कुमार, सुमित कुमार, पिंटू के माध्यम से पानी में पड़े पैनलों को निकलवाया।

# चेहल्लुम का निकाला गया जुलूस, बड़ी तादाद मे लोगों ने की शिरकत

अवधनामा संवाददाता



**मोहम्मदी-खीरी।** शुकलापुर इमामबाड़े से इमाम हुसैन के चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया, जिसमे बडी तादाद मे लोगों ने शिरकत की, और इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ,अंजुमने हुसैनिया के नोहा खानों ने नोहा खानी की वही अंजुमन के मातमदारों ने जोरदार तरीके से सीना जनी की ,इमामवाडे में इमाम हुसैन की शहादत से लेकर 6 माह के अली असगर ,हजरत अब्बास की शहादत के साथ-साथ बहन जैनब के किरदार पर भी रोशनी डाली ,और करबला मे इमाम हुसैन के 72 साथियों की शहादत पेश की गयी,जिसमे सभी की आखें नम हो गयी,गई जगह जगह पानी ,शरबत और चाय की शबीलो का इतेजाम किया गया,देर रात इमामबाड़ा मे जुलूस समाप्त हुआ जहाँ अंजुमन के माध्यम से प्रसाद वितरित किया गया इस कार्यक्रम का नेतृत्व कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ने किया संयोजक अजुमने हुसैनिया मोहम्मदी रही , इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहम्मद हसन नकवी, असलम रिजवी, गुडडन जैदी, कमाल जैदी, जमन जैदी, राशिद रिजवी, अफजल जैदी, लकी जैदी, जाहिद अली, शबबन रिजवी, जमीर रिजवी, आलिम रजा ने नौहाख्वानी और सीना जनी की।

# घरेलू विवाद के चलते एक पति-पत्नी ने पी लिया जहरीला पदार्थ

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** शहर में घरेलू विवाद के चलते एक पति-पत्नी ने कोई जहरीला पदार्थ पी लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। आनन फानन दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज जारी है।

डॉक्टर अब दोनों की हालत पहले से बेहतर बता रहे हैं। सूचना पाकर पुलिस ने मौका मुआयना किया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला सुंदरपुरम में रहने वाले प्रमोद शुक्ला के बेटे रवि शुक्ला (39) की शादी कुछ साल पहले मीनाक्षी शुक्ला (38) के साथ हुई थी। दोनों के एक डेढ़ साल का बच्चा भी है। बताया जाता है कि शुक्रवार को पति पत्नी घर पर ही थे। उनके बीच कुछ विवाद हुआ। विवाद के चलते दोनों ने कोई जहरीला पदार्थ पी लिए। जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी। घरवालों ने मामले की जानकारी 112 पर पुलिस को दी। सूचना पाकर 112 और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने पति पत्नी को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टर अब दोनों की हालत खतरे से बाहर बता रहे हैं। उनका इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर छानबीन की और घर वालों से बात की। लेकिन यह साफ नहीं हो पाया है कि दोनों ने जहर क्योंन पिया। पुलिस की जांच से ये साफ हुआ है कि पति पत्नी के बीच कुछ विवाद हुआ था। पुलिस ने बताया कि जहर खाने का कारण उनका घरेलू विवाद हो सकता है।

# उपभोक्ताओं के अधिकार विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता



**सवायजपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में ग्राम भरखनी में आज दिनाँक 08 सितंबर 2023 को उपभोक्ता फोरम उपभोक्ताओं के अधिकार विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन प्रधान पति भोले की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान पीएलबी रंधीर ने कहा कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता आंदोलन के महत्व और प्रत्येक उपभोक्ता को उसके अधिकारों की पूर्ण जानकारी मुहैया कराना है और सभी उपभोक्ताओं को जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने की आवश्यकता है। और विवाद के समाधान की वैकल्पिक व्यवस्था प्रणाली हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को सामान खरीदने पर रसीद जरूर लेना चाहिए। इससे ग्राहकों को भी फायदा होगा और सरकार को राजस्व भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि आप सामान खरीदने पर रसीद नहीं लेते हैं। तो आप उस दुकानदार पर कोई शिकायत दर्ज नहीं करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायत के लिए उपभोक्ता फोरम है, जहां पर आप अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 24 दिसंबर को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 लागू हुआ था। इस अधिनियम का उद्देश्य खराब, त्रुटिपूर्ण सेवाओं और अनुचित व्यापार जैसे विभिन्न प्रकार के शोषण से उपभोक्ताओं को सुरक्षा प्रदान करना है। भारत सरकार ने 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस घोषित किया। भारत के राष्ट्रपति ने उसी दिन ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के अधिनियम को स्वीकारा था। इसके अलावा 15 मार्च को प्रत्येक वर्ष विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारतीय ग्राहक आंदोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। भारत में यह दिवस पहली बार वर्ष 2000 में मनाया गया था तथा 9 सितंबर 2023 को होने वाली लोक अदालत के विषय पर पूर्ण जानकारी दी कार्यक्रम में प्रधानपति व ग्राम वासी मौजूद रहे।

## खैराबाद में विशाल भंडारे का भी आयोजन

**सीतापुर।** खैराबाद स्थित बिहारी जी बड़ा मंदिर पर शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान महंत कृष्णाचारी ने कहा कि धर्मध्वजा फहराने के लिए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इस मौके पर महंत कृष्णाचारी ने समाज में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया। हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू व महंत कृष्णाचारी ने इस मौके पर पत्रकारों का भी सम्मान किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी है। पत्रकार के माध्यम से लोगों को अपने क्षेत्र का हाल पता चलता है। लोगों को न्याय दिलाने में भी पत्रकारों की अहम भूमिका रहती है। कार्यक्रम में खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता व चेयरमैन प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू को सम्मानित किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## नशीले पदार्थ के साथ किया गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी।** थाना ईसानगर पुलिस द्वारा जिला बदर चल रहे अभियुक्त रोजअली पुत्र मुबारक नि0ग्राम गनेशपुर कुरतहिया थाना ईसानगर जनपद खीरी को नशीले पदार्थ (850 ग्राम गांजा) के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त रोजअली उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया जा रहा है।

## जिला अस्पताल में न ही स्ट्रेचर न ही व्हीलचेयर मिली बीमार पति को इमरजेंसी तक ले जाने के लिये

**लखीमपुर खीरी।** जिला अस्पताल की सीढ़ियों पर एक महिला को बीमार पति के लिए न तो व्हीलचेयर मिली और न ही स्ट्रेचर। आरोप है कि होमगार्ड भी ओपीडी कक्ष में एसी में बैठा रहा, वह भी मदद के लिए आगे नहीं आया। वहां मौजूद लोगों ने भी महिला की कोई मदद नहीं की, सिर्फ तमाशबीन बने रहे। किसी तरह साथ के लोग बीमार युवक को लेकर इमरजेंसी तक पहुंचे, जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। लहरपुर तहसील क्षेत्र निवासी परमानंद की बृहस्पतिवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। उनकी पत्नी अपने भाई और एक अन्य युवक के साथ पति को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। अस्पताल की सीढ़ियों के पास परमानंद के बेसुध हो जाने पर महिला लोगों से इमरजेंसी तक पहुंचवाने के लिए गुहार लगाती रही। इस दौरान अस्पताल आने और जाने वाले लोग मजमा लगाकर तमाशा देखते रहे, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। साथ आए दोनों युवक किसी तरह परमानंद को उठाकर इमरजेंसी तक ले गए, जहां पर ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## इंडिया गठबंधन की जीत पर कांग्रेस नेता प्रिन्सू वैश्य ने मनाया जीत का जश्न



**महाराजगंज ,रायबरेली।** घोसी विधानसभा उपचुनाव मे सपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्यासी सुधाकर सिंह की जीत पर महाराजगंज कस्बे में सोशल मीडिया पूर्व जिला अध्यक्ष प्रिन्सू वैश्य की अगुवाई में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुंह मीठा करा कर लोगों को बधाई दी, कांग्रेस नेता प्रिन्सू वैश्य ने कहा कि देश की जनता समझ चुकी है कि भाजपा सरकार केवल जुमले देती है हकीकत में आम जनता परेशान है अभी तो भाजपा उपचुनाव हारी है आगे 2024 भी भाजपा बुरी तरह हारेगी,इस बार जनता कांग्रेस की सरकार बनाने जा रही है इस मौके पर नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल, जैनुलाब्दीन लाला मनिहार, मनीष जायसवाल, मोहम्मद नबी, मनिहार, रहमत अली, अनिल जायसवाल, दिलीप शर्मा,अमन वैश्य, शिवा वैश्य, साजिद, मनीष वैश्य,सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अक़ीदत के साथ निकला चेहल्लुम का जुलूस



**बिलग्राम / हरदोई।** शोहदा ए कर्बला का चेहल्लुम का जुलुस आज रसूल स.व. के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 जांनिसार साथियों की याद में मनाया गया हर तरफ गम का माहौल था हर तरफ या हुसैन या हुसैन की सदा गूंज रही थी। पेशाखानी हुसैन अब्बास (अमन) ने की मजलिस को आली जनाब मौलाना सलमान अब्बास आलमपुर बाराबंकी ने खतिाब किया जुलूस का आगाज़ अंजुमन बज़्मे हुसैनया ने किया इसी जुलूस को आगे मेहमान अंजुमन सिबतैनीया संडीला हरदोई नौहाखानी वा सीनाज़नी करती हुई कर्बला (ईदगाह) तक गई और वहां जलूस का इख़्तेमाम हुआ (समापन) हुआ। जिसमे तमाम अक़ीदतमंदो ने शिरकत की कामरान ज़ैदी, अनवर ज़ैदी, फ़ज़ल अब्बास,वासिफ़, सरवर अब्बास,अल्मास, आसिफ ज़ैदी, कर्रार हैदर, हुज़ूर मियां सहित तमाम लोग शामिल रहे। सिक्रेटरी अख्तर अब्बास ने आये हुए सभी मेहमान, मीडिया, प्रशासन का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया।

## अवैध असलहों के साथ तीन गिरफ्तार

**सीतापुर।** महोली कोतवाली पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान राधेश्याम रैदास पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम विशेश्वर दयालपुर कटिघरा थाना महोली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इधर मिश्रित कोतवाली पुलिस टीम ने अवैध तंमचा व कारतूस के साथ मोहित पुत्र अशोक निवासी ग्राम छावन थाना मिश्रित को गिरफ्तार किया है। महमूदाबाद कोतवाली पुलिस टीम ने अवैध तंमचा व कारतूस के साथ गुफ्रान पुत्र रहमान निवासी बीबीपुर थाना व कस्बा महमूदाबाद को गिरफ्तार किया है।

## बारिश से जिले के तापमान में आई गिरावट

**सीतापुर।** जिले में गुरुवार से ही मौसम के मिजाज में नरमी देखने को मिल रही है। इधर शुक्रवार की सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आया। आसमान पर काले बादल छा गए। हवाएं चलने से गर्मी का अहसास नहीं हुआ। जिले अधिकांश इलाकों में रात से ही बारिश होती रही। सुबह से दोपहर तक मौसम थमा, लेकिन दोपहर से फिर से बरिश होने लगी। रिमझिम बौछारों ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इधर बारिश की वजह से सीतापुर-लखीमपुर मार्ग एक बार फिर से जलभराव की समस्या से जूझ रहा है।

# शिवाजी की महिमा पर मंडन करेंगे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल व राजा भैया

अवधनामा संवाददाता

- शिवाजी पर होने वाले व्याख्यान कार्यक्रम में शिरकत करेंगे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल
- दिव्य प्रेम सेवा मिशन अवध अंचल की तरफ से शनिवार को एफजी कॉलेज में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम
- हिंदवी स्वराज के 350वें वर्ष पर लखनऊ में 26 से 31 अक्टूबर के बीच महानाट्य जाणता राजा का होगा मंचन



**रायबरेली।** हिन्दू कुल के गौरव महाराज शिवाजी की तरफ से स्थापित हिंदवी स्वराज के 350वें वर्ष पर लखनऊ में 26 से 31 अक्टूबर के बीच में दिव्य प्रेम सेवा मिशन की तरफ से विशाल कार्यक्रम आयोजित कराने जा रहा है। उसी कड़ी में शनिवार को शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित विश्व का सबसे बड़ा ऐतिहासिक महानाट्य जाणता राजा के संदर्भ में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है।

शहर के फिरोज गांधी कॉलेज के सभागार में नौ सितंबर की शाम को चार बजे कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। मिशन की अवध अंचल शाखा की तरफ से आयोजित होने जा रहे व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला व मुख्य वक्ता कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला व विशेष प्रवेश दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम होंगे। शहर के जेवीआर होटल में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में कार्यक्रम के संयोजक दिनेश सिंह राठौर ने पत्रकारों को बताया कि हिन्दू कुल के गौरव, मराठाओं की शान छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक 6 जून 1674 को हुआ था। शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की तिथि उस कालखंड में भारतीय अस्तित्व के दमन से भरा था। दासत्व का घोर अंधकार युग था। ऐसे में हिन्दवी स्वराज्य या हिन्दू साम्राज्य की स्थापना इतिहास की वह अद्भुत घटना हैं, जिसके उदाहरण दुनियां में बहुत ही कम मिलते हैं । महाराज शिवाजी ने अपने राज्याभिषेक को अपना साम्राज्य नहीं हिन्दवी स्वराज्य का नाम दिया था। उन्होंने बताया कि मुगल के शासनकाल में ऐसा समय आया था कि हिन्दू यह मान चुका था कि हिन्दू साम्राज्य स्थापित करना अब कल्पना मात्र रह गया है, किंतु कालखंड में छत्रपति शिवाजी महाराज ने शौर्य का प्रदर्शन किया। हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना की थी। हिंदवी स्वराज की स्थापना हुए 350 वर्ष पूरे हो गए हैं। समाजसेवा के लिए काम करने वाला दिव्य प्रेम सेवा मिशन इस उत्सव को बहुत ही खास तरीके से मनाने जा रहा है। उसी कड़ी में मिशन की तरफ से शहर में शनिवार को व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है।

# पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** देहात कोतवाली इलाके में पति ने रात को सोते समय पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आला कत्ल कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। देहात कोतवाली इलाके के उल्जापुर गांव निवासी मनोहर उम्र 60 वर्ष व उसकी पत्नी मईकिन 55 वर्ष बुधवार की रात घर में सो रही थी। आधी रात के वक्त न जाने क्या हुआ, मनोहर ने सो रही पत्नी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार करने शुरू कर दिए। चीख सुनते ही ग्रामीणों की नींद टूट गई, लोग मौके पर पहुंचे, तो वहां का दृश्य देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। क्योंकि वहां पर खून से लथपथ मइकिन का शव पड़ा हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस संबंध में एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि परिवार के लोगो का कहना है कि पति मनोहर मानसिक रूप से बीमार रहता था। आए दिन घर में विवाद हुआ करता था। बीती रात भी दोनों के बीच आपसी कहासुनी हुई है। उसके बाद देर रात जब पत्नी सो गई तो पति ने घर में रखी कुल्हाड़ी से उस पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। जिससे महिला की मौत हो गई। एसपी ने बताया कि घटना के कुछ देर बाद आरोपी पति मनोहर को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

# आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में

- आबकारी निरीक्षकों के द्वारा देशी, विदेशी, बियर दुकानों का किया गया सघन निरीक्षण


अवधनामा संवाददाता



**गौतमबुद्धनगर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 रवि जायसवाल द्वारा स्पेक्ट्रम मैट्रो मॉल स्थित इवेंट बार रेस्टोरेंट एवं बार रेस्टोरेंट, चक्रव्यूह, फ्लोट बाई ड्यूटी फ्री, डच मैन फोर्ट, रासो, टॉक्सिक बार आदि का निरीक्षण करते हुए नियमानुसार संचालन को सुनिश्चित किया गया, साथ ही अपराध निरोधक क्षेत्र मे भ्रमण के दौरान सौरखा, बरौला स्थित देशी, विदेशी ,बीयर एवं मॉडल शॉप का सघन निरीक्षण किया। दुकानो पर गोपनीय रूप से टेस्ट परचेज कराई गई तथा एम आर पी पर शराब का विक्रय होना सुनिश्चित कराया गया। इसी प्रकार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 गौरव चन्द द्वारा सेक्टर 1 में दविश देकर एक व्यक्ति सोनू पुत्र शंभू को 198 कुल मात्रा 35.64 ब0ली0 पव्वें फ्रेश मोटा ब्रांड का अवैध देशी शराब फॉर सेल इन हरियाणा ओनली धारीता 180 एम0एल0 के साथ गिरफ्तार कर थाना फेज 1 में उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 5 चंद्रशेखर सिंह तिलपता, देवला, सूरजपुर, मलकपुर स्थित देसी, विदेशी एवं बियर अनुज्ञापनों का निरीक्षण किया। विक्रेताओं को पॉस मशीन से विक्रय करने एवं ऑनलाइन माध्यम से पैसे लेने की हिदायत दी गई। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# आश्वासन समिति की बैठक के सम्बंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में क्रियान्वित बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



- तथ्यों में पूर्ण गुणवत्ता व विवरण के साथ रिपोर्ट कर प्रेषित करें अधिकारी: जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश विधान परिषद की आश्वासन समिति की होने वाली बैठक के सम्बंध में क्रियान्वित बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा होने वाली बैठक में जिन बिन्दुओं पर समीक्षा की जायेगी उन बिन्दुओं पर चर्चा की गयी जिनमें मुख्य रूप से प्रदेश के मान्यता प्राप्त विद्यालयों से विद्युत कर सामान्य दर से लिये जाने, प्रदेश में राज्य सड़क परिवहन निगम के अन्तर्गत कार्यरत संविदा चालकों को विनियमित कराये जाने, प्रदेश में 01 अप्रैल, 2005 के पूर्व नियुक्त अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक संस्कृत तथा महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की जीपीएफ की धनराशि का भुगतान एवं भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध कार्यवाही कराये जाने, उत्तर प्रदेश में 2000 बसों के माध्यम से सभी गांवो में बस की सुविधा प्रदान किये जाने, प्रदेश के जेलों में जिला कारागार है, उनमें कितने कैदियों को रखने की क्षमता, प्रदेश में कोरोना वारियर्स की मृत्यु के उपरान्त उनके परिजनों को बीमित धनराशि दिये जाने, प्रदेश की कितनी ग्राम सभायें व मजरे हैं जिनका विधुतीकरण होना अवशेष, प्रदेश के विधुत विभाग में अधीक्षण, अधिशासी, सहायक अवर अभियन्ता के रिक्त पदों को भरे जाने, दिल्ली से बागपत, शामली से गाजियाबाद होते हुए उत्तराखण्ड को मिलाने वाले मार्ग, गाजियाबाद जनपद के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में विद्यालयगर शिक्षकों के दो के संबंध में, जनपद-गाजियाबाद में बुलन्दशहर रोड पर स्थित सरकारी भूमि को सुन्नी बोर्ड लखनऊ में वक्फ नं0 56 एके, जनपद-मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर व बुलंदशहर में सहायिक माध्यमिक विद्यालयों में सेवानिवृत्त लाभ तथा पेंशन जीपीएफ. ग्रेच्यूटी का भुगतान के संबंध में गहनता के साथ चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग, सड़क परिवहन, जिला कारगार, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने–अपने कार्यो गहनता से जांच कर पूर्ण गुणवत्ता व विवरण के साथ समायोजित कर रिपोर्ट प्रेषित करें।

जिलाधिकारी ने अतिथियों के आवागमन के सम्बंध में भी सम्बंधित अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम एफआर श्री विवेक कुमार श्रीवास्तव, सीएमओ श्री भावतोष शंखधर, नगर अधिकारी शुभांगी शुक्ला, परियोजना अधिकारी श्री प्रदीप नारायण दीक्षित सहित सम्बंधित विभागीय गणमान्य मौजूद रहे।

# आम जनमानस को देश की माटी से जोड़ना है: कमलेश

अवधनामा संवाददाता

- क्षेत्रीय अध्यक्ष ने किया अभियान का शुभारंभ
- मेरी माटी, मेरा देश अभियान का हुआ शुभारंभ

**सीतापुर।** वर्तमान समय देश की संस्कृति, वीरता के इतिहास को याद दिलाने और आम जनमानस को देश की माटी से जोड़ने का समय है। इसी मंशा को लेकर भाजपा मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम चला रही है। यह एक ऐसा अभियान है, जिससे देश के हर नागरिक को, अपने देश की माटी से जुड़ने का मौका मिलेगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कही।


क्षेत्र अध्यक्ष कमलापुर मंडल के मानपुर गांव में बोल रहे थे। उन्होंने मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को इस कलश को लेकर हर घर, हर दरवाजे पर जाना है। हर घर से कलश में माटी एकत्र करनी है। अमृत कलश यात्रा के माध्यम से प्रत्येक घर की मुट्ठी भर माटी एकत्र की जानी है। प्रत्येक घर की यह माटी कर्तव्य पथ दिल्ली जाएगी। जहां प्रधानमंत्री की ओर से देश के वीर शहीदों की याद में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण में पूरे देश से माटी पहुंच रही है। यह अमृत वाटिका याद दिलाएगी कि हम पूरे देशवासी एक हैं। पूरे देश ने एकजुट होकर माटी दी है। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अमृत काल के पंच प्रण की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि यह अभियान 8 सितंबर से 13 सितंबर तक चलेगा।

# अकीदत और परंपरागत तरीके से मना कर्बला के शहीदों का चेहलुम

## हल्लौर में लगा बीमार-ए-कर्बला की याद में निःशुल्क मेडिकल कैम्प







### बीमार-ए-कर्बला की याद में निःशुल्क मेडिकल कैम्प

**डुमरियागंज।** चेहलुम के मौके पर क़स्बा हल्लौर में इमाम हुसैन अस एवं बीमार ए कर्बला की याद में हल्लौर एसोसिएशन गोरखपुर द्वारा मोमनीन हल्लौर की जानिब से निःशुल्क मेडिकल कैम्प में डॉ हरि केश यादव, डॉ लियाकत अली, डॉ साबिर अली, डॉ रंजीत अग्रहरि, डॉ साजिद ताकीब, डॉ जमाल अकबर, डॉ शाहरुख, डॉ मुस्तकीम अंसारी, डॉ शम्स हैदर रिज़वी, डॉ मोहम्मद हैदर राजू, फार्मेसिस्ट अवधेश कुमार , दिलीप चतुर्वेदी, कौशल, अखिलेश, माहताब मलिक, अब्दुल बकी, अज़हर काज़ी के अलावा मुनव्वर रिज़वी, असगर जमील, कमाल असगर, प्रिन्स, इं कमर अब्बास, चंकी कैसरका विशेष योगदान रहा इस दौरान मरीजों को परामर्श के साथ निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। बताते चलें कि यह आयोजन पिछले कई सालों से किया जा रहा है। इसकी शुरुआत का श्रेय मरहूम डॉ0 नफीस अहमद को है।

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** हजरत इमाम हुसैन अस और कर्बला के शहीदों की शहादत की याद में मनाया जाने वाले चेहल्लुम वृहस्पतिवार को अकीदत और परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस मौके पर शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर में अलम, ताबूत जुलजनाह अमारी का जुलूस निकाला गया। अकीदतमंदों ने मातम कर कर्बला के 72 शहीदों को याद किया।

चेहल्लुम पर बुधवार की शाम हल्लौर कस्बा सहित शिया मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में चौक व घरों पर बड़े छोटे ताजिया रखकर सारी रात मरसिया मजलिस और नौहा मातम किया गया। चेहल्लुम की दसवीं यानी वृहस्पतिवार की सुबह सात बजे इमामबाड़ा सेठ बाबा से अंजुमन फरोग मातम का अलम जुलजनाह, अमारी का जुलूस निकाला गया। वहीं अंजुमन गुलदस्ता मातम के तत्वाधान में अलम, ताबूत व जुलजनाह का मातमी जुलूस बड़ा इमामबाड़ा कला से निकला। दोनों अंजुमनों का जुलूस पूरे कस्बे में नौहा मातम के बीच गश्त कर सुबह 10.30 पर हल्लौर मुख्य चौराहे डुमरियागंज बस्ती मार्ग पर पहुंचा, जहां पर नौहाख्वानों ने चेहल्लुम पर आधारित शोकाकुल कर देने वाला नौहा पढ़ा। मातमी दस्ता सुबह करीब 10:30 बजे मुख्य मार्ग बस्ती-डुमरियागंज पर पहुंचकर जंजीर व कमा का मातम किया। अंजुमन फरोग मातम की गश्त के साथ अमारी भी चल रही थी। इसका बोसा लेने के लिए महिलाओं के साथ पुरुष भी शामिल रहे। अंजुमन गुलदस्ता मातम की ओर से ताबूत, जुलजनाह व अलम के साथ गश्त निकालकर पूरे जोश-खरोश के साथ जंजीर व कमा का मातम किया। जंजीर व कमा से लहूलुहान मतमदारों के जख्मों पर एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारी केवड़ा जल डालते नज़र आये। मातमी जुलूस सड़क पर मातम करने के बाद गांव के अंदर प्रवेश कर गया। दोपहर 3.00 बजे कस्बे में घर-घर व इमाम बारगाहों के चौक पर रखे गए ताजियों का जुलूस निकालकर उन्हें कर्बला पर देर शाम तक बड़े ही एहतराम से नम आंखों के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया। कर्बला पर भी अकीदतमंदों ने नौहा मातम और जंजीर कमा का मातम किया। चेहल्लुम के जुलूस को सकुशल और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए एसडीएम सीओ, एसओ, एसआई सहित सर्किल अंतर्गत चार थानों के पुलिस कर्मी मुस्तैद नज़र आये। इसके अलावा क्षेत्र के ग्राम भटगवां, ग्राम हटवा, वासा, बेवां, नउवागांव, जमौतियां सादात, तिलगडिया आदि गांवों में भी चेहलुम दिवस पर इमाम हुसैन को खेराजे अकीदत पेश की गयी। **श्रद्धालुओं में वितरित हुए विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थः** कार्यक्रम के बीच हल्लौर के मुख्य मार्ग पर निःशुल्क विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ, शर्बत, पानी के स्टाल लगाया गया। दरे जेहरा पर सबील की वृहद व्यवस्था कराई गई, जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने शामिल होकर इमाम बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। हुसैनी यूथ फाउंडेशन व मोमनीन हल्लौर के सदस्यों आदि का श्रद्धालुओं के प्रति सेवा भाव सराहनीय रहा।

## भाजपा नेता से रंगदारी मांगने वाले गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**ग़ाज़ीपुर।** भाजपा नेता और पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि लालजी गुप्ता से व्हाट्सएप कॉल के जरिए 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगे जाने और न देने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में स्वाट / सर्विलांस व थाना जंगीपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 01 तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि नगर पंचायत जंगीपुर के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि लालजी गुप्ता से 20 लाख रूपये की मोबाइल व्हाट्सप के माध्यम से रंगदारी मांगने वाले 02 शातिर अपराधी तथा 01 बाल अपचारी को पकडने मे सफलता मिली है। ज्ञात हो कि बीते 31अगस्त को लालजी गुप्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस छानबीन में जुट गई। मामले में पुलिस ने सुनील उर्फ सोनू यादव, गोलू यादव और सोनू (काल्पनिक नाम के बाल अपचारी) को आरोपी गोलू यादव के मकान से गिरफ्तार करते हुए घटना मे प्रयुक्त मोबाइल बरामद किया है।

# पीएम व सीएम के नेतृत्व में हो रहा है चतुर्दिक विकासः सांसद

अवधनामा संवाददाता



**सांसद जगदम्बिका पाल ने मेरी माटी मेरा अभियान अंतर्गत किया पौधरोपण**

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में मेरी माटी मेरा अभियान अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके क्रम में सांसद जगदंबिका पाल ने शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर वृहद रूप में पौधरोपण किया।

अमर शहीदों को नमन करते हुए जो अपने देश और माटी के लिए बलिदान हो गए उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर कई शीलाफल्लकम का अनावरण किया जिसके क्रम में कपिलवस्तु विधानसभा विकास खंड उस्का के महरिया में चौपाल कार्यक्रम, गोवंश आश्रय स्थल पर गोमाता पूजन शिलाफल्लकम का लोकार्पण कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि आज गांव की समस्याओं को सुनने के लिए आप लोगो के बीच सांसद, जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी गण स्वयं आप लोगों की समस्याओं का निदान करने गांव में आ रहे हैं। आज प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश का प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। सांसद ने उपस्थित जनता को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला प्रभारी राम जियावन मौर्य, जिला संयोजक कन्हैया पासवान, राजेंद्र पांडे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राम भरोस चौहान, जिला विकास अधिकारी जी पी कुशवाहा, खंड विकास अधिकारी श्याम मूरली मनोहर मिश्रा,एडीओ पंचायत संजय पांडेय, ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज पटेल, शैलेन्द्र गुप्ता, रोजगार सेवक मदन, राम नवल गुप्ता, ग्राम प्रधान ओमप्रकाश हनुमान, मंडल अध्यक्ष जगदीश जायसवाल, पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति सहित कई ग्राम प्रधान व क्षेत्रपंचायत सदस्य सहित ग्रामवासीगण दूखीराम रामदेव हकीमुल्लाह उपस्थित रहे। संचालन राजाराम सभासद ने किया।

## 15 दिनों के अंदर ही बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड में दूसरे मजदूर की मौत

अवधनामा संवाददाता

**बलरामपुर।** बलरामपुर चीनी मिल्स लि. बलरामपुर अपने नाम का मुहताज नहीं है चीनी उत्पादन से लेकर गन्ना कश्तकारो के भुगतान के मामले में अच्छी भूमिका में रहती है यही कारण है कि मिल देखते देखते प्रदेश में अपना स्थान बना लिया है।

वर्तमान में मिल कि पेराई छमता व उसके मुनाफे में भी काफी बढ़ोतरी हुई है और इस सबके पीछे मिल की अपनी पुरानी साख है जिस पर क्षेत्र का किसान आंख बंद करके विश्वास करता है इसके साथ ही यहां के मिलने कार्यरत कर्मचारी की अथक मेहनत का ही परिणाम है कि मिल का नाम प्रदेश की अग्रणी सूची में है पर दुर्भाग्य यह कि इस सबके बीच मौजूदा प्रबंध तंत्र किसानों की बात तो छोड़ दी जाये अपने उन कर्मचारियों के साथ भी नहीं खड़ा हो रहा है जिनके दो दो पीढ़ियों ने इस मिल को अपना खून पसीना बहाया और आज जब एक मिल प्रशासन की ही असावधानी से कर्मचारी की दुर्घटना में मृत्यु हो गयी जिसके 15 दिन बाद भी स्थानीय प्रबंधन मिल कर्मचारी के आश्रितो को नौकरी मुआवजा व आवास देने जैसे मामलों में चुप्पी साधे हुए हैं यही नहीं एक घटना के 20 दिन भी नहीं बीते एक पुनः दूसरी घटना घट गयी और उस में बताया गया कि संबंधित कर्मचारी को रोप लाइन नहीं दिया गया था जिस कारण से उसकी दुर्घटना में मृत्यु हो गयी मृतक के परिवारों ने घटना के संदर्भ में पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया पर यह कितना कारगर होगा बताने की जरुरत नहीं है इस सबके बीच मिल में कार्यरत कर्मचारी संगठन ने भी अपने स्तर से मिल प्रबंधन को नोटिस दिया है लेकिन अब तक कोई परिणाम नहीं आया ऐसे में क्या मिल के कर्मचारी ऐसे ही मरते रहेंगे और खामोश रहेंगे भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश श्रीवास्तव व उनके साथ स्थानीय स्तर के कई समाजसेवी संगठनों ने मामले के शीघ्र ही संतोषजनक निराकरण न होने पर इस अध्यापक आंदोलन का रुप दिया जायेगा ये तब तक चलेगा जब तक पीड़िता कि मांगे पूरी नहीं हो जाती अब कर्मचारियों के खून पसीने का हिसाब इस प्रबंध तंत्र से लिया जायेगा।

## अपराध रोकने के लिए आबकारी पुलिस की संयुक्त बैठक हुई



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में हो रही शराब तस्करी के साथ ही अपराध रोकने और गांव में बाहरी लोगों के आवागमन पर नजर बनाने के उद्देश्य से एसडीएम की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्राधिकारी विवेक यादव, जिला आबकारी आबकारी अवधेश राम सहित कोतवाली प्रभारी मौजूद रहे।

शुक्रवार को दोपहर एसडीएम की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें गावों में बिकने वाली अवैध शराब को रोकने के साथ ही अन्य मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और अन्य अपराध रोकने पर जोर दिया गया।गावों में शराब के ठेकों के खुलने और बंद होने का समय, उनकी रेटिंग पर भी नजर बनाए रखने की बात कही।साथ ही बताया कि शराब यदि रेट से अधिक पर बिक रही है तो भी गलत है और यदि रेट से कम पर बिक रही है तो शराब अवैध हो सकती है क्योंकि तय रेट से कम कैसे बिक रही है।इतना ही नहीं गावों में अन्य बाहरी लोगों की आवाजाही पर नजर बनाने के उद्देश्य से सभी ग्राम प्रधानों से गांव के मुख्य स्थान पर सीसीटीवी कैमरों को लगवा लें जिससे गाँव में बाहरी लोगों की आवाजाही पर नजर रखी जा सके।

## विकासखंड सोनगढ़ा लैम्पस के सहकारी समिति पर बढ़े दरों पर बिक रही यूरिया



**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** एक तरफ सरकार किसने की समस्याओं का निस्तारण करने के लिये हर सम्भव प्रयास कर रही है परन्तु सरकारी सचिव ही जब सरकारी योजनाओं को पलीता लगाने पर उतर आये तो सरकार क्या करें ऐसा ही एक मामला सोनगढ़ा लैम्पस सहकारी समिति से देखने को मिला जहां किसानों को मिलने वाली युरिया 266 रुपए 50 पैसे की जगह 290 से 300 में बेचा जा रहा है रशीद मांगने या रेट पूछने पर कह दिया जाता है कि स्टाक नहीं है ऐसे में किसान मजदुर के लिये समस्या तो होगी ही बढ़े रेट पर खरीदने को मजबूर होता है बताते चलें कि गैसड़ी पचपेड़वा से सेट नेपाल सीमा के उस पर अच्छी संख्या में युरिया की सप्लाई बढ़े दामों। पर स्थानीय तस्करों द्वारा की जा रही है ऐसे में जब युरिया नेपाल में जाएगी तो स्थानीय किसानों के लिये समस्या तो होगी ही बताते चलें कि इस संदर्भ में सहकारी समिति सोनगढ़ा समिति के एक जिम्मेदार कर्मी अमरेश मणि ने जानकारी मांगने पर कहा आप लोगों को मुझसे ज्यादा जानकारी है और यह कहकर घटना के बारे में जानकारी देने से मना कर दिया ऐसे में स्थानीय प्रशासन किसानों के हित को देखते हुए मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। संवाददाता दूसरे दूरभाष से संपर्क किया तो कह रहे हैं की ग्रामीण जिला बलरामपुर आकर शिकायत करें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि कल (आज) राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर में किया जा रहा है। जिसमें उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार जौहरी के कर कमलो द्वारा जनपद न्यायालय में स्थापित स्वास्थ्य केन्द्र का उदघाटन प्रातः 09.30 बजे एवं राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन समय प्रातः 10 बजे किया जायेगा।

## सोशल ऑडिट रिपोर्ट जल्द जमा करने के निर्देश

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** तहसील में उप जिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह व तहसीलदार कर्मवीर सिंह पूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी वरिष्ठ सहायक लिपिक राजीव कुमार ने कोटेदारों की बैठक बुलाई। जिसमें उप जिलाधिकारी ने नव नियुक्त पूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी को कोटेदारों से मुलाकात कराई। उप जिलाधिकारी ने कोटेदारों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। सोशल ऑडिट को कोटेदारों से जल्द से जल्द जमा करने के निर्देश दिए। तहसीलदार के द्वारा कोटेदारों से गांव में यदि कोई अपात्र कार्ड धारक है। तो उसकी जानकारी अपने कार्यालय पर अवश्य दें अपात्रों की जांच करा कर तत्काल काटने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी ने कोटेदारों को अपनी दुकान पर बाल पेंटिंग, शिकायत पेटिका, स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड, वितरण रजिस्टर को पूर्ण रखने के लिए निर्देशित किया।

## बलरामपुर में कांग्रेस द्वारा जन जागरण यात्रा संपन्न

**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** देश में बढ़ती इंडिया कि धमक से लवरेज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सभी जनपदों में भारत जोड़ो के एक वर्ष पूरे होने पर पूरे प्रदेश में जनजागरण यात्रा में आयोजित करने का निर्णय लिया था जिस के क्रम में बलरामपुर जनपद में भी उक्त यात्रा का आयोजन किया गया सुबह अंबेडकर पार्क से शुरु होकर यह यात्रा वीर विनय चौराहा होते हुए अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क पहुंची यहां पर पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** थरियांव थाना क्षेत्र के एकारी गांव के समीप बीती शाम जंगल में भैंस चराने गए किसान पर बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के एकारी गांव निवासी स्व. राम आसरे का 50 वर्षीय पुत्र चुन्नू पाल गांव के समीप बीती शाम जंगल मे भैस चराने गया था। तभी बारिस के साथ गिरी आकाशीय बिजलीं की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मौत की खबर परिजनों को हुई तो मृतक के घर मे कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## घोसी की जनता ने भाजपा के घमंड को किया चकनाचूर



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** मऊ जनपद की घोसी विधानसभा के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी को बड़े अंतर से हराकर जीत दर्ज की। इस जीत को कई मायनों में अहम समझा जा रहा है। पार्टी को मिली जीत पर सपाईयों में गजब का उत्साह देखा गया। एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जीत का जश्न मनाया। शहर के शादीपुर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में जीत का जश्न जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव की अगुवाई में मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सपाईयों ने हिस्सा लिया। सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। तत्पश्चात श्री यादव ने कहा कि घोसी की जनता ने भाजपा के घमंड को चकनाचूर कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के बड़बोले नेताओं की अब आवाज दब गई है। उन्होने कहा कि उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी को लगभग चौसठ हजार मतों के भारी अंतर से हराया है।

## प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस के तहत कर रही कार्य



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने अधिकारियों, कर्मचारियों को सचेत करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस के तहत कार्य कर रही है, आम जनता को राहत मिले, पात्रों को संचालित योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सघन मॉनिटरिंग भी की जा रही है, इसके परिणाम धरातल पर भी दिखाई दे रहे हैं, लेकिन अभी भी कुछ अधिकारियों, कर्मचारियों को भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाने की शिकायतें मिल रही है, जिस कारण जिला प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है साथ ही पात्रों को लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि यदि किसी भी अधिकारी, कर्मचारी द्वारा अवैध धनराशि के लेनदेन, बिना अनुचित लाभ लिए लाभार्थी को लाभ न दिए जाने, किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाने पर दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी, ऐसे अधिकारियों, कर्मचारियों के निलंबन के साथ-साथ उनकी सेवा समाप्ति की कार्यवाही भी की जाएगी।

## लोहारी ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ युवा भाजपा नेता एवं हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र के जमरावां वार्ड के जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने सदर विधानसभा के बूथ नं. 86 व 87 आवास-विकास में नगर अध्यक्ष उत्तरी संजय मोदनवाल व पूर्व विधायक करन सिंह पटेल के साथ शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 150 घरों में जाकर कलश में आंगन की मिट्टी या चावल लिया गया। साथ ही साथ पूरा आवास-विकास भारत माता की जय के जयकारों से गूंजता रहा। रिंकू लोहारी ने कहा कि आज भारत देश का मान विश्व में बढा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार भारत की शाख को ऊंचा उठा रहे हैं। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम से सभी लोगों के अंदर देश प्रेम का जज्बा उमड़ रहा है। इसको सफल बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस मौके पर वार्ड संयोजक अंशु सिंह, सुधांशु श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह, श्याम सिंह परिहार, अभिषेक श्रीवास्तव एवं उपाध्यक्ष उत्तरी आरपी मौर्य भी रहे। श्री लोहारी ने बताया कि 8 से 13 तक चलने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत देश, प्रदेश एवं प्रत्येक गांव घर की मिट्टी कलश के माध्यम से ब्लाक, ब्लाक से जिला, जिला से प्रदेश एवं प्रदेश से दिल्ली जाकर कर्तव्य पथ में अमृत वाटिका बनाई जायेगी।


## महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 29.08.2023 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन के साथ निम्नलिखित रेलगाड़ियों के परिचालन मार्ग एवं आगमन/प्रस्थान स्टेशन में परिवर्तन किया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ियों का संशोधित मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | संशोधित परिवर्तित मार्ग | तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 14854 जोधपुर - वाराणसी सिटी मरूधर एक्सप्रेस | वाया प्रतापगढ़ जं.– रायबरेली जं.–लखनऊ | 10.09.2023 से 14.10.2023 |
| 14853 वाराणसी सिटी - जोधपुर मरूधर एक्सप्रेस | | 11.09.2023 से 15.10.2023 |
| 14864 जोधपुर - वाराणसी सिटी मरूधर एक्सप्रेस | वाया प्रतापगढ़ जं.– रायबरेली जं.–लखनऊ | 10.09.2023 से 14.10.2023 |
| 14863 वाराणसी सिटी- जोधपुर मरूधर एक्सप्रेस | | 11.09.2023 से 15.10.2023 |
| 19167 अहमदाबाद–वाराणसी सिटी साबरमती एक्सप्रेस | वाया अयोध्या जं.– मनकापुर जं.– गोरखपुर– भटनी जं.–मऊ जं.– औड़िहार जं. | 11.09.2023 से 14.10.2023 |
| 19168 वाराणसी सिटी–अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस | | 12.09.2023 से 15.10.2023 |

**रेलगाड़ियों का संशोधित आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन जहां पर रेलगाड़ी समाप्त/ से प्रारंभ होगी | तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 14854 जोधपुर - वाराणसी सिटी मरूधर एक्सप्रेस | प्रतापगढ़ जं. पर | 10.09.2023 से 14.10.2023 |
| 14853 वाराणसी सिटी- जोधपुर मरूधर एक्सप्रेस | प्रतापगढ़ जं. से | 11.09.2023 से 15.10.2023 |
| 14864 जोधपुर - वाराणसी सिटी मरूधर एक्सप्रेस | प्रतापगढ़ जं. पर | 10.09.2023 से 14.10.2023 |
| 14863 वाराणसी सिटी- जोधपुर मरूधर एक्सप्रेस | प्रतापगढ़ जं. से | 11.09.2023 से 15.10.2023 |
| 14866 जोधपुर - वाराणसी सिटी मरूधर एक्सप्रेस | प्रतापगढ़ जं. पर | 10.09.2023 से 14.10.2023 |
| 14865 वाराणसी सिटी - जोधपुर मरूधर एक्सप्रेस | प्रतापगढ़ जं. से | 11.09.2023 से 15.10.2023 |

नोटः अन्य विवरण पूर्ववत् रहेंगे।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं.139 पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव G20

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


## न्यायालय सूचना

अदालत श्रीमान प्रधान परिवार न्यायधीश सहारनपुर मुताफर्रिका मुकदमा स. 54 सन 23 श्रीमती कामना पत्नी अमित हाल निवासी अशोक विहार नवीन नगर निकट सही राम की कोठी तहसील व जिला सहारनपुर बनाम अमित पुत्र स्व सुमेरचन्द निवासी अमरदीप कॉलोनी लेन 4 सहारानपुर 2- श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी स्व. सुमेरचन्द निवासी अमरदीप कॉलोनी, लेन 3 जिला सहारनपुर 3- आम जनता इत्तला दी जाती है कि दरखास्त बजे तकरूर वली कु. रुही पुत्री कामता सायल मजकूर ने गुजरानी है लिहाजा यह इत्तला नामा यमुराय इजहार उजरदारान और दर मुबादमे बुताआयेयुन तारीख 26-09-2023 जारी किया जाता है कि अगर आपको या किसी को निसबत दरबारत के उजर हो तो अन्दर नियाद मुकर्रर मजकूर असालाल या वकालतन बल अज 10 बजे सुबह के अदालत में हाजिर डोकर अपना उजर पेश करें कराये दर सूरत इन्तजाये मियाद मजकूर सिर्फ उजर आपको किसी का सुना ना जायेगा और हुकम मुतासिव निस्बत दरखास्त के सातिर होगा आज दि. 5.9.23 को हस्ताक्षर मेरे व मोहर अदालत से जारी।

**आज्ञा से न्याय प्रधान न्यायाधीश परि**

## सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि दुर्गा पूजा सेवा समिति गणेश भगत की मण्डी खलासी लाईन जिला-सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन है। प्रबंध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य 1 श्री चरणजीत सिंह,अध्यक्ष 2 श्री इन्दर पाल, उपाध्यक्ष 3. श्री अजय कुमार सचिव 4 श्री सुनील शर्मा उपसचिव 5 श्री मुकेश कुमार पादन की कुमार ऑडिटर 7. श्री अरविन्द कुमार प्रचारमंत्री श्री दीप कुमार योन प्रकाश बैस 10 श्री विनो श्री नवी 12 श्री हिमांशु 13 श्री विजय कुमार 14 श्री कुलभूषण 15.16 17 सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये हैं। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3(1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी हुआ है।

**आज्ञा से सहा. रजिस्ट्रार, फस सोसायटीज तथा चिट्स सहारनपुर**

## न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज एस डी सहारापुर इजराये वाद स. 7 सन 2022 , 1- सरदार अवतार सिंह (द्वारा वारसान) हरविन्द्र पाल सिंह पुत्र स्व. सरदार अवतार सिंह निवासी 23/17पंजाबी बा बेस्ट न्यू दिल्ली-110020 1/2-सतपाल कौर पुत्री स्व.सरदार अवतार सिंह पत्नी मंजीन्द्र पाल सिंह 1/3-जैस्मिन कौर पुत्री स्व.सरदार अवतार सिंह पत्नी सिंह निवासी 200 मॉडल टाउन लुधियाना (पंजाब)141002 1/4- सोनी सिंह पुत्र सरदार अवतार सिंह नि. म.न.6थर्ड फल्लौर रोड, न. 17 नियर बिकानेर वाला पंजाबी बाग एक्सटेन्शन दिल्ली-110006 बनाम..1- कस्तूरी लाल गिरधर (द्वारा वारिसान) 1/1- दिव्या पत्नी स्व0 कस्तूरी लाल गिरधर 1/2 आकाश पुत्र स्व. कस्तूरी लाल गिरधर 1/3 आकांक्षा पुत्री स्व. कस्तूरी लाल गिरधर समस्त निवासीगण मकान नम्बर 52 प्रेम वाटिका, मिशन कम्पाउण्ड सहारनपुर (मदयूनान) चूंकि उपरिनामांकित ने अदालत में एक आवेदन पेश किया है अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2023 ई. के 10 माह के 20 दिवस को 10 बजे दिन स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ता.व न्याया. मुद्रा सहित आज 4.9.2023 को जारी आज्ञा से मुंसरिम

## न्यायालय सूचना

न्याय.श्रीमान एफ टी सी/ सिविल जज एस डी सहारनपुर मूल वाद 816 सन 2008 प्र. वाद स.43 सन 22 श्रीमति सरला सैनी पत्नी श्री हरि सिंह 2 संतोष देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार 3 श्रीमति शशि सैनी पत्नी रविन्द्र कुमार 4 श्रीमति कमलेश सैनी पत्नी श्री मुकेश कुमार सभी निवासी ग्राम सैदपुरा दखली माजरा सरसावा प्रगना तह. वा ज़िला सहारनपुर बनाम 1 श्री विनेश कुमार 2 अरविन्द कुमार 3 धर्मेन्द्र कुमार पुत्रगण श्री सतपाल सैनी नि. ग्राम सैदपुरा दाखली माजरा, सरसावा तह. वा ज़िला सहारनपुर ने आपके विरूध इस अदालत में आवदेन अंतर्गत आदेश 9 नियम-9 व धारा 151 सी पी सी हरगाह वादीगण ने दायर क्या है। लिहाजा आपको कम होता है कि आप दिनांक 11/9/ 2023 की सुबह 10 बजे आसालतन यावकलातन मेरे न्यायालय में हाजिर होकर जवाब दही दवा की करें। आपको लाज़िम है कि उसी रोज जुमला गवाह दस्तावेज और गवाह जो जवाबा देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहें, पेश करें। इत्ताला दी जाती है कि बरोज मज्कूर आप हाजिर न होंगे तो दरखास्त बाग़ैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। आज दि 05-09-23 कोजारी किया गया ।

**आज्ञा से मुंसरिम**

# 9 वर्षों में मोदी सरकार में हुए जन कल्याण और राष्ट्र निर्माण के कार्य: उपेन्द्र

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर तथा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र रामनगर के ग्राम बिकनापुर, लहडरा में जनसभा, लैन ग्राम मथुरा, ग्राम जैतपुर और ग्राम इब्राहिमपुर में आयोजित नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।

इसके साथ ही श्री कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत व विशिष्ट अतिथि के रूप में निवर्तमान विधायक शरद कुमार अवस्थी उपस्थित रहें। आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि जन कल्याण और राष्ट्र निर्माण के प्रति विगत 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने लक्ष्य आधारित कार्य किये है। जिससे देश आज प्रगति और सम्मान के साथ जीवन समृद्धि के प्रत्येक क्षेत्र में तीव्र गति से आगे बढ़ा है। भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र और प्रदेश सरकार प्रत्येक क्षेत्रों में कार्य कर रही है। जिसमें गरीब कल्याण, 5 लाख तक की आयुष्मान योजना के तहत फ्री इलाज, फ्री राशन, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना के के अंतर्गत फ्री गैस कनेक्शन, फ्री बिजली कनेक्शन जैसे बहुत सारे कार्य किये जा रहें है। कार्यक्रम को निवर्तमान विधायक रामनगर शरद कुमार अवस्थी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हर घर तक प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा है । चाहे हो उज्ज्वला योजना हों, आयुष्मान योजना हो, सुकन्या समृद्धि योजना हो या किसान सम्मान निधि योजना हों। और मोदी सरकार के नौ साल कार्यकाल ऐतिहासिक रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर राजेश अवस्थी, नानमून शुक्ला, राजेश शुक्ला, रितेश शुक्ला, रवि शंकर मिश्रा, शिव बहादुर वर्मा, अजय गुप्ता, उमेश चन्द्र, डब्बू चौहान, अखिलेश शुक्ला, शारदा प्रसाद, उमेश मिश्रा, अनिल अवस्थी, कमलेश शुक्ला, अजय गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता गण तथा ग्राम वासी गण उपस्थित रहे।

## सपा द्वारा निकाली गई रैली का जोरदार हुआ स्वागत

**पूरा बाजार -अयोध्या।** प्रदेश सरकार के किसान विरोधी नीतियों से किसान त्रस्त हैं व्यापारी व विचोलिये मालामाल हो रहे हैं इसलिए आगामी चुनाव में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना होगा इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है उक्त उदगार मडना कुडकी में रैली के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने व्यक्त किया उन्होंने कहा कि किसान अपनी उपज का मूल्य ही नहीं पा रहे हैं छुट्टा जानवर फसलों को नष्ट कर दे रहे हैं किसानो की समस्याओं को कोई सुनने वाला नहीं है। रैली की अगुवाई पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद पूर्व मंत्री देवनारायण पांडे पवन विधायक अभय सिंह जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव कर रहे थे रैली का कुर्की पहुंचने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह दीपू व सपा नेता ललित यादव तथा सपा के वरिष्ठ नेता जियालाल यादव व सपा के ब्लॉक अध्यक्ष तरजीत गौड ने रैली में चल रहे लोगों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया रैली में उमड़ी भीड़ से सपा नेता गदगद दिखे।

# भाजपा की हुई डीडीसी सिरौली गौसपुर तृतीय सीट

- 6 वोट से सीमा ने दर्ज की जीत
- नगमा बानो को मिली हार, भाजपा खेमे में खुशी की लहर

अवधनामा संवाददाता



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** जिला पंचायत सदस्य सिरौलीगौसपुर तृतीय के उपचुनाव की मतगणना राजकीय इण्टर कालेज सिरौलीगौसपुर में शुक्रवार को कडी सुरक्षा ब्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई। कड़े मुकाबले में सीमा देवी पत्नी मनोज सोनी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी नगमा बानों को 6 मतों से परास्त कर जीत हासिल की है। भाजपा नेता मनोज सोनी की पत्नी की इस विजय पर भाजपा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई।

बताते चलें कि सिरौलीगौसपुर ज़िला पंचायत सदस्य के उपचुनाव में 16863 मत पडे थे। जिसमें 403 मत अवैध घोषित किए गए। जागेश्वरी को 147 कुल मत मिले, नगमा बानो को 3553 मत,फूलमती को 1486 मत, रेखा देवी को 2665 मत, शिवकुमारी को 3293 मत, सपना को 579 तथा विजेता सीमा सोनी को 3559 मत मिले हैं। इस प्रकार भाजपा समर्थित सीमा सोनी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नगमा बानो को मात्र 6 मतों से पराजित कर विजय श्री हासिल की। भाजपा मंण्डल अध्यक्ष संन्तोष पांन्डेय आई टी सेल के अमित पान्डेय रामू अधिवक्ता विजय कुमार अवस्थी विनोद कुमार रावत अजय कुमार रावत सहित सैकड़ों लोगों ने मनोज सोनी की पत्नी की जीत पर खुशी का इजहार करते हुए मनोज सोनी को बधाई दी है।

### भाजपा प्रत्याशी के साथ खड़ा हुआ पसमांदा मुस्लिम

पीएम मोदी ने पसमांदा मुसलमानों की खैरियत ली, साथ चलने का दिलासा दिया तो पसमांदा समाज भी कदम आगे बढ़ा रहा है। डीडीसी तृतीय सिरौलीगौसपुर सीट के लिए हुए चुनाव में पसमांदा मुसलमानों ने भाजपा का साथ यानी वोट दिया। जिसका नतीजा यह हुआ कि प्रतिद्वंद्वी को मुंह की खानी पड़ी। इस जीत से भाजपा ही नही बल्कि पसमांदा समाज भी उत्साहित हैं और इसका असर आने वाले चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। दो दर्जन से अधिक दलों के गठबंधन को एक किनारे रख पसमांदा मुस्लिम समाज ने इस चुनाव से ही अपनी मंशा जाहिर कर दी, ऐसा कहा जा सकता है। वैसे भी अंदरखाने में कहा जा रहा कि अगर पसमांदा मुसलमान को साथ लेने में भाजपा कामयाब हो गई तो 2024 की तस्वीर ही कुछ और होगी। फिलहाल सभी इस जीत की खुशी में डूबे हुए हैं।

## नवोदय एलुमिनी मीट की हुई बैठक, कई जिलों के पदाधिकारी ने लिया भाग

**अयोध्या।** नवोदय एलुमिनी मीट बैठक शाने अवध होटल अयोध्या के कांफ्रेंस हॉल में संपन्न हुई बैठक। नवोदय अयोध्या प्रथम बैच के राम चंद्र 1993 बैच की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे नवोदय अयोध्या के ,सभी बैच के एलुमिनी एकत्रित तथा प्रदेश के कई जिलों के गोंडा, सुल्तानपुर, बस्ती के एलुमिनी ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया ,जिसमे मुकेश सिंह, रामधन, सदक हुसैन, सौरभ श्रीवास्तव, अखंड प्रताप, रोहित मिश्र, अमित, राजेश कुमार मीडिया प्रभारी धर्मपाल पाण्डेय आदि लोगो ने अलुमिनी मीट 2 जो अयोध्या में 08 अक्टूबर 2023 को संपन्न होगी उसके बारे में कई कमेटियों का सृजन किया गया जिसमे आईटी सेल में अंबुकेश्वर, वीर, सुधांशु, पंकज आर्या, नूर मोहम्मद,रॉबिन,जय और केशव राम, बहराइच नवोदय से तथा कोर कमेटी में सीनियर एलुमिनी को नामित किया गया, सभी लोगो को अपना अपना काम जोरदार तरीके से करने के लिए कार्यक्रम को भव्य बनाने में सभी लोगो ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया।

# अकीदत से मनाया गया चेहल्लुम, गमगीन माहौल में दफन हुए ताजिये



अवधनामा संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** पैगम्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद मुस्तफा के नवासे हज़रत इमाम हुसैन एव उनके 72 साथियों की शहादत की याद मे मनाया जाने वाला चहल्लुम कस्बा मसौली मे अक़ीदत के साथ मनाया गया। बुधवार की देर रात्रि रखी गयी ताजियो का जुलुस गुरुवार को गमगीन महोल मे निकाल कर देर शाम क़र्बला मे दफन किये गये। कस्बा मसौली मे बुधवार की देर रात्रि हजरत इमाम हुसैन अलै0 एव उनके 72 साथियो की शाहदत की याद मे जगह जगह ताजिये रखे गये। स्थानीय अंजुमनो के आलावा कस्बा बड़ागांव, सहाबपुर, बांसा सहित अन्य जगहों से आयी अंजुमनो द्वारा नौहेखवानी की गयी गुरुवार को दोपहर बाद ताज़ियों का जुलसू अक़ीदत के साथ निकाला गया जुलुस के दौरान हजरत इमाम हुसैन के अक़ीदतमंदो ने खाद्य सामग्री का वितरण किया तथा या हुसैन या हुसैन की सदाओ से पुरा कस्बा गमगीन हो गया देर शाम को काजी काले शाह के आस्ताने के निकट कर्बला में नम आँखों के साथ ताजिये दफन किये गये। इस दौरान हजारों अक़ीदतमंद मौजूद रहे।

# 2024 के चुनाव में इंडिया गठबंधन दर्ज कराएगा ऐतिहासिक विजय: नकुल

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजनैतिक नही थी। हमारा देश जब बेलगाम महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा था। राजनैतिक रोटियां सेकने के लिये देश एवं प्रदेश में जब नफरत की आग भड़काई जा रही थी, अन्नदाता जब अपने हक के लिये सड़को पर उतरने को मजबूर था जनता की आवाज कुचली जा रही थी, प्रजातंत्र का गला घोंटा जा रहा था देश का संविधान खतरे में था आवाम की पीड़ा सुनने वाला कोई नही था। आपसे गुजारिश करने आया हूॅ कि 2024 में तनुज पुनिया को सांसद बनाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेंज दें।

उक्त उद्गार आज राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर छाया चौराहा के निकट आयोजित भारत जोड़ो सम्मेलन में अवध प्रान्त के निवर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने व्यक्त किए। इससे पूर्व पूर्व सांसद डॉ.पी.एल.पुनिया, कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता तनुज पुनिया, प्रदेशीय प्रभारी महासचिव सुशील पासी, सचिव राहुल त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला की अगुवाई में निकली यात्रा पटेल तिराहा, सिविल लाइन होते हुए अमर शहीद बलभद्र सिंह चहलारी नरेश उद्यान (कांग्रेस कार्यालय) के नीचे पहुंची। जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस नेता शिव बहादुर वर्मा भारत जोड़ो यात्रा के आगे देश की शान तिरंगा झंण्डा लेकर चल रहे थे। सम्मेलन का संचालन कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने किया। पूर्व सांसद डॉ पी.एल. पुनिया ने कहा कि आज से ठीक 1 वर्ष पूर्व जब राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत कन्याकुमारी से कर रहे थे तो मैं भी उनके साथ था तब राहुल गांधी ने कहा था कि हिन्दुस्तान नफरत का नही मोहब्बत का देश हैं और हम नफरत फैलाने वालों से डरने वाले नही हैं और अपनी भारत जोड़ो यात्रा शुरू कर दी और हांथो में तिरंगा थामे हजारों की संख्या में मौजूद देशवासियों ने जननायक राहुल गांधी के साथ हजारों मील का सफर तय करके श्री नगर तक पहुंचे यह यात्रा आसान नही थी। हमें बूथ के सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी देनी होगी तभी 2024 के आम चुनाव में इण्डिया गठबन्धन की ऐतिहासिक जीत होगी।

कांग्रेस प्रवक्ता तनुज पुनिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा अभी समाप्त नही हुई हैं जब तक इस देश में नफरत फैलाने वाली ताकतें रहेंगी राहुल जी की मोहब्बत की दुकान खोलने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता भारत जोड़ो यात्रा निकालते रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ई रिक्शा पलटने से दो घायल



**बृजमनगंज (महराजगंज)** बृजमनगंज के धानी मार्ग पर गुरुवार को धानी की तरफ जा रही ई रिक्शा अनियंत्रित हो कर पलट गई। जिसमे चालक समेत दो घायल हो गए। ई रिक्शा चालक राजू निवासी बनगवां जनपद सिद्धार्थनगर अपने परिजन को लेकर धानी की तरफ जा रहा था। बृजमनगंज के धानी ढाला मोड़ के पास पहुंचते ही अनियंत्रित हो कर पलट गई और गड्ढे में चली गई। ई रिक्शा में सवार चालक राजू व गुजराती घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को ई रिक्शा से निकाल कर एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए सीएचसी बृजमनगंज ले जाया गया। जहां इलाज चल रहा है।

### सर्प दंश से युवक की मौत।



**बृजमनगंज (महराजगंज)** बृजमनगंज विकास खंड के ग्राम पंचायत हरैया मौलाही निवासी एक युवक का गुरुवार को सर्प दंश से मौत हो गया। हरैया मौलाही के रहने वाले रामदवन मौर्या गुरुवार दोपहर में अपने खेत में दवा छिड़काव कर रहे थे। अचानक किसी जहरीले सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर स्वजन इलाज के लिए सीएचसी बनकटी ले गए। जहां पर चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।

### 500 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**सहारनपुर।** थाना मण्डी पुलिस ने कमेला रोड सरकारी क्वार्टर के पास से 02 शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 500 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन मे जनपद मे नशा तस्करो की गिरफ्तारी को चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मण्डी पुलिस ने दो अभियुक्तों को मय अवैध चरस 500 ग्राम के साथ कमेला रोड पर सरकारी क्वार्टर के सामने से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामदगी के सम्बन्ध मे अभियुक्तों के विरूद्ध थाना मण्डी पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि यह चरस हरियाणा से बेचने के लिए लेकर आये है। चरस बेचकर वह दोनो अच्छे पैसे कमा लेते है और अपना खर्चा चला लेते है। तस्करों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, हैड कांस्टेबल मनोज कुमार, सन्दीप कुमार, सद्दाम, विकल सोम शामिल रहे।

### इस्कॉन मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया

**सहारनपुर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व इस्कॉन मंदिर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर सुबह से ही भक्तों ने मंदिर में पहुँच कर लड्डू गोपाल को झूला झुलाकर आनंद प्राप्त किया। शाम को जब मंदिर में श्री कृष्ण अभिषेक आरंभ हुआ, तो भक्तों की लंबी लाइन लग गई। इस्कान द्वारा अभिषेक की व्यवस्था सुचारु रुप से की गई। इस्कॉन मंदिर में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी में मुख्य अतिथि पूर्व मेयर संजीव वालिया, मेयर डॉ.अजय कुमार सिंह, नगर विधायक राजीव गुंबर, विधायक कीरत सिंह, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, पुष्पेंद्र चौधरी, रामकुमार सैनी आदि ने श्री कृष्ण भगवान का अभिषेक करते हुए कहा कि इस्कॉन द्वारा अभिषेक की व्यवस्था किए जाने से सहारनपुर के भक्तों में अति उत्साह है। भागवत पुराण में कहा गया है कि जो व्यक्ति भगवान का अभिषेक देखता है या जो भक्त भगवान का अभिषेक करता है उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मानाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

अवधनामा संवाददाता



**फरेन्दा (महराजगंज)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को पूरे कजनपद में धूमधाम से मनाया गया। भगवान कृष्ण के बालरूप कि झांकियां सजाई गई और श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन गाकर अपनी आस्था प्रकट किया। फरेन्दा क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। मंदिरों, घरों व दुकानों पर भी जनमाष्टमी के अवसर पर भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय रहा। रात 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा क्षेत्र नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, भजन से गूंज उंठा और बच्चों व उत्साहित लोगों ने माखन भरी मटकी फोड़कर भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। आनंदनगर नगर पंचायत में स्थित प्रेम पोखरा मंदिर पर जन्माष्टमी के अवसर पर वर्षों से भव्य मेला लगता है। जहां लोग जरूरी समानों की खरीददारी करते हैं । मंदिर समिति के संजय सर्राफ ने कहा कि राधा कृष्ण वाटिका मंदिर पर वर्षो से भगवान् श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का आयोजन होता चला आ रहा है। पुलिस व प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के बीच मंदिर पर मेला लगता है। मंदिर में भगवान कृष्ण से जुड़ी मनमोहन झांकियां लगती हैं। जिसमें श्रद्धालु भगवान कृष्ण व राधारानी का पूजन अर्चन करते हैं। यहां दूरदराज़ के क्षेत्रों से भी लोग पहुंचकर मुरलीमनोहर श्रीकृष्ण के दर्शन कर मेले का आनंद लेते हैं । मेले में झूला, मिष्ठान, खेलौना की दुकान सजी थी। सुरक्षा की दृष्टि से फरेंदा पुलिस थाना प्रभारी आनंद कुमार गुप्त व चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में मुस्तैद रही।

# जलपान की दुकान में लगी भीषण आग

- गैस सिलेंडर फटने से बालिका का पेट फटा हालत गंभीर

अवधनामा संवाददाता



**मिल्कीपुर - अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नरेंद्रा भादा गांव चौराहे पर स्थित एक किराना एवं जलपान की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी भीषण आग के चलते फटे गैस सिलेंडर का अवशेष 11 वर्षीय बालिका के पेट में लग जाने के चलते बालिका का पेट फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद घायल बालिका को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर हालत नाजुक देख अस्पताल के डॉक्टरों ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरेंद्रा भादा गांव चौराहे पर श्रीपाल कोरी की किराना एवं चाय पान की दुकान स्थित है। श्रीपाल के पिता हरि भजन दुकान पर रात में सोते हैं। बीते गुरुवार 7/8 सितंबर की रात करीब 2 अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में उक्त श्रीपाल की दुकान में आग लग गई। श्रीपाल के पिता भजन को आग लगने का पता नहीं चला किंतु दुकान के ठीक सामने सड़क के किनारे स्थित हीरालाल के पारिवारी जनों ने छप्पर से उठ रही आग की लपटे देख गुहार लगाया और सो रहे भजन कोरी को जगाया।

इसके बाद हरि भजन सहित आसपास मौजूद ग्रामीण काफी दूर भाग खड़े हुए। देखते ही देखते आग ने दुकान को अपने आगोश में ले लिया और दुकान में रखा सारा सामान धूँ धू कर जल गया। लगभग 100 मीटर दूर स्थित अशोक कुमार उर्फ लालू का परिवार भी गोहार सुनकर जाग गया था और अपने घर के बाहर खड़ा था। इतने में दुकान में रखा सिलेंडर फटा और सिलेंडर का कुछ भाग अशोक कुमार उर्फ लालू कोरी की 11 वर्षीय बेटी प्रिया के पेट में जा लगा। जिसके चलते बालिका प्रिया का पेट फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान काशीराम घायल बालिका एवं उनके परिजनों को साथ लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां हालत नाजुक देख अस्पताल के डॉक्टरों ने घायल बालिका को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में भी बालिका की हालत नाजुक बनी हुई है। उधर घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस एवं ग्रामीणों ने कड़ी में संकट के बाद बेकाबू आग को बुझा लिया। किंतु जब तक आज पर काबू पाया जाता तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था।

## बच्चों ने धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी का त्यौहार

**अयोध्या।** बारुन बाजार स्थित ओ एन एकेडमी विद्यालय परिसर में बच्चों ने धूमधाम से जन्माष्टमी का त्यौहार मना कर खुशी जाहिर की इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक धर्मपाल पांडेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि भगवान का अवतार सब जन हिताय सब जन सुखाय के लिए होता है भगवान संसार में धर्म की रक्षा तथा शिक्षा देने के लिए आते हैं भगवान श्री कृष्णा स्वयं गुरुकुल में जाकर गुरु की सेवा करते हुए 64 प्रकार की विधाओं का अध्ययन किया उन्होंने गुरु के सानिध्य में ज्ञान प्राप्त किया उन्होंने बताया कि सभी को भगवान श्री कृष्ण के सिद्धांतों पर चलना चाहिए कार्यक्रम के समापन पर समाज सेवी सुधांशु मिश्रा ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया समाज में प्रतिष्ठित स्थान पाने के लिए हमको भगवान श्री कृष्ण के सिद्धांतों को आत्मसात करने की जरूरत है भगवान श्री कृष्णा छोटे बड़े का भाव मिटा कर सबके साथ हिल मिलकर रहा करते थे उन्होंने बताया कि हर मनुष्य को काम करने का पूर्ण अधिकार है इसलिए स्वधर्म का त्याग कभी नहीं करना चाहिए।

## उदयनिधि की टिप्पणी के विरोध में हिजामं ने किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म व सनातनियो को समाप्त करने वाले ब्यान के विरोध में आज रविदास विद्वत परिषद व हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओ ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। आज हिन्दू संगठन के पदाधिकारी जिला मुख्यालय पहुंच और तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म व सनातनियो को समाप्त करने वाले ब्यान का कड़ा विरोध करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इससे पूर्व शास्त्रीनगर कार्यालय पर आहूत बैठक मे प्रांत सह संयोजक ठा.सूर्यकान्त सिंह ने कहा कि आज विधर्मी सनातन धर्म विरोधी शक्तियां सनातन हिन्दू धर्म का सरेआम अपमान कर रही है, जो बहुत ही चिन्तनीय है। ऐसी राष्ट्र विरोधी सनातन विरोधी शक्तियो के विरुद्ध कडी कार्यवाई करनी होगी।

# अड्डा बाजार को ब्लाक मुख्यालय बनाने की मांग

अवधनामा संवाददाता



**नौतनवा(महराजगंज)।** चौक बाजार को ब्लाक बनाने व उसमें अड्डा बाजार, रामनगर सहित तीन न्यायपंचायतो को लक्ष्मीपुर से निकाल कर शामिल करने की सुगबुगाहट के लगते ही अड्डा बाजार को ब्लाक मुख्यालय बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्र के भाजपा नेता समीर त्रिपाठी ने बताया कि हम लोग बहुत पहले से ही अड्डा बाजार को नौतनवा व लक्ष्मी पुर में से30-35 ग्राम पंचायतों को निकाल कर ब्लाक मुख्यालय बनाने की मांग कर रहे हैं क्योंकि यहां से नौतनवा व लक्ष्मी पुर दोनों की दूरी लगभग एक जैसा ही है तथा अड्डा में हर तरफ से आवागमन के लिए सड़कें हैं।और यदि अड्डा बाजार को ब्लाक मुख्यालय बनाया जाय तो इधर के लोगों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि यदि इस क्षेत्र के न्यायपंचायतों को चौक में मिलाया जाता है तो लोगों बहुत असुविधा होगी क्योंकि यहां से चौक की दूरी भी अधिक है तथा आवागमन के लिए सड़के वह साधन उपलब्ध नहीं है। त्रिपाठी ने कहा कि इस बात हम लोग जिलाधिकारी से मिले हैं तथा केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी व क्षेत्रीय विधायक ऋषि त्रिपाठी को भी इस मामले के बारे में अवगत कराया गया है तथा अब हम लोग अपने नेता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिलकर उन्हें इस बारे में अवगत करायेंगे व अड्डा बाजार को मुख्यालय बनाने की मांग रखेंगे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया कृष्णोतस्व

- आकर्षक झांकियां बनी लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** कृष्णोतस्व-2023 हर्षोल्ल्लास एवं विधि विधान सहित भव्य रूप से मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ जिसमें आकर्षक झांकियां जहां धर्म प्रेमियों में विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही वही भजनों एवं राधा-कृष्ण पर आधारित मोहक नृत्यों से दर्शक देर रात तक बंधे रहे। युवा शक्ति जागृति समिति के अध्यक्ष एवं कृष्णोतस्व-2023 के संयोजक संकल्प नैब द्वारा आयोजित समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना उपरांत संयुक्त रूप से पूर्व भाजपा सांसद राघव लखनपाल शर्मा, एमएलसी शाहनवाज़ खान,पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र कपिल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पंजाबी रामलीला के अध्यक्ष महेंद्र तनेजा ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा सांसद राघव लखनपाल शर्मा, एमएलसी शाहनवाज़ खान तथा महेंद्र तनेजा ने आयोजन की भव्यता और युवाओं में धर्म के प्रति जुड़ाव को समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया और ज़िले भर में ऐसे विशाल आयोजन के लिए युवा शक्ति जागृति समिति के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने अपने विशेष संबोधन में प्रभु श्री राम का मानव जीवन में महत्वपूर्ण उपयोग तथा प्रभु श्री कृष्ण का मानव समाज को कर्तव्य के लिए प्रेरित करने के संदर्भ में विस्तार से अवगत कराया। नगर निगम सहारनपुर के महापौर डॉक्टर अजय सिंह ने जहां धार्मिक झांकियों से दिए जा रहे संदेश को समझाया वहीं उन्होंने जीवन के लिए बेहद उपयोगी बताया। इस अवसर पर भाजपा के नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि सनातन धर्म हमे न केवल जीवन को सदमार्ग के लिए प्रेरित करता है अपितु हमारी अमूल्य धर्म संस्कृति की विशालता को भी सहेजे हुए है। भाजपा नेता बॉबी कर्णवाल, ज़िला पंचायत अध्यक्ष के सुपुत्र इशांत चौधरी ने भी अपने संबोधन में उपस्थित सैकड़ो धर्म प्रेमियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर मंत्रोच्चार एवम विधि विधान को पंडित उद्धव कोदण्ड ने सम्पन्न कराया जबकि 4 घण्टे के अनुपम आयोजन का सशक्त संचालन मनोज शर्मा बब्बल ने सशक्त रूप से करते हुए दर्शको का मंच से जुड़ाव बनाये रखा।

# सांसद मेधा प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 10 अक्टूबर के बीच



**अयोध्या।** लोकसभा अयोध्या क्षेत्र में सांसद मेधा प्रतियोगिता का आयोजन 13 सितम्बर से 10 अक्टूबर के बीच किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मागदर्शन में पूरे देश के सांसदों के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सांसद लल्लू सिंह के द्वारा लोकसभा अयोध्या क्षेत्र के 13 ब्लाक, महानगर व गोसाईगंज के तारुन व मया ब्लाक में प्रतियोगिता आयोजित होगी।सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों के भीतर मौजूद प्रतिभा को समाज के सामने लाकर उसे प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता के लिए 15 सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया जायेगा। इस दौरान निबंध लेखन, पेटिंग, बाल संसद का गठन, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 13 सितम्बर को पूर्व माध्यमिक विद्यालय डाभासेमर में इसकी शुरुआत होगी। ब्लाक स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल के विद्यार्थी शामिल होंगे।उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए विद्यार्थी के पास शिक्षा के साथ समाजिक ज्ञान भी आवश्यक होता है। पठ्न पाठ्न के साथ उनके भीतर छुपी प्रतिभा में निखार लाने के लिए इस तरह के आयोजन अति आवश्यक होते है। इस तरह की प्रतियोगिताओं में शामिल होने से बच्चों में उत्साह समाहित होता है। उनके भीतर सामूहिकता का भाव भी जागृत होता है। यही सामूहिकता का भाव जीवन पथ में आगे बढ़ने के लिए सहायक होता है।

# राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर चमनआरा का बांसी में भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**चमनआरा राइनी ने प्रधानमंत्री द्वारा इण्डिया शब्द को हटाए जाने के निर्णय को गलत बताया**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी नगरपालिका अध्यक्ष चमन आरा राइनी को समाजवादी पार्टी की महिला सभा का राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर समाज वादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बांसी पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया। सपा नेता /पूर्व नपाअध्यक्ष मो. इद्रीश पटवारी द्वारा नरकटहा स्थित अपने आवास परिसर में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार अपरान्ह लगभग 01:30 बजे चमनआरा के मंच पर पहुंचते ही मौजूद भीड़ ने तालियों से उनका जोरदार स्वागत किया।

मंचासीन पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूल माला देकर राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजक मो इद्रीश पटवारी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताते हुए सभी को धन्यवाद दिया। अपने संबोधन में सपा पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव चमनआरा राइनी ने प्रधान मंत्री द्वारा इण्डिया शब्द को हटाए जाने के निर्णय को गलत बताया। उन्होंने कहा कि संविधान से लेकर भारतीय मुद्रा पर भी इण्डिया शब्द का उल्लेख है, वह क्या- हटाएंगे। उन्होंने स्वयं को राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने मुझे जो इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, मै उसके पूरी शिद्दत से संघर्ष करुंगी। उन्होंने इसके पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, महिला सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह सहित प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, विधायक माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व विधायक लालजी यादव, प्रदेश महासचिव ओंकार पटेल व विशिष्ट अतिथि अजय चौधरी को भी धन्यवाद दिया, और कहा कि मैं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ पूर्वांचल में पार्टी को मजबूत करने में समर्पण के भाव से कार्य करुंगी। प्रदेश सचिव ओंकार पटेल ने कहा कि चमनआरा संघर्षशील महिला हैं। इनका प्रभाव न सिर्फ बांसी तक सीमित नहीं था, अब तो इनके कार्यों का प्रभाव पूरे पूर्वांचल में दिखेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने चमन आरा को राष्ट्रीय महासचिव बनाकर सिद्धार्थनगर ही ईश्वर ने आए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल कलाम द्वारा किया गया। इस दौरान डुमरियागंज विधायक प्रतिनिधि जाहिर मलिक सहित बडी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं सहित लोगों की भीड़ मौजूद रही। कार्यक्रम में बसपा को अलविदा कह सपा में आए एडवोकेट रामकृपाल मौर्य का भी मो इद्रीश पटवारी ने मंच पर गर्मजोशी से स्वागत किया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**बांसी सिद्धार्थनगर।** थाना कोतवाली बांसी अंतर्गत बांसी बस्ती हाईवे पर चितौना के पास एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो की चपेट में आकर एक बाइक चालक की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। बुधवार की रात लगभग 9 बजे ग्राम (बनगवा) रुधौली खुर्द निवासी 29 वर्षीय श्याम प्रसाद का पुत्र लकी सहानी अपनी बाइक से बांसी से रुदौली की तरफ जा रहा था। इसी दौरान छितौना गांव के पास अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने पीछे से जोरदार टक्कर बाइक में मार दी। जिससे बाइक चालक लकी साहनी सड़क पर गिरकर तड़पने लगा। इसी दौरान ग्राम छितौना निवासी सुभावती देवी 60 और प्रहलाद 65 वर्ष सड़क पर टहल रहे थे। इसी टक्कर में यह दोनों पति-पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही साथ स्कॉर्पियो में सवार स्कार्पियो चालक करमचंद पुत्र सीताराम निवासी ग्राम पुरे लखई थाना हरैया जिला बस्ती और स्कॉर्पियो मालिक काली प्रसाद भी गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक को टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो सड़क के किनारे पलट गई जिसमें स्कॉर्पियो पर सवार करमचंद और काली प्रसाद घायल हुए।

# दिव्यांग बच्चों की मेडिकल जांच हेतु मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत 6 वर्ष से 14 वर्ष के बीच के दिव्यांग बच्चों की मेडिकल जांच हेतु मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन डुमरियागंज स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रांगण में किया गया। जिसमें उपस्थित चिकित्सकों ने दिव्यांग बच्चों की जांच किया गया। विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के जांच हेतु आयोजित इस कैंप में कुल 160 बच्चों की जांच की गई। जिसमें हेरिंग गूंगे बहरे, बोलने सुनने वाले बच्चों 60, ऑर्थो के 30, आँख के 40, व मानसिक के 30 बच्चे शामिल रहे। दिव्यांग कुल बच्चों में 85 बच्चों का सर्टिफिकेट बनाया गया तथा 25 बच्चे रेफर किए गए। इस मौके पर जिला समन्वयक समेकित शिक्षा करुणापति त्रिपाठी ने कहा कि जिन बच्चों की जांच किन्हीं कारण वश कैंप में नहीं हो पाई है। अगले कैंप में उनकी जांच चिकित्सकों की उपस्थिति में की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांग छात्रों को सरकार द्वारा तमाम सुविधा दी जा रही है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने कहा कि दिव्यांग छात्राओं को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य शिक्षक करें तथा ऐसे बच्चों का उत्साह बढ़ाये। इसके अलावा सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी भी अभिभावकों तक पहुंचाने का कार्य करें। इस मौके पर ऑर्थो सर्जन डॉ. अंगद वर्मा, आई सर्जन डॉ. राकेश वर्मा, ई एन टी सर्जन डॉ. संजय कुमार शर्मा, गणेश गौड़, रामकुमार चौधरी, अंजनी सिंह, नसीम अहमद, अगेय गौतम, रामपाल वर्मा, अशोक कुमार, गंगाराम, राघवेंद्र मिश्रा, अभिषेक सिंह, अमित मिश्रा, प्रेम प्रकाश चौबे, पंकज गुप्ता, धर्मराज दुबे, पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के चिंताराम चौधरी, सोनी मिश्रा, सिस्टर प्रमिला आदि लोग मौजूद रहे।

# जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ कार्यक्रम टड़िया धाम मंदिर परिसर में युवाओ ने मचाया धमाल







**विजयी टीम को विधायक ने दिये ग्यारह हजार रुपये का नगद पुरस्कार**

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत टड़िया गांव मे स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर टड़िया धाम परिसर मे कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मटकी फोड़ कार्यक्रम में युवाओं ने धमाल मचाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षक मटकी फोड़ कार्यक्रम रहा।

इस अवसर पर श्री माता वैष्णो देवी मंदिर टड़िया धाम को राधेकृष्ण की सजीव झांकी सजाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजर सिंह चौहान ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के उपस्थिति में मटकी फोड़ कार्यक्रम हुआ। जिसमें मटकी फोड़ कार्यक्रम मे हतवा, जोगीबारी, कोइली घाट, एकडेगवा भावपुर, टड़िया धाम की टीमों ने भाग लिया। जिससे टड़िया धाम की टीम ने मटकी फोड़ कर विजयी घोषित हुई। विजयी घोषित टीम को विधायक विनय वर्मा ने ग्यारह हजार रुपये का नगद पुस्कार दिये। मटकी फोड़ कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण जन्म उत्सव पर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की गीतों के साथ रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मटकी फोड़ कार्यक्रम को लेकर युवा वर्ग व महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला है। इस दौरान विधायक विनय वर्मा, मेजर सिंह चौहान उर्फ रामसेवक चौहान, रामदास मौर्या, हरीश वर्मा, विष्णु सिंह, विपिन सोनी, निजामुद्दीन, गुरु प्रसाद, कन्हैया लाल, संजय कसौधन आदि लोग मौजूद रहे।

# साहित्य संगम की कार्यकारिणी घोषित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा

अवधनामा संवाददाता



**जनपद के साहित्यकारों, रचनाकारों को नई ऊंचाई प्रदान करेगा साहित्य संगम**

**हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 14 सितंबर को काव्य गोष्ठी का भी होगा आयोजन**

**सिद्धार्थनगर।** जनपद की नवोदित साहित्यिक संस्था साहित्य संगम की नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. सीमा मिश्रा की ओर से जिला कार्यकारिणी का विधिवत गठन करते हुए निम्नवत पदाधिकारियों के नामों को घोषित किया है। संरक्षक मंडल में नजीर मलिक, डॉ. शरदेन्दु त्रिपाठी, गंगेश कुमार मिश्र, राणा प्रताप सिंह, दिलीप द्विवेदी को शामिल किया गया है। इसके अलावा नियाज कपिलवस्तुवी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुजीत कुमार जायसवाल, राम करन गुप्ता, सलमान आमिर, कैलाश मणि त्रिपाठी- उपाध्यक्ष, संतोष श्रीवास्तव- महामंत्री, डॉ. विनयकांत मिश्र- संयुक्त मंत्री, विजय कृष्ण नारायन सिंह, डॉ. रवि प्रकाश श्रीवास्तव- संगठन मंत्री, किरनलता सिंह, शुभम श्रीवास्तव- सह संगठन मंत्री, पंकज पासवान- कोषाध्यक्ष, प्रदीप वर्मा- मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। जबकि विशेष आमंत्रित सदस्य में कृष्ण कुमार मिश्रा, अमित शर्मा, मुकेश कुमार, राजेश शर्मा, कार्यसमिति सदस्य में अभय श्रीवास्तव, सद्दाम खां, राम स्वरूप अग्रहरि, साधना श्रीवास्तव और शारदा रावत को बनाया गया है। साहित्यिक संस्था, साहित्य संगम की अध्यक्ष डॉ. सीमा मिश्रा ने बताया कि जनपद सिद्धार्थनगर के साहित्यकारों, रचनाकारों, कवियों व शायरों को उचित मंच प्रदान करते हुए उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए सतत प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक काव्य गोष्ठी में भी आयोजित किया जाएगा। जिसकी रूपरेखा जल्द ही सभी की सहमति से तैयार कर ली जाएगी। उन्होंने साहित्यिक संस्था की मजबूती के लिए सभी साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और प्रबुद्ध नागरिकों से सक्रिय सहयोग देने की अपेक्षा की है।

## जन्माष्टमी पर पूरी रात भक्ति रस में डूबे रहे श्रद्धालु

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन थाना परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कोतवाली परिसर में भक्ति का भजन गुजा लाईट व झालरों की रोशनी से कोतवाली भवन जहां दुल्हन की तरह सजा था। थाना परिसर मे बने मंदिर को दुल्हन की तरह सजाकर कृष्ण जन्मोत्सव मनाई गई। थाना प्रभारी चन्दन के प्रयास से इस बार भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को कोतवाली पुलिस ने जिस बेहतर अंदाज में मनाया वह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है।और झांकी बनाने वाले की प्रशंसा भी किया। हर आगंतुक के लिए बेहर इंतजाम की व्यवस्था के साथ भोजन का भी बेहतर इंतजाम था। 9 बजे से शुरु हुए भक्ति संगीत के कार्यक्रम में कलाकारों ने ढोल बाजना शुरू किया तो पूरे कस्बे के लोग परिषर में पहुंच गए।चारों ओर भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। कस्बा सहित ग्रामीण में हर्षोल्लास पूर्वक जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। लोगों के देर रात्रि तक आवागमन को देखते हुए सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस मुस्तैद रही।

## थाना क्षेत्रों में किया गया सघन चेकिंग



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शुक्रवार को जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारीगण/चौकी प्रभारीगण/आरक्षीगण द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों व भीड़भाड़ वाले स्थानों आदि की सघन चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान दिखाई देने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, स्थानों का गहन जांच पड़ताल किया गया। चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।

## बस्ती कोतवाली में जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को भी जन्माष्टमी की धूम रही। पुलिस लाइन व बस्ती कोतवाली में जन्माष्टमी का पर्व इसी दिन मनाया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार ने हवन पूजन के साथ भगवान की अराधना की। वही जवानों ने भक्तिमय कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान सांसद हरीश द्विवेदी, जिलाधिकारी गोपालकृष्णाआदि मौजूद रहे। बस्ती कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक डी.सी.चौधरी के नेतृत्व में शानदार झांकी सजाई गई। भगवान की आराधना की गई और रात 12 बजते ही नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकारा पूरा पांडाल गूंज मन हो उठा।

# महिला किसानों ने जाना मंडी समिति की कार्य प्रणाली



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** महिलाओं को कृषि मंडी के योजनाओं से रूबरू कराने, महिलाओं को मंडियों में कृषि उत्पादों के क्रय विक्रय से जोड़ने व मंडियों की कार्यप्रणाली से रूबरू कराने के उद्देश्य से ग्रामीण फाउंडेशन इंडिया द्वारा सिद्धार्थ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़े महिला किसानों को बस्ती मंडी स्थल का भ्रमण करा जानकारी दी गई। इस दौरान मंडी सचिव महेंद्र कुमार गुप्त नें महिलाओं को कृषि उत्पादों के क्रय विक्रय हेतु ई नाम पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए महिला किसानों उक्त पोर्टल पर पंजीकृत होने के लिए आह्वान किया. जेष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक संदीप कुमार नें मंडी में उत्पादों के खरीद फरोख्त के लिए एफपीओ और किसानों द्वारा लाइसेंस के लिए किये जाने वाले आवेदन प्रक्रिया के बारे सहजता से समझाया। उन्होंने एफपीओ से जुडी महिलाओं से कहा की अगर उन्हें आवेदन में किसी तरह की असुविधा आती है तो वह निर्धारित कागजात के साथ मंडी स्थल कार्यालय में सीधे संपर्क कर सकती हैं। एनआरएलएम के ब्लाक मिशन प्रबधंक राजमणि नें महिला समूहों की सदस्यों को एफपीओ से जुड़ने की प्रक्रिया पर जानकारी दिया. ग्रामीण फाउंडेशन इंडिया की सीनियर प्रोग्राम मैनेजर अनीता यादव नें एफपीओ में महिलाओं की भागीदारी बढाने पर जोर दिया।

# वायरल बीडीओ को लेकर अभिवावक पहुंचे स्कूल



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड क्षेत्र के एक इण्टर कालेज के छात्र व छात्रा का सोसल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद चर्चा का विषय बना है। जिसको लेकर अभिवावक चिंतित हो रहे है की अगर इस तरह का विघालय की व्यवस्था रहेगी तो बच्चियों को स्कूल कैसे भेजा जाएगा। जिसके सम्बंध मे क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष दृगनरायन सिंह, सोनू सिंह, राकेश पाण्डेय, मूसे सिंह, सन्नी सिंह, गादर ऊर्फ जमील अहमद सहित क्षेत्र के तमाम लोग विद्यालय पर पहुंच कर प्रधानाचार्य से मुलाकात कर वीडियो वायरल होने के सम्बंध मे पूछताछ किया। लोगों ने विद्यालय प्रशासन की शिथिलता को लेकर नाराजगी जाहिर की और कहां कि यदि इस तरह की घटनाएं होती रही तो विद्यालय मे बच्चो को शिक्षा ग्रहण करने के लिए कैसे भेजा जा सकता है। इस सम्बंध मे प्रधानाचार्य आलोक कुमार त्रिपाठी का कहना है कि शिक्षक दिवस के दिन तीन अध्यापक अवकाश पर थे। मामले की जानकारी होते ही तीन सदस्यीय समिति गठित कर दिया हूँ। विद्यालय के शिक्षक फूलचंद गौड, जनार्दन चौबे, प्रियंका श्रीवास्तव को सत्यता की जाँच कर के माँगा गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जायेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक उपेन्द्र कुमार का कहना है कि वीडियो वायरल होने का मामला मेरे संग्यान मे आया है। जाँच कर कार्यावाही होगी। विघालय के वायरल बीडीओ को लेकर पुलिस भी सर्तक दिखाई दिये की कोई व्यक्ति बवाल न करें।

## एक ही ब्लाक में तैनात हुए दो बीडीओ एक देखेगे क्षेत्र पंचायत तो एक संभालेंगे मनरेगा कार्य



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन मे दो खण्ड विकास अधिकारियों ने खण्ड विकास अधिकारी के रुप पद ग्रहण किया। जिससे बीडीओ राम प्रवेश ने कहा की क्षेत्र पंचायत मद से मेरा प्रयास रहेगा कि विकास अच्छा हो ताकि हर ग्रामीणों को लाभ मिले। पदभार ग्रहण के दौरान नवागत बीडीओ सुरेश कुमार ने कहा कि मनरेगा योजना से विकास कार्य केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतार कर उस पर काम कराना ही प्राथमिकता होगी। हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचे और योजना का लाभ सही लोगो को मिले, इसपर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड को समझने में थोड़ा वक्त लगेगा लेकिन सब कुछ समय रहते ठीक हो जाएगा। ब्लाक प्रमुख आशीष कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया। इस दौरान विनोद कुमार चौधरी, मनोज कुमार, प्रियंका गोस्वामी, सुशीला, लेखाकार अभिषेक कुमार गुप्ता, उमेश राय व अन्य ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे।

## इन्द्रधनुष अभियान को लेकर हुई बैठक

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान को लेकर जलालपुर उपजिलाधिकारी के अध्यक्षता में तहसील सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम सभा व नगरीय क्षेत्र आदि के टीकाकरण का कार्य किया जाना है। बैठक में निर्देशित करते हुए उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने कहा संचारी रोग की रोकथाम के प्रति नागरिकों को जागरूक करें ताकि रोगों को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि मिशन इंद्रधनुष के तहत गर्भवती व पांच वर्ष आयु के बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही क्षय रोग के जड़ से खात्मे के लिए नागरिकों के बलगम की जांच कराकर उन्हें नियमित दवाई दें ताकि क्षय रोग से मुक्ति मिल सके। आशा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं एएनएम के सहयोग से सभी छोटे बच्चों को डीयू लिस्ट बनाकर टीकाकरण किए जाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में आए कर्मियों ने ब्लॉक भियांव के चैनपुर तिरवाह में लगभग 17 परिवार टीकाकरण न कराए जाने की बात सामने आई।

# शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न चेहल्लुम का जुलूस

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** हज़रत इमाम हुसैन व सहयोगी शहीदाने कर्बला के चेहल्लुम के अवसर पर नगर के जाफराबाद मोहल्ला स्थित छोटे इमामबाड़े में अंजुमन जाफरिया के तत्वावधान में अजादारो की मर्सिया ख्वानी के बीच गमगीन माहौल में हाय हुसैन की सदाएं गूंजी। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मौलाना असगर एजाज कायमी ने हज़रत इमाम हुसैन की शहादत के बाद यजीदी फौज द्वारा कैदी बनाए गए हुसैनी कुन्बे की बेहाल दास्तां पर अपनी खिताबत को केंद्रित रखा। गहवारा अली असगर, दुलदुल व अलम बरामद किया गया।

जुलूस में अंजुमन जुल्फिकारिया, हुसैनिया, अब्बासिया, काजिमया, अंजुमन रौनक अजा, अजाऐ हुसैन, सज्जादिया, अंजुमन सिपाह हुसैनी, समेत दर्जनों अंजुमनों ने पूरी रात्रि नौहा मातम कर कर्बला के शहीदों को खिराज अकीदत पेश किया। सुबह में रौजा बाबुल हवाएज से अमारियो बरामद हुई।जिसकी नकाबत मौलाना ज़ीशान हैदर निजामाबादी ने किया। वही हज़रत इमाम हुसैन की चार साल की बेटी हज़रत सकीना की याद में जिंदान-ए-शाम का दिलखराश मंजर पेश किया गया।

जुलूस पुनः अंजुमन जाफरिया की जंजीर व कमा के मातम के साथ छोटे इमामबाड़े पर समाप्त हुआ। वहीं उस्मानपुर में अंजुमन हुसैनिया के बैनर तले कर्बला के शहीदों की याद में अंजुमनों ने नौहा मातम कर जुलूस निकला।बादिजपुर व नीमतल में चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। जहां अकीदतमंदों ने अश्कों का नजराना पेश कर कर्बला के 72 शहीदों को याद किया। जाफराबाद स्थित बड़े इमाम बारगाह से चेहल्लुम का जुलूस मौलाना जाफर रज़ा जौहरी की अलविदाई मजलिस के बाद निकला। नासिर अली व उनके हमनवां की घंटों चली मर्सिया ख्वानी के बाद जुलूस उस्मानपुर पहुंचा। वाराणसी, माहुल,कजपुरा, कटघरमूसा, रसूलपुर बाकरगंज, उफरौली, हुसैनपुर, भीखपुर, कटघर कमाल, मछली गांव से पैदल मार्च करते हुए सैकड़ों की संख्या में अकीदतमंद चिलवनिया स्थित कर्बला बड़ी दरगाह पहुंचे जहां माथा टेककर दुआएं मांगी।। जुलूस देर रात बड़ी दरगाह पहुंच कर समाप्त हुआ।जुलूस का नेतृत्व इब्ने अली जाफरी, अहसन रज़ा,वफा अब्बास, इनाम जाफरी, मोहम्मद अब्बास राजा मोहम्मद शारिब आदि कर रहे थे।

# बसपा ही रोक सकती है देश में हो रहे गरीबो पर अत्याचार: शमीम



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** देश प्रदेश मे हो रहा गरीबों मजलूमो दलितों पर अत्याचार केवल बसपा की सरकार मे बहन मायावती रोक सकती है भाजपा सरकार में है अपराधियों का बोल बाला है। उक्त बातें बसपा जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने बाँसी विधानसभा के चेतिया सेक्टर मे कार्यकर्ता बैठक के दौरान कहते हुए कहा की मोजूदा भाजपा सरकार मे अल्पसंख्यक दलितों पिछड़ों सर्व समाज के गरीबों पर दबंगों द्वारा अत्याचार किया जा रहा मगर सरकार बेबस होकर देख रही है महगाई चरम पर है गरीब और गरीब हो रहा है अडानी अम्बानी के हाथों देश को बेचा जा रहा है। बैठक को संबोधित करते से जिला सचिव महताब अहमद ने कहा कि सर्व धर्म व जाति के गरीबो की सुरक्षा केवल बसपा की सरकार मे सम्भव है आने वाले दिन मे कार्यकर्ता बसपा को मजबूत करने के लिए बूथों पर काम करे। बैठक का संचालन विधानसभा अध्यक्ष चंद्र बहाल व अध्यक्षता विनोद कुमार राव ने किया बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद कैफ झागुर प्रसाद भीमराव अम्बेडकर विजय कुमार अशीस कुमार गौतम रामनयन आनन्द सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्याम रंग में रंगी बांसी कोतवाली धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** कोतवाली बांसी मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर खास तैयारियां की गई हैं।मंगलवार को बांसी कोतवाली मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ थाने के मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व को धूमधाम से मनाया गया। जिसमे प्रभारी निरिक्षक अनुज कुमार सिंह मुख्य यजमान के रूप रहे।

साथ ही कोतवाली के मंदिर में पंडितों ने विशेष पूजा की। मंदिर और कोतवाली सजाई गई थी जो श्याम रंग में रंगी हुई थी। कोतवाली में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों ने भी भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया।कोतवाली परिसर मे भजन कीर्तन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। भक्त श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर भक्तिरस में डूबे हुए नजर आ रहे थे। कोतवाली की मंदिर फूलों से सजाई गई थी जो मनमोहक थी और थाना कोतवाली रंग बिरंगी झूमर लाइट से जगमगा रही थी।

कार्यक्रम मे क्षेत्र के मशहूर गायकों ने अपने सुंदर भक्ति गीतों से समा बांध दिया। गायक बंधुओं ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव से संबंधित सुंदर गीत गाए जिससे वहां उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। थाना कोतवाली परिसर में आयोजित कार्यक्रम के बाद पुलिसकर्मियों के साथ अन्य लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी उसके बाद में प्रसाद का वितरण किया गया।कोतवाली प्रभारी निरिक्षक अनुज कुमार सिंह ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हमारे जीवन का एक हिस्सा है, जिन्हें हमें मिलजुल कर उत्साह के साथ मनाना चाहिए। बता दें कि भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि के दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था, उसी के उपलक्ष्य श्रीकृष्ण का जन्म का त्यौहार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया जाता है। इस मौके पर इंस्पेक्टर अजय कुमार एस आई आनंद सिंह, चंद्र प्रताप सिंह, दिनेश राजभर,वआरपी सिंह सेंगर, योगेश मणि, नागेंद्र सिंह, एचसी योगेश कुमार का नौमीनाथ यादव, हरिवंश यादव, कृष्ण चंद त्रिपाठी बलराम यादव एचसी राजेश यादव सहित कोतवाली के सभी पुलिसकर्मियों सहित क्षेत्रीय पत्रकार व संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## भारत अर्थात इंडिया

हमारे देश का सांस्कृतिक और पौराणिक नाम 'भारत' है। संविधान में 'इंडिया' नाम का भी उल्लेख है। संविधान की प्रस्तावना में लिखा है-'इंडिया, जो भारत है, राज्यों का संघ कहलाया जाएगा।' यही संवैधानिक व्यवस्था जारी रही है। भारत और इंडिया हमारे देश के पूरक नाम रहे हैं, जिन पर हमें गौरव महसूस करना चाहिए। भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है और 9-10 सितंबर को शिखर सम्मेलन होगा, जिसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष या प्रधानमंत्री भाग लेंगे। 'राष्ट्रपति भवन' ने विदेशी मेहमानों के लिए 9 सितंबर को रात्रि-भोज का आयोजन किया है। उसके निमंत्रण-पत्र में लिखा गया है-'प्रेसीडेंट ऑफ भारतज।' अभी तक 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' का चलन रहा है। अलबत्ता हिंदी में 'भारत के राष्ट्रपति' लिखने की भी परंपरा रही है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ऑसियान समिट में शिरकत करने इंडोनेशिया जा रहे हैं। इस संदर्भ में लिखा गया है-'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारतज।' ये नए प्रयोग गलत नहीं हैं, लेकिन अचानक ऐसा बदलाव सामने आया है, तो अटपटा और संदेहास्पद जरूर लग रहा है। ऐसे बदलाव की जरूरत क्या थी? क्या मोदी सरकार संविधान में महत्त्वपूर्ण संशोधन के मंसूबे रखती है? क्या संविधान की प्रस्तावना में भी परिवर्तन किया जा सकता है? इनके जवाब संसद के विशेष सत्र के दौरान मिल सकते हैं, लेकिन हमारी जड़ें, हमारा परिचय और हमारी सांस्कृतिक विरासत 'भारत' में निहित है। 'विष्णु पुराण', 'ब्रह्म पुराण' और कई अन्य धार्मिक ग्रंथों में 'भारतम' शब्द का उल्लेख मिलता है। लेकिन हमारे देश को आर्यावर्त, हिंद, हिंदुस्तान, भारतखंड, हिमवर्ष, जम्बूद्वीप आदि नामकरणों से भी संबोधित किया जाता रहा है। किसी को कोई आपत्ति नहीं रही। 2016 में एक याचिका के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने फैसला दिया था कि इंडिया और भारत दोनों ही नाम प्रचलित रहेंगे। नागरिक अपनी इच्छा और पसंद के मुताबिक नाम का इस्तेमाल कर सकते हैं। 'भारत' के अलावा 'इंडिया' के साथ भी मिथकीय कथाएं जुड़ी हैं। महारानी इंदुमती अयोध्या के सम्राट अज की धर्मपत्नी और महाराजा दशरथ की माता थीं। जब राजा राम अयोध्या के सिंहासन पर बैठे, तो उनके कालखंड में दादी इंदुमती का नाम भी प्रचलित था, जिसे आज हम 'इंडिया' कहते हैं। 'भारत' नाम राजा राम के छोटे भाई भरत के नाम पर पड़ा। किंवदन्ति यह भी है कि राजा दुष्यंत और शकुंतला के पुत्र का नाम भी भरत था। ऋषि कण्व ने भरत को 'चक्रवर्ती सम्राट' बनने का आशीर्वाद दिया था, लिहाजा उनके आधार पर हम 'भारत' बने। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जी के 'चक्रवर्ती पुत्र' भरत विश्व-विजयी सम्राट थे, लिहाजा देश का नाम 'भारत' पड़ा। ऐसी कई मिथकीय कथाएं और मान्यताएं होंगी, जो 'भारत' के सांस्कृतिक अतीत का खुलासा करती रही हैं, लेकिन 1947 में देश की आजादी के बाद जब संविधान ने आकार और स्वीकृति प्राप्त की, तो अनुच्छेद एक में 'इंडिया अर्थात भारत' का उल्लेख किया गया। यदि देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने 'भारत' शब्द का प्रयोग किया है, तो किसी प्रोटोकॉल का हनन नहीं किया गया है। हमारे 'राष्ट्रगान' में 'भारत भाग्य विधाता' लिखा गया है, तो भारत सरकार की कई परियोजनाओं के साथ 'इंडिया' शब्द लिखा गया है। हमारे केंद्रीय बैंक, उच्च शैक्षिक संस्थानों, अस्पतालों, चुनाव आयोग आदि के साथ भी 'इंडिया' शब्द आज भी नत्थी है। किसी को हटाने का कोई निर्णय और आदेश नहीं है। फिर सियासी चीखा-चिल्ली क्यों? देश में 'सदी के महानायक' अमिताभ बच्चन और उनकी सांसद-पत्नी जया बच्चन ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है-'भारत माता की जय।' हमारे महान एवं विश्व चैम्पियन बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी 'भारत' को ही मूल नाम और परिचय माना है। ढेरों प्रतिक्रियाएं आना स्वाभाविक है।

## भारत, हिन्दुस्तान यानी इंडिया : ऋग्वेद से लेकर भारत के संविधान तक



ललित शर्मा

हाल ही में जी 20 के शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज के अधिकारिक निमंत्रण की तस्वीरें में "The President of India" के स्थान पर "President of Bharat" में लिखा था। जिससे देश का नाम इण्डिया से बदलकर भारत करने की अटकलों को बल मिला है। वैदिक साहित्य में हमें किस भारत का आभास मिलता हैघ् इस प्रश्न का वैदिक एवं उत्तर वैदिक कालों के संदर्भ में दे सकते हैं। ऋग्वेद में आर्य निवास स्थल के लिए सर्वत्र 'सप्तसिन्धुवः शब्द का प्रयोग किया जाता था। वर्तमान भारत और पाकिस्तान में पंजाब का जो भौगोलिक क्षेत्र है, उसी को आर्यो ने 'सप्तसिन्धुवः' की संज्ञा दी। ईरानी ग्रंथ अवेस्ता में इसे सप्तहिन्दु के नाम से वर्णित किया है। पौराणिक युग में भरत नाम के अनेक व्यक्ति हुये। राम के छोटे भाई का नाम भी भरत था तथा एक राजर्षि भरत का उल्लेख हैं जिनके नाम से जड़ भरत मुहावरा भी प्रसि़द्ध हो गंया। ऐतरेय ग्रन्थ ब्राह्मण में दुष्यन्तपुत्र भरत एक चक्रवर्ती सम्राट जिन्होंने चारों दिशाओं की भूमि को जीत लिया और विशाल साम्राज्य की स्थापना कर अश्वमेघ यज्ञ किया तभी से राज्य का नाम भारतवर्ष पड़ गया। भारत को जम्बूद्वीप विष्णुपुराण के अध्याय 2 के आधार पर कहा जाता है। जम्बू का मतलब होता है जामुन। विष्णु पुराण के अध्याय 2 में बताया गया है कि जम्बू वृक्ष पर हाथियों जितने बड़े फ्ल लगते थे और जब पक कर पहाड़ों की चोटी पर गिरते थे तो उनके रस से एक नदी बन जाती थी। उसी नदी के किनारे बसने वाले स्थानों को जम्बूद्वीप कहा गया। भारत को हिन्दुस्तान के नाम से भी जाना जाता है इस नाम को गंगा-जमुनी संस्कृति एकता के तौर पर देखा जाता है। मध्य युग में तुर्क और ईरानी आए उन्होंने सिन्धु घाटी के लोगों को सिंधु की जगह हिन्दू कहा क्योंकि वो स को ह बोलते थे। तथा यहीं से सिंधु नदी के किनारे बसने वाले लोग हिंदू कहे जाने लगे। अंग्रेजों के आगमन से पहले देश को हिन्दुस्तान के नाम से जाना जाता था। हमारा देश इंडस वैली यानी सिन्धु घाटी की सभ्यता के रूप मे पहचाना जाता रहा है। अंग्रेजों ने इसे इंडस वैली के लिए लैटिन में प्रयोग होने वाले इंण्डिया को ही हमारे देश का नाम दे दिया और हमारे देश का नाम इण्डिया पड़ा। 18वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध ब्रिटिश मानचित्रों पर ''इण्डिया'' नाम तेजी से बढ़ने लगा क्योंकि यूरोप में इण्डिया का लम्बा इतिहास रहा है। इण्डिया ऐसा क्षेत्र होता था जहां सभी संसाधन होते थे भारत में यह सब मौजूद था इसलिए भारत को इण्डिया कहने लगे। जनवरी 1927 में जवाहरलाल नेहरू ने ''भारत की मौलिक एकता'' की और इशारा करते हुये कहा कि भारत ''सामान्य आस्था और संस्कृति की एकता'' है। उन्होंने कहा कि इण्डिया भारत था और यह हिन्दुओं की पवित्र भूमि है यहां हिन्दू तीर्थयात्रा के महान स्थान भारत के चारों कोनों पर बद्रीनाथ, द्वारका, जगन्नाथ और पुरी स्थित हैं। 17 सितम्बर 1949 में संविधान सभा में संघ का नाम और क्षेत्र पर बहस छिड़ी सदस्यों में हरिबिष्णु कामथ, सेठ गोविंददास और हरगोविंद पंत सभी ने अपने सुझााव दिये किन्तु समिति द्वारा किसी का सुझाव स्वीकार नहीं किया भारत के अनुच्छेद 1 में उल्लेखित कर दिया ''इंण्यि, यानी भारत'' राज्यों का संघ होगा। 2020 में एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई याचिकाकर्ता की मांग थी इंण्डिया ग्रीक शब्द इण्डिका से आया है और इस नाम को हटा देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एसए बोबड़े अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच ने याचिका को खारिज करते हुये इस मामले में दखल देने इंकार कर दिया। अदालत ने कहा कि संविधान में पहले से ही भारत के संविधान में उल्लेख है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 1 में ''इंण्डिया डैट इज भारत'' है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

भारत यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी नागरिक भूखा न सोएं। हमारी एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड पहल लाभार्थियों को देशभर में सब्सिडी के खाद्यान्न निर्बाध प्राप्त करने की अनुमति देती है। वर्ष 2018 में प्रारंभ पोषण अभियान कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। यह कमजोर, गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं, शिशुओं, बच्चों और किशोरों को कवर करते हुए जीवनचक्र में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने का एक अनूठा कार्यक्रम है।

# अनाज को बढ़ावा देने के लिए क्रांतिकारी पहल 'महर्षि'



नरेंद्र सिंह तोमर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, भारतीय अध्यक्षता में जी20 का आयोजन समग्र देश को गौरवान्वित कर रहा है। जन-जन को गर्व की अनुभूति है। 'अमृतकाल' के युग में प्रवेश करता भारत, विकास और सामाजिक प्रगति की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा के पथ पर आगे बढ़ चुका है। ये पल अविस्मरणीय है व देशवासियों के लिए उत्साह का संचार करने वाले हैं। यह सुखद अहसास अपनी सीमाओं से परे तक विस्तृत है, जो वैश्विक विकास के प्रक्षेप पथ के लिए एक मानक स्थापित करता है। इस वृहद आयोजन के दौरान जी20 के कृषि कार्य समूह (एडब्ल्यूजी) की हुई बैठकें भी ऐतिहासिक रही, वहीं जी20 के कृषि मंत्रियों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए संदेश में यह प्रतिध्वनित हुई कृषि में भारत की जी20 प्राथमिकताएं हमारी एक पृथ्वी की अवधारणा को पोषित करने, हमारे एक परिवार के भीतर सद्भाव उत्पन्न करने और उज्वल एक भविष्य की आशा देने पर केंद्रित हैं।

कृषि कार्य समूह की उपलब्धियां 200 से अधिक प्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिन्होंने गत महीनों में देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर से लेकर चंडीगढ़ के सुनियोजित शहरी परिदृश्य तक की यात्रा की, फिर पवित्र शहर वाराणसी तक और अंततः मनमोहक मोतियों के शहर, हैदराबाद तक पहुंचे। सतत विकास लक्ष्य-2 (एसडीजी-2) में रेखांकित एक प्रमुख वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य हासिल करने को हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2030 तक शून्य भूख एसडीजी तक पहुंचने में केवल सात वर्ष शेष हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि यह स्थिति वर्ष 2015 से अपरिवर्तित बनी हुई है। कोविड-19 महामारी और जलवायु परिवर्तन के लगातार प्रभाव जैसे कारक वर्ष 2030 में 670 मिलियन लोगों को भूखा बना सकते हैं, ऐसी चुनौती है, लेकिन भारत, अपने जी-20 कृषि कार्य समूह की अध्यक्षता के तहत, इन चुनौतियों का समाधान करने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक ऐतिहासिक सहमति बनीं, जिसमें जी-20 के कृषि मंत्रियों ने खाद्य सुरक्षा व पोषण पर डेक्कन उच्च स्तरीय सिद्धांतों का समर्थन करने पर सहमति व्यक्त की है।

ये सिद्धांत वैश्विक खाद्य सुरक्षा संकटों के समाधान में विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में प्रयासों को सुदृढ़ करने में जी-20 की सामूहिक जिम्मेदारी को प्रदर्शित करते हैं : संवेदनशील स्थितियों में देशों और आबादी को मानवीय सहायता की सुविधा प्रदान करना, पौष्टिक भोजन की उपलब्धता और पहुंच बढ़ाना और खाद्य सुरक्षा ढांचे को सशक्त करना, जलवायु अनुकूल व सतत कृषि और खाद्य प्रणालियों के लिए नीतियां व सहयोग सशक्त करना, कृषि और खाद्य मूल्य श्रृंखला में लचीलापन और समावेशिता को मजबूत करना, स्वास्थ्य उपागम को बढ़ावा देना,



नवाचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग में तेजी लाना और, कृषि में उत्तरदायी सार्वजनिक और निजी निवेश को बढ़ाना।

**खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ करना :** भारत अपनी अध्यक्षता के दौरान की गई प्रत्येक प्रतिबद्धता पर कार्यवाही करने में सबसे आगे रहा है। एक उत्तरदायी वैश्विक खिलाड़ी के रूप में, हमारे देश ने खाद्य संकट और आपात स्थिति का सामना कर रहे देशों को मानवीय खाद्य सहायता में लगातार अपना हाथ आगे बढ़ाया है। यहां तक कि कोविड-19 महामारी के दौरान भी, भारत ने खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अपने पड़ोसियों और अफ्रीका सहित कई देशों को हजारों मीट्रिक टन गेहूं, चावल, दालों के रूप में खाद्य सहायता प्रदान की। भारत यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी नागरिक भूखा न सोएं। हमारी एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड पहल लाभार्थियों को देशभर में सब्सिडी के खाद्यान्न निर्बाध प्राप्त करने की अनुमति देती है। वर्ष 2018 में प्रारंभ पोषण अभियान कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। यह कमजोर, गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं, शिशुओं, बच्चों और किशोरों को कवर करते हुए जीवनचक्र में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने का एक अनूठा कार्यक्रम है।

**सतत कृषि को बढ़ावा देना :** भारत सरकार देश में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में अल्पकालिक अस्थायी राहत और दीर्घकालिक विकास कार्यों पर समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रही है। सतत कृषि के अपने प्रयास में, हम जलवायु-स्मार्ट कृषि पद्धतियों, सटीक कृषि और जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। कृषि में आपदा व जलवायु सहिष्णुता के लिए हमने अनेक कार्यक्रम कार्यान्वित किए हैं। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का उद्देश्य बाहर से खरीदे गए इनपुट, लागत व कटौती से मुक्ति के लिए खेती की वैकल्पिक प्रणाली को बढ़ावा देना है। इसी प्रकार, परंपरागत कृषि विकास योजना में जैविक उत्पादों के विपणन के लिए राज्यों द्वारा विभिन्न ब्रांड विकसित किए गए हैं। समावेशिता की भावना के साथ, उत्पादकों को उपभोक्ताओं से जोड़ने व दुर्गम इलाकों में संपूर्ण मूल्य श्रृंखला विकास का समर्थन करने के लिए वस्तु-विशिष्ट, केंद्रित, प्रमाणित जैविक उत्पादन समूहों को विकसित करने के लिए मिशन लागू किए गए हैं। हमने 1,752 जलवायु-सहिष्णु फसल किस्में विकसित की है व देशभर में प्रत्येक जिले में एक प्रतिनिधि गांव लेकर 151 संवेदनशील जिलों में जलवायु-सहिष्णु गांवों की स्थापना की है, वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों द्वारा दिए गए प्रत्येक प्रीमियम का चार गुना से अधिक दावा प्राप्त हुआ है।

**भोजन की हानि और बर्बादी को कम करना :** खाद्य सुरक्षा के प्रयासों में, हमें भोजन की हानि व भोजन की बर्बादी जैसे गंभीर मुद्दों का समाधान करना होगा। यहां तक कि हमारे प्राचीन ग्रंथों (तैत्तिरीय उपनिषद्) में भी अन्नीं न परिचक्ष त। तद्व्रतम् अर्थात- भोजन कभी बर्बाद न करें, क्योंकि यह एक व्रत है, का उल्लेख है। विश्व स्तर पर, अनुमानित 400 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का 14 प्रतिशत भोजन फसल कटाई के दौरान नष्ट हो जाता है व 17 प्रतिशत से अधिक खुदरा व उपभोक्ता स्तर पर बर्बाद हो जाता है, आपूर्ति श्रृंखला में तकनीकी सीमाएं इस समस्या में योगदान करती हैं, अतः उपभोक्ता के दृष्टिकोण से इसके समाधान के लिए भोजन की हानि व बर्बादी से उत्पन्न पारिस्थितिक प्रभाव कम करने के लिए मानव व्यवहार में परिवर्तन की आवश्यकता है। पीएम का पर्यावरण के लिए मिशन लाइफ का आह्वान सतत् परिपाटियों को अपनाने और अपशिष्ट को कम करने तथा संसाधनों के संरक्षण के लिए अपने दैनिक जीवन में जागरूक विकल्प तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सरल जीवन शैली में बदलाव और सचेत उपभोग से उत्पादन प्रणाली पर बोझ डाले बिना भोजन की बर्बादी को कम किया जा सकता है।

**छोटी जोत वालों और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाना :** जी-20 वैश्विक खाद्य उत्पादन में छोटे जोतधारकों के महत्व को पहचानता है। हमारे कृषि परिदृश्य में छोटे-मझौले किसानों की भूमिका से सरकार भली-भांति परिचित है।

# भारत का विशिष्ट प्रतिभा पूल : एक नई वैश्विक व्यवस्था का अग्रदूत

अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए उद्योग-अकादमिक सहयोग एनईपी का एक और प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना शैक्षिक संस्थानों में अनुसंधान को बीज, विकास और सुविधा प्रदान करने के लिए की जा रही है। फोकस भारत को अनुसंधान और विकास केंद्र बनाने पर है। सरकार न केवल व्यवसाय की सुगमता बल्कि अनुसंधान की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है।



धर्मेंद्र प्रधान


भारतएक ज्ञान सभ्यता के रूप मेंअपने डीएनए में प्रतिभा का एक स्वाभाविक भंडार रखता है। अपने पूरे इतिहास में,भारत ने गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा, दर्शनऔर साहित्य सहित ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्राचीन भारतीय गणितज्ञों के संख्या सिद्धांत और गणितीय विश्लेषण में अभूतपूर्व काम आधुनिक अनुसंधान को भी प्रभावित करता रहा है।ज्ञान सभ्यता के रूप में भारत का इतिहास अपने समकालीन शैक्षिक,वैज्ञानिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को प्रभावित करता रहा है,जिससे यह वैश्विक कल्याण में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है।

**वैश्विक कल्याण के लिए जी-20 :** भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान, चाहे वह कार्यकारी समूह में हो या मंत्रिस्तरीय सभा में- सभी चर्चाओं में व्यापक वैश्विक कल्याणसंयोजकरहा है। वसुधैव कुटुम्बकम के हमारे प्राचीन मूल्यों में निहित जी-20 का विषय एक पृथ्वी - एक परिवार - एक भविष्य इस बात को रेखांकित करता है कि भारत की प्रगति और विकास न केवल अपने लोगों के लिए है, बल्कि वैश्विक कल्याण के लिए है जिसे हम विश्व कल्याण कहते हैं पूरे विश्व का कल्याण।

भारत की अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास विश्व ने भारत की अर्थव्यवस्था की सहज शक्ति और लचीलेपन को पहचाना है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत को विश्व अर्थव्यवस्था में 'उज्ज्वल स्थान' के रूप में चिन्हित किया है। भारत के मैक्रो-इकनॉमिक का आधार काफी मजबूत है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूदभारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत अब कम समय में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता के साथ पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

**शिक्षा की जननी :** ज्ञान और कौशल के माध्यम से मानव पूंजी जुटाना भारत की क्षमता को साकार करने की कुंजी है। शिक्षा 'जननी' हैजो विकास की गति को चलाएगी और बनाए रखेगी। शिक्षा वह मातृ-शक्ति है जो नागरिकों को सशक्त बनाएगी।

**नई शिक्षा नीति (एनईपी): मातृ दस्तावेज :** भारत में शिक्षा को समावेशी और संपूर्ण, निहित, भविष्योन्मुखी, प्रगतिशील और अग्रगामी बनाने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तैयार की गई है। मजबूत वैचारिक समझ और स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए मातृभाषा में सीखनेको एनईपी में प्राथमिकता दी गई है। मातृभाषा में शिक्षा संपर्क भाषाओं को प्रतिस्थापित नहीं करेगी, बल्कि उनका पूरक बनेगी। यह ज्ञान के लिहाज से कम संपन्न छात्रों सहित, सभ ीछात्रों के शैक्षिक



मार्गों को सुचारू और आसान बनाएगी।

उच्च शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण को प्राथमिकता दी गई है। भारत को एक शीर्ष अध्ययन स्थलबनाने के लिएएनईपी 2020 का उद्देश्य फैकल्टी/छात्र आदान-प्रदान, अनुसंधान और शिक्षण साझेदारी तथा विदेशी देशों के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करना है। आईआईटी-मद्रास और आईआईटी-दिल्ली ने क्रमशः ज़ांज़ीबार-तंजानिया और अबू धाबी-यूएई में अपने विदेशी परिसर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन किए हैं।

अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए उद्योग-अकादमिक सहयोग एनईपी का एक और प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना शैक्षिक संस्थानों में अनुसंधान को बीज, विकास और सुविधा प्रदान करने के लिए की जा रही है। फोकस भारत को अनुसंधान और विकास केंद्र बनाने पर है। सरकार न केवल व्यवसाय की सुगमता बल्कि अनुसंधान की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। इसके अतिरिक्त भारत की संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और यूरोप के प्रमुख देशों के साथ शैक्षिक साझेदारी है, जहां भारत के प्रतिभा पूल को मान्यता दी जाती है। महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) तथा क्वाड फेलोशिप के अंतर्गत उच्चप्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा दिया जाता है।

मानकीकरण भारतीय शिक्षा को वैश्विक शिक्षा के साथ जोड़ने में सहायता करता है। एनईपी के अंतर्गत स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा जारी की गई जो विशिष्ट शिक्षण मानकों, सामग्री, अध्यापन और मूल्यांकन की कसौटी है। इसी प्रकारविभिन्न शिक्षाविदों को अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के दायरे में लाने के लिए नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्कस्थापित किया गया है।

**कौशल और उद्यमिता :** भारत में 18 से 35 वर्ष की आयु के 600 मिलियन से अधिक लोग हैं,जिसमें 65 प्रतिशत 35 वर्ष से कम आयु के हैं। बहु-विषयक और बहु-कुशल, गंभीर रूप से सोचने वाले, युवा और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के साथ जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग करना प्राथमिकता है। भारत तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और 100 से अधिक यूनिकॉर्न के साथ कौशल और उद्यमिता में एक पथ प्रवर्तक परिदृश्य देख रहा है। भारत के नवाचार और स्टार्ट-अप न केवल मेट्रो शहर बल्कि टियर 2 टियर 3 शहरों और कस्बों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं।

**स्कूल में कौशल :** कौशल को कक्षा 6 से स्कूली शिक्षा में एकीकृत किया गया है। यह अब क्रेडिट फ्रेमवर्क का अभिन्न अंग है। सिंगापुर का कौशल ढांचा तकनीक-संचालित औद्योगिक वातावरण में बनाए रखने के लिए स्कूल स्तर से ही एक कुशल कार्यबल बनाने के लिए अनुकरणीय है।

**भारत और नई व्यवस्था :** भारतनई उभरती व्यवस्था में मानव पूंजी की केंद्रीय भूमिका को स्वीकार करता है। शिक्षा और कौशल से लैस लोग आज की ज्ञान अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे अकेले ज्ञान की सीमा का विस्तार करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के अतिरिक्त सफल नवाचारों और वैज्ञानिक खोजों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में असाधारण योगदान दे सकते हैं।

भारत वैश्विक कल्याण के लिए एक विशाल प्रयोगशाला है। 21वीं सदी ज्ञान की सदी होने के नातेनई प्रौद्योगिकियां एक नई व्यवस्था का अग्रदूत होंगी और भारत अपने विशाल प्रतिभा पूल के साथ इस नई व्यवस्था को आकार देने में सबसे आगे है।

# इंडिया गठबंधन और अखिलेश के लिए घोसी जीत के मायने

घोसी जीत को कई मुद्दों पर स्पष्टता के तौर पर भी देखा जा सकता है। सपा की विजय ने अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) अभियान और जातीय जनगणना की मांग पर मुहर लगाया। साथ ही विपक्षी एकता को लेकर बने इंडिया गठबंधन को मनोवैज्ञानिक बढ़त दिला दिया। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने घोसी उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की तरफ से समर्थन जारी किया उसका भी चुनावी परिणाम पर असर पड़ा।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'

घोसी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत से यूपी के सियासी समीकरण तेजी से बदलने की संभावना है! वैसे तो इस उपचुनाव का प्रदेश सरकार के अंकगणित पर सीधा प्रभाव तो नहीं पड़ेगा लेकिन उपचुनाव में जीत से विपक्ष को सरकार की नीतियों पर सवाल उठाने का मौका मिल जाएगा। दारा सिंह चौहान पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से ही विधायक निर्वाचित हुए थे जिन्होंने हाल ही में विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया इसी कारण यह उपचुनाव हुआ। भाजपा ने जहां दारा सिंह चौहान को प्रत्याशी बनाया वहीं समाजवादी पार्टी ने अपने पुराने नेता पूर्व विधायक सुधाकर सिंह पर दांव लगाया था जिसे उन्होंने जीत हासिल कर सदन में सपा की सदस्य संख्या को बरकरार रखा है।

बीते दो सप्ताह राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से बेहद चर्चित रहे। एक तरफ वन नेशन वन इलेक्शन वहीं दूसरी ओर इंडिया और भारत की बहस तेज हो गई। इतना ही नहीं दक्षिण के तमिलनाडु राज्य में मंत्री स्टालिन के सनातन धर्म पर की गई टिप्पणी भी उपचुनाव के दौरान चर्चा के केंद्र में रही। इन मुद्दों को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए तर्क गढ़ते रहे। चुनावी फैसला आने के बाद इसके प्रभाव का विश्लेषण किया जा सकता है। जो भाजपा के लिए अनुकूल नहीं दिखा। समाजवादी पार्टी की जीत में कई निर्णयों का सकारात्मक असर रहा। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का चुनावी जनसभा, परिवार की एकता के रूप में प्रो. रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव द्वारा चुनावी प्रबंधन संभालने के साथ गांवों में चौपालों का सम्बोधन का उपचुनाव पर बड़ा असर पड़ा। प्रशासन द्वारा समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं पर दबाव और रेड कार्ड के मुद्दे पर मुखर विरोध करते हुए लखनऊ में निर्वाचन आयोग में राजेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में सपा प्रतिनिधिमंडल एवं घोसी में स्थानीय स्तर पर इलेक्शन ऑब्जर्वर से शिवपाल यादव की अगुवाई में विधायकों के दल द्वारा मांग पत्र दिए जाने के प्रयासों से कार्यकर्ताओं का मनोबल मजबूत हुआ। जिससे सपा के आधार वोटर उत्साह से वोट दिए।

यूपी उपचुनावों में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनावी जनसभा के स्थान पर पार्टी संगठन को ही सक्रिय किए रहते थे। लेकिन मैनपुरी चुनाव के बाद उन्होंने अपनी रणनीति बदली। घोसी में अखिलेश यादव के चुनाव प्रचार में शामिल होने से जहां एक ओर पार्टी कैडर का मनोबल बढ़ा वहीं सत्ताधारी भाजपा पर दबाव पड़ा। जिससे मुख्यमंत्री की चुनावी सभा के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री सहित एक दर्जन से भी अधिक मंत्री चुनाव क्षेत्र में डटे रहे। बावजूद इसके भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा।



घोसी जीत को कई मुद्दों पर स्पष्टता के तौर पर भी देखा जा सकता है। सपा की विजय ने अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) अभियान और जातीय जनगणना की मांग पर मुहर लगाया। साथ ही विपक्षी एकता को लेकर बने इंडिया गठबंधन को मनोवैज्ञानिक बढ़त दिला दिया। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने घोसी उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की तरफ से समर्थन जारी किया उसका भी चुनावी परिणाम पर असर पड़ा। हालांकि बसपा की दलित समाज से की गई अपील का प्रभाव देखने को नहीं मिला। बल्कि विपक्ष की ओर से एक प्रत्याशी होने का लाभ सपा को मिला।

बाईस के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को पूर्वांचल से महत्वपूर्ण जीत मिली थी जिसका परिणाम सीटों की बढ़ोत्तरी के रूप में दिखाई दिया। जिसको लेकर सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर अपने समाज के वोटों को लेकर बड़ा दावा करते हैं। लेकिन इस जीत ने उनके दावों की हवा निकाल दिया। हाल ही में भाजपा के साथ गठबंधन की घोषणा के बाद चुनावी प्रचार में उन्होंने सपा प्रत्याशी के करारी हार की घोषणा किया था लेकिन यह बयान भी हकीकत में नहीं बदल पाया। घोसी और यहाँ के समीपवर्ती जिले राजभर बहुल आबादी के है। बीते कुछ वर्षों में राजभर वोटों की राजनीति के नाम पर अति पिछड़ी जातियों में अपने मुखर बयान के कारण ओम प्रकाश राजभर चर्चा में आए। राजभर वोटों पर सुभासपा की पकड़ को इस चुनाव परिणाम ने कमजोर साबित कर दिया। जिसका परिणाम सुभासपा के राजनैतिक भविष्य, भाजपा के साथ गठबंधन और मंत्रिमंडल में शामिल होने की अटकलों को प्रभावित करेगा।

भाजपा प्रत्याशी दारा चौहान की चुनावी हार ने सत्ता के साथ चिपके रहने वाले नेताओं के विषय में जनता की राय का संकेतक ही समझा जा सकता है। सभी दलों की सवारी करते हुए बिना विचारधारा, दल और जनता की चिंता करने वाले नेताओं के लिए भी यह परिणाम एक सबक की भांति है। इस हार ने अति पिछड़ीं जातियों के नेता जो जाति की चुनावी सौदेबाजी करते हुए सिर्फ अपनी राजनैतिक महत्वाकांक्षा को पूरा करने में सक्रिय रहते हैं।उन्हे निराश कर दिया। अति पिछड़ी जातियों के नेताओं के भविष्य की दृष्टि से भी यह चुनाव एक उदाहरण स्थापित करेगा। जिसका बड़ा स्वरूप लोकसभा चुनाव में बड़े दलों का अति पिछड़ी जाति के नेताओं से होने वाले गठबंधन पर पड़ेगा। या यूं कहे कि जाति के वोटों की सौदेबाजी करने वाले दलों की भूमिका कमजोर होगी। घोसी उपचुनाव में भाजपा की हार में कई कारक उभरकर सामने आए हैं। मुख्यमंत्री के प्रभाव क्षेत्र पूर्वांचल में कई जातियों के कद्दावर मंत्रियों की सक्रियता का कोई ठोस प्रभाव नहीं पड़ना बीजेपी के लिए चिंताजनक है। पिछले विधानसभा चुनाव के पूर्व गुजरात काडर सिविल सेवा से राजनीति में आए यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री एके शर्मा अपने गृह जनपद में भूमिहार समाज के वोटों को भाजपा के पक्ष में कराने में असफल रहे। भाजपा द्वारा पार्टी के मूल नेताओं के स्थान पर सपा से आए विधायक को प्रत्याशी बनाने से भी घोसी उपचुनाव में रोष उभरकर सामने आया। केंद्र और राज्य में दूसरी बार सत्ता में आई भाजपा के लिए अपने असन्तुष्ट नेताओं और कार्यकर्ताओं को सहेजना कठिन होता जा रहा है।

यह चुनावी परिणाम भाजपा में शक्ति असंतुलन का संदेश देने की भी कोशिश है। जिससे भाजपा के मूल कैडर की उपेक्षा का समाधान निकाला जा सके। यह उपचुनाव महंगाई, बेरोजगारी को लेकर जनता के आक्रोश के रूप में भी देखा जा सकता है। जिसपर दो सौ रुपये घरेलू सिलेंडर का दाम कम करने का भी असर नहीं पड़ा। इन चुनौतियों का लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी दल के परिणाम और इंडिया गठबंधन के भविष्य पर क्या असर पड़ेगा यह देखना रोचक होगा?

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के चंद्रशेखर आजाद महिला छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिवस मनाया गया। छात्रावास में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर संगीता राय थी।

इस अवसर पर प्रोफेसर संगीता राय ने श्रीकृष्ण की आरती करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। छात्रावास की अभिरक्षिका डॉक्टर अलका मिश्रा, सहायक अभिरक्षिका डॉ. अमिता सोनकर तथा कुमकुम सिंह ने छात्राओं के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्रावास की सभी छात्राओं ने पूरे उमंग और जोश के साथ जन्माष्टमी के पर्व को मनाया। कार्यक्रम में अंतरवासी छात्रा अंजली सिंह ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। साथ ही अंतरवासी छात्राएं उर्वशी, अर्पिता और प्रिया ने सुंदर मधुर भक्ति गीत गया,



जबकि उर्वशी ने एकल गायन के द्वारा छात्रावास में उपस्थित अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अन्य छात्रावासों के वार्डन और प्रोफेसर ओपी शुक्ला मौजूद रहे।

लखनऊ के बीकेटी क्षेत्र में प्राचीन मंदिर बांके बिहारी ठाकुरद्वारा और इटौंजा थाना सहित अन्य मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। गुरुवार को बांके बिहारी मंदिर में क्षेत्र के भक्तगण एकत्रित हुए। वहीं इटौंजा

■ चंद्रशेखर आजाद महिला छात्रावास में छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोहा

थाना परिसर में भी थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों द्वारा भव्य झांकी सजाई गई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। राजधानी लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्र बख्शी का तालाब इलाके में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। बीकेटी क्षेत्र के सबसे प्राचीन बांके बिहारी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बांके बिहारी मंदिर के पुजारी अतुल गोस्वामी ने बताया कि यह मंदिर लगभग डेढ़ सौ वर्षों पूर्व नवाबों के समय में बनाया गया है। इस मंदिर की विशेषता यह है कि इस मंदिर की स्थापना वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर के आधार पर बनाया गया है।

## सोलर रूफटॉप उपभोक्ता रहें सावधान

**लखनऊ।** प्रदेश में निजी आवासों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना के लिए एमएनआरई, भारत सरकार का नेशनल पोर्टल संचालित है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुसार संयंत्रों की स्थापना हेतु यूपीनेडा में फर्मों को पंजीकृत किया गया है। इन्हीं पंजीकृत फर्मों के माध्यम से संयंत्रों की स्थापना कराये जाने पर केन्द्र एवं राज्य सरकार का अनुदान उपभोक्ता को प्राप्त होता है तथा ये फर्मों ही मानकों एवं विशिष्टियों हेतु उत्तरदायी हैं। संज्ञान में आया है कि कतिपय उपभोक्ताओं द्वारा गैर पंजीकृत फर्मों से संयंत्रों की स्थापना करायी जा रही है।

इस क्रम में यूपीनेडा द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निजी आवासों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना यूपीनेडा के पंजीकृत वेण्डर्स के माध्यम से ही कराने पर अनुदान अनुमन्य होगा तथा संयंत्रों पर वारण्टी आदि की सुविधा प्राप्त होगी, अन्यथा की स्थिति में उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# अन्तर्राज्यीय मदिरा की तस्करी को रोकने को रखी जा रही कड़ी चौकसी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा रक्षा बन्धन, जन्माष्टमी एवं आगामी त्यौहारों के मद्देनजर 28 अगस्त को वर्चुअल बैठक के माध्यम से प्रदेश के प्रशासनिक पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को अवैध शराब की रोकथाम एवं अन्तर्राज्यीय मदिरा की तस्करी पर पूर्ण अंकुश लगाये जाने के निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में आबकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल, व वीना कुमारी, प्रमुख सचिव, आबकारी द्वारा 20 अगस्त से 05 सितंबर तक प्रदेश में चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान की अवधि को बढ़ाकर आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत 10 सितंबर तक किये जाने के निर्देश दिये गये थे।

प्रमुख सचिव आबकारी विभाग, वीना कुमारी द्वारा अवगत कराया गया कि जन्माष्टमी पर्व एवं आगामी त्यौहारों को देखते हुए शासन के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के



विरुद्ध प्रदेश प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी विभाग की गठित संयुक्त टीमों द्वारा लगातार प्रवर्तन कार्यवाही के साथ-साथ दुकानों की भी चेकिंग का कार्य किया जा रहा है।

आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी., द्वारा बताया गया कि प्रमुख सचिव महोदया द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद गोरखपुर, कुशीनगर एवं गोण्डा के आबकारी विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए ड्रोन कैमरों के माध्यम से ईट भट्ठों तथा उसके संलग्न क्षेत्रों, नदियों के

■ अपमिश्रित, मिलावटी शराब की बिक्री को रोकने के लिये गठित संयुक्त टीमों द्वारा की जा रही है कड़ी कार्रवाई

कछारों एवं मांझा क्षेत्रों में जहाँ पहले अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान व अड्डों को चिन्हित करने में कठिनाई होती थी, उन्हें ड्रोन कैमरों के माध्यम से चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध छापेमारी की कार्यवाही की गई। इसी क्रम में जनपद गोरखपुर में 30 अगस्त को आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ड्रोन कैमरों के माध्यम से सियार मोड़ तथा मझगवा ईट-भट्ठा थाना गगहा एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों पर अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। 03 सितंबर को जनपद कुशीनगर में कसया क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा ग्राम भैसहा सदरटोला में ड्रोन कैमरों की निगरानी में गण्डक नदी के किनारे दबिश दी गयी।

# 'इण्डिया' को जनता ने भाजपा के विकल्प के तौर पर स्वीकार किया

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने कहा है कि जनपद मऊ की विधान सभा सीट घोसी से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुधाकर सिंह की निर्णायक जीत सहित कई अन्य सीटों पर इण्डिया के प्रत्याशियों की हुई जीत ने यह साबित कर दिया है कि 'इण्डिया' को जनता ने भारतीय जनता पार्टी के विकल्प के तौर पर स्वीकार कर लिया है।

श्री तिवारी ने कहा है कि यह तो वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव का 'ट्रेलर' मात्र है पूरी पिक्चर तो वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव में आयेगी, जब ऐसे ही चुनाव परिणाम हर क्षेत्र मे बहुमत के साथ आयेंगे। क्योकि देश की जनता अब भारतीय जनतापार्टी के जुमलों, झूठे वायदों, फरेब, धोखा, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से पूरी तरह ऊब चुकी है। जनता विकल्प की तलाश में थी और देश का 10ः मतदाता जो विकल्प के इंतजार



में था उसे अब 'इण्डिया' के रूप में विकल्प मिल गया है। घोसी में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी की बम्पर पैमाने पर जीत ने मेरे उस बयान की सत्यता को प्रमाणित करता है कि हर सीट पर इण्डिया के प्रत्याशी को 50ः से भी अधिक मत प्राप्त होंगे। प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित मीरजापुर, बरेली और जालौन आदि जनपदों में जिला पंचायत सदस्य के लिये हुये उप चुनाव में इण्डिया की ऐतिहासिक जीत और भाजपा की पराजय ने यह साबित कर दिया है कि पूरब, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण हर तरफ से भाजपा के पैर उखड़ चुके हैं ।

# लक्ष्य के सापेक्ष आयुष्मान कार्ड न बनाने वाले एमओआईसी का वेतन रोके: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज ने कहा कि छूटे हुए 0 से 5 साल तक के बच्चों का टीकाकरण माह सितंबर में अभियान चलाकर लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक/गांव में आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग, आशा, आंगनबाड़ी एवं एएनएम के सहयोग से आपसी समन्वय बनाकर ड्यू लिस्ट के अनुसार टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने यह निर्देश आज कलेक्ट्रेट सभागार में सघन मिशन इंद्रधनुष (5.0) की जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि माह सितंबर में होने वाले टीकाकरण अभियान का एक्शन प्लान तत्काल तैयार कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी डीसीपीएम अपडेटेड ड्यू लिस्ट



के अनुसार टीकाकरण कराएं तथा कंप्यूटर पर आंकड़ों को फीड कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन ब्लॉक स्तर पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस क्षेत्र में टीकाकरण का प्रतिशत कम है, वहां पर लोगों को जागरूक करने के लिए कोटेदार एवं ग्राम प्रधानों के माध्यम से बैठक कर लोगों को समझाएं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के संबंध में भ्रम/गलतफहमियों को दूर कर टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एमओआईसी अंत्योदय कार्ड धारक की सूची लेकर शत प्रतिशत कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिस लाभार्थी का कार्ड न बने, उसकी अभ्युक्ति स्पष्ट करें। उन्होंने कहा कि मृतक/बाहर रहने वाले व्यक्तियों का सत्यापन ग्राम प्रधान द्वारा कराया जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष आयुष्मान कार्ड न बनाने वाले एमओआईसी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को पंचायत सहायकों से पंचायत भवनों में भी अंत्योदय कार्ड धारकों एवं बीओसी का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देश दिए। इसी के साथ ही राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत इन्टरनेशनल से आफ क्लीन एअर फार ब्लू स्काईज के अन्तर्गत टूगेदर फार क्लीन एअर थीम पर जिलाधिकारी द्वारा जलवायु परिवर्तन विषय पर उपस्थित अधिकारियों का संवेदीकरण किया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का वेतन रोकने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ इंद्र नारायण तिवारी, अपर सीएमओ, जिला पूर्ति अधिकारी श्री सुनील कुमार पुष्कर, जिला विद्यालय निरीक्षक, आईसीडीएस, जिला पंचायत राज अधिकारी, एनपीसीसीएचएच के नोडल, अन्य जिलास्तरीय अधिकारी, जनपद के समस्त सामु/प्रा स्वाकेन्द्र के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकरी एवं अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत उपचुनाव : लखनऊ में सपा ने भाजपा को हराया

**लखनऊ।** लखनऊ जिले में मोहनलालगंज में जिला पंचायत की वार्ड नंबर 18 पर हुए उपचुनाव मे सपा समर्थित प्रत्याशी रेशमा रावत ने जीत दर्ज की है। रेशमा ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी संगीता रावत को 2236 वोटों से हराया। चुनाव मे रेशमा को 7097 ,संगीता को 4681, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार रेनू रावत को 2458 वोट मिले।

माल में मतगणना पूर्ण पूर्व में प्रधान रह चुकी गीता सिंह ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी वर्तमान में मृतक प्रधान के बेटे अमिताभ को 157 वोट से शिकस्त दी। जब कि अभय कुमार सिंह को तीसरा व कल्लू नेता को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। वार्ड संख्या 6 से सदस्य पद पर मकरंद मौर्या विजयी रहे।

उधर, आंटगढीसौरा में हुए पंचायत उप चुनाव में जीत हार पर लगने वाले कयासों पर शुक्रवार परिणाम घोषित होते ही विराम लग गया। जिसमें पूर्व में प्रधान रह चुकी गीता सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अमिताभ को 157 मतों से

■ मोहनलालगंज में रेशमा रावत ने दर्ज की जीत



शिकस्त देकर अपना परचम लहरा दिया। 15 मार्च को आंटगढीसौरा पंचायत की प्रधान रामा देवी की लम्बी बीमारी के बाद मौत हो जाने से प्रधान पद रिक्त हो गया था। गीता सिंह ने प्रथम चक्र से ही अपने प्रतिद्वंदी पर बढ़त बना ली थी। गीता सिंह को 1402 अमिताभ को 1245, अभय कुमार को 92 व कल्लू नेता को 36 मत मिला। गीता सिंह को 157 मतों से विजयी घोषित किया गया। वहीं, वार्ड संख्या छह से सदस्य पद पर मकरंद मौर्या को निर्वाचित घोषित किया गया।

# लखनऊ से देहरादून के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी

**लखनऊ।** गोरखपुर के बाद लखनऊ - देहरादून के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन किया जाएगा। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है। जनवरी तक इसका संचालन किया जाएगा। इसको लेकर फिजिबिलटी सर्वे भी कर लिया गया है। इसकी रिपोर्ट भी तैयार कर ली गई है। यहां तक की समय सारिणी भी बन गई है। यह ट्रेन लखनऊ से देहरादून के बीच बरेली और मुरादाबाद में रूकेगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ से यह ट्रेन सुबह करीब 5:15 बजे चलेगी। 8:33 बजे बरेली में दो मिनट के लिए, 9:52 बजे मुरादाबाद में पांच मिनट और 12:25 बजे हरिद्वार में 10 मिनट के लिए गाड़ी रूकेगी। इसके बाद दोपहर 1:35 बजे हर्रावाला स्टेशन ठहरेगी। उसके बाद दोपहर 2:25 बजे वहां से चलकर 3:25 बजे हरिद्वार, 5:40



■ आठ घंटे 15 मिनट में तय करेगी दूरी , बरेली और मुरादाबाद रूकेगी

बजे मुरादाबाद, 6:50 बजे बरेली आएगी। इसके बाद रात 10:40 बजे लखनऊ आएगी।

लखनऊ से ट्रेन 8 घंटे 15 मिनट में करीब 536 किलो मीटर की दूरी तय करेगी। लेकिन यह दूरी तय करने में इससे कम समय लगे इसको लेकर भी तैयारी चल रही है। वंदे भारत एक्सप्रेस चली तो राप्ती गंगा एक्सप्रेस के संचालन पर भी असर पड़ेगा। यह ट्रेन करीब 15-20 मिनट लेट हो जाएगी। इसके अलावा 12557-12558 सप्तक्रांति एक्सप्रेस का रूट भी बदलना पड़ेगा। इसको लेकर ही रेलवे बोर्ड भी अधिकारियों के साथ विचार रहा है।

**लखनऊ से यहां भी ट्रेन चलाने की तैयारी :** लखनऊ से सहारनपुर, आनंद विहार-हरिद्वार, लखनऊ-आनंद विहार और काठगोदाम-आनंद विहार के बीच भी गाड़ी चलाने की तैयारी चल रही है। आने वाले दिनों में यूपी को कई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात मिल सकती है।

# इंडिया की ताकत के आगे भाजपा क्लीन बोल्ड हुई : माले

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने घोसी विधानसभा उपचुनाव परिणाम पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इंडिया की ताकत के आगे भाजपा क्लीन बोल्ड हो गई है। पार्टी ने उपचुनाव परिणाम का जोरदार स्वागत किया है और घोसी के मतदाताओं को धन्यवाद दिया है।

माले के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि नोटबंदी के बाद नामबंदी लाने वाली भाजपा ने अभी इंडिया का ट्रेलर देखा है, जो हिट हुआ है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब पूरी पिक्चर 2024 में दिखेगी, तब क्या होगा। इंडिया गठबंधन को इरादतन ठंडे बस्ते में भेजने के लिए भारत को आगे करने की भाजपा सरकार की जुगत भी काम नहीं आई। इंडिया की जगह भारत प्रयोग करने के संघ (आरएसएस) के सुझाव सहित भाजपा की उक्त संविधान-विरोधी कार्रवाई को जनता ने खारिज किया है। माले नेता ने कहा कि इस उपचुनाव में तकरीबन प्रदेश की पूरी सरकार लखनऊ के बजाए घोसी से संचालित होने लगी थी। मुख्यमंत्री से लेकर केंद्र व प्रदेश के मंत्री लगे थे और सत्ता की ताकत लगी थी। मगर जनता के फैसले ने इंडिया को जीताकर भाजपा के अहंकार और राजग को चारों खाने चित्त कर दिया। घोसी में सिर्फ भाजपा प्रत्याशी की नहीं, बल्कि योगी-मोदी चेहरों की हार हुई है। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। ऐसे में लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा शासित यूपी से आये इस विस उपचुनाव परिणाम के दूरगामी संकेत हैं।

# शिक्षा विकास का सर्वशक्ति माध्यम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ में दिनांक 7 सितंबर (दिन गुरुवार) को ऑलमाइटी शिवा एसोसिएशन, (एनजीओ) द्वारा जन्माष्टमी के पावन पर्व पर जरूरतमंद एवं अनाथ बच्चों को पठन-पाठन, खाद्य सामग्री व अन्य वस्तुओं का वितरण लीलावती मुंशी बाल गृह अनाथ आश्रम मोती नगर चारबाग, लखनऊ पर किया गया। पठन-पाठन एवं खाद्य सामग्री व अन्य वस्तुओं के वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व लखनऊ मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविदास मेहरोत्रा जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक रविदास मेहरोत्रा द्वारा सैकड़ो की संख्या में जरूरतमंद एवं अनाथ बच्चों को पठन-पाठन, खाद्य सामग्री व अन्य वस्तुओं का वितरण किया गया और बाल गृह के समस्त अनाथ बच्चों व कर्मचारियों ने जन्माष्टमी के पावन पर्व पर प्रसाद ग्रहण किया।

ऑलमाइटी शिवा असोसिएशन संस्था



के सचिव आदित्य चौधरी ने बताया कि इस मौके पर विधायक रविदास मेहरोत्रा ने वहां मौजूद समस्त अनाथ बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विकास का सर्वशक्ति माध्यम है और शिक्षित व्यक्ति अपने समाज की दशा और दिशा दोनों बदल सकते हैं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर ही छात्रों का भविष्य बेहतर बनाया जा सकता है। विधायक रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि ऑलमाइटी शिवा असोसिएशन संस्था जनहित के लिए जो प्रयास कर रही है वह अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज के बीच तमाम ऐसे परिवार और अनाथ बच्चे हैं जिन्हें मदद की जरूरत है। हमें जरूरतमंदों की सदैव मदद करने में अग्रणी भूमिका निभानी होगी तभी हमारे समाज के प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आ सकती है। विधायक श्री रविदास मेहरोत्रा ने अल्माइटी शिवा असोसिएशन संस्था के द्वारा आयोजित इस नेक कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर प्रमुख रूप से विधायक श्री रविदास मेहरोत्रा, संस्था की अध्यक्षा श्रीमती अनीता चौधरी, समाज सेविका श्रीमती सुमन लता रावत, संस्था के सचिव आदित्य चौधरी, श्री रविकान्त चौधरी, अभिनव कुट्टन, शुभम रावत, गोविंद रावत, श्री सुनील आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड में सीएमएस छात्रा को गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस की मेधावी छात्रा सुरम्या ने अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह ओलम्पियाड सिल्वर जोन फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि ओलम्पियाड में कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया, तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस मेधावी छात्रा ने शानदार प्रदर्शन कर साबित कर दिया कि अपने गणित ज्ञान की बदौलत निकट भविष्य में वह देश का नाम रोशन करने को तत्पर है। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्रा के गणित ज्ञान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर



सम्मानित किया। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इस मेधावी छात्र को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है, जिसके कारण सी.एम.एस. के मेधावी छात्र विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक पुरस्कार अर्जित कर प्रदेश व देश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

# टीएमयू में मधुर स्मृतियों के संग अरिदिमिया अलविदा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से एनुअल फेस्ट-अरिदिमिया-23 अविस्मरणीय यादों के साथ विदा हो गया। सोलो डांस- कल्चरल थीम की प्रतियोगिता में एमबीबीएस फोर्थ ईयर की नंदिनी अव्वल रहीं। सेकेंड ईयर की स्टुडेंट्स गौरी द्वितीय और थर्ड ईयर के संकल्प ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस- वेस्टर्न थीम प्रतियोगिता में सेकेड ईयर की सृष्टि विजेता रहीं, जबकि फोर्थ ईयर के रितिक ने दूसरे स्थान पर रहे। फर्स्ट ईयर के मानस और इंटर्न लोकेश ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। फैशन शो के दौरान भावी डॉक्टरों के रंग-बिरंगे परिधानों और जुदा-जुदा अंदाज ने जजों का मन मोह लिया। छात्रों के फैशन शो में फोर्थ ईयर के मानस को स्टार ऑफ दी शो, इंटर्न्स लोकेश को मिस्टर चैरिसमैटिक और फोर्थ ईयर के शिव आनन्द को बेस्ट आउटफिट चुना गया। छात्राओं के फैशन





शो में थर्ड ईयर की केसर को स्टार ऑफ दी शो, फोर्थ ईयर की सृजिता को मिस चैरिसमैटिक और फोर्थ ईयर की सौम्या को बेस्ट आउटफिट चुना गया। ऑडी से लेकर रिद्धि-सिद्धि भवन में आयोजित सोशियोकल्चर कार्यक्रमों में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह, कल्चरल कमेटी की हेड एवम् पैथोलॉजी विभाग की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी, सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. एके सिंह, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. श्रुति चांडक आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। तमाम प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. पल्लवी, डॉ. हिना, डॉ. प्राची, प्रो. सीके झकमोला, प्रभा झकमोला, डॉ. श्रुति जैन आदि शामिल रहे।

रंगोली प्रतियोगिता में पदमिनी, रूपाश्री और पूर्वी का ग्रुप-18 अव्वल रहा। स्टुडेंट्स विनीता, मासूम और नम्रता के ग्रुप-19 ने दूसरा, जबकि अनाया, सुभावी और निष्ठा के ग्रुप-07 एवम् मुस्कान, सृष्टि, दिशा और स्वाति

■ सोलो डांस- कल्चरल थीम में फोर्थ ईयर की नंदिनी अव्वल

के ग्रुप-08 ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डांस प्रतियोगिता में आयुषी, मिशिका, तनवी, अलीजा, मंजीत, रितिक, हर्ष, आशुतोष, चैतन्य, अनन्त, कौशल आदि का ग्रुप-1 विजेता रहा। ग्रुप-1 ने कबूतर, सॉलिड बॉडी, सिस्टम, चिकनी-चमेली, गड्डी लेकर, लॉलीपॉप आदि गीतों पर अपनी दमदार प्रस्तुति दी। स्टुडेंट्स- अभिलाषा, अंशिता, लावणी, गुनिका, श्रेया, आदिन, अर्नव आदि का ग्रुप-2 दूसरे स्थान पर रहा, जो मर्दानी, चतुरनाथ, सेप ऑफ यू और दीगर पंजाबी गानों पर जमकर थिरके। स्टुडेंट्स खुशी, गौरी, धैर्य, दिव्या आदि का ग्रुप-3 तीसरे स्थान पर रहे। फ्रूट कार्विंग प्रतियोगिता में पूजा, वंदना और विनीता का ग्रुप-11 अव्वल रहा। स्टुडेंट्स मंजीत, मनीषा और श्रुति का ग्रुप-14 दूसरे और ममता, शालिनी, रूपा और आकांक्षा का ग्रुप-12 तीसरे स्थान पर रहा।

# 'फैंटज्म-2023' का उद्घाटन सीएमएस में आज

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इण्टरनेशनल कॉस्प्ले कम्पटीशन 'फैंटज्म-2023' का उद्घाटन कल 9 सितम्बर, शनिवार को अपरान्हः 4.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। प्रख्यात अभिनेता व थियेटर आर्टिस्ट अनिल रस्तोगी इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे जबकि अभिनेत्री व गायिका सुश्री रेनिता कपूर विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की गरिमा को बढ़ायेंगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि 9 से 11 सितम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में यूनाइटेड किंगडम, श्रीलंका, भूटान, नेपाल, शारजाह,

■ अभिनेता व थियेटर आर्टिस्ट अनिल रस्तोगी होंगे मुख्य अतिथि

दुबई एवं भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्री-प्राइमरी, प्राइमरी व जूनियर कक्षाओं के छात्रों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माहौल में अपने ज्ञान-विज्ञान के प्रदर्शन एवं बहुमुखी प्रतिभा के विकास का अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रतियोगिता देश-विदेश के छात्रों को नये विचारों एवं ज्ञान से परिपूर्ण करने के साथ ही उन्हें एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगी। श्री शर्मा ने बताया कि इण्टरनेशनल कॉस्प्ले कम्पटीशन के अन्तर्गत विभिन्न देशों के प्राइमरी व जूनियर कक्षाओं के नन्हें-मुन्हें छात्र रोचक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# तिथी अष्टमी भाद्रपद जन्मे कृष्ण मुरार

- प्रगटे आधी रात को सोये पहरेदार
- कंस के कारागार में ही नहीं, ब्रज के घर घर में जन्मे कन्हाई

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** तिथी अष्टमी भाद्रपद जन्मे कृष्ण मुरार, प्रगटे आधी रात को सोये पहरेदार। रूप चतुर्भुज देख कर मातु हुई हैरान, बाल रूप दिखलाइये, हे प्रभु कृपा निधान। भाद्र मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी की मध्यरात्रि, ग्रह नक्षत्रों का अद्भुत संयोग, भक्तों को अजन्मे कान्हा के आगमन का सुखद अहसास करा रहे थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालु श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर के अंदर थे तो उससे कई गुना ज्यादा भीड़ जन्मस्थान के बाहर इस बात का इंतजार कर रही थी कि वह किसी तरह मंदिर के अंदर प्रवेश कर जाएं। घडी की सुई टिक टिक कर मध्यरात्रि के 12 के निशान की ओर बढ रही थी। इसी गति से श्रद्धालुओं की अधीरता भी अपने चरम पर पहुंच रही थी। जो श्रद्धालु भगवत भवन के अंदर थे वह किसी तरह इस क्षण तक भागवत भवन के अंदर ही टिके रहने चाहते थे। वह कान्हा के जन्माभिषेक के उस क्षण को अपनी आंखों में जन्म जन्मांतर के लिए कैद कर लेना चाहते थे जिसकी चाह में वह कोसों कोस से चलकर यहां पहुंचे थे। जीवन में ऐसा अद्भुत संयोग शायद फिर कभी उन्हें यह भी नहीं पता था। भागवत भवन में भीड़ का दबाव बढ रहा था। सेवायत और सुरक्षाकर्मी किसी के भी पैर भागवत भवन के अंदर जमने नहीं दे रहे थे। इसी जद्दोजहद में वह अद्भुत, चमत्कारिक और अलौकिक क्षण आ गया जिसकी प्रतिक्षा पूरा विश्व अधीरता से कर रहा था। धीरे धीरे भागवत भवन में भगवान के श्रीविग्रह और श्रद्धालुओं के बीच दीवार बनी खादी की वह झीनी खिसकने लगी, भक्त अब हिलने को तैयार नहीं थी, अचानक शंखनाद शुरू हो गया। पांच मिनट तक पूरा मंदिर परिसर शंखनाद की ध्वनियों से गुंजायमान होता रहा। यह इस बात की उद्घोषणा थी कि अजन्मे भगवान श्रीकृष्ण पृथ्वी पर अवतरित हो चुके हैं। श्रद्धालुओं के हाथ आसमान की ओर झूल उठे। भागवत भवन सहित पूरा जन्म स्थान और जन्म स्थान की ओर जाने वाली हर सड़क पर मौजूद श्रद्धालुओं की भीड़ मथुरा में भगवान के अवतरण की साक्षी बन धन्य हो रही थी। जन्म महाभिषेक का मुख्य एवं अलौकिक कार्यक्रम रात्रि करीब 11 बजे से श्रीगणेश नवग्रह आदि पूजन से शुरू हुआ। 12 बजे भगवान के प्राकट्य के साथ ही संपूर्ण मंदिर परिसर में शंख, ढोल, नगाडे, झांझ, मजीरे और मृदंग एवं हरिबोल की करतल ध्वनि के साथ असंख्य भक्तजन, संत नाच उठे। भगवान के जन्म की प्राकट्य आरती के बाद रजत जडित कामधेन के दूध से भगवान के विग्रह का अभिषेक हुआ।

### ब्रज के घर घर में अवतरित हुए कान्हा

विश्व भले ही भगवान श्रीकृष्ण को गीता के महान उपदेशों के लिए जानता हो, ब्रज में तो वह पांच हजार साल बाद भी लाला कान्हा हैं, ब्रजवासियों के लाला हैं। इसी वात्सल्य भाव से ब्रजवासी अपने भगवान की पूजा अर्चना करते हैं और इसी वात्सल्य भाव से दुलाते हैं। दुनिया ने यह भी देखा कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी को भगवान श्री कृष्ण ने कंस के कारागार में जन्म लिया, लेकिन कान्हा तो हर बृजवासी के आंगन में अवतरित हुए।

## प्रवेश की अंतिम तिथि 12 सितंबर कर दी गई है: प्राचार्य

**इटावा।** के के कालेज के प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि के के कालेज में इन दिनों बी ए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी, एमकॉम में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इन कक्षाओं में प्रवेश हेतु कुछ सीटें रिक्त रह गई है। छात्र छात्राओं की सुविधा के लिए विश्विद्यालय ने नए प्रवेश हेतु विश्विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर डब्लू आर एन करने अंतिम तिथि 12 सितंबर 2023 कर दी है। साथ ही प्रवेश की चेक इन प्रक्रिया पूर्ण कर अंतिम तिथि 15 सितंबर 23 कर दी गई है। प्रवेश के इच्छुक छात्र छात्राओं से अपेक्षा की जाती हैकि अति शीघ्र इन तिथियों के अनुरूप कालेज आकर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करे।

ज्ञात हो कि के के कालेज इटावा मुख्यालय का उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र है, कालेज से कई छात्र छात्राएं निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में सेवाए प्रदान कर कालेज एवम इटावा का नाम देश, प्रदेश एवम विदेशो में रोशन कर रहे है।

## ठाकुर बांके बिहारी मंदिर ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**मथुरा।** मंडल आयुक्त के दिए गए दिशा निर्देश अनुसार ठाकुर बांके बिहारी जी मंदिर के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा वृंदावन जोनल कार्यालय में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रारंभ किया गया नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया है कि मथुरा एवं वृंदावन दोनों जगह पर दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम वृंदावन कार्यालय एवं मथुरा कार्यालय में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन का कार्य आज से प्रारंभ कर दिया गया है प्रारंभिक स्तर पर जिन लोगों द्वारा ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के अंतर्गत पंजीकरण कराया जाएगा उनका दर्शन में अतिरिक्त सुविधा प्रदान करते हुए सुगमता से दर्शन कराए जाएंगे क्रांति शिखर सिंह अपर नगर आयुक्त द्वारा यह अभी वैकल्पिक व्यवस्था ट्रायल की तौर पर शुरू की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**इटावा (वहाज अली निहाल)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। पुलिस लाइन के बहुउद्देशीय हॉल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा एवं धर्मपत्नी नीलम राय वर्मा की उपस्थिति में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों के परिवार के लोग शामिल हुए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसमें बच्चों ने जमकर अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। भगती गानों पर बच्चों ने डांस किया गया। इस अवसर पर एस एस पी संजय कुमार एवं धर्मपत्नी नीलम राय वर्मा, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, एएसपी अपराध सुबोध गौतम और उनके परिवार ने भी पूजा अर्चना की। अंत में पुलिस लाइन में प्रसाद वितरण किया गया।

### विधुत चोरी करते चार पाए गए



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** अधीक्षण अभियंता अधिशाषी अभियन्ता प्रथम इटावा के निर्देश मे अवर अभियंता तथा प्रवर्तन दल की संयुक्त टीम द्वारा पर 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र गुरुतेगबहादुर से संबंधित क्षेत्र शाह महमूद, आर्य कन्या इंटर कॉलेज के पास विद्युत चोरी पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में 04 लोग चोरी करते पाए गए सभी की धारा 135 में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी: बच्चों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा पहनकर सभी का मन मोह लिया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** नगर के सनशाइन स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर प्री-प्राइमरी तथा प्राइमरी वर्ग के छात्र-छात्राओं ने राधा कृष्ण की वेशभूषा पहनकर सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर बच्चों की सुंदर प्रस्तुति को खूब सराहा गया। विद्यालय की चेयरमैन मनीषा चतुर्वेदी ने बच्चों का प्रोत्साहन किया। विद्यालय के निदेशक-प्रबंधक शिखर चतुर्वेदी भी मौजूद रहे। श्री चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण आदि मौजूद रहे।

### अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गयी



**इटावा, इकदिल।** आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मुहल्ला कायस्थान इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन प्रबन्धक राम अवतार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। अभिभावक गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावक बंधुओं ने भाग लिया और शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। गोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने विचार विमर्श कर अपने अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल के प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने अभिभावकों से अपील की कि वह शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारवान बनाने में सहयोग करें और घर पर बच्चों को भी समय दें क्योंकि वर्तमान में बच्चों को संस्कार देना बहुत ही आवश्यक है। गोष्ठी में उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, फिजा अंसारी, जया मिश्रा, अंजली यादव, लक्ष्मी, प्रियांशी, दीक्षा, शिवानी राजपूत, अंजली शाक्य, अलफ़िशा, प्रियंका आदि शिक्षकाओं सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाया गया जश्न



**इटावा।** घोसी उपचुनाव में जीत के बाद सिविल लाइंस स्थित सपा कार्यालय पर बांटी गई मिठाई, ढोल बजाकर जीत की खुशी मनाई। इस अवसर पर ज़िलाध्यक्ष गोपाल यादव, जिला महासचिव चन्दन सिंह बघेल, राजपाल यादव, के पी शाक्य, जनमेजय भदौरिया, राकेश यादव, उदयभान सिंह यादव, आनंद यादव, हाशिम कुरैशी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे सपा नेताओं ने एक दूसरे को दी बधाई।

### स्वर्गीय श्री लालाराम शाक्य के निधन के बाद हुआ शांति हवन पाठ



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** विजय शाक्य के पिता स्वर्गीय श्री लालाराम शाक्य के निधन के बाद शुक्रवार को सुबह ग्राम राहिन में शांति हवन पाठ में समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव व शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव उर्फ अंकुर यादव, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल यादव सहित वरिष्ठ नेता, सपा कार्यकर्ता क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। पत्रकार अमित मिश्रा, सौरभ दुबे, पूर्व प्रधान बीपी राजन ने भी गांव पहुंचकर स्वर्गीय श्री लाल राम शाक्य की फोटो पर पुष्प अर्पित किया।

### सत्संग स्थल पर जन्माष्टमी महा महोत्सव श्रद्धाभाव के साथ हर्षोल्लास से मनाया

**इटावा।** श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वाधान में पक्का तालाब स्थित सत्संग स्थल पर जन्माष्टमी महा महोत्सव श्रद्धाभाव के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हरिनाम संकीर्तन के साथ हुई और उसके बाद पंडित मनुपुत्र दास के द्वारा भक्तों को श्री कृष्ण प्राकट्य कथा सुनाई गई। रात 9ः00 बजे से 12ः00 बजे तक लड्डू गोपाल का महाभिषेक पंडित मनुपुत्र दास के साथ अन्य भक्तों ने किया। इस दौरान बधाई गीतों पर श्रद्धालु झूमते रहे। बच्चों के साथ बड़े लोग भी भक्ति गीतों पर खूब झूमे।

## वशेष लोक अदालत में 10671 वादों का निस्तारण

**मथुरा।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार लघु आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा श्री आशीष गर्ग की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय, मथुरा, तहसील छाता न्यायालय व ग्राम न्यायालय मांट में किया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नीरू शर्मा सहित समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहें। जानकारी के अनुसार सितम्बर को आयोजित विशेष लोक अदालत में 12077 लघु आपराधिक वाद निस्तारण हेतु नियत किये गये, जिनमें से 10671 वादों का निस्तारण किया गया। उपरोक्तानुसार 6 से 8 सितम्बर तक प्रतिदिन लघु आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालतों का आयोजन करते हुए कुल 25843 लघु आपराधिक वादों का निस्तारण किया गया।

# गाय के दूध से हुआ गिरिराज जी का महाभिषेक

- आराध्य गिरिराज देव के अभिषेक दर्शन के लिए उमड़ा भक्तों का सैलाब

अवधनामा संवाददाता



**गोवर्धन(मथुरा)।** जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में तलहटी के दानघाटी मंदिर में विराजमान आराध्य गिरिराज देव का सात नदियों के मिश्रित जल व गाय के पांच कुंटल दूध से महाअभिषेक किया गया। महाअभिषेक में सेवाधिकारी मथुरा दास कौशिक लाला पंडित के द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच कराई गई। पूजा में जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल भी शामिल हुए। अचानक रात्रि 12 बजे हुई बारिश से भक्तजन भाव विभोर हो गए। गौरतलब है कि ब्रज में आकर वर्षो से जल रूपी सेवा करने में जुटे फतेहाबाद आगरा के रहने वाले राम प्रकाश ने गिरिराज जी के अभिषेक के लिए गंगा, यमुना, सरयू, गोदावरी, नर्मदा, भरतकूप और मंदाकिनी सहित सात नदियों का जल एकत्र किया। जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल ने बताया कि द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने गिरिराज जी की तलहटी में लीलाएं की हैं। उन्होंने स्वयं गिरिराज जी को अपना स्वरूप प्रदान किया है। ये साक्षात देव स्वरूप में विराजमान हैं। वहीं एक ओर रात्रि में जन्म अभिषेक के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर नजर आए तो वहीं भोर होते ही नंद के घर आनंद भयौ जय कन्हैया लाल की गूंज सुनाई दी। नृत्य, गीत और थिरकन के बीच घर-घर में ललना को पलना में झुलाने के साथ-साथ मंदिरों में लुटाये गये पकवान, खिलौने और मेवा लूटने के लिए भक्तों के हाथ यूं ही मचलते रहे। बधाई गायन तिरछी नजर ते न देखो, लाल मेरौ बड़ौ सलोनौ के भाव ने दर्शाया कि कहीं बाल रूप में आये नंद के लाला को कहीं नजर न लग जाए। परिक्रमा मार्ग के जतीपुरा मुखारविंद मंदिर, मानसी गंगा के मुकुट मुखारविंद मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, राधाश्याम सुंदर मंदिर, तीन कौड़ी आश्रम आदि में नंदोत्सव मनाया गया। जन्मभूमि मथुरा के जन्म अभिषेक के दर्शन कर लौटे कई प्रांतों के भक्तों ने गिरिरराज महाराज की परिक्रमा जयकारों के बीच लगाई। इस मौके पर सेवायत पवन कौशिक, कन्हैया लाल शर्मा, थाना प्रभारी ओमहरि बाजपेयी शामिल रहे।

## सपा प्रत्याशी सुधाकर की रिकॉर्ड मतों से जीत पर जश्न

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** घोसी उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह की रिकॉर्ड मतों से जीत को लेकर जिला पार्टी कार्यालय आजमगढ़ पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष हवलदार यादव व अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी का इजहार किया वर्तमान जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री की नीतियों व नेतृत्व की जीत है मोदी व मुख्यमंत्री जी की जन्म विरोधी नीतियों कमर तोड़ महंगाई बढ़ती बेरोजगारी भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा व ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर जनता भाजपा को नकार रही है जनता ने भाजपा की फूट धर्म व जाति के नाम पर की जा रही घिनौनी राजनीति व झूठे वादों से टूट चुकी है ऐसी सरकार बदलना चाह रही है सन 2024 में मोदी सरकार को हटाकर इंडिया मोर्चा की प्रबल बहुमत की सरकार बनेगी जनपद आजमगढ़ उन्होंने पार्टी पदाधिकारी का कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत व निष्ठा से प्रचार करने के लिए धन्यवाद दिया तथा मोर्चे के अन्य शामिल दल के नेताओं को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर शिवनारायण सिंह बाबा अशोक यादव बिरेंद्र यादव संतोष कुमार गौतम विवेक सिंह राजेश गेलवारा शेरा सगड़ी संतोष यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# क्या भारत में वरिष्ठ नागरिक होना अपराध है

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारत के वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष के बाद चिकित्सा बीमा के लिए पात्र नहीं हैं, उन्हें ईएमआई पर ऋण नहीं मिलता है।ड्राइविंग लाइसेंस जारी नहीं किया गया है। उन्हें कोई काम नहीं दिया जाता है, इसलिए वे जीवित रहने के लिए दूसरों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने सेवानिवृत्ति की उम्र यानी 60-65 तक सभी करों, बीमा प्रीमियम का भुगतान किया था। अब सीनियर सिटीजन बनने के बाद भी उन्हें सारे टैक्स चुकाने होंगे। भारत में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोई योजना नहीं है। रेलवे में मिलने वाली 50 फीसदी छूट भी बंद कर दी गई है. तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि राजनीति में विधायक, सांसद या मंत्री पद पर बैठे वरिष्ठ नागरिकों को हर संभव लाभ दिया जाता है और उन्हें पेंशन भी मिलती है। मैं यह समझने में असफल हूं कि अन्य सभी (कुछ सरकारी कर्मचारियों को छोड़कर) को समान सुविधाओं से क्यों वंचित रखा गया है। सोचिए, अगर बच्चों को उनकी परवाह नहीं होगी तो वे कहां जाएंगे। अगर देश के बुजुर्ग चुनाव में सरकार के खिलाफ जाएंगे तो इसका असर चुनाव नतीजों पर पड़ेगा। सरकार को इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। सीनियर्स के पास सरकार बदलने की ताकत है, उन्हें नजरअंदाज न करें। उनके पास सरकार बदलने का जीवन भर का अनुभव है। उन्हें कमजोर मत समझो! वरिष्ठ नागरिकों के लाभ के लिए बहुत सारी योजनाओं की आवश्यकता है। सरकार कल्याणकारी योजनाओं पर बहुत पैसा खर्च करती है, लेकिन वरिष्ठ नागरिकों के बारे में कभी ध्यान नहीं देती। इसके विपरीत, बैंकों की ब्याज दरों में कमी के कारण वरिष्ठ नागरिकों की आय घट रही है। यदि उनमें से कुछ को परिवार और स्वयं का समर्थन करने के लिए अल्प पेंशन मिल रही है, तो यह भी आयकर के अधीन है। इसलिए वरिष्ठ नागरिकों को कुछ लाभों पर विचार किया जाना चाहिए-

1. 60 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों को पेंशन दी जानी चाहिए
2. सभी को हैसियत के अनुसार पेंशन दी जाए
3. रेलवे, बस और हवाई यात्रा में रियायत।
4. अंतिम सांस तक सभी के लिए बीमा अनिवार्य होना चाहिए और प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाना चाहिए।
5. वरिष्ठ नागरिकों के अदालती मामलों को शीघ्र निर्णय के लिए प्राथमिकता दी जानी चाहिए।
6. हर शहर में सभी सुविधाओं से युक्त वरिष्ठ नागरिकों के घर
7. सरकार को 10 -15 साल पुरानी पुरानी कारों को स्क्रैप करने के नियम में संशोधन करना चाहिए। यह नियम केवल वाणिज्यिक वाहनों के लिए लागू किया जाना चाहिए। हमारी कारें ऋण पर खरीदी जाती हैं और हमारा उपयोग 10 वर्षों में केवल 40 से 50000 किमी तक होता है। हमारी कारें नई जैसी ही अच्छी हैं। यदि हमारी गाड़ियाँ नष्ट हो जाती हैं तो हमें नई गाड़ियाँ दी जानी चाहिए।

सभी वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं से अनुरोध किया है। यह सरकार, जो हर समय ईमानदार नहीं है और सब का साथ, सब का विकास की बात करती है, उन लोगों की भलाई के लिए कुछ करेगी जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है और अब अपने चरम पर हैं।

# नम आँखों के साथ चेहलुम का निकाला गया जुलूस

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर आजमगढ़।** मुबारकपुर कस्बा में शुक्रवार को अकीदत के साथ चेहलुम का जुलूस निकाला गया, दरअसल मोहर्रम की 10 तारीख को कर्बला में हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 अन्य जांनिसारों को यजीदी लश्करों की ओर से शहीद कर दिये जाने के 40 वें दिन पर चेहलुम मनाया जाता है, इसी क्रम में शाहमोहम्मदपुर इमामबाड़ा दरबारे हुसैनी से जुलूस निकाला गया जिसमें अंजुमन मासुमिया , अंसारे हुसैनी रजिस्टर्ड , अंसारे हुसैनी कदीम संयुक्त अंजुमन कमेटियों के ताजियादारों की ओर से ताबूत और अलम का जुलूस लेकर करीब एक बजे निकला .. जिसमें नौहाख्वानी और सीना ज़नी करते हुए अपने कदीमी रास्ते से शाम चार बजे कदम रसूल पहुंचा उसके बाद जुलूस अपने कदीमी रास्ते से होते हुए देर शाम हैदराबाद शाहकेपंजा कर्बला मैदान पहुंचा, जुलूस में बड़ी तादात में अकीदतमंदों ने शिरकत किया, लोगों ने हज़रत इमाम हुसैन की याद में या अली व या हुसैन की सदाएं बुलंद की गयी, कई जगहों ज़ंजीर का मातम कर अपने गम का इज़हार किया गया,और रात करीब 8रू30 बजे शाहकेपंजा कर्बला मैदान में ताबूत और अलम दफ्नाए गये, लोगों ने हजरत इमाम हुसैन व उनके साथी शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए फातिहा पढ़ा और दुआएं मांगी। वहीँ जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे, मुबारकपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार , चौकी प्रभारी अजीत चौधरी सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।

## घोसी में सपा प्रत्याशी की जीत भाजपा के पतन की शुरुआत: अनिल यादव

**प्रयागराज।** प्रदेश की घोसी विधानसभा के उप चुनाव में सपा प्रत्याशी की जीत से भाजपा का पतन तय हो गया है। सपा के जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव ने सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि प्रदेश और देश की जनता भाजपा की नीतियों से परेशान है और अब निजात पाना चाहती है। सपा कार्यालय पर एक दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर खुशियां बांटी गई। प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने घोसी की जीत को भाजपा की किसान, नौजवान सहित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार संघर्ष कररही समाजवादी पार्टी के संघर्षो और कुशल चुनाव प्रबंधन की जीत बताया है। सपा के जिला प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने कहा है कि भाजपा के घमंड पर गठबंधन भारी साबित हो गया।

# न तो स्वयं गंदगी करें न हीं दूसरों को करने दें: प्रोफेसर शुक्ला

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सेवा योजना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञान संकाय परिसर में आयोजित ÷स्वच्छता पखवाड़ा÷ में बोलते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा की हमें न तो स्वयं गंदगी करनी चाहिए और न ही दूसरों को गंदगी करने देना चाहिए। स्वच्छता की मुहिम को हमें अपने आप से, अपने परिवार से, अपने इलाके से, अपने गांव से और अपने कार्यस्थल से शुरू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया में जो देश साफ-सुथरे दिखते हैं वह इसलिए साफ सुथरा दिखते हैं क्योंकि उनके नागरिक गंदगी नहीं फैलाते और न ही गंदगी करने देते हैं। यही दृढ़ विश्वास स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव गांव और कस्बे कस्बे में प्रसारित होना चाहिए। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. आशीष खरे ने कहा की हमें स्वयं ही नहीं अपने जैसे अन्य 100 लोगों को भी स्वच्छता संकल्प के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। स्वच्छता की दिशा में हमारा हर कदम हमारे देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि हमें स्वच्छ भारत मिशन में अपना योगदान सक्रिय रूप में देना चाहिए। कचरे को कूड़ेदान में ही डालना चाहिए। गीले कचरे को हरे रंग के कूड़ेदान में और सूखे कचरे को नीले रंग के कूड़ेदान में डालने की हमारी चेष्टा इस दिशा में हमें सफल बनायेगी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रविंद्र प्रताप सिंह ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद कटारा ने किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के सभी कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मौजूद डॉ. अवनीश कुमार चतुर्वेदी, डॉ. अभय प्रताप पांडेय, डॉ. शशिकांत शुक्ल, डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव जी ने छात्रों से इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

# कांग्रेस जोड़ती है, भाजपा नफरत फैलाती है: अजय

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** यूपी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा है कि जहां कांग्रेस एकजुट होने का काम करती है वही भाजपा नफरत फैलाने और बांटने का काम करती है। आज यहां आनंद भवन से भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर पदयात्रा के दौरान उन्होंने शीर्ष नेता राहुल गांधी के देश में अमन और लोकतंत्र बचाने के लिए एक वर्ष पूर्व कन्याकुमारी से काश्मीर तक की दुनिया की सबसे बड़ी यात्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि नफरत भाजपा का हथियार है जिसे हर हाल में हमें बचाना है। हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलते हैं।

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा का मंत्र है फूट डालो राज करो और देश जलाओ। इंडिया एलायंस से मोदी सरकार और भाजपा पूरी तरह से डरी है। तिवारी ने एक देश एक चुनाव को अव्यवहारिक बताते कहा कि इस पर चुनाव आयोग भी अपनी असमर्थता जाहिर कर चुका है। मामले पर जनता की राय को भी पर्याप्त सम्मान दिया जाना चाहिए। यह भी कहा कि संसद का विशेष सत्र राजनैतिक दलों से बिना विचार किये बुलाया गया है।

पदयात्रा विश्वविद्यालय मार्ग से कटरा, मनमोहन पार्क, हिंदू हास्टल चौराहा से होते हुए शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क पर समाप्त हुई।

शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन, जिलाध्यक्ष द्वय सुरेश यादव व अरूण तिवारी, प्रभारी राघवेंद्र प्रताप सिंह,विजय प्रकाश, पूर्व महापौर चौ. जितेन्द्र नाथ सिंह, किशोर वार्ष्णेय, फुज़ैल हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी, मुकुंद तिवारी, तस्लीमउद्दीन, उज्वल शुक्ला, सुधाकर तिवारी, विवेकानंद पाठक, संजय तिवारी, अरशद अली, रघुनाथ द्विवेदी, परवेज़ सिद्दीकी, राजेश राकेश, करम चंद्र बिंद, हसीब अहमद, भोले सिंह, राकेश श्रीवास्तव, नयन कुशवाहा, अजेंद्र गौढ़ , मनोज पासी, राकेश पटेल, सहित सैकड़ों शामिल थे।

अजय राय एवं प्रमोद तिवारी ने यात्रा शुरू होने के पूर्व पं नेहरू, महात्मा गांधी, मदन मोहन मालवीय के अलावा चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमाओं पल माल्यार्पण किया।

# विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया आइसलैंड का सिने-इतिहास, डॉक्यूमेंट्री तथा फीचर बनाने वाला देश





आइसलैंड की जो सबसे पुरानी फिल्म बची रह गई है, वह है तीन मिनट की 1906 में डैन एल्फ्रेड लिंड की बनाई हुई डॉक्यूमेंट्री च्सागा बोर्गेरटाइर्निनरज् और लेखक गनर गनरसन की कहानी च्द स्टोरी ऑफ द बोर्ग फैमिलीज् पर निर्देशक गनर समरफेल्ड की बनाई तथा आइसलैंड में फिल्माई फिल्म च्सन्स ऑफ द स्वायलज्। वैसे यहां के लोगों ने पहले-पहल 1903 में चलती-फिरती तस्वीरें देखी थीं। अन्य देशों की भांति आइसलैंड में भी शुरुआती दौर में डॉक्यूमेंट्री ही अधिक बनीं। जल्द ही चार्ली चैपलिन की तर्ज पर च्दि एडवेंचर्स ऑफ जोन एंड वेन्डुरज् कॉमेडी बनी, इसको स्थानीय फोटोग्राफर लोफ्टुर गडमनसन ने बनाया था। आगे चल कर यह गडमनसन आइसलैंड का एक प्रमुख फिल्म प्रोड्यूसर बना।

लोफ्टुर गडमनसन ने 1925 में आइसलैंड के मत्स्य व्यापार पर च्आइसलैंड लिफैन्डी माएन्डमज् बनाई। इसी विषय पर उन्होंने आइसलैंड की पहली बोलती फीचर फिल्म 1949 में बनाई। उनकी इसी विषय पर एक अन्य फीचर फिल्म 1951 में भी बनी है। उनकी बनाई फिल्म च्बिटविन माउंटेन एंड शोरज् आइसलैंड की पहली ऑफिसियल फीचर फिल्म मानी जाती है। साठ का दशक आइसलैंड की फिल्मों के लिए थोड़ा ठंडा रहा है।

## सत्तर के दशक का सिनेमा

सत्तर के दशक में हम यहां एक प्रमुख निर्देशक अगस्ट गौडमंड्ससन को पाते हैं। 1978 में फिल्म बनाने वालों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से च्आइसलैंडिक फिल्म फंडज् की स्थापना हुई। अगस्ट ने 1960 में फिल्म एप्रिशियेशन सोसायटी की स्थापना की। उसने लंदन के नेशनल फिल्म स्कूल से निर्देशन का प्रशिक्षण लिया था। आइसलैंडिक फिल्म फंड की सहायता से उसने 1980 में अपनी पहली फिल्म च्लैंड एंड सन्सज् बनाई। इस देश के लिए इस फिल्म का खास महत्व है क्योंकि यह यहां के बदलते समुदाय का चेहरा दिखाती है और देश की संस्कृति की खोज करती है। 90 मिनट की यह फिल्म भी अपनी सामग्री साहित्य से लेती है। फिल्म इंद्रिओइ जी. थोरस्टेनसन के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। फिल्म किसान जीवन, पीढ़ियों के नजरिए के अंतर को प्रस्तुत करती है। विदेशी समीक्षकों द्वारा सराही गई इस फिल्म को देखने के लिए यहां के लोग टूट कर आए। फिल्म कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित हुई। अगस्ट गौडमंड्ससन ने च्आउटलॉ- द सागा ऑफ गिल्सीज्, ऑन टॉप, च्गोल्डेन सैंड्सज्, द डॉन्स आदि फिल्में भी बनाई। द डॉन्स को कई पुरस्कार प्राप्त हुए।

## निर्देशक फ्रिडरिक पुर फ्रिडरिक्ससन और उनकी फिल्में

आइसलैंड के फिल्म निर्देशक फ्रिडरिक पुर फ्रिडरिक्ससन का नाम बहुत आदर के साथ लिया जाता है। सर्वोत्तम विदेशी फिल्म ऑस्कर के लिए उनका नामांकन हुआ था। उनकी 1991 में बनाई फिल्म च्चिल्ड्रेन ऑफ नेचरज् आज भी आइसलैंड के सिनेमा में अद्वितीय है। इस फिल्म के बाद उनकी च्कम्पनी द आइसलैंडिक फिल्म कॉरपोरेशनज् का खूब विकास हुआ और वह देश की प्रमुख फिल्म कम्पनी बन गई। उन्होंने दूसरे देश के फिल्म निर्देशकों को अपने देश में फिल्मांकन के लिए आमंत्रित किया और कई अन्य बड़े निर्देशकों के साथ साझेदारी की, प्रसिद्ध निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला उनमें से एक हैं। फ्रिडरिक पुर फ्रिडरिक्ससन शुरू से अकीरा कुरोसावा तथा जॉन फोर्ड के प्रशंसक रहे हैं। च्रॉक इन रेक्जैविकज् (डॉक्यूमेंट्री), च्हिनुगुरिनज्, च्व्हाइट व्हेल्सज्, कोल्ड फीवरज्, च्ए मदरज्स करेज- टॉकिंग बैक टू ऑस्टिज्मज् तथा च्मामा गोगोज् उनकी अन्य फिल्में हैं। ह्निगुरिन में उन्होंने सिनेमैटिक प्रयोग किए हैं। आज आइसलैंड की फिल्में खूब सराही जा रही हैं। यहां स्त्री-पुरुष बराबरी का दावा करने के बावजूद स्त्री फिल्म निर्देशकों का प्रतिशत बहुत कम है। 2016 में आइसलैंड में केवल 7त्न स्त्री फिल्म निर्देशक हैं, एवं 15त्न स्क्रीनप्ले राइटर स्त्रियां हैं। प्रसिद्ध लेखक हल्डोर लैक्सनेस की बेटी गनी लैक्सनेसडॉटर ने स्क्रीनप्ले राइटर (1986, च्स्टेला ऑन होलीडेज) के रूप में काम किया और बाद में इस स्क्रिप्ट पर भी फिल्म बनाई। च्अंडर द ग्लेशियरज्, च्द मेनज्स कोयरज्, च्ऑनर ऑफ द हाउसज्, च्द क्वाइट स्टोर्मज् उनकी अन्य फिल्में हैं। उन्होंने अधिकतर फिल्में अपने पिता की रचनाओं पर बनाई हैं। अमेरिकन पिता और आइसालिंडिक मां की बेटी सोल्वे एन्सपेच वैसे तो फ्रांस में रहती हैं मगर बार-बार अपने जन्मस्थान आइसलैंड आती हैं और फिल्म बनाती हैं। उन्होंने 1990 की अपनी डॉक्यूमेंट्री में यहां की खूबसूरती को पकड़ा है। मगर कई साल कैंसर से जूझने के बाद 2015 में सोल्वे की मृत्यु हो गई। 1999 में उन्होंने अपनी इस दर्दनाक बीमारी को च्व्हौट लेस कोर्स !ज् में उतार दिया। चार पुरस्कारों से नवाजी इस फिल्म की नायिका पहली बार गर्भवती हुई है, तभी उसे पता चलता है कि वह स्तन कैंसर से भी ग्रसित है, जहां एक डॉक्टर गर्भपात की सलाह देता है, वहीं दूसरे के अनुसार इलाज और बच्चा साथ-साथ हो सकता है। नायिका के मानसिक संघर्ष को यह फिल्म दिखाती है। उसे 2017 से उनके नाम पर स्त्री फिल्म निर्देशकों के लिए प्रतिवर्ष एक प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, जो आइसलैंड में आयोजित फ्रेंच फिल्म समारोह का हिस्सा होती है। लेखक तथा सिने-निर्देशक क्रिस्टीन जॉहान्सडॉटर अपनी फिल्म च्एज इन हेवनज् (1992) के लिए जानी जाती हैं। इसमें नायिका 1936 के ग्रामीण आइसलैंड में समायोजित होने का प्रयास कर रही है। फिल्म कान समारोह में प्रतियोगिता सत्र में दिखाई गई थी और सर्वोत्तम विदेशी भाषा की फिल्म के रूप में ऑस्कर के लिए नामांकित हुई थी। अभी हाल में, 2017 में उन्होंने अपनी फिल्म अल्मा बनाई है। 28 साल की अल्मा को गलती से उसके प्रेमी की हत्या के लिए मानसिक अस्पताल में रख दिया गया है, जब उसे पता चलता है कि उसका बॉयफ्रेंड अभी जीवित है तो वह उसे मार डालना चाहती है। 90 मिनट की इस फिल्म को सिडनी वीमेनज्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का पुरस्कार प्राप्त हुआ। एवा सिगुरोरडॉटर न केवल सिने-निर्देशक हैं वरन वे अस्क्जा नाम से एक प्रोडक्शन कंपनी भी चलाती हैं। इस कम्पनी के द्वारा वे डॉक्यूमेंट्री एवं फिल्म बनाने वाली स्त्रियों की प्रमुखता से सहायता करती हैं। च

गुड नाइटज् तथा चैम्सज् उनकी अपनी बनाई हुई फिल्में हैं। च्गुड नाइटज् को बाफ्टा नामांकन भी मिला था। वास्तविक घटना पर आधारित बाल्टासार कोर्माकुर निर्देशित च्जुपीज् , च्रेक्किकज्, च्माइरिनज् तथा च्हाफिओज्, च्दि ओथज्, ऑस्कर जॉनसन निर्देशित च्स्वर्टोर ए लेइकज्, च्रेक्किक रोटरडैमज्, गनर बी. गोडमंडसन निर्देशित च्अस्ट्रोपियाज्, रेनिर लाइनडैल निर्देशित च्फोस्टज्, फ्रिडरिक पुर फ्रिडरिक्ससन निर्देशित च्एन्जलैर एल्हेइमसिन्सज्, पोर्स्टीन गनर जार्नासन निर्देशित च्जोहान्सज्, वाल्डीमैर जोहानसन निर्देशित च्लैम्बज्, गोडमन्डुर एनैर गोडमन्डसन निर्देशित च्ब्युटिफुल बीइंग्सज्, च्हार्ट स्टोनज्, ऑस्कर थोर एक्सेलसन निर्देशित च्आई रिमेंबर यूज्, अगस्ट जैकोबसन निर्देशित कॉमेडी च्पार्डन माई आइसलैंडिकज् आदि इस सदी में आइसलैंड से आने वाली कुछ अच्छी फिल्में हैं।

वे 1962 में फीचर लेंथ फिल्म की ओर लौटी और च्क्लेओ फ्रॉम 5 टू 7ज् बनाई। इस कॉमेडी, ड्रामा, म्युजिकल फिल्म में एक युवा गायिका, स्वास्थ्य के प्रति अतिचिंतित स्त्री अपने कैंसर टेस्ट की मेडिकल रिपोर्ट जानने के लिए अपने डॉक्टर का बेसब्री से इंतजार कर रही है। इस फिल्म को देखते हुए ऋतुपर्ण घोष की फिल्म च्असुखज् यदि आपने देखी है, का स्मरण हो आना स्वाभाविक है। डेढ़ घंटे की फिल्म च्क्लेओ फ्रॉम 5 टू 7ज् का मूल शीर्षक च्क्लेओ डे 5 टू 7ज् था।



# कुदरत के कहर से आखिर कैसे बचेंगे पहाड़ी राज्य

बरसात के इन दिनों में हिमालयी जुड़वां राज्य हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड में आसमान से आफत बरस रही है। अतिवृष्टि से जहां-तहां तबाही मची हुई है। हिमाचल में अब तक 214 लोग जानें गंवा चुके हैं और 38 मलबे में कहीं गुम हैं। वही हाल उत्तराखण्ड का भी है। गत 15 जून से लेकर इन पंक्तियों के लिखे जाने तक आपदाओं में 100 से अधिक लोग जानें गंवा जा चुके हैं। हजारों की संख्या में छोटे-बड़े पशु मारे जा चुके हैं और लगभग डेढ हजार छोटे-बड़े भवन पूर्ण या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इनके अलावा चारधाम यात्रा में मारे गए 183 यात्री अलग हैं। अपदा संकट से ग्रस्त हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू का अनुमान है कि राज्य में कम से कम 10 हजार करोड़ की क्षति हो चुकी है और इस आपदा से हुए नुकसान से उबरने में कम से कम एक साल का समय लग जाएगा। इसी तरह उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अब तक राज्य में हुई आर्थिक क्षति को कम से कम 1000 करोड़ रुपए आंका है। जबकि अभी मानसून पूरे यौवन पर है और राज्य में पहाड़ से लेकर मैदान तक तबाही का सिलसिला जारी है। आपदा के इस दौर में उत्तराखण्ड से लेकर जम्मू-कश्मीर तक तीर्थाटन और पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हो गया है जिसका सीधा असर इन राज्यों की आर्थिकी पर पड़ेगा।

## विशाल भारत में आपदाएं ही आपदाएं

सवाल केवल हिमालयी राज्यों का नहीं है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और पूरब से लेकर पश्चिम तक सालभर किसी न किसी तरह की आपदा से हमारे देश को दो-चार होना ही पड़ता है। भारत, अपनी विशिष्ट भू-संरचना और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के कारण एक नहीं बल्कि अनेक तरह की आपदाओं के लिए काफी संवेदनशील है। इन प्राकृतिक आपदाओं में बाढ़, सूखा, चक्रवात, सुनामी, भूकंप, शहरी बाढ़, भूस्खलन, हिमस्खलन और जंगल की आग प्रमुख हैं। देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 27 को आपदाओं के लिए संवेदनशील माना जाता है। 58.6 प्रतिशत भूभाग मध्यम से बहुत उच्च तीव्रता के भूकंपों के प्रति संवेदनशील है। 12 प्रतिशत भूमि बाढ़ और नदी कटाव से प्रभावित है। कुल 7,516 किमी समुद्र तट में से, 5,700 किमी हिस्सा चक्रवात और सुनामी की दृष्टि से संवेदनशील है। देश की कुल खेती योग्य भूमि का 68 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाता है। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन और हिमस्खलन का खतरा बना रहता है और 15 प्रतिशत भूभाग भूस्खलन की चपेट में है। कुल 5,161 शहरी स्थानीय निकाय शहरी बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील हैं। भारत का भूगोल बाढ़ की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील है। देश के कुल 32 करोड़ 90 लाख हेक्टेयर भौगोलिक क्षेत्र में से 4 करोड़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र बाढ़ संभावित है। बाढ़ बार-बार आने वाली घटना है, जो भारी जानमाल का नुकसान करती है और आजीविका प्रणालियों, संपत्ति, बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक संविधाओं को नुकसान पहुंचाती है।

## हर साल हजारों करोड़ की लगती है चपत

उत्तराखण्ड आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में बाढ़ के कारण हर साल औसतन 75 लाख हेक्टेयर भूमि प्रभावित होती है, 1600 लोगों की जानें चली जाती है और फसलों, घरों और सार्वजनिक सुविधाओं को औसतन 1805 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। वर्ष 1977 में सबसे अधिक जानें (11,316) गईं थीं। देश में औसतन हर पांच साल बाद बाढ़ की बड़ी आपदाएं आ जाती है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल ऑर्गानाइजेशन) की एक रिपोर्ट स्टे ऑफ क्लाइमेट इन एशिया-2022 के अनुसार एशिया में सन् 2022 में जलवायु परिवर्तन और जल संबंधी प्राकृतिक आपदाओं से 36,000 करोड़ अमरीकी डॉलर की आर्थिक क्षति हुई। इसमें से भारत की 420 करोड़ डालर की क्षति भी शामिल है। जो कि आज की तारीख में 34851.39 करोड़ रुपयों में आंकी जा सकती है।

## आपदाओं से धन और जन की हानि

प्राकृतिक आपदाओं से क्षेत्र विशेष में जनजीवन के संकट के अलावा आजीविका और विकास का ढांचा तो तहस नहस होता ही है साथ ही निकट भविष्य की आजीविका और विकास की संभावनाएं भी प्रभावित होती है। प्राकृतिक विप्लवों में से तटीय क्षेत्र के तूफान, उष्णकटिबंधीय तूफान और सुनामी से बंदरगाहों, तटीय सड़कों और पर्यटक सुविधाओं जैसे बुनियादी ढांचे को बड़ी क्षति पहुंचती है। सूखे, बाढ़ और चरम मौसम की घटनाओं से कृषि बहुत प्रभावित होती है। पर्यटन स्थल आपदाओं से बाधित हो जाते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और आजीविका प्रभावित होती है। भूकंप से गगनचुंबी इमारतें, पुल और सड़कें सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। लातूर और भुज के विनाशकारी भूकम्पों की विभीषिका को लोग दशकों तक झेलते रहे। नब्बे के दशक के चमोली और उत्तरकाशी के भूकम्पों के घाव लोग आज तक नहीं भूले। लगभग सभी हिमालयी क्षेत्र तथा पूर्वी और पश्चिमी घाट भूस्खलन की दृष्टि से काफी संवेदनशील हैं इन क्षेत्रों में हर साल भूस्खलन से धनजन की भारी हानि होती है। पहाड़ों के निचले इलाके नदी और बाढ़ के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं, खासकर भारी बारिश के दौरान इन क्षेत्रों में भारी नुकसान होता है।

प्रकृति के साथ जीना-सीखना ही सुरक्षा की गारंटी

प्राकृतिक आपदाएं वास्तव में प्राकृतिक घटनाएं हैं जो कि प्रकृति के स्वाभव में हैं और उन्हें रोका नहीं जा सकता है। इन घटनाओं की फ्रीक्वेंसी निरन्तर बढ़ती जा रही है। इस वृद्धि का कारण प्रकृति के साथ अनावश्यक और बेतहाशा छेड़छाड़ के साथ ही प्रकृति के साथ सामंजस्य बना कर नहीं चलना भी है। यह सत्य आपदाओं से बचाव का रास्ता भी है। इसलिए संभावित खतरों और उनसे निपटने के तरीकों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। कुछ आपदाएं ऐसी हैं जिनसे अर्ली वार्निंग प्रणाली के माध्यम से बचा जा सकता है।

# जंगल और प्राणियों का संसार गिलहरी ने मुझे ऐसा बनाया




जब आप कर्नाटक का नाम सुनते हैं, तो जो चीजें सबसे पहले आपके मन में आती हैं, वे हैं विशाल जोग जलप्रपात, शानदार मैसूर पैलेस या हम्पी में विस्मयकारी विट्ठला और विरूपक्षा मंदिर। हालांकि, केवल पर्यटक आकर्षण ही कर्नाटक की बेशकीमती पेशकश नहीं हैं, बल्कि इसका अद्भुत वन्य जीवन भी हैं। और मुझे इस खूबसूरत राज्य में काफी लंबा समय बिताने का सौभाग्य मिला है, और इस खजाने के हर रत्न से मैंने प्रेरणा ली है। यहां तक कि वन्यजीव फोटोग्राफी में मेरी यात्रा कलबुरगी में मेरे विश्वविद्यालय में आयोजित एक फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शुरू हुई, जहां मैंने एक विनम्र भारतीय गिलहरी की तस्वीर ली जो मटर खाने के लिए मेरे हाथ पर चढ़ गई थी। इस व्यवहार ने मुझे इतना प्रभावित किया कि मैं सोचने लगा कि जानवरों को उनके प्राकृतिक रूप में देखना कितना शानदार है। तब से मैंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## लैंस का महत्व

लेंस के माध्यम से वन्य जीवन का अवलोकन करना एक ऐसी क्रिया है जिससे कोई भी कभी ऊब नहीं सकता। हर तस्वीर अनोखी है और अपने आप में एक अलग कहानी है। यह एक फ्रेम में पूरी कहानी कहने जैसा है। फील्ड के कुछ अनुभव इतने अविस्मर्णीय होते हैं कि वे आपकी स्मृति में जीवन भर के लिए अंकित हो जाते हैं। उनमें से एक मुझे याद है जब मैं पक्षी गणना के लिए नई दिल्ली में स्थित संजय वन गया था। विभिन्न पक्षियों को देखते हुए अचानक मेरा ध्यान एक शोर की तरफ गया। देखा तो एक पुराने पीपल के तने पर दो मैना एक तोते का पीछा कर रहे थे जो तने के एक छेद में छिप गया था। मैना ने बहुत आक्रामक तरीके से तोते को छेद से बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। तोता भी कहाँ अपने हथियार डालने वाला था, इसलिए वह भी मैना से लड़ गया।

यह दो विरोधियों के बीच कुश्ती का रोचक द्वन्द था, जिसमे कलैया, गुलाटियां और कलाबाजी भी देखने को मिली। पूरा एपिसोड लगभग 10 मिनट तक चला, जिसके बाद तोता विजयी हुआ। इस व्यवहार पर मेरा अनुमान यह है कि चूंकि दोनों पक्षी गुफा-जीवी हैं, इसलिए उन्होंने शरण हेतु छेद पर अपना दावा किया, और तोता मैना पर हावी हो गया। दो प्रजातियों के बीच इस तरह की दुर्लभ पारिस्थितिक परस्परक्रिया को देखने का ही अवसर वन्यजीव फोटोग्राफी प्रदान करती है। हालांकि, इन अमूल्य अनुभवों के अलावा, वन्यजीव फोटोग्राफी की अपनी चुनौतियां हैं। हम सभी ÷लाइट्स, कैमरा और एक्शन÷ वाक्यांश से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन मेरे लिए एक फोटोग्राफर के रूप में, ये तीन शब्द मेरी मुख्य समस्याएँ हैं क्योंकि ये किसी भी छवि को बिगाड़ने में सक्षम हैं। जब फोटोग्राफी की बात आती है तो लाइट सबसे महत्वपूर्ण चीज होती है। शटर गति और आई.एस.ओ से प्रकाश को कुछ हद तक नियंत्रित करने के लिए समायोजित किया जा सकता है, लेकिन वे खराब रोशनी के लिए रामबाण नहीं हो सकते।

## कैमरा है जरूरी

कैमरा दूसरी सबसे महत्वपूर्ण चीज है। उन्नत जूम क्षमताओं वाला एक अच्छा कैमरा इस क्षेत्र में एक अच्छा निवेश है। बुनियादी डीएसएलआर का उपयोग करके बड़े जानवरों को कैप्चर किया जा सकता है, लेकिन पक्षियों या कीड़ों जैसे छोटे जानवरों के लिए एक पेशेवर कैमरे की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, अधिकांश वन्यजीव तस्वीरें गति में ली जाती हैं। इसके लिए, कैमरे में ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन होना अच्छा है। और अंत में, एक्शन। एक्शन से मेरा तात्पर्य उस गति से है जिससे हम क्लिक करते हैं। वन्य जीवन में क्षण तात्कालिक होते हैं। उन्हें सही समय पर कैप्चर करना मुश्किल होता है। इसलिए, फोटोग्राफर को कैमरे को सेट करने और शॉट्स लेने में बहुत तेज होना पड़ता हैं, जो अतिरिक्त अभ्यास के साथ ही मुमकिन है। इन बातों का ध्यान रखकर तस्वीर में आने वाली विकृतियों को दूर किया जा सकता है। वन्यजीव फोटोग्राफी कौशल और जुनून का मिश्रण है। इसलिए, इस अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति फोटोग्राफी दिवस पर, मैं सभी वन्यजीव फोटोग्राफी पेशेवरों और उत्साही लोगों को बधाई देता हूं, जिन्होंने वन्यजीवों के रहस्यों को दुनिया के सामने उजागर किया, और उस गिलहरी को भी जिसने मुझे अपनी दुनिया में प्रवेश करने का अवसर दिया।

## मिशन चंद्रयान-3 की कामयाबी और इसरो के बढ़ते कदम

चांद का माथा चूमा या ठोड़ी को छू लिया। तकनीकी पक्ष मैं नहीं जानती पर चंद्रयान-3 के चांद से अभिस्पर्श करते ही मन के भीतर और तन के बाहर बहुत कुछ हुआ, रोंगटे खड़े हुए, पलकें छलक गई, आंखें चमक गई।

रोम-रोम में स्फुरण हुआ और इसी के साथ चंद्रयान 2 की विफलता का भी स्मरण हुआ। हमारे सुयोग्य वैज्ञानिकों की टीम ने कोशिश की.. करते रहे। अपने इरादों पर अडिग रहे और हमने कोशिश करने से मिलने वाली कामयाबी को देखा। हमने सफलता को मुस्कुराते हुए देखा। चांद पर लिखे गाने याद किए गए। शायरियां निकल आई, फिल्में, किताबें, लेख, निबंध सब सामने आए। विज्ञान और धर्म का सुंदर सुखद संयोजन हमारी चर्चा का विषय बना। ज्योतिष की गणना, चंद्रमा की उत्पत्ति, इतिहास,अस्तित्व सब खंगाला गया। चंद्र, मून, आफताब, चंद्रमा, शशि, मयंक, शशांक, सुधांशु सारे नामों के साथ चांद हर लेखनी की नोंक पर झिलमिला उठा। चांद को पाने के लिए चांद तक जाने के लिए चांद जैसा ही धैर्य, शीतलता और मन की शांति चाहिए थी जो हमारे वैज्ञानिक साथियों में थी। अब आप फिर देखिएगा उन खिलखिलाते चमकते चेहरों को, अथक परिश्रम से आंखों के नीचे आए उनके स्याह घेरों को, कितने लोग, कितने दिमाग, कितने दिल, कितनी रातें, कितने दिन, कितने पल कितने अनुपल, कितने ख्वाब कितने ख्याल, सब कुर्बान हुए होंगे। कितने सपने चटके होंगे, बुरे विचार भी फटके होंगे। पर अपने संयम और संकल्प को थामे रखकर बस एक ही शब्द, एक ही भाव, एक ही विचार, एक ही तस्वीर को संजोया होगा चंद्रयान और सिर्फ चंद्रयान। 14 जुलाई के दिन भी धड़कन तेज रही होगी और 23 अगस्त को भी दिल में अकुलाहट हुई होगी। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर निगाहें रही होंगी। पहला देश बनने के गौरव की खुशी क्षण भर में चूर भी हो सकती थी, लेकिन धीरज को मुट्ठी में बांधे इसरो के वैज्ञानिकों की ट्रैनिंग देखिए कि वे कितनी तल्लीनता से कर्मरत थे। जरा आंखें खोलिए। रख दीजिए मोटिवेशनल किताबों और वीडियोज की लिंक और देखिए कि अपने ही आसपास से कितना कुछ सीखा जा सकता है। अब जबकि विक्रम और प्रज्ञान व रंभा जैसे इसरो के नन्हे जादूगर चांद के आंगन में है तब 4 साल और 40 दिनों की लम्बी यात्रा को भी याद किया जाना चाहिए। बहरहाल, चांद की धरा पर भेजे हमारे स्मार्ट दूत वहां के वातावरण का अध्ययन करेंगे, जमीन को जानेंगे, जानकारियां जुटाएंगे। कोई वहां के रसायन को समझेगा और कोई कई अहम सुराग बटोर कर हम तक भेजेगा और उनमें से कई राज ऐसे होंगे जो हमें चौंका सकते हैं। आखिर जल, जीवन या जड़ता क्या होगा वहां? चंद्रयान अभियान की सबसे कठिन घड़ी थी उपग्रह को अंतरिक्ष में ले जाकर छोड़ना और दूसरी मुश्किल घड़ी चांद पर उसे लैंड कराना थी। आखिर 4 साल की सोची और संजोई चमत्कारी सफलता ने सभी शामिल वैज्ञानिकों के साथ देशवासियों के चेहरे भी चमका दिए और एक आश्चर्यजनक पल के हम सब साक्षी हुए। अब बस दुआ कीजिए कि हम चांद के अंगना उतरे, जल्दी ही ऐसी रैन मिले।

# कोटा की महत्वकांक्षा में डूबता भविष्य



साल 2009 में फिल्म आई थी थ्री इडियट्स। फिल्म ने समाज में एक जनजागृति पैदा की थी कि बच्चे की रुचि के अनुसार उसे करियर चुनने की आजादी दी जाए। थ्री-इडियट्स फिल्म देखने के बाद बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपने बच्चों को यह आजादी दी भी, पर शायद कई अभिभावक ऐसे भी हैं, जो अपने बच्चों को किसी भी हालत में डॉक्टर या इंजीनियर बनने का सपना देखते हैं। उनमें कुछ अभिभावकों का यह सपना राजस्थान की शिक्षा नगरी कोटा से होकर गुजरता है। इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी के लिए कोटा कोचिंग्स की प्रसिद्धि देशभर में है। तकरीबन डेढ़-दो लाख बच्चे हर साल कोटा कोचिंग में पढ़ाई के लिए आते हैं। पिछले कुछ अरसे से कोटा, कोचिंग से ज्यादा बच्चों की खुदकुशी के लिए पहचान बनाने लगा है। इन दिनों बच्चों की खुदकुशी का सिलसिला तेजी बढ़ा है, जिसने सरकार और अभिभावकों को चिंता में डाल दिया है।

समस्या यह है कि खुदकुशी कैसे रुके? इसका कोई सीधा-सीधा समाधान न तो कोचिंग वाले ढूंढ पा रहे हैं और न ही शासन-प्रशासन। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि कोटा के कलेक्टर को कोचिंग सेंटर में वीकली टेस्ट लेने पर रोक लगानी पड़ी है। गेस्ट हाउस और हॉस्टल के पंखों में स्प्रिंग लगा दी गई है। फिर भी खुदकुशी रुकेगी? इसकी कोई गारंटी नहीं ले सकता है। पिछले 8 महीने में 23 बच्चे आधिकारिक रूप से कोटा में खुदकुशी कर चुके हैं। केवल कोटा में नहीं, देशभर में इन खुदकुशी की घटनाओं को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले दिनों कोटा के कोचिंग संचालकों से मिले। इस दिशा में समाधान की कोशिश की। मुख्यमंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि हम बच्चों को मरते हुए नहीं देख सकते। उन्होंने खुदकुशी को लेकर एक कमेटी बना दी है, जिसे 15 दिन में रिपोर्ट देनी है। इसी सप्ताह यह कमेटी रिपोर्ट दे सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि आजकल ऐसा माहौल बन गया है, जैसे आईआईटीएन बन गया तो जैसे खुदा बन गया।

दरअसल, कोटा कोचिंग में एक ऐसी रेस चल रही है, जिसे रोक पाना अब शायद न सरकारों के बस में है, न समाज के, क्योंकि हर कोई अपने बच्चों को आईआईटी और मेडिकल में एडमिशन कराना चाहता है। कोटा में स्थिति यह है कि हर साल करीब 2 लाख बच्चे यहां कोचिंग करते हैं। यहां कोचिंग का सालाना कारोबार 5000 करोड़ रुपये को भी पार कर गया है। कोटा कोचिंग से लाखों लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जुड़े हुए हैं। एक तरह से कहा जाए तो कोटा कोचिंग के आसपास एक बड़ी इंडस्ट्री खड़ी हो गई है, जिसमें हर कोई अपना हिस्सा ढूंढ रहा है।

## कोचिंग नहीं है आपके सफलता की गारंटी

बड़ा सवाल यह है कि क्या कोचिंग के माध्यम से सभी बच्चों को इंजीनियर या डॉक्टर बनाया जा सकता है? क्योंकि एक्सपट्र्स भी कहते हैं कि इतने सारे बच्चे कोचिंग के माध्यम से आईआईटी या एम्स जैसे संस्थानों में सिलेक्ट नहीं हो सकते। स्थिति तो यह है कि एक-एक कोचिंग क्लास में एक साथ चार सौ बच्चे पढ़ते हैं। जो आगे की पंक्ति होती है, उसमें टैलेंटेड बच्चों को कोचिंग संस्थान खुद प्राथमिकता देते हैं। बाकी तो भीड़ ही होती है। कुछ साल पहले इंफोसिस के चेयरमैन नारायण मूर्ति ने इस बात को लेकर चिंता जाहिर की थी कि कोचिंग के माध्यम से परीक्षा पास करने की ट्रिक सीखकर बच्चों को आईआईटी जैसे बड़े इंस्टीट्यूट में भेजा जा रहा है, जबकि वह नेचुरल टैलेंट नहीं होता है। उस समय मूर्ति ने आईआईटी जैसे बड़े संस्थानों में गिरते स्तर के लिए इन्हीं कोचिंग सेंटर्स को जिम्मेदार ठहराया था। फिर आखिर समाधान क्या है? लाखों रुपये खर्च करके बच्चा कोटा कोचिंग में दाखिला लेता है और साल भर कोचिंग करने के बाद यदि उसका दाखिला नहीं होता है तो वह क्या करे? दूसरा कोचिंग के अंदर भी एक ऐसा कंपटीशन क्रिऐट हो जाता है कि बच्चा कम नंबर लाने पर अवसाद में चला जाता है। अधिकांश आत्महत्याओं के पीछे यह एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। बहुत सारे बच्चे अपनी रुचि या इच्छा के विपरीत परिवार के दबाव में कोटा भेज दिए जाते हैं, जो पढ़ाई के दबाव को झेल नहीं पाते। कुछ बच्चों में फेल होकर परिवार के पास लौटने का साहस नहीं होता और वो आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठा लेते हैं।

## कैसे रुकेंगे आत्महत्या के मामले

बच्चे अपनी जीवन लीला समाप्त न करें, इसके लिए सरकार के साथ कोचिंग संस्थानों को भी रास्ता निकालना पड़ेगा। अभिभावकों को इस दिशा में सकारात्मक रूप से सोचना होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कहना बिल्कुल उचित है कि कोई आईआईटी कर लेगा तो खुदा नहीं बन जाएगा। आज देश में आईआईटी और मेडिकल के अलावा बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं, जहां बच्चे अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं। अच्छे पैसे बना रहे हैं। बेहतर तो यही होगा कि स्कूल के स्तर पर बच्चों की रुचि का पता लगाया जाए और बच्चा अपनी फील्ड चुन सकें। इस दिशा में सरकार की बनाई नई शिक्षा नीति में कई बदलाव किए गए हैं, जिनका दूरगामी असर देखने को मिलेगा। कोटा कोचिंग में यह भी देखने को मिलता है कि अभिभावक बच्चों को दसवीं कक्षा के बाद कोचिंग में डाल देते हैं। कोचिंग सेंटर डमी स्कूलों से बारहवीं की कक्षा करवाते हैं। सरकार कम से कम ऐसे डमी स्कूलों की व्यवस्था को तो तत्काल रुकवा सकती है। समाज के स्तर पर भी इस दिशा में बहुत गंभीरता से सोचने की जरूरत है। जरूरत तो थ्री इडियट्स जैसी फिल्में लगातार बनाने की है, ताकि अभिभावकों को समय-समय पर ध्यान दिलाया जा सके कि करियर से कहीं ज्यादा उनके बच्चे का जीवन अनमोल है।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और एचडी देवेगौड़ा को जी20 डिनर के लिए भेजा गया आमंत्रण

**नई दिल्ली।** 9 और 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी को भव्य रूप से सजाया गया है। इस मेगा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दुनिया भर से गणमान्य लोग दिल्ली पहुंचना शुरू हो गए हैं। मौजूदा कैबिनेट में विदेशी प्रतिनिधि सांसदों और मंत्रियों के अलावा, जी20 शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज में देश के कुछ पूर्व वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।

**गणमान्य**

**इस मेगा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दुनिया भर से गणमान्य लोग दिल्ली पहुंचना शुरू हो गए हैं।**





पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और एचडी देवेगौड़ा को भी जी20 शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज में आमंत्रित किया गया है और उन्हें आमंत्रण भेजा जा चुका है। भारत में आयोजित हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा उन प्रमुख नेताओं में से हैं जो कार्यक्रम में भाग लेंगे।

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने ट्वीट कर जानकारी दी कि मैं स्वास्थ्य कारणों से 09 सितंबर 2023 को भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मुजी द्वारा आयोजित जी20 रात्रिभोज में शामिल नहीं होऊंगा। मैंने पहले ही सरकार को इस बारे में बता दिया है। मैं जी20 शिखर सम्मेलन की शानदार सफलता की कामना करता हूं। विशेष रूप से, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सप्ताहांत शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे। हालाँकि, शिखर सम्मेलन में चीन का प्रतिनिधित्व चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग करेंगे और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे।

यह पहली बार है जब जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत कर रहा है। भारत की परंपरा और ताकत को दर्शाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।

# तेंगनौपाल जिले में सुरक्षा बलों और हथियारबंद लोगों के बीच गोलीबारी

**फायरिंगइंफाल (मणिपुर)।** मणिपुर में बीते कई महीनों से हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। कुकी और मैतेई समुदाय के बीच तनातनी का माहौल है। सुरक्षा और हथियारबंद लोगों के बीच में अक्सर गोलीबारी की घटनाएं सामने आती हैं। वहीं, अब मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के पल्लेल इलाके में शुक्रवार तड़के से सुरक्षा बलों और हथियारबंद लोगों के बीच



गोलीबारी की सूचना मिली है। इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी है। अधिकारियों के मुताबिक गोलीबारी सुबह करीब छह बजे शुरू हुई और रुक-रुक कर जारी है। उन्होंने बताया कि फिलहाल किसी के घायल होने या हताहत होने की कोई खबर नहीं है। सुरक्षा बल स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

वहीं, बुधवार को हजारों प्रदर्शनकारी बिष्णुपुर जिले के फौगाकचाओ इकाई में एकत्र हुए और तोरबुंग में अपने सुनसान घरों तक पहुंचने के प्रयास में सेना के बैरिकेड्स को तोड़ने की कोशिश की। जिसके दो दिन बाद यह घटना हुई। अधिकारियों ने कहा कि इलाके में तनाव व्याप्त है और ऋ्रन्न, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस के जवानों सहित सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। विरोध प्रदर्शन से एक दिन पहले एहतियात के तौर पर मणिपुर की सभी पांच घाटी जिलों में पूर्ण रुप से कर्फ्यू लगा दिया गया था। 3 मई को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोग मारे गए हैं ।

# अमेरिका-भारत संबंधों को आगे बढ़ाना हमारी प्राथमिकता में शामिलः अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन

**नई दिल्ली।** अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट एल. येलेन ने गुरुवार (8 सितंबर) को जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों पर जोर दिया। जेनेट ने कहा कि अमेरिका जी20 बैठक में वैश्विक कृषि और खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम का सम र्थन करने जैसे अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएगा।

जेनेट एल. येलेन ने एक बयान में कहा, हमें उम्मीद है कि हम वैश्विक कृषि और खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम का समर्थन करने जैसे अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे... इस हफ्ते अमेरिका-भारत संबंधों को आगे बढ़ाना हमारी प्राथमिकता होगी। हम भारत के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंध को बहुत महत्व देते हैं। उन्होंने आगे कहा, हमने जून में अमेरिका में पीएम नरेंद्र मोदी का भी स्वागत किया। संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया के बाहर सबसे बड़े भारतीय प्रवासियों का घर है और भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है।÷ इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन नई दिल्ली में होने वाले ऐतिहासिक जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए



गुरुवार (8 सितंबर) को भारत रवाना हो गए। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा है कि बाइडेन जी20 शिखर सम्मेलन के लिए अपनी भारत यात्रा के दौरान कोरोना दिशानिर्देशों का पालन करेंगे। दरअसल, अमेरिका की प्रथम महिला और बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेन सोमवार को कोरोना जिटिव हो गई थीं। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार और मंगलवार को कोरोना टेस्ट करवाया, जिसमें उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई। इसको देखते हुए जिल बाइडेन को डेलावेयर स्थित घर में अलग रखा गया है और वह राष्ट्रपति के साथ भारत और वियतनाम की यात्रा नहीं कर रही हैं।

## शेख हसीना के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक दिल्ली पहुंचे, अब बाइडेन और मैक्रों का इंतजार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी आगामी G-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। यह सम्मेलन दिल्ली में 9-10 सितंबर को आयोजित होने जा रहा है। इस सम्मेलन के लिए कई देशों के राष्ट्रअध्यक्ष भारत आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी भारत में हो रहे त्न20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए रवाना हो चुके हैं।

देश पूरे जोर-शोर से सभी मेहमानों के स्वागत की तैयारियों में जुटा हुआ है। मेहमान सम्मेलन में शामिल होने के लिए आज से भारत आना शुरू करेंगे। सम्मेलन के दौरान जिन होटलों में मेहमान ठहरेंगे वहां सुरक्षा का पहरा और सख्त कर दिया गया है।

# वैश्विक नेताओं का दिल्ली पहुंचना शुरू, अबतक इन राष्ट्राध्यक्षों का हो चुका है स्वागत

**नई दिल्ली।** जी20 शिखर सम्मेलन 2023 में शामिल होने के लिए वैश्विक नेता नई दिल्ली पहुंचने



लगे हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज और आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा उन शीर्ष नेताओं में शामिल थे जो जी20 शिखर सम्मेलन के लिए शुक्रवार (8 सितंबर) को दिल्ली पहुंचे। सभी नेताओं का स्वागत उच्च अधिकारियों और केंद्रीय मंत्रियों द्वारा किया जा रहा है। स्वागत के बाद मेहमानों को पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों को दिखाया जा रहा है। जियोर्जिया मेलोनी और शेख हसीना का हवाई अड्डे पर क्रमशः केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और दर्शना जरदोश ने स्वागत किया। वहीं, पीएम ऋषि सुनक का स्वागत केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने किया जबकि अल्बर्टो फर्नांडीज का स्वागत केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने किया। कोमोरोस के राष्ट्रपति अज़ाली असौमानी भी दिल्ली पहुंचे और उनका जोरदार स्वागत किया गया। भारत इस साल जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। 9-10 सितंबर को इस सम्मेलन में महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। वैश्विक नेताओं का हवाई अड्डे पर सांस्कृतिक प्रदर्शन और नृत्य के साथ स्वागत किया जा रहा है। अपनी त्न20 अध्यक्षता में भारत समावेशी विकास, डिजिटल नवाचार, जलवायु लचीलापन और न्यायसंगत वैश्विक स्वास्थ्य पहुंच जैसे विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# त्रिपुरा उपचुनाव में सीपीआई (एम) ने लगाया धांधली का आरोप, कर दी काउंटिंग के बहिष्कार की घोषणा

**अगरतला।** त्रिपुरा उपचुनाव में सीपीआई (एम) ने बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाते हुए मतगणना के बहिष्कार की घोषणा की है। सीपीआई (एम) के नेतृत्व

**धांधली**

**वाममोर्चा ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए का कहा कि वोटिंग के दौरान बड़े पैमाने पर धांधली हुई है।**

वाले वाम मोर्चे ने गुरुवार (7 सितंबर) को घोषणा करते हुए कहा, चुनाव आयोग ने त्रिपुरा उपचुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली को रोकने के लिए कदम नहीं उठाया इसलिए हम वोटों की गिनती का बहिष्कार करेंगे।

राज्य की सिपाहीजला जिले की धनपुर और बॉक्सानगर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मंगलवार को मतदान हुआ



था। दोनों सीटों पर औसतन 86.50 फीसदी मतदान हुआ। वाममोर्चा ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए का कहा कि वोटिंग के दौरान बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। वाम मोर्चा के संयोजक नारायण कर ने बुधवार रात आरोप लगाया, ÷हमने वोटिंग की शुरुआत से ही चुनाव आयोग का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। लेकिन, दुख की बात है कि आयोग द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा, वाम मोर्चे ने चुनाव रद्द करने और नए सिरे से वोटिंग करवाने की मांग की है, लेकिन चुनाव आयोग ने इस संबंध में कोई भी कदम उठाने से इनकार कर दिया। नारायण कर कहा, चुनाव आयोग का मकसद बिल्कुल स्पष्ट है। ऐसी स्थिति में 8 सितंबर को होने वाली वोटों की गिनती में शामिल होने का क्या मतलब है? इसलिए, हमने गिनती का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

बता दें कि सीपीआई (एम) विधायक समसुल हक की मौत के कारण बॉक्सानगर विधानसभा और केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक के धनपुर विधानसभा के विधायक पद से इस्तीफा देने के कारण यहां उपचुनाव करवाए जा रहे हैं। बॉक्सानगर सीट से बीजेपी के तफज्जल हुसैन सीपीआई (एम) के मिज़ान हुसैन के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। यहां कुल 43,087 वोटरों में से 66 प्रतिशत अल्पसंख्यक मतदाता हैं।

# पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी सीट से टीएमसी ने मारी बाजी, बीजेपी की तापसी रॉय को हराया

**नई दिल्ली।** महीने की 5 तारीख को 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए, जिसमें इंडिया अलायंस और एनडीए के बीच सीधा चुनावी



मुकाबला देखने को मिला। आज यानी 8 सितंबर को उपचुनाव के परिणाम सामने आ गए। पश्चिम बंगाल के धूपगुड़ी विधानसभा उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने बाजी मार ली है। कांटे की टक्कर मैं तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार निर्मल चंद्र राय ने भाजपा उम्मीदवार तापसी राय को 4883 मतों से हराया। निर्मल चंद्र को कुल 96961 वोट मिले जबकि बीजेपी प्रत्याशी तपासी रॉय को 92648 वोट हासिल हुए। सीपीआई (एम) के प्रत्याशी इश्वर चंद्र रॉय को महज 13666 वोट ही मिले। सातवें में राउंड की गिनती के बाद तृणमूल कांग्रेस के निर्मल चंद्र रॉय लगातार बीजेपी उम्मीदवार तापसी रॉय से आगे चल रहे थे। जबकि वाम मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार ईश्वर चंद्र रॉय शुरू से ही मुकाबले से बाहर चल रहे थे। जिन सात सीटों में हुए उपचुनाव हुए हैं उनमें पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी, त्रिपुरा की धनपुर और बॉक्सनगर, केरल में पुथुपल्ली, यूपी की घोसी, उत्तराखंड की बागेश्वर सीट और झारखंड की डुमरी सीट शामिल हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के घोसी विधानसभा सीट पर एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला है। घोसी विधानसभा सीट पर कुल 50 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई थी। यहां बीजेपी के दारा सिंह चौहान का मुकाबला सपा के सुधाकर सिंह से है।

# अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन हुईं कोरोना नेगेटिव, 4 सितंबर को हो गईं थीं कोविड पॉजिटिव

**वाशिंगटन अमेरिका।** अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन का कुछ दिन पहले कोरोना टेस्ट किया

**बैठक**

**व्हाइट हाउस की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में भाग लेने वाले हैं।**

गया था जिसमें वह कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी। वहीं, अब तीन दिन बाद एक बार फिर से जिल बाइडन का कोरोना टेस्ट किया गया है जिसमें वो कोरोना नेगेटिव हैं। इसकी जानकारी प्रथम महिला के कार्यालय ने गुरुवार को दी।

उनके संचार निदेशक एलिजाबेथ अलेक्जेंडर ने 4 सितंबर को एक बयान में कहा था कि आज शाम (4 सितंबर) को प्रथम महिला जिल बाइडन का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया है। उनमें कोरोना के हल्के लक्षणों दिखाई दे रहे हैं। वह रेहोबोथ




बीच, डेलावेयर स्थित अपने घर पर ही रहेंगी। इससे पहले, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का गुरुवार शाम को चौथी बार कोरोना टेस्ट नेगेटिग आया है।

यह परिणाम 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत के लिए एयरफोर्स 1 पर एंड्रयू के एयर बेस से बाइडन के प्रस्थान से कुछ समय पहले आया था।

शुक्रवार से शुरू होकर, बाइडन का तीन दिनों का व्यस्त कार्यक्रम है। अमेरिका से प्रस्थान करने के बाद, वह शुक्रवार को थोड़े समय के लिए जर्मनी के रामस्टीन पहुंचेंगे और उसी दिन नई दिल्ली पहुंचेंगे।

व्हाइट हाउस की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में भाग लेने वाले हैं।

शनिवार को, बाइडन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आधिकारिक आगमन और हाथ मिलाने के कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन सत्र 1- वन अर्थ में भाग लेंगे।

इसके बाद उनका जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन सत्र 2- जी20 का एक परिवार में भाग लेने का कार्यक्रम है। बाइडन पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

## स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ कोरोना पॉजिटिव, जी-20 शिखर सम्मेलन में नहीं होंगे शामिल

**मैड्रिड।** स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ गुरुवार (8 सितंबर) को कोरोना पॉजिटिव हो गए, उनकी रिपोर्ट सकारात्मक आई है। पेड्रो 9-10 सितंबर को दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ अपने कोरोना संक्रमित होने की जानकारी एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर दी। सांचेज़ ने एक्स पर कहा, आज दोपहर को मेरा कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया है और मैं जी20 शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली की यात्रा नहीं कर पाऊंगा। मैं ठीक महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि उनकी जगह जी20 शिखर सम्मेलन में स्पेन का प्रतिनिधित्व प्रथम उपराष्ट्रपति नादिया कैल्विनो और आर्थिक मामलों के मंत्री और विदेश मामलों, यूरोपीय संघ और सहयोग मंत्री करेंगे।

# जी20 में अमेरिका और सऊदी से इन चीजों पर हो सकती है भारत की डील, चीन को लेकर भी आया बड़ा अपडेट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से एक्सियोस की एक रिपोर्ट के अनुसार , अमेरिका, सऊदी अरब, भारत और अन्य देश संभावित बुनियादी ढांचे के सौदे पर चर्चा कर रहे हैं, जो खाड़ी और दक्षिण एशिया के बीच व्यापार को फिर से व्यवस्थित कर सकता है, मध्य पूर्वी देशों को रेलवे से जोड़ सकता है और बंदरगाह द्वारा भारत से जोड़ सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वार्ता, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात और यूरोप भी शामिल हैं, इस सप्ताह के ग्रुप ऑफ 20 (जी20) नेताओं की बैठक के मौके पर घोषणा के समय कोई ठोस परिणाम दे भी सकती है और नहीं भी।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जी20 सम्मेलन के लिए भारत आ रहे हैं वह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ भी बातचीत कर सकते हैं। बता दें बाइडेन वाशिंगटन को जी20 में विकासशील देशों, खासकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक वैकल्पिक भागीदार और निवेशक के रूप में पेश कर रहे हैं। बाइडेन प्रशासन मध्य पूर्व में एक व्यापक राजनयिक समझौता चाहता है।

बहु-देशीय बुनियादी ढांचे सौदे पर बातचीत की रिपोर्ट सबसे पहले एक्सियोस ने मई में दी थी। राजनयिक निहितार्थों से परे, अधिकारियों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस तरह के बुनियादी ढांचे के सौदे से शिपिंग समय, लागत, डीजल का उपयोग कम हो सकता है और व्यापार तेज और सस्ता हो सकता है।



## उत्तर कोरिया ने लॉन्च की न्यूक्लियर सबमरीन, किम जोंग ने प्रक्षेपण समारोह में लिया भाग

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने अपनी पहली परिचालन सामरिक परमाणु हमला पनडुब्बी लॉन्च की है और इसे उस बेड़े को सौंपा है जो कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच गश्त करता है। राज्य मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर कोरिया ने एक नई सामरिक परमाणु हमला पनडुब्बी लॉन्च की है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने पनडुब्बी-प्रक्षेपण समारोह में भाग लिया। केसीएनए ने उत्तर के आधिकारिक नाम, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के शुरुआती अक्षरों का उपयोग करते हुए कहा, पनडुब्बी-लॉन्चिंग समारोह ने डीपीआरके की नौसेना शक्ति को मजबूत करने के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। बुधवार को लॉन्च समारोह में शामिल हुए उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने कहा कि नौसेना को परमाणु हथियारों से लैस करना एक जरूरी काम था।

## US में छाया दिल्ली का जी 20 समिट, माइकल कुगेलमैन बोले- भारत अब वैश्विक नेता के रूप में स्थापित होने जा रहा है

**वाशिंगटन।** दिल्ली में जी-20 सम्मेलन नौ सितंबर से शुरू होने जा रहा है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अपने देश को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने का शानदार अवसर है। टाइम पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में वाशिंगटन में विल्सन सेंटर स्थित साउथ एशिया इंस्टीट्यूट के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने कहा कि भारत जी-20 की अध्यक्षता को यह दिखाने के अवसर के रूप में देखता है कि उसमें ग्लोबल साउथ के लिए एक पुल के रूप में काम करने की क्षमता है और वह प्रतिद्वंद्वी शक्तियों के साथ संबंधों को संभालने की क्षमता रखता है। बता दें भारत त्न-20 के शिखर सम्मेलन के लिए पूरी तरह से तैयार है। मेहमानों के सुरक्षा से लेकर उनके ठहरने का पूरा इंतजाम हो गया है।

# न्यूजीलैंड में रहना चाहता है सिख रैपर, भारत में बताया जान को खतरा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में पढ़ाई करने गया एक सिख भारत वापस नहीं आना चाहता है, क्योंकि उसे जान का खतरा है। भारत में किसानों

**टिकटॉक**

**वह न्यूजीलैंड में 10 साल पहले पढ़ाई के लिए आया था। उसने अपने खाली समय में रैप संगीत लिखा और उन्हें न्यूजीलैंड में टिकटॉक पर अपलोड किया।**

के विरोध प्रदर्शन और देश में अन्य सामाजिक और धार्मिक मुद्दों के बारे में गाने पोस्ट करने के बाद उसे भारत लौटने पर बदला लेने का डर है। उसने इस साल की शुरुआत में संरक्षित शरणार्थी दर्जे के लिए आव्रजन और संरक्षण न्यायाधिकरण में आवेदन किया था, जहां उसने यह भी दावा किया था कि उनके एक गाने के कारण धमकी भरे संदेश मिल रहे हैं। द हेराल्ड ने पिछले सप्ताह रिपोर्ट दी थी कि ट्रिब्यूनल ने हाल ही में उसकी अपील को खारिज कर दिया और शरणार्थी तथा संरक्षण अधिकारी के पहले के



फैसले को बरकरार रखा। संरक्षण अधिकारी ने संरक्षित स्थिति के लिए उनके आवेदन को अस्वीकार कर दिया था। रैपर जिसका नाम ट्रिब्यूनल ने नहीं बताया है। वह न्यूजीलैंड में 10 साल पहले पढ़ाई के लिए आया था। उसने अपने खाली समय में रैप संगीत लिखा और उन्हें न्यूजीलैंड में टिकटॉक पर अपलोड किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि गाने के बोल के बारे में शिकायतें मिलने के बाद उनके अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जो पंजाब बंदूक संस्कृति, गरीबी, जाति और नस्लवाद पर केंद्रित था। उसका वीजा 2018 में समाप्त हो गया था। उसने 2021 में संरक्षित स्थिति के लिए दावा दायर किया और फार्म में लिखा कि उसे राजनेताओं और अन्य तत्वों से नुकसान की आशंका है।

## सिंध में अपहरण व फिरौती की मांग से हिंदू परेशान, प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने बरसाईं लाठियां; कई घायल

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अराजकता, अपहरण व फिरौती की मांग से परेशान हिंदुओं का प्रदर्शन जारी है। काशमोर जिले में व्यापारी और उसके बेटे के अपहरण के बाद फिरौती की मांग व कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर बुधवार को प्रदर्शन कर रहे हिंदुओं पर पुलिस ने बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज कर दिया। इससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कांधकोट के काटचा क्षेत्र से करीब 25 दिन पहले अपहृत व्यापारी व उसके बेटे को छुड़ाने में विफल रही पुलिस के खिलाफ लोगों का गुस्सा प्रदर्शन के रूप में सामने आ रहा है। बुधवार को काशमोर में प्रदर्शन कर रहे हिंदुओं पर पुलिस ने लाठियां बरसाईं। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में कई लोगों के सिर से खून निकलकर गर्दन तक बहते देखा गया।

स्थानीय प्रेस रिपोर्टर बलाच दशती ने बताया कि पिछले पांच महीने में इस क्षेत्र में सौ से अधिक लोगों का अपहरण हो चुका है। इसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों हैं। काशमोर जिले में बड़ी संख्या में हिंदू कारोबारी रहते हैं। ये डाकुओं के आसान लक्ष्य हैं। पाकिस्तान के कार्यवाहक धार्मिक मामलों के मंत्री अनीक अहमद ने गुरुवार को कहा कि भारत से सिखों व हिंदू श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाने को लेकर देश लगातार प्रयास कर रहा है। अहमद ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हर वर्ष 7,500 सिख व 1,000 हिंदू श्रद्धालुओं के आने को लेकर समझौता है। लेकिन द्विपक्षीय रिश्ते कमजोर होने से हाल के वर्षों में भारतीय श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई है।

# जेलेंस्की के गृहनगर क्रीवी रिह पर रूस का मिसाइल हमला, एक पुलिसकर्मी की मौत; अन्य 44 घायल

**कीव।** यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर पर शुक्रवार को मिसाइल हमला किया। इस हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि अन्य 44 लोग घायल हो गए।

क्रीवी रिह पर हुए हमले की वजह से 10 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री इहोर क्लिमेंको ने टेलीग्राम पर क्रीवी रिह पर हुए हमले की तस्वीर पोस्ट की। जिसके क्रीवी रिह का भयावह मंजर दिखाई दे रहा है। साथ ही घायलों को मलबे से निकाला जा रहा है। मंत्री इहोर क्लिमेंको के मुताबिक,

क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने बताया कि रूस ने विगत एक सप्ताह में पांचवीं बार ओडेसा क्षेत्र को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया। हालांकि, इस हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रूस ने महज जेलेंस्की के गृहनगर क्रीवी रिह को ही निशाना नहीं बनाया बल्कि बीती रात को देशभर के कई



हिस्सों में गोलीबारी की। इस दौरान जापोरिज्जिया में भी धावा बोला। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के मुताबिक, जापोरिज्जिया पर हुए रूसी मिसाइल हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। रूस ने पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र के कोस्टियानटिनिव्का में एक बाजार पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इस गोलीबारी में 16 लोगों की मौत हो गई थी। जिनमें से एक 18 वर्षीय व्यक्ति का शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया जा रहा है। दरअसल, रूसी गोलीबारी में 16 लोगों की मौत हुई थी, जबकि अन्य 33 लोग घायल हुए थे और कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई थी।

# शहीदों के याद में सरकार बनाएगी अमृत वाटिका: राज्यमंत्री

- राज्यमंत्री व पूर्व विधायक ने गांव-गांव घर-घर से लिया मिट्टी
- मेरी माटी मेरा देश के तहत चलाया गया मिट्टी एकत्रित अभियान



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने मेरी माटी मेरी देश के तहत गांव गाव घर-घर मिट्टी एकत्रित करने का अभियान चलाया और इस दौरान उन्होंने करीब आधा दर्जन गांवों में मिट्टी एकत्रित किया ,यह मिट्टी दिल्ली में अमृत वाटिका के लिए बनाने के लिए हर ब्लॉक से भेजी जाएगी। प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीशचंद यादव व पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह अपने सहयोगियों के साथ डाल्हनपुर में पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह के घर से मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरुआत की । इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को इसके लिए संकल्प दिलाया और कहा कि देश में अभी ऐसे बहुत वीर सपूत जो आजादी के लिए शहीद हुए हैं उन्हे सम्मान देने के लिए उनके याद मे सरकार दिल्ली मे अमृत वाटिका बनाने का कार्य कर रही है। जिसके लिए पूरे प्रदेश के सभी ब्लॉकों से गांव गांव घर-घर जाकर मिट्टी इकट्ठा किया जा रहा है। जो दिल्ली भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें सब लोग सहयोग दें ।इसके साथ ही राज्यमंत्री ने डाल्हनपुर जंगीपुर खुर्द, जंगीपुर कला, सरायख्वाजा मेहरवा समेत आधा दर्जन गांव में घर-घर जाकर मिट्टी इकट्ठा किया। इस दौरान विधायक सुरेंद्र सिंह मेरी माटी मेरा देश का घड़ा लेकर लोगों से मिट्टी लिया और लोगों को सरकार के उद्देश्यों के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर पूर्व उप प्रमुख जितेंद्र सिंह झिनकू, प्रतिनिधि अजय सिंह खर्चू, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, मण्डल अध्यक्ष राजकेसर पाल, राजीव सिंह दादा, संजय पाठक, कपिलदेव सिंह, डीके सिंह, अभिषेक सिंह मोनू, श्यामबाबू यादव, हीरालाल यादव, दीपक सिंह, सत्यप्रकाश पांडे, मंगला यादव मौजूद रहे।

# हार के लिए दारा सिंह जिम्मेदार: संजय निषाद

- पत्रकारों से बातचीत में योगी के कैबिनेट मंत्री ने दारा सिंह की हार का बताया कारण

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने शुक्रवार को प्रयागराज के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि घोसी उपचुनाव में भाजपा की हार के लिए दारा सिंह खुद जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, यह उप चुनाव था और कोई भी उप चुनाव प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री के नाम पर नहीं बल्कि खुद प्रत्याशी के चेहरे पर होता है। उनका कहने का आशय साफ था कि घोसी की जनता ने दारा सिंह को पसंद नहीं किया और उन्हें वोट नहीं किया। संजय निषाद ने कहा, इस हार की समीक्षा भी की जाएगी। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद ने कहा है कि घोषी में जनता ने जो जनादेश दिया या है उसे निश्चित तौर पर स्वीकार करना पड़ेगा। संजय निषाद ने कहा कि घोसी में 43 गांवों में भाजपा को जिताने की जिम्मेदारी हमारी थी जहां मछुआरा समाज रहता है। हमने 40 गांव में जीत दर्ज कराई है और 80 प्रतिशत वोट भाजपा को मिले हैं, बाकी तीन गांव में हम हारे हैं वह भी अपने ही पार्टी के नेता की वजह से। जो हमारे समाज के बीच में जाकर हमारी ही बुराई कर रहे थे। उन्होंने कहा, मछुआरा समाज ने जमकर भाजपा को वोट किया है। उन्होंने कहा, कि मैं इसलिए बदनाम हूं कि मैं सिर्फ एक समाज का नेतृत्व करता हूं।

वहीं विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया बनने के बाद पहली बार हुए पहले मुकाबले में एनडीए को मिली हार के जवाब में कहा है कि इसका 2024 के लोकसभा चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा है कि केंद्र का चुनाव राष्ट्रवाद और देश के विकास के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए में शामिल 39 दल पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा है कि भारत को फिर से विश्व गुरु बनाना है और अर्थव्यवस्था में तीसरे पायदान पर पहुंचना है। डॉ संजय निषाद ने दावा किया है कि 2024 में एनडीए 330 से ज्यादा सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर से सरकार बनाएगी।

# अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने अभियोजन कार्यों की समीक्षा करते हुए अभियोजकगणों को निर्देश दिए कि विमुक्ति आख्या के दोषी को जिम्मेदार मानते हुए जेडी/डीजीसी विमुक्ति आख्या में स्पष्ट उल्लेख करे। गुंडा एक्ट के वाद सयुंक्त निदेशक अभियोजन के माध्यम से न्यायालय भेजा जाएं। आवश्यक वस्तु अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट एवं गबन के मामलों में अधिक से अधिक रूचि लेकर सजा दिलाए।

उन्होंने निर्देश दिया कि गैंगस्टर अधिनियम के मुकदमों में तथा एनडीपीएस के मुकदमा के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराधों से संबंधित वादो में शीघ्रता लाते हुए, गवाहों को बुलाकर न्यायालय में वादों को तय कराकर अभियुक्तों को अधिकतम सजा दिलाई जाए।

उन्होंने महिला अपराधों एवं जनपद के चिन्हित माफियाओं के प्रकरण में पैरवी कर कठोर से कठोर सजा दिलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियोजकों को निर्देश दिए कि कार्यों में प्रगति लाए और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व गणेश प्रसाद, क्षेत्राधिकारी दिनेश सिंह, संयुक्त निदेशक अभियोजन, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित अन्य अभियोजक गण एवं शासकीय अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**जौनपुर (सरायख्वाजा)।** पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने सघन चेकिंग के दौरान सतीश पुत्र राजपत निवासी रुकुनपुर खानपट्टी थाना सरायख्वाजा को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार तस्दीक करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त मोटरसाइकिल चोरी की है जिसके बाबत मुकदमा धारा 379 भादंवि थाना कोतवाली जनपद आजमगढ में पंजीकृत है। उक्त के सम्बन्ध में फर्द तैयार कर धारा-41/411 भादंवि के तहत सतीश को चालान न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गिरीश मिश्र के अलावा का0 विपिन यादव, का0 कृष्ण कुमार एवं का0 रविशंकर शाह शामिल रहे।

# मंदिर के जीर्णोद्धार व पुनर्निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

- चेयरमैन ने हाई मास्क लाइट, इंटरलॉकिंग व हैंडपंप समरसेबल लगाने की घोषणा

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** कस्बे के गुड़हाई मोहल्ले मलियाका गोणा स्थित ऐतिहासिक शक्तिपीठ मां काली चौरा मंदिर के जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण के लिए भूमि पूजन पालिकाध्यक्ष कपिल मुनि गुप्त ने द्वारा संपन्न हुआ। इस दौरान मां के भक्तों के जयकारा से समूचा वातावरण धार्मिक हो उठा।

शुक्रवार को क्षेत्र के विद्वान पंडित सिद्धार्थ त्रिपाठी ने वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच पूजन कराया। इस दौरान मोहल्लावासियों की भीड़ लगी रही। बताते चले कि मां काली चौरा मंदिर के नाम से प्रसिद्ध उक्त मंदिर अत्यंत प्राचीन हैं। मंदिर की महिमा से पूरे क्षेत्र में प्रचलित हुआ। चेयरमैन कपिल मुनि गुप्त ने मंदिर के जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण के लिए भूमि पूजन करने के दौरान कहां कि नगर के लोगों के जनसहयोग से मंदिर का पुनर्निर्माण बहुत ही सराहनीय कार्य है। मन्दिर निर्माण में धन की कमी नहीं होने देंगे।

उन्होंने एक सप्ताह के भीतर मंदिर परिसर की इंटरलॉकिंग, हाई मास्क लाइट व समरसेबल संयुक्त हैंडपंप लगाने की घोषणा की। व्यापारी शिव प्रसाद गुप्ता (बबलू) के देखरेख में मंदिर का पुनर्निर्माण का किया जा रहा है।

इस दौरान उन्होंने बताया कि मंदिर पुनर्निर्माण का नक्शा बन तैयार कर लिया गया है। करीब पच्चीस लाख रुपए की लागत से मंदिर का निर्माण होगा।इस मौके पर सभासद अनिल कुमार भूरे, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा,महेश नारायण,अरविंद भोजवाल, माली बाबा, राकेश माली, केशव लाल, बजरंग लाल व शिव प्रसाद गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# घोसी उपचुनाव में जीत पर सपाइयों ने मनाया जश्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल विधायक लकी यादव के नेतृत्व घोसी उपचुनाव में जीत के खुसी मे कार्यकर्ता के साथ एक दुसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया कहा कि घोसी उपचुनाव की जीत एक संन्देश दिया की जनता अब जाग गयीं अब झूठ बोलने वालों को सबक सिखाने का काम करेगा घोसी मे ऐतिहासिक वोटों से जनता ने चुनाव जिता कर दिखा दिया कि इंडिया गठबंधन ऐतिहासिक जीत का शुरुआत हुआ है अब जनता 2024 के चुनाव का इंतजार कर रही हैं भाजपा सरकार से जनता जल्द से जल्द झुटकारा पाना चाहतीं है अभी ये सुरुवात है आगे भाजपा गठबंधन साफ है मुख्य रूप से डां जितेंद्र यादव,राजेन्द्र टाइगर, राहुल त्रिपाठी, अखण्ड प्रताप यादव, रामधारी पाल, सोचनराम विश्कर्मा, विवेक यादव,अनुपमा पटेल, आरबी यादव, अनील दूबे, नितिन सैफई, अशोक नायक आशीष यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मचारी की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर रखने का आरोप

- केस नही दर्ज करने पर हाईवे पर किया चक्का



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** घूरपुर के गौहनिया बाजार निवासी सफाई कर्मचारी की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर रखने का आरोप लगाते हुए परिजनों समेत बाजार के लोगों ने जमकर बवाल किया। नामजद तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज नहीं की। पीएम से शव आने के बाद परिजनों ने पहले अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और केस दर्ज करने की मांग को लेकर घंटो अड़े रहे। उसके बावजूद भी पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ केस नही दर्ज किया तो लोगों का सब्र का बांध टूट गया और पुलिस के खिलाफ मिलीभगत का आरोप लगाते हुए गौहनिया ओवर ब्रिज के पास हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। जिससे पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक घूरपुर के गौहनिया बाजार निवासी ज्ञानेन्द्रे सिंह पटेल,( 32 )पुत्र त्रिभुवन सिंह पटेल 6भाईयो में सबसे छोटा था। और जसरा बिकास खंड के खूजी गांव में सफाई कर्मचारी के रुप में तैनाती थी। बताया जाता है कि तीन दिन से कर्मी अपने घर नहीं आया था। शुक्रवार की सुबह घूरपुर के मुंबई रेल मार्ग के रेलवे ट्रैक के बीच में पड़े शव को लोगो ने देखा तो हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई तो ज्ञानेंद्र सिंह पटेल के रूप में पहचान हो गई। सूचना पर परिजन भी रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस भी पहुंची। और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रेन से टकराने को लेकर मौत की बात कही। तो परिजनो ने हत्या कर शव को रखने की बात कह पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हंगामा कर दिया। और पक्ष रखा कि शव के सिर के मत्थे पर ही चोट के निशान हैं और शरीर के अन्य किसी भी स्थान पर चोट के निशान नहीं है। यदि ट्रेन से टक्कर होती तो शव क्षत विक्षत हो गया होता। जबकि शव के साथ ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसी बीच कुछ लोगों ने परिजनो को बताया की घटना स्थल के समीप गांव के एक व्यक्ति के यहा गुरुवार की शाम कर्मी को देखा गया था। वहा पर अक्सर उसके साथ पार्टी होती थी और अक्सर आया जाया करता था। इसी बात को लेकर कुछ दिन पूर्व कर्मी के भाईयो ने उक्त व्यक्ति के यहा पर आकर अपने कर्मी भाई को मारा पीटा भी था। बावजूद कर्मी का आना जाना नही रुका और शुक्रवार की सुबह उसी के गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर कर्मी का शव मिला। पीएम हाउस से शव घर आने के बाद केस दर्ज करने के बाद ही अंतिम संस्कार करने पर परिजन दो घंटे अड़े रहे उसके बावजूद पुलिस ने केस नही दर्ज किया तो आक्रोशित परिजनों ने भारी संख्या में भीड़ के साथ गौहनिया हाईवे पर शव को रखकर चक्का जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। चक्का जाम की वजह से दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई।

## संक्षिप्त समाचार

### एशियाई बॉडीबिल्डिंग से लौटी अनुष्का गोस्वामी का हुआ जोरदार स्वागत



**प्रयागराज।** एशियन बॉडीबिल्डिंग से प्रतिभाग कर 5वा स्थान हासिल कर और वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग क्वालीफाई कर लौटी अनुष्का गोस्वामी का जोरदार स्वागत प्रयाग जंक्शन पर उनके परिजनों, दोस्तो और प्रसंशको द्वारा किया गया। इस अवसर पर मां गीता गोस्वामी, जीजा, बहन, नेहा खरे, पूनम गुप्ता, उनके दोस्त परिचित और प्रसंशक मौजूद रहे। आपको बताते चलें कि शहर की महिला बॉडीबिल्डर अनुष्का गोस्वामी ने नेपाल में आयोजित हुई 54 वे एशियाई महिला बॉडीबिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्टस प्रतियोगिता के कड़ी टक्कर में पांचवा स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही उन्होंने 30 अक्टूबर से 6 नवंबर तक साउथ कोरिया की राजधानी सियोल में आयोजित होने वाली वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है ऐसा करने वाली वह उत्तर प्रदेश की पहली महिला बॉडीबिल्डर बन गई है। जिससे पूरे शहर में उनके प्रसंशको के बीच खुशी की लहर है। उन्होंने इस कामयाबी का श्रेय माता-पिता, कोच और दोस्तों को दिया। अनुष्का की कामयाबी पर सभी बहुत खुश है।

### मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में बड़ी ही धूमधाम से मनायी गयी कृष्ण जयंती



**प्रयागराज।** मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल नैनी में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गयी , बच्चों ने मनोरम झांकिया बनायी और अपने मनोरम कार्यक्रम से सबका मन मोह लिया, विद्यालय प्रबंधक एस.के. मिश्रा ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बच्चों ने श्री कृष्ण और राधा के रूप में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी । जिसमें भगवान कृष्ण के जीवन और शिक्षाओं से संबंधित पारंपरिक नृत्य और गीत शामिल थे। जूनियर वर्ग के छात्रों ने वासुदेव के श्री कृष्ण को गोकुल ले जाने के दृश्य को दर्शाया । कक्षा एक के बच्चों ने माखन चुराते हुए श्री कृष्ण की बाल रूप की झांकी प्रस्तुत की। इस अवसर पर मटका और बांसुरी सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को प्रधानाचार्या स्नेहलता पांडे जी ने पुरस्कृत करते हुए अपने भाषण में कहा कि नृत्य नाटिका के माध्यम से आज बच्चों ने धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है । धर्म का मार्ग ही हमें सत्य की ओर ले जाता है और हमें पथभ्रष्ट नहीं होने देता।

### योग एवं संतुलित जीवन पर हुआ ऑनलाइन व्याख्यान



**प्रयागराज।** सीएमपी महाविद्यालय के अनुशासनाधिकारी कार्यालय की ओर से बुधवार को छात्रों के लिए ÷योग तथा संतुलित जीवन÷ विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमपी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अजय प्रकाश खरे ने की। अतिथियों का स्वागत करते हुए मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ अर्चना त्रिपाठी ने कहा की शरीर, मन और बुद्धि के समन्वय के लिए योग से अच्छा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने भागवत गीता का उदाहरण देते हुए कहा की कुशलता पूर्वक कार्य करना ही योग है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आकाश जायसवाल, राज्य सचिव विश्व सामवेद परिषद ने कहा की योग संतुलित जीवन के लिए लाभदायक है । उन्होंने पतंजलि के योग सूत्र में वर्णित योग के आठों भागों यम, नियम, आसन, प्राणायाम,प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि का विस्तृत वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रचना श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ नफीस अहमद ने किया। इस अवसर पर अनुशासनाधिकारी मंडल के सभी सदस्य, शिक्षक गण तथा छात्र-छात्राओं ने अधिक संख्या में प्रतिभाग किया।

### धूमधाम से मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**जौनपुर।** पूर्वांचल की आस्था का केन्द्र मां शीतला चौकियां धाम में धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी। महोत्सव को लेकर मन्दिर परिसर क्षेत्र को रंग बिरंगे फूलों, गुब्बारों से आकर्षण रूप से सजाया गया। मन्दिर के बगल में स्थित सत्य नारायण मन्दिर में भजन संध्या कीर्तन करते हुए लोग नज़र आए। इस महोत्सव पर दूर–दूर से दर्शन पूजन करने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दर्शनार्थी बारी–बारी से दर्शन पूजन करते हुए नजर आये। वहीं मन्दिर परिसर क्षेत्र में स्थित मां काली एवं हनुमान मंदिर को आकर्षण रूप से सजाया गया। जन्मोत्सव के बाद भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर तमाम लोगों की उपस्थिति रही।

### क्रिकेट अंपायर के मां के निधन पर एसीए ने जताया शोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की शोक सभा निदेशक एसडी कौटिल्य की अध्यक्षता में एसीए जोनल कार्यालय में हुई। सभा में इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ क्रिकेट अंपायर अजय सिंह की माता विजय लक्ष्मी सिंह ( 73 वर्ष ) के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोक सभा में डा. सुरेश द्विवेदी, आरपी भटनागर, यासिर हसन, डॉ. जूली ओझा, नारायणजी गोपाल, अनुराग श्रीवास्तव, एलबी काला, सोमेश्वर पांडेय, शिशिर मेहरोत्रा, राजीव मोहन, श्रीश श्रीवास्तव, ख़ुर्शीद अहमद, अंकित पांडेय एवं प्रितेश सोनकर उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ पार्षद स्वर्गीय दिलीप जायसवाल जी की 13 वीं पुण्यतिथि आज

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर की तत्वाधान में 9 सितंबर को शाम 4:00 बजे हलवाई धर्मशाला कीडगंज में पूर्व पार्षद एवं पूर्व नेता मिनी सदन नगर निगम प्रयागराज स्वर्गीय दिलीप जायसवाल जी के 13 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने जानकारी दिया कि इस अवसर पर हमारा उत्तर प्रदेश तब और अब नाट्यमंचन एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की संयोजिका वरिष्ठ पार्षद श्रीमती दिलीप किरन जायसवाल होगी और और अध्यक्षता महापौर गणेश केसरवानी के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि सांसद रीता बहुगुणा जोशी, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, विधायक रमेश जायसवाल, भाजपा पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव एवं नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग होंगे।

### मुबारकपुर में पुराने टेंडर के निर्माण कार्य चालू

**मुबारकपुर आजमगढ़।** नपा द्वारा वृहस्पतिवार को भी वार्ड नम्बर 1 में 15 वें वित्तीय वर्ष से हुए पुराने टेंडर के निर्माण कार्य चालू करा दिया गया जिससे संबन्धित वार्डवासियों में ख़ुशी साफ देखने को मिल रही है।

बतादें कि नपाध्यक्ष डाक्टर सबा शमीम सहित सभासदों और नपा ईओ प्रतिभा सिंह के बीच निर्माण कार्य में अनियमितता और भ्रष्टाचार को लेकर विवाद लम्बे समय से चल रहा है जिसको लेकर सभासद ईओ के खिलाफ लामबंद हो गए और एक दुसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए उच्चधिकारियों से प्रार्थना पत्र के माध्यम शिकायत की जा चुकी है। जिसके चलते नगर का विकास कार्य ठप पड़ गया था।

# बंदी ने कोर्ट परिसर में ब्लेड से खुद के गले पर किया वार

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिला कारागार से पेशी पर आए एक बंदी ने कोर्ट परिसर में ब्लेड से खुद के गले पर वार कर लिया। घटना से कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। लहूलुहान हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लखनऊ जिले के ठाकुरगंज थाना अंतर्गत हबीबपुर कला पहाड़ निवासी नईम अंसारी (30) को जीयनपुर कोतवाली पुलिस ने 27 अगस्त को पॉक्सो एक्ट में लखनऊ से ही गिरफ्तार किया था। आजमगढ़ लाकर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शुक्रवार को वह जेल से न्यायालय पेशी पर लाया गया था। इसी दौरान न्यायालय लॉकअप में न जाने कहां से वह ब्लेड पा गया और अपने गर्दन पर वार कर लिया। बंदी के लहूलुहान होते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन पुलिसकर्मी उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। उपचार के बाद नईम ने बताया कि उसे जीयनपुर कोतवाली पुलिस ने फर्जी मामले में गिरफ्तार किया है। जिसके चलते ही उसने इस घटना को अंजाम दिया है। आजमगढ़ एसपी अनुराग आर्य ने कहा कि पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार एक बंदी ने पेशी पर आने के दौरान न्यायालय परिसर में ब्लेड से खुद के गर्दन पर वार किया।

# खौलते तेल की कढ़ाई में गिरे पांच लोग

**अतरौलिया आजमगढ़।** अतरौलिया बाजार में गुरूवार की शाम करीब 5 बजे चेहल्लुम का जुलूस ताजिया के साथ निकला गया। जुलूस अपने निर्धारित रास्ते के अनुसार बरनचौक, राम-जानकी मन्दिर , दुर्गा मंदिर होते हुए थाना स्थित कर्बला की तरफ जा रहा था।रास्ते में प्राथमिक विद्यालय द्वितीय स्थित मैदान में पहुंचकर खेल प्रदर्शन के लिए रोका गया ।जहां पर भीड़ अत्यधिक होने से धक्का मुक्की के कारण सड़क के किनारे लगे जलेबी की दुकान में खौलते तेल में लोग भर भराकर गिर पड़े। इस घटना में पांच लोग झुलस गए। झुलसे शमशाद पुत्र मुनीर निवासी



कोयलसा, शाहबाज पुत्र मुस्ताक कस्बा अतरौलिया, राजेंद्र निषाद पुत्र सागर कस्बा अतरौलिया, साबिर पुत्र नूर मोहम्मद अतरौलिया, पिंटू निषाद पुत्र अरविंद अतरौलिया शामिल हैं। इन लोगों को इलाज के लिए जुलूस की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी आनन-फानन में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र अतरौलिया में भर्ती कराया, जहां इनका उपचार हो रहा है दो घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

# बुनकर विपणन केंद्र का डीएम ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** बुनकरों के कारोबार को विकसित करने के लिए स्थापित बुनकर विपणन केंद्र पर बुधवार को जनपद के जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज पहुँचे। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने बुनकरों के कारोबार के लिए स्थापित बुनकर विपणन केंद्र का फीता काटकर उदघाटन किया और विपणन केंद्र में बनी दुकानों का जायज़ा लिया। निरीक्षण करने के साथ ही बुनकरों द्वारा तैयार की गयी रेशमी सड़ियों को देखा। उन्होंने रेशमी साड़ियों की कलाओं को सराहा। विपणन केंद्र के परिचलन में आने वाली समस्याओं के संबंध में निदेशक हथकरघा वस्त्र परिक्षेत्र मऊ के अधिकारियों से जानकारी ली। कहा कि मुबारकपुर क्षेत्र जोकि रेशमी सड़ियों के उद्द्योग के लिए विश्वप्रसिद्ध है और यह उद्द्योग जनपद का ओडीओपी भी है जिसका संचालन 2019 में आरम्भ किया गया था किन्तु कोविड के चलते बंद हो गया था जिसके चलते यहाँ के बुनकरों कारीगरों और भाई बंधुओं को रेशमी सिल्क साड़ियों के मार्केटिंग में दिक्क़त आ रही थी बुनकरों की समायाओं के निस्तारण के लिए आज पुनः विपणन केंद्र को चालू किया गया है। अब यह विपणन केंद्र में सप्ताहित हॉट के लिए प्रत्येक मंगलवार को खुला रहेगा लगेगा। अगले माह यहां पर हमलोग बायर सेलर बीट भी करेंगे और यहाँ के बुनकर संबंधों समन्वय स्थापित कर रेशमी सड़ियों के उत्पाद को आन लाइन मार्केटिंग का रास्ता निकाला जायेगा जिससे इस उद्द्योग को एक अच्छा बाजार मिले सुनिश्चित किया जायेगा। बुनकर नेता इफ़्तेख़ार अहमद मुनीम, महमूद आलम काटरवी ने पावरलूम से जुड़ी बिजली बिलोंग की समस्याएँ भी रखीं जिसपर विद्दूत विभाग के लोगों से बुनकरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने को कहा। बुधवार को विपणन केंद्र पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के पहुंचने पर बुनकरों के चेहरे पर एक बार पुनः उम्मीद की किरण जगी है। बुनकरों के दिन बहुरने वाले हैं इसी आस में बुधवार को दर्जन भर बुनकर नेता तथा सैकड़ों बुनकर विपणन केंद्र पहुंचकर जिलाधिकारी के व्यक्तब को सूना। इस अवसर पर एसडीएम सदर ज्ञान चंद गुप्ता, एसडीओ विद्दूत, नपा ईओ प्रतिभा सिंह, अपर निदेशक हथकरघा वस्त्र उद्द्योग परिक्षेत्र मऊ अरविन्द कुमार सिंह, बुनकर नेता इफ़्तेख़ार अहमद मुनीम, हाजी इफ़्तेख़ार, हाजी मंसूर,हाजी सलीम,हाजी गुलाम सरवर आदि उपस्थित रहे।

# सीपीएस शेपर्स लिमिटेड (डर्मावियर) लिस्टिंग के दिन 155.41 प्रतिशत का उछाल

**मेरठ।** सीपीएस शेपर्स लिमिटेड को परिधान बाजार में लोकप्रिय ब्रांड डर्मावियर के रूप में जाना जाता है, जिसका आदर्श वाक्य शेप अप विद कॉन्फिडेंस है और यह पुरुषों और



महिलाओं के लिए वी-शेपर, साड़ी शेपवियर, ऐक्टिव पैंट, शेपएक्स डेनिम समेत अन्य शेपवियर का निर्माण करता है। कंपनी का आईपीओ 29 अगस्त 2023 को खुला और 31 अघस्त 2023 को बंद हुआ। इसके बाद यह एनएसई के एसएमई प्लैटफॉर्म, यानी ÷एनएसई इमर्ज÷ पर 143.24 प्रतिशत के प्रीमियम पर सूचीबद्ध हुआ। 11.10 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 185 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर जारी किया गया था। इस निर्गम को सभी श्रेणियों के निवेशकों का जबरदस्त समर्थन मिला, जिसके कारण इसे 249.60 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब किया गया और और सभी श्रेणी के निवेशकों के भारी समर्थन के बदौलत इसे 249.60 गुना से अधिक सब्सक्राइब किया गया जिससे 2,600 करोड़ से अधिक की मांग पैदा हुई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बोलते हुए सीपीएस शेपर्स लिमिटेड के प्रमोटर, चेयरमैन और एमडी, अभिषेक कमल कुमार ने कहा, ÷मैं इस शानदार प्रतिक्रिया को लेकर खुश हूँ और हम निश्चित रूप से कंपनी में नए शेयरधारकों के विश्वास पर खरा उतरने की दिशा में काम करेंगे। मेरे अपने परिवार के समर्थन और बलिदान के अलावा, कंपनी में 300 से अधिक लोगों की टीम लगातार प्रयास कर रही है। मैं अपनी सफलता का श्रेय उन्हीं को देता हूँ।÷कंपनी की सफल लिस्टिंग पर टिप्पणी करते हुए श्रेणी शेयर्स लिमिटेड के निदेशक और सीईओ, पार्थ शाह ने कहा, ÷श्रेणी शेयर्स लिमिटेड को शेपवियर्स में प्रथम एसएमई आईपीओ में से एक का हिस्सा बनने और बाजार में एक नया क्षेत्र लाने पर गर्व है। सीपीएस के सफल आईपीओ और लिस्टिंग से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि एक प्रमाणित व्यवसाय मॉडल के साथ गुणवत्ता वाली कंपनियाँ बाजार पूंजीकरण के बावजूद निवेशकों की दिलचस्पी प्राप्त करने में सक्षम होंगी। हम जल्द ही एसएमई में और अधिक अद्वितीय बिजनेस मॉडल सूचीबद्ध करने का प्रयास करेंगे।

## कोटद्वार (उत्तराखंड) में विधायक निधि योजना के तहत लगाए गए केएसबी सबमर्सिबल पंप सेट

**कोटद्वार।** वाटर पंप के अग्रणी निर्माता केएसबी लिमिटेड ने कोटद्वार (उत्तराखंड) में विधायक निधि योजना के तहत अपने सबमर्सिबल पंप सेट स्थापित किए। हाल ही में कोटद्वार की विधायक श्रीमती रितु खंडूरी



भूषण ने माना कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए पेयजल आपूर्ति एक बड़ी समस्या है। जल आपूर्ति के मुद्दे के लिए उन्होंने उत्तराखंड जल संस्थान से संपर्क किया और पाया कि बोरवेल पंपों में नियमित मरम्मत, रखरखाव संबंधी समस्याएं हैं और ज्यादातर खराब स्थिति में हैं, जिससे जल आपूर्ति में समस्या उत्पन्न हो रही है। कोटद्वार के शहरी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में निरबाधित रूप से जल आपूर्ति करने के उद्देश्य से, उन्होंने उत्तराखंड जल संस्थान के साथ विधायक निधि -2022-23 का उपयोग कर ख़राब पंप सेटों को उच्च गुणवंता और कम बिजली खपत वाले केएसबी सबमर्सिबल पंप सेट से बदलने का निर्णय लिया, जो कि केएसबी के अधिकृत डीलर - सुप्रा इलेक्ट्रिकल्स, देहरादून के द्वारा सप्लाई किए गए । इस बारे में केएसबी लिमिटेड के सेल्स मार्केटिंग वाईस प्रेसिडेंट श्री फारूख भथेना ने कहा, ÷केएसबी लिमिटेड पूरे भारत में जन समुदायों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए इनोवेटिव और एनेर्जी सेविंग वाटर सोल्यूशन देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम इस प्रोजेक्ट में श्रीमती रितु खंडूरी भूषण के विज़न और नेतृत्व की सराहना करते हैं। हमें विश्वास है कि केएसबी सबमर्सिबल पंपसेट कोटद्वार के लोगों के लिए विश्वसनीय और सस्टेनेबल वाटर सप्लाई करने में सफल हो पाएगी।

# 14,47,800 INR में एमजी एस्टर 'ब्लैकस्टॉर्म' लिमिटेड एडिशन के साथ त्योहारों को बनाएं खास

**गुरुग्राम।** 100 सालों की विरासत के साथ ब्रिटिश ऑटोमोबाईल ब्रांड, एमजी मोटर इंडिया ने आज भारत में अपनी श्रेणी की सबसे आधुनिक एसयूवी, एमजी एस्टर का ब्लैक स्टॉर्म एडिशन लॉन्च किया। ब्लैकस्टॉर्म एडिशन के साथ एमजी इंडिया इन त्योहारों पर ग्राहकों को लोकप्रिय एमजी एस्टर श्रृंखला में एक और स्टाईलिश विकल्प पेश कर रहा है। यह बोल्ड, सॉफिस्टिकेटेड एवं स्टाईलिश एसयूवी पसंद करने वाले ग्राहकों को बहुत ही आकर्षक अपील प्रदान करता है। एस्टर ब्लैकस्टॉर्म लिमिटेड एडिशन में पैनोरैमिक स्काईरूफ, ऑल-ब्लैक हनीकॉम्ब ग्रिल, रेड फ्रंट ब्लैक कैलिपर्स के साथ ब्लैक अलॉय व्हील्स, ब्लैक फिनिश हेडलैंप, ग्लॉसी ब्लैक डोर गारनिश एवं ब्लैक फिनिश रूफ रेल्स हैं, जो एस्टर ब्लैक स्टॉर्म का लुक और ज्यादा आकर्षक बना देते हैं। इस एसयूवी के फ्रंट फेंडर्स पर दोनों तरफ 'ब्लैकस्टॉर्म' के प्रतीकचिन्ह हैं। इस मॉडल के इंटीरियर में रेड स्टिचिंग के साथ टक्सेडो ब्लैक अपहोल्स्टरी,



सैंग्रिया रेड थीम के एसी वेंट, एवं रेड स्टिचेस के साथ ऑल-ब्लैक फ्लोर कंसोल, ऑल-ब्लैक स्टीयरिंग व्हील एवं डोर हैं, जिनसे इसकी एस्थेटिक अपील बढ़ जाती है। एस्टर ब्लैकस्टॉर्म जेबीएल स्पीकर के साथ भी आती है, जो ग्राहक पूरे भारत में सभी अधिकृत एमजी डीलरशिप्स से इसमें लगवा सकते हैं। इस लॉन्च के बारे में गौरव गुप्ता, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, एमजी मोटर इंडिया ने कहा, ''इस समय पूरा देश आगामी त्योहारों की तैयारी में लगा है, इसलिए एमजी मोटर इंडिया में हम एस्टर के लेटेस्ट लिमिटेड एडिशन - ब्लैकस्टॉर्म के साथ उन्हें एक्स्ट्रा स्पेशल अहसास देना चाहते हैं।

### मीडिया एक्सपो 2023 में मीडिया की रचनात्मक खोज को आराम दे

**लखनऊ** दो दशकों से अधिक की सफल विरासत द्वारा समर्थित, मीडिया एक्सपो 2023 विचारशील रचनात्मक अवधारणाओं का समर्थन करने के लिए समाधान प्रदर्शित करेगा। 14 से 16 सितंबर 2023 तक इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले 10,000 वर्ग मीटर के शो फ्लोर में 150+ प्रदर्शक 200 ब्रांडों के 500 उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे जो उद्योग में महत्व प्राप्त कर रहे हैं।मीडिया एक्सपो 2023 का आगामी 51 वां संस्करण प्रिंटिंग, उपभोग्य सामग्रियों और मीडिया, फैब्रिकेशन टेक्नोलॉजी, साइनेज और साइन सिस्टम, रिटेल और ओओएच और अन्य क्षेत्रों से 150+ प्रदर्शकों को एक साथ लाएगा।

## लखनऊ में अपने तीसरे स्टोर के भव्य शुभारंभ के साथ अपनी खुदरा उपस्थिति को मजबूत करते हुए, तस्वा ने 58वां स्टोर की विशेष उपलब्धि को प्राप्त किया

**लखनऊ ।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड और मशहूर डिजाइनर तरुण ताहिलियानी का भारतीय मेन्सवियर ब्रांड तस्वा, शानदार लखनऊ शहर में अपने तीसरे स्टोर के शुभारंभ की घोषणा




करते हुए खुश है। इस उपलब्धि के साथ, तस्वा ने देश भर में 58वें स्टोर की विशेष उपलब्धि हासिल कर ली है। नया स्टोर, रणनीतिक रूप से लखनऊ के केंद्र और मुख्य शॉपिंग सेंटर हजरतगंज में स्थित है, जो शहर और आसपास के विवेकी ग्राहकों को अपनी सेवा प्रदान करेगा, अपने नए परिप्रेक्ष्य के साथ सावधानी से तैयार की गई शादी और अवसर के परिधानों की एक विस्तृत श्रृंखला को पेश करता है, जो इस शैली के साथ आराम का सहज मिश्रण है। लखनऊ में तस्वा का तीसरा स्टोर ब्रांड के सफ़र में एक विशेष उपलब्धि है, जो इसके विकास,अद्वितीय फैशन और जीवन शैली उत्पादों को वितरित करने की निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर देता है। ब्रांड का नया स्टोर 6000 वर्ग फुट में फैला हुआ है और कुर्ता, बंडी, शेरवानी, बंदगला, अचकन, चूड़ीदार, अलीगढ़ी और साफा, ब्रोच, पॉकेट स्क्वायर, शॉल, स्टोल, मोजरी और अन्य सामान की एक उल्लेखनीय रेंज को प्रस्तुत करता है। स्टोर का शानदार माहौल अत्यद्भुत संग्रह को समृद्ध करता है। तस्वा के जानकार स्टाइलिस्टों की टीम ग्राहकों की अनोखी प्राथमिकताओं को समझने और उन्हें व्यक्तिगत सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। प्रत्येक परिधान तरुण ताहिलियानी की विशिष्ट शैली को दर्शाता है; तस्वा फिट बनाने के लिए बारीकियों के साथ बिना किसी गलती के ध्यान देकर विशेषज्ञ तरीके से तैयार किया गया। तस्वा रेशम, बनारसी ब्रोकेड, मखमल और कपास जैसे कपड़ों का इस्तेमाल करता है, जो भारतीय कपड़ो की समृद्ध धरोहर का उत्सव मनाता है। पारंपरिक कढ़ाई जैसे जरदोज़ी, आरी, चिकनकारी, और गोटा काम को विशाल रूप से संग्रह में प्रयुक्त किया गया है, जो वैश्विक भारतीयों के लिए समकालीन सिल्हूट के साथ भारतीय शिल्प कौशल की सुंदरता को जोड़ता है।

# आइकू ज़ेड7 प्रो सेल के पहले दिन ही अमेज़न पर बना नंबर 1 बेस्ट सेल्लिंग स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आइकू के हाल ही में लॉन्च हुए स्मार्टफोन आइकू ज़ेड7 प्रो को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और अपनी बिक्री के पहले दिन ही स्मार्टफोन इस सेगमेंट में अमेज़न पर सबसे ज्यादा बिकने वाला नंबर 1 स्मार्टफोन बन गया है। इस प्रतिक्रिया पर उत्साह व्यक्त करते हुए आइकू इंडिया के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर निपुन मार्या ने कहा, हम ज़ेड7 प्रो पर अपने ग्राहकों की प्रतिक्रिया देखकर बेहद खुश हैं कि यह बिक्री के पहले दिन अमेज़न पर बेस्टसेलर स्मार्टफोन बन गया है। यह वाकई में हमारे जैनज़ी कंस्यूमर्स को शानदार तकनीक और बढ़िया इनोवेशन देने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। हमारा विश्वास है कि आइकू ज़ेड7 प्रो, जो शानदार डिजाइन के साथ खास उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो परफोर्मेंस पर ध्यान देते हैं, यह निश्चित रूप से हमारे युवा ग्राहकों का दिल जीतेगा और इस केटेगरी का सबसे अच्छा स्मार्टफोन होने का अनुभव प्रदान करेगा। हम अपने कंस्यूमर्स से मिलने वाले सकारात्मक फीडबैक की सराहना करते हैं जो हमें भविष्य में और भी ज्यादा इनोवेटिव प्रोडक्ट और



टेक्नोलॉजी लाने के लिए हमें प्रेरित करते हैं। आइकू ज़ेड7 प्रो एक तफुलीलोडेड फोन है जो मीडियाटेक डाइमेंशन 7200 5त्र मोबाइल प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित है को कि इस सेगमेंट के स्मार्टफोन में अन्य प्रोसेसरों की तुलना में सबसे बढ़िया परफोर्मेंस स्कोर देता है, साथ ही 728K+ का उच्चतम AnTuTu स्कोर प्रदान करता है, जो इसे अपने सेगमेंट से सबसे तेज़ परफ़ॉर्मर में से एक बनाता है। आइकू ज़ेड7 प्रो में 64 मेगापिक्सल औरा लाइट OIS कैमरा दिया गया है इसी के साथ यह इंडस्ट्री का सबसे पतला डिज़ाइन भी है, जिसकी मोटाई 3D कर्व्ड 120H5 AMOLED डिस्प्ले के साथ मात्र 7.36 मिमी है। फ़ोन के पीछे की तरफ एजी ग्लास फिनिश आता है जो डिवाइस को और अधिक सुंदर बनाता है।


यह फोन आउट ऑफ बॉक्स एंड्रॉइड 13 पर आधारित फनटच ओएस 13 पर संचालित होता है। आइकू ज़ेड7 प्रो में एक्सटेंडेड रैम 3.0 भी है जो कि यूज़र्स को देता है अतिरिक्त 8 जीबी वर्चुअल रैम, जिससे कई सारी एप्लीकेशन के बीच आसानी से ट्रांजीशन किया जा सकता है, जो यूज़र्स को एक स्मूथ और सीमलेस यूज़र एक्सपीरियंस देता है, स्मार्टफोन बैकग्राउंड में एक साथ लगभग 27 एक्टिव ऐप्स खोलने की क्षमता रखता है।

### दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश आया कि भोजपुरी गायक खेसारी लाल यादव 30 सितंबर, 2025 तक केवल ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन को गाने बेचेंगे

**कानपुर।** ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन ने उद्योग में हो रही चर्चाओं को देखते हुए अपने अंशधारकों एवं आम जनता को प्रतिष्ठित कलाकार, श्री खेसारी लाल यादव के साथ अपने विशेष गठबंधन के बारे में विस्तार बताया। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की खंडपीठ ने गायक और अभिनेता, खेसारी लाल के खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही में ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के पक्ष में अपना फैसला सुनाया है। न्यायालय ने इस आदेश द्वारा 30 सितंबर, 2025 तक यादव पर अपने नए गानों को बेचने या वितरित करने के लिए ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के अलावा किसी अन्य कंपनी से गठबंधन करने पर रोक लगा दी है। इस आदेश ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि श्री खेसारी लाल द्वारा ग्लोबल म्यूजिक कंपनी के साथ एक्सक्लूसिव व्यवसायिक साझेदारी के अलावा कोई भी अन्य साझेदारी, ख़ासकर अन्य म्यूजिक कंपनियों या वितरकों के साथ, अदालत के आदेश का सीधा उल्लंघन होगी।

ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के फाउंडर एवं सीईओ, श्री राजकुमार सिंह ने कहा, ÷हम दिल्ली उच्च न्यायालय के आभारी हैं, और खेसारी लाल यादव के साथ हमारे गठबंधन के पक्ष में दिये गये उनके फैसले का सम्मान करते हैं। वो हमारे रोस्टर में एक मुख्य कलाकार हैं, और हम अपने समझौते के पूरे होने की अवधि तक इस एक्सक्लूसिव गठबंधन को बनाए रखने के लिए तत्पर हैं। ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन सदैव से संगीत क्षेत्र के दिग्गजों को अपने साथ शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। अपने मुख्य सिद्धांतों का पालन करते हुए हम अपने दर्शकों को बेहतरीन संगीत पेश करते रहेंगे, और पूरी दुनिया में संगीतप्रेमियों के लिए उच्च गुणवत्ता का संगीत बनाते रहेंगे। हम अन्य संगीत कंपनियों, प्रोडक्शन हाउस, इवेंट आयोजकों और वितरकों सहित सभी औद्योगिक अंशधारकों से आग्रह करते हैं कि वो न्यायालय के इस आदेश का पालन करें।


# टॉपरैंकर्स के छात्रों ने ऐतिहासिक परिणामों के साथ यूपीपीसीएस-जे परीक्षा में हासिल की शानदार जीत




**नई दिल्ली।** भारत का प्रमुख डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म टॉपरैंकर्स प्रतिष्ठित यूपीपीसीएस-जे परीक्षा में शानदार परिणामों के साथ अपनी उत्कृष्टता को मजबूत बनाना जारी रखे हुए है। अपने ज्युडिशियरी गोल्ड छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की घोषणा करते हुए प्लेटफॉर्म को बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जहाँ छात्रो ने यूपीपीसीएस-जे (उत्तर प्रदेश ज्युडिशियल सर्विस सिविल जज) 2023 परीक्षा में अच्छे रैंक जैसे 12, 27, 30, 92, 109 और 129 आदि के साथ शानदार सफलता हासिल की है। परीक्षा में टॉप परफोर्मेन्स देने वाले छात्रों में शामिल हैं- अंकित बरनवाल जिन्होंने 12वां रैंक प्राप्त किया; सिद्धान्त सोलंकी जिन्होंने 27वां रैंक प्राप्त किया; और कशिश अग्रवाल जिन्होंने 30वां रैंक प्राप्त किया। टॉपरैंकर्स द्वारा पेश किया गया ज्युडिशियरी गोल्ड एक प्रमुख प्लेटफॉर्म है जो छात्रों को प्रदेश के ज्युडिशियल परीक्षाओं जैसे मध्य प्रदेश ज्युडिशियल सर्विसेज़, दिल्ली ज्युडिशियल सर्विसेज़, छत्तीसगढ़ ज्युडिशियल सर्विसेज़ आदि के लिए तैयार करता है।

## विंडर्जी इंडियाः पवन ऊर्जा क्षेत्र की प्रगति को समर्पित एक वैश्विक मंच

**नई दिल्ली।** विभिन्न व्यापार मेलों और सम्मेलनों के माध्यम से पवन ऊर्जा क्षेत्र के विकास को समर्पित एक प्रमुख उद्योग मंच विंडर्जी इंडिया





4 से 6 अक्टूबर 2023 तक चेन्नई ट्रेड सेंटर, चेन्नई में एक बड़ी प्रदर्शनी का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें इस क्षेत्र में उपलब्ध अपार संभावनाओं और आकर्षक अवसरों को दिखाया जाएगा। प्रौद्योगिकी और नवाचार की आवश्यकता पर जोर देने के साथ ही, विंडर्जी इंडिया इस क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, प्रौद्योगिकियों और व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए उद्योग जगत के बड़े पदाधिकारियों, नीति निर्माताओं, निवेशकों और नवप्रवर्तकों को एक मंच पर लाएगा। एक बड़े प्रदर्शनी क्षेत्र और एक सम्मेलन के साथ, यह आयोजन स्थायी ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति को आगे बढ़ाने वाले विचारकों और गेम चेंजर्स का एक अद्वितीय जमावड़ा होने वाला है।विभिन्न मूल उपकरण निर्माता (ओईएम), घटक निर्माता, औद्योगिक उपकरण, स्नेहक, गियर बॉक्स और अन्य जैसे सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड, एनविज़न एनर्जी, नॉर्डेक्स, सैनी रिन्यूएबल एनर्जी, सेनवियन, आईनॉक्स विंड, एलएम विंड पावर, एनजीसी ट्रांसमिशन, फ्लेंडर ड्राइव्स, जेडएफ विंड पावर, टीपीआई कंपोजिट्स, हाइन हाइड्रोलिक्स, एमटीएंडटी ग्रुप , जिंदल स्टील एंड पावर, यूएल सॉल्यूशंस, आदित्य बिड़ला एडवांस्ड मटेरियल, नेक्सएचएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड, एवररेन्यू रिन्यूएबल और कई अन्य विंडर्जी इंडिया 2023 में भाग ले रहे हैं।ऊर्जा मंत्रालय, नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, नीति आयोग और तमिलनाडु सरकार द्वारा अपनी निवेश प्रोत्साहन शाखा, तमिलनाडु गाइडेंस ब्यूरो के माध्यम से निवेश भागीदार के रूप में समर्थित, विंडर्जी इंडिया में सभी पवन उर्जा-समृद्ध राज्यों जैसे कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान का प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। यूके सरकार एक कंट्री पार्टनर के रूप में इस सम्मेलन में शामिल हो रही है, जो अपतटीय पवन ऊर्जा क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनर कंट्री के रूप में डेनमार्क इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए अपने देश के अभूतपूर्व नवाचारों का प्रदर्शन करेगा। ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल इस पहल के साथ नॉलेज पार्टनर के रूप में जुड़ी हुई है। नॉलेज पार्टनर के रूप में इसकी भूमिका इस क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों को नवीनतम तकनीकी प्रगति, बाजार के रुझान, नीति विकास और नियामक ढांचे पर व्यापक और अद्यतन जानकारी प्रदान करने की होगी। व्यापार मेले में जर्मनी, स्पेन, फ्रांस, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, स्वीडन, नॉर्वे, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, ब्राजील और जापान के प्रदर्शक भी शामिल होंगे, जो इस आयोजन में एक वैश्विक परिप्रेक्ष्य जोड़ेंगे। व्यापार मेले के साथ-साथ, ÷पावर ऑफ विंड- 2.0 - इनर्जाइजिंग द फ्यूचर ऑफ इंडिया÷ विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।

## एचडीएफसी बैंक उत्तर प्रदेश में मेगा कार लोन मेला शुरू करेगा

**गोरखपुर।** भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक, एचडीएफसी बैंक, 11 सितंबर, 2023 को उत्तर प्रदेश में एक मेगा कार लोन मेला शुरू करने के लिए तैयार है। राज्य भर में 600 से अधिक बैंक शाखाएं ऋण अभियान में भाग लेंगी। बैंक ने इस अभियान के लिए प्रमुख ऑटोमोबाइल कम्पनी और क्षेत्रीय डीलरशिप के साथ साझेदारी की है। इस पहल मे कार डीलर ग्राहकों को प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के लिए कई स्थानों पर बैंक की शाखाओं में नवीनतम ऑटोमोबाइल मॉडल प्रदर्शित करेंगे। मेले का उद्देश्य ऑटो ऋण की दृश्यता बढ़ाना और लक्षित क्षेत्रों में उन्हें अधिक सुलभ बनाना है। भाग लेने वाली शाखाएँ पूछताछ डेस्क के साथ कारों के चुनिंदा सेट का प्रदर्शन करेंगी। शाखा में आने वाले ग्राहक कारों की जांच कर सकते हैं, ऑटो ऋण विकल्पों के माध्यम से ब्राउज़ कर सकते हैं, और यहां तक कि कार बुक भी कर सकते हैं, जबकि बैंक मौके पर ही ऋण स्वीकृत करने की पेशकश कर सकता है।


# शेयरचैट प्रस्तुत करता है प्तशेयरचैट म्यूजिक कार्निवल




**लखनऊ।** शेयरचैट के म्युजिक कार्निवल में साल के सबसे बड़े जश्न में शामिल होने का वक्त आ गया है! भारत का अग्रणी बहुभाषी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शेयरचैट एक शानदार संगीत महोत्सव#ShareChatMusic Carnival (त्तशेयरचैट म्यूजिक कार्निवल) की तैयारी कर रहा है। इस कार्निवल के दौरान यूजर्स शेयरचैट पर सबसे ज्यादा बोली जाने वालीं दस भाषाओं में संगीत की लोकप्रिय धारा का पुनः आनंद उठाने का मौका पाएंगे। इतना ही नहीं 8 सितंबर से लेकर 15 सितंबर तक चलने वाला यह सप्ताह भर का महोत्सव संगीत और रचनात्मकता को समर्पित है। कार्निवल में ऐप पर शीर्ष की दस भाषाओं - बंगाली, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगू - में चार्ट-टॉपर्स, आइकॉनिक अलबम्स और संगीत की सम्मोहक प्रस्तुतियाँ होंगी। साल के 100 से ज्यादा लोकप्रिय म्युजिक टैग्स की एक अद्भुत श्रृंखला के साथ यूजर्स संगीत में अपनी रुचियों का बेमिसाल आनंदोत्सव मना सकते हैं।

## सिप्ला के बेरोकजिंदगी ने डिजिटल कंटेंट प्लेटफॉर्म, फिल्टरकॉपी के साथ कहानी सुनाने के एक नए युग में कदम रखा

**कानपुर।** सिप्ला लिमिटेड की त्त बेरोकजिंदगी ने भारत की अग्रणी डिजिटल मनोरंजन कंपनियों में से



एक, पॉकेट एसेस के साथ साझेदारी की है ताकि प्लेटफॉर्म के अग्रणी शॉर्ट-फॉर्म कंटेंट चैनल - फिल्टरकॉपी के लिए ढेर सारे स्केच बनाये जा सकें। अनूठी कहानियों को गढ़ने और उसे बढ़ाने में पॉकेट एसेस की सुविज्ञता को निखार कर, सिप्ला को अपने सबसे बड़े जनता और रोगी जागरूकता अभियान के मिशन को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। इससे अस्थमा से जुड़े मिथकों को दूर किया जायेगा, इनहेलर की स्वीकार्यता में वृद्धि होगी और अस्थमा के मरीजों को बेरोक जिंदगी जीने के लिए प्रेरित किया जाएगा।यह साझेदारी फार्मास्यूटिकल कंपनी के वैकल्पिक सामग्री प्रारूप में प्रवेश का प्रतीक है, जो एक महत्वपूर्ण संदेश देने और सूक्ष्मता के साथ मजबूत करने के लिए संबंधित कहानी का उपयोग करती है। इस श्रृंखला का पहला वीडियो फिल्टरकॉपी के यूट्यूब चैनल पर आज प्रीमियर हुआ। वन इंडिया बिजनेस, सिप्ला लिमिटेड के सीईओ अचिन गुप्ता ने कहा, ÷दुनिया भर में अस्थमा से होने वाली मौतों में भारत का योगदान लगभग 42% है।

## डीएसपी म्यूचुअल फंड ने सही मायने में डायवर्सिफिकेशन के लिए लॉन्च किया डीएसपी मल्टी एसेट एलोकेशन फंड

**लखनऊ।** लंबे समय में निवेश से अच्छा रिटर्न पाने के लिए इंवेस्टमेंट को लगातार बनाए रखने की जरूरत होती है. हालांकि, जिस प्रकार अधिकतर निवेशक भावनाओं में आकर फैसले लेते हैं और बाजार के ऊपर पर ज्यादा निवेश करते हैं और मार्केट में गिरावट के समय पैसे की जरूरत नहीं होने पर भी बाजार से बाहर निकल जाते हैं, ऐसे में निवेश को लंबे समय तक बनाए रखना कठिन काम है. टिके रहने के लिए स्ट्रक्चर की जरूरत होती है. एक मजबूत स्ट्रक्चर तैयार करने के लिए कई प्रकार के मटीरियल्स की जरूरत होती है, जिनमें से हर कोई अपनी अच्छी-अच्छी बातें लाता है. इसी तरह, एक उन निवेशकों को अलग-अलग प्रकार के एसेट क्लास की जरूरत पड़ती है, जो मजबूत पोर्टफोलियो बनाना चाहते हैं, ताकि उन्हें बाजार की अनिश्चितताओं के खिलाफ मजबूती से खुद को टिकाए रखने में मदद मिल सके।

## हंगामा के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखिए मंत्रमुग्ध कर देने वाला खज़ाना - ए फेस्टिवल ऑफ ग़ज़ल

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी डिजिटल मनोरंजन कंपनी हंगामा ने देश के सबसे बड़े ग़ज़ल कार्यक्रम ÷खजाना ए फेस्टिवल ऑफ ग़ज़ल÷ की घोषणा की है। इस कार्यक्रम का आयोजन 8 और 9 सितंबर 2023 को होगा। इस



कार्यक्रम के माध्यम से कैंसर पेशेंट्स एड एसोसिएशन और पेरेंट्स एसोसिएशन थैलेसीमिक यूनिट ट्रस्ट की सहायता कर गजल गायक भूपिंदर सिंह को श्रद्धांजली अर्पित की जाएगी। आप इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हंगामा ऐप या हंगामा सोशल मीडिया पेज पर देख सकते हैं। यह कार्यक्रम मुंबई के वर्ली इलाके में नेहरू सेंटर ऑडिटोरियम में होगा, जो देश के जाने-माने गजल उस्तादों की मौजूदगी में होगा। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे शुरू होगा। खजाना के साथ जुड़ाव के बारे में बात करते हुए हंगामा डिजिटल एंटरटेनमेंट के संस्थापक और एमडी नीरज रॉय ने कहा हंगामा डिजिटल का खजाना के साथ जुड़ाव काफी पुराना है। खज़ाना%द्वारा ग़ज़ल को किसी उत्सव की तरह विश्व स्तर पर मनाया जाता है। इस कार्यक्रम की वजह से हम दो अच्छे कार्यों में अपना योगदान दे सकेंगे। इस कार्यक्रम के आयोजन के पीछे एक सामाजिक उद्देश्य है। हम इस कार्यक्रम को बहुत ही भव्य तरीके से कर रहे हैं और दर्शकों के लिए ग़ज़ल के उस्तादों द्वारा प्रस्तुत ग़ज़लों को सुनने का यह एक सुनहरा अवसर है।

# "सबसे अलग और सबसे अनोखे! अमेज़ॅन मिनीटीवी पर हिप हॉप इंडिया के शीर्ष 6 प्रतियोगियों में से एक

**नई दिल्ली।** स्टीव कहते हैं कि रेमो सर और नोरा मैम हमारे लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहे हैं '', क्योंकि उनकी अपनी यात्रा अनूठी रही हैं। अमेज़ॅन मिनीटीवी, अमेज़ॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, ने हाल ही में भारत का पहला हिप हॉप डांस रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया लॉन्च किया। इस शो में देश भर से प्रतिभाशाली डांसर इकट्ठा हुए थे और जज के रूप में प्रसिद्ध नृत्य विशेषज्ञ रेमो डिसूजा और नोरा फतेही थे। इस शो के शीर्ष 6 प्रतियोगियोंमे स्टीव और अशिमत भी थे जिन्होंने शुरुआत से ही ध्यान और प्रशंसा प्राप्त की। एक अनौपचारिक बातचीत के दौरान, स्टीव और अशिमत दोनों ने जजों रेमो डिसूजा और नोरा फतेही की प्रशंसा करते हुए अपनी यात्रा साझा की। 1. आपका यह सफर दूसरों से अलग कैसे बना स्टीव जैसा कि आप सभी जानते हैं, हम शिलांग से हैं। शिलांग से मुंबई तक की यात्रा करना और इतने शानदार मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है। इस स्तर तक पहुंचने में हमें लगभग 6 से 7 साल लग गए, और अतीत में अन्य रियलिटी शो की कोशिश करने के बावजूद, कोई भी हिप हॉप इंडिया




जितना समृद्ध नहीं रहा। यह शो हमारे लिए बहुत महत्व रखता है और हमारे दिलों में हमेशा एक विशेष स्थान रहेगा। अशिमत- शिलांग की सड़कों से लेकर मुंबई जैसे अविश्वसनीय शहर तक हमने जो यात्रा की है, वह चुनौतीपूर्ण रही है, फिर भी हमने हर कदम को संजोकर रखा है। किसी भी रियलिटी शो में शीर्ष 6 में पहुंचने वाली शिलांग की पहली अंडरग्राउंड डांसर बनना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। शिलांग के किसी अन्य व्यक्ति ने वह हासिल नहीं किया है जो हमने किया है, शायद यही बात हमें दूसरों से अलग करती है। हिप हॉप इंडिया पर अपनी यात्रा के बारे में आपका क्या कहना है?

स्टीवः इस शो ने हमें दृढ़ता के महत्व सहित कई मूल्यवान सबक सिखाए हैं। कड़ी मेहनत को प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है, और पिछले अनुभवों से पता चला है कि हमारा समर्पण हमें योग्य पुरस्कार और फलदायी परिणामों तक ले जाएगा। जब उचित समय आएगा, तो आपके मेहनती प्रयासों को अत्यधिक सराहना मिलेगी। अशिमतः शो और नए डांसरों ने हमें बहुमूल्य सीख दी। हमारे रूममेट, दिव्यम और दर्शन, विशेष रूप से प्रभावशाली थे, उन्होंने हमें एक ऐसी नृत्य तकनीक से परिचित कराया जिससे हम अपरिचित थे।

# वियतनाम व श्रीलंका के पर्यटकों से गुलजार हुआ भगवान बुद्ध महापरिनिर्वाण स्थलीय

अवधनामा ब्यूरो


बुद्ध स्थलीय पर वियतनाम व श्रीलंका के पर्यटक

**कुशीनगर।** भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में विदेशी पर्यटकों से गुलजार है। पर्यटकों ने मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर, मांथा कुंवर मंदिर व रामाभार स्तूप का भ्रमण कर ऐतिहासिकता व प्राचीनता की जानकारी ली। पर्यटकों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया और विशेष पूजा की।

वियतनाम का 156 सदस्यीय बौद्ध अनुयायियों का दल चार बसों से कुशीनगर पहुंचा। अनुयायियों ने मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में पहुंचकर शीश नवाकर विशेष पूजा की। भव्य स्तूप की परिक्रमा कर उत्खनित अवशेषों की जानकारी ली। यहां से मांथा कुंवर मंदिर में भू-स्पर्श मुद्रा में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के दर्शन किए। रामाभार स्तूप पर मेडिटेशन किया। इसके बाद श्रीलंका का तीन दल कुशीनगर के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। सूर्योदय से सूर्यास्त तक श्रीलंका का 38, 43 व 41 बौद्ध अनुयायियों का दल मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में छठवीं शताब्दी लेटी भगवान बुद्ध की प्रतिमा का दर्शन किया। दल के लोगों ने मांथा कुंवर मंदिर व रामाभार स्तूप का भी दर्शन किया। ये सभी विदेशी पर्यटकों का दल यहां से वैशाली के लिए रवाना हो गया। श्रीलंकाई पर्यटकों में मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में स्तूप के साथ फोटो खिंचवाने का उत्साह देखा गया। **धूप के चलते छाता लगाकर पहुंची महिला श्रद्धालु:** उमस भरी चिपचिपी गर्मी के बीच श्रीलंका की महिला श्रद्धालु माधवी छाता लगाकर मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर पहुंची। उनके साथ और बौद्ध अनुयाई थे। उन्होंने मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। इनके अलावा भी कई महिला श्रद्धालु जाता व सिर पर बड़ी टोपी लगाकर मंदिर पहुंची।

# दहेज की बलिवेदी चढ़ी नवविवाहिता



- शौचालय में मिला शव, सास, ससुर, पति और देवर पर दहेज हत्या के केस दर्ज

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव में शुक्रवार को सुबह एक नवविवाहिता का शव शौचालय में मिला। बाहर से ताला बंद था। उसके नाक से झाग निकला हुआ था। नवविवाहिता के मौत के बाद ससुरालवाले घर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसे जहर देकर मारने की आशंका है। पुलिस ने ससुरालवालों पर दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सेवरही थाना क्षेत्र के मिश्रौली के निवासी नीरज सिंह की शादी बीते दिसंबर में दनियाड़ी गांव की 20 वर्षीय विभा से हुई थी। घटनास्थल पर पहुंची नवविवाहिता की मां अमलावती देवी का कहना था कि ससुराल के लोग दहेज के लिए उनकी बेटी को प्रताड़ित करते थे। उनकी मांग पूरी न कर पाने की वजह से मेरी बेटी की हत्या कर दी। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर सास, ससुर, पति और देवर के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया है। सेवरही के थानाध्यक्ष हर्षवर्द्धन सिंह ने बताया कि नवविवाहिता की जहर से मौत होना प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ससुरालवाले घर छोड़कर भाग गए हैं। मृतका की मां की तहरीर पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है। घटना शुक्रवार को सुबह करीब आठ बजे की है।

# जेपी इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र आदित्यनाथ शर्मा बने सिविल जज

अवधनामा संवाददाता



- रामकोला विधायक व प्रधानाचार्य ने दी बधाई

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कप्तानगंज स्थित जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज के पूर्व छात्र आदित्यनाथ शर्मा पीसीएस जे की परीक्षा उत्तीर्ण कर सिविल जज के पद पर चयनित हुए हैं। इस उपलब्धि पर जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य और आदित्यनाथ शर्मा को पढ़ाने वाले सभी अध्यापकों ने उन्हें शुभकामनाएं व बधाई भेंट की है।

शुक्रवार को विद्यालय में प्रार्थना सभा के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनय प्रकाश गोंड की उपस्थिति में आदित्यनाथ शर्मा को माला पहनाकर तथा स्मृति स्वरूप मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आदित्यनाथ शर्मा सम्मान पाकर अभिभूत नजर आए। आदित्यनाथ शर्मा के पिता ने बताया कि आदित्य ने जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज कप्तानगंज में कक्षा चार से माध्यमिक तक की पढ़ाई की है। प्रार्थना सभा के अवसर पर आदित्यनाथ शर्मा ने विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कोई भी विद्यार्थी अथवा व्यक्ति पूरे मनोयोग से संपूर्ण परिश्रम एवं कर्मठता से युक्त होकर अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने की कोशिश करता है तो अवश्य सफल होता है लगन और निस्वार्थ कर्म ही सफलता की श्रेष्ठ पूंजी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि आदित्यनाथ शर्मा की उपलब्धि बेमिसाल है अन्य विद्यार्थी आदित्यनाथ शर्मा से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य को पूरा करते हुए अपने सपने को साकार कर सकते हैं। क्षेत्रीय विधायक विनय प्रकाश गोंड ने इस अवसर पर कहा कि आदित्यनाथ शर्मा जैसे होनहार जो साधारण परिवार से होने के बावजूद भी सफलता के परम आसन पर आसीन हो रहे हैं उनका व्यक्तित्व और कृतित्व निसंदेह प्रेरणादाई है। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य विश्वंभर प्रसाद, डॉक्टर चंदन कुमार गोंड, रणजीत सिंह, सगीर अहमद, रान्तिदेव सिंह, जयराज सिंह, मुकेश कुमार, जितेंद्र मिश्र, राजेश गुप्ता, सुरेंद्र गोंड सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# डीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण कमजोर पशुओं को देख जताई नाराजगी


कमजोर पशुओं को देख नाराजगी जाहिर करते डीएम


गौशाला का निरीक्षण कर गुड़, केला और हरा चारा खिलाते डीएम उमेश मिश्र

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जन्माष्टमी पर्व पर पडरौना नगर के पिंजरापोल गौशाला एवं रामकोला स्थित गौ संरक्षण केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने गौमाता की पूजा-अर्चना कर गुड़, केला और हरा चारा खिलाया। वहीं कमजोर पशुओं को देख नाराजगी जाहिर करते हुए ठीक से देखभाल करने का निर्देश दिया।

गौ वंशो का हाल जानने के लिए डीएम श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सर्वप्रथम पिंजरापोल गौशाला पहुंचे। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने गो वंशो की संख्या, पशु आहार, भूसे की पर्याप्त उपलब्धता, हरा चारा की व्यवस्था, पेय जल की उपलब्धता तथा साफ सफाई की व्यवस्था के अलावा पशुओं के चिकित्सा संबंधित सुविधाओं का जायजा लेते हुए पशुओं को बेहतर ढंग से देखभाल करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से पिंजरापोल गौशाला में कुल पशुओं की संख्या, लंपी बीमारी से बचाव के लिए टीकाकृत किए गए पशुओं को संख्या, टीकाकरण के लिए गठित टीम एवं संक्रमित पशुओं की जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दरम्यान पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सात एकड़ में बने पडरौना के पिंजरापोल गौशाला में कुल 590 गोवंश संरक्षित है। इसमें 202 गाय, 19 नदी सांड, 179 बछिया एवं 190 बछड़े हैं।

उन्होंने बताया कि 2500 क्विंटल भूसा गोदाम में संरक्षित है जिसमें से प्रतिदिन 20 क्विंटल भूसा, 5 क्विंटल चोकर, दो ट्राली हरा चारा एवं 20 किलो गुड़ गो वंशों को दिया जाता है। पशु चिकित्साधिकारी ने आगे बताया कि 17 एकड़ में हरे चारे की खेती की गई है। वर्तमान में 36 गोवंश लंपी बीमारी से प्रभावित होकर संक्रमित है, उन्हें गौशाला के फार्म पर आइसोलेट कर उनके लिए अलग से श्रमिको द्वारा उचित खान पान चारे आदि की व्यवस्था कर देखभाल की जा रही है। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी पडरौना को खाली पड़े भूमि की पैमाईश कराकर उपलब्ध भूमि पर नेपियर घास, हरे चारे बोए जाने के लिए निर्देशित किया। डीएम ने पडरौना नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को गौशाला मे फॉगिंग कराने, नियमित रूप से साफ सफाई रखने, पशुओं को उचित मात्रा में भूसा, चोकर ,गुड़ एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

### जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश

जिलाधिकारी ने सीवीओ व उपजिलाधिकारी को ब्लॉक व तहसील स्तर पर टीम गठित कर लंपी बीमारी से बचाव एवं सुरक्षा के उपायों बताने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर बीमारी की रोकथाम करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा जिन ग्राम पंचायतों में लंपी बीमारी अभी नहीं फैली है वहां पर वृहद स्तर पर टीम गठित कर वैक्सीनेशन व टीकाकरण का कार्य तेजी से कराया जाए, ताकि यह रोग फैलने न पाए। डीएम ने किसान एवं पशुपालक से अपील लंपी बीमारी से बचाव के लिए पशुओं के टीकाकरण कराने एव लंबी बीमारी से संक्रमित पशुओं को आइसोलेट कर स्वस्थ्य पशुओं से अलग रखने की अपील की।

### लंपी बीमारी से संक्रमित पशुओं को करे आइसोलेट

डीएम ने लंपी बीमारी से संक्रमित पशुओं को आइसोलेट कर अलग रखने और उनकी खान-पान की उचित व्यवस्था व समुचित चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया कराने के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने सीवीओ रविन्द्र सिंह को गो संरक्षण केंद्र के लिए पशु चिकित्सक को नियमित उपस्थिति होने का निर्देश दिया।

- पडरौना व रामकोला गौशालाओं का निरीक्षण के दौरान पशुओं की बेहतर देखभाल का दिया निर्देश

# सीएम ने मनाया योगेश्वर श्रीकृष्ण का प्राकट्योत्सव

अवधनामा संवाददाता



### राधा-कृष्ण बने बच्चों को मिला सीएम का स्नेह व उपहार

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन कीर्तन के मध्य श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में राधा व कृष्ण बने बच्चों को खूब स्नेह दिया। उनसे खूब हंसी ठिठोली भी की। अपने हाथों से लड्डू खिलाया। खिलौने व चॉकलेट उपहार में दिए। इस दौरान कई मासूमों को अपनी गोद में लेकर वह काफी देर तक खिलाते रहे, प्यार-दुलार करते रहे।

- गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में की पूजा अर्चना, प्राकट्य के बाद बालकृष्ण को पालने में झुलाया

**गोरखपुर।** योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्योत्सव का पावन पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में पारंपरिक श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। मंदिर के इस पारंपरिक एवं उत्सवधर्मी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री गुरुवार रात लखनऊ से यहां पहुंचे।

गोरखपुर आने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ पुलिस लाइन में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह में भी शामिल हुए। गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर सबसे पहले उन्होंने गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेक पुष्पार्चन किया। मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री यहां पहुंचे और सुमधुर भजनों का आनंद उठाते रहे। मध्य रात्रि मंदिर के गर्भगृह में उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विधि विधान से विशिष्ट पूजा अर्चना की। रात 12 बजे प्रभु श्रीकृष्ण के प्राकट्य के उपरांत नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की की मंगल धुन, सोहर गीत और घंट घड़ियाल की ध्वनि के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर उन्हें गोद में लेकर गर्भगृह से बाहर आए। लड्डू गोपाल को पालने में बैठाकर श्रद्धाभाव से उन्हें झूला झुलाया। गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया जाता है। यहां आयोजित समारोह में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे लखनऊ से गोरखपुर पहुंचे। गोरखनाथ मंदिर आगमन के पश्चात वह महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन कार्यक्रम शामिल हुए। यह कार्यक्रम सुपरिचित लोक गायक उत्तर डॉ. राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में शाम से ही शुरू था। राकेश श्रीवास्तव व उनकी टीम के सदस्यों के अलावा सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी झूम झूमकर श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी और अच्युतम केशवम जैसे भक्तिगीत सुनाए। जन्माष्टमी का मुख्य धार्मिक अनुष्ठान मंदिर के गर्भगृह में रात 11:30 बजे से प्रारंभ हुआ और ठीक मध्य रात्रि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोपरांत मंगल गीत व प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, वाराणसी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूरा होने पर कांग्रेसियों ने गुरुवार को वर्षगांठ पूरे उत्साह के साथ मनाई । गुरुवार को राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के एक साल पूरे होने पर अमेठी कांग्रेस ने केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगाठ मनाई।


जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्रीयता धर्म सम्प्रदायिता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुए लोग राजनीति कर रहे हों ऐसे हालातों में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद की किरण लेकर सामने आई है। जब देश चलाने वाले दल सत्ताधीश और हुक्मरान ही आम आदमी की जरूरत शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार को पीछे धकेलकर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हों तब उस समय कांग्रेस जैसी पार्टी का नैतिक और राजनीतिक कर्तव्य हो जाता है कि वो देश को बचाने देश की एकता अखंडता व भाईचारे को बचाने के लिए भारत जोड़ो जैसा ऐतिहासिक महाअभियान चलाये और भारत जोड़ो यात्रा का यही उद्देश्य था। भारत जोड़ो यात्रा से एकता सद्भावना और मोहब्बत का जो संदेश मिला उसे देश का आम जनमानस खूब सराहा परिणाम स्वरूप अखंड एवं अटूट भारत की मजबूती के लिए एक जननायक के लिए इससे बड़ी कसौटी दूसरी नही हो सकती वहीं विशेष तौर पर अभिमान व स्वाभिमान के साथ अमेठी और अमेठी के लोगों के लिए गौरवशाली रहा क्योंकि यात्रा के नायक राहुल गाँधी अमेठी के जनजन के दिलो में मोहब्बत की तरह बसे है। केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय से गौरीगंज कस्बे में हजारों कांग्रेसियों ने पदयात्रा निकाली। कार्यक्रम में फरहान वारसी पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र मिश्र अनिल सिंह सदाशिव यादव मनीषा अध्यक्ष नगर पालिका जायस आशीष शुक्ल अर्जुन पासी देवेंद्र सिंह मतीन नरेंद्र मिश्र रजवाड़ी प्रसाद ममता पाण्डेय महेंद्र तिवारी शकील इदरीसी नरसिंह बहादुर सिंह बैजनाथ तिवारी माता प्रसाद वैश्य किरन देवी लतीफ सुनील सिंह ओमप्रकाश दुवे अमरेश सिंह शत्रुहन सिंह राम प्रताप पाण्डेय वीरेंद्र सिंह परमानंद मिश्र धर्मराज बहेलिया राजकरन तिवारी रामबरन कश्यप राजकुमार यादव धर्मेंद्र शुक्ल कमलेश अग्निहोत्री राजू ओझा रऊफ अवनीश मनोज कश्यप वकार अहमद संजय यादव सूर्यभान बलराम आदि रहे।

### सीडीओ ने की समीक्षा

**देवरिया।** विकास भवन के गाँधी सभागार में विकास कार्यक्रम एवं सीएम डैश बोर्ड संबंधी कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में की गई प्राचार्य, महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय देवरिया, जिला विद्यालय निरीक्षक, उपायुक्त उद्योग, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, अधि अभि सिंचाई खण्ड-2, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, परियोजना प्रबन्धक सेतु निगम, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी बैठक में अनुपस्थित थे, जिनको कारण बताओ नोटिस जिलाधिकारी के स्तर से जारी करने के निर्देश दिये गये।

सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभागीय वेबसाईट पर माह अगस्त, 2023 का डाटा 15 तारीख के पूर्व अपलोड कराने के निर्देश दिये गये। विभागीय वेबसाईट पर डाटा अपलोड करते ही सीएम डैशबोर्ड पर डाटा प्रदर्शित होने लगेगा। उक्त अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करते हुए प्रगति में अपेक्षित सुधार कराने के निर्देश दिये गये।

### जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में एडीएम ने किया गोपूजन



**गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** जिले में जन्माष्टमी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन पर्व को मानने में प्रशासनिक विभाग ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। डीएम के निर्देश पर जिले के सभी गौशालाओं में गो पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। तहसील क्षेत्र गौरीगंज के ग्राम पंचायत राजापुर कौहार की गौशाला में जन्माष्टमी के अवसर उपजिलाधिकारी अभिनव कन्नौजिया ने विधिवत गो पूजन किया। उन्होंने गौशाला में गोवंशों की आरती उतारकर उन्हें हल्दी व चंदन से टीका लगाकर गायों को गुड़ चना व हरा चारा खिलाया। ग्रामीणों को पशुपालन से होने वाले फायदे के बारे में बताते हुए कहा पशुपालन व्यवसाय सदियों से हमारे बुजुर्गो के आय का प्रमुख स्रोत रहा हैं। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक लालमणि पांडेय लेखपाल मनीष सरोज वीरेन्द्र सरोज सचिव संदीप जायसवाल प्रधान प्रतिनिधि बृजेश मिश्र आदि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड देवरिया के ग्राम पंचायत बहोरवा में कार्यक्रम संपन्न हुआ के मुख्य अतिथि सदर सांसद दो रमापति राम त्रिपाठी पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री नीरज शाही जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अंतर्यामी सिंह राजेश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख पवन कुमार गुप्त उर्फ पिंटू जायसवाल शाही जिला मंत्री संजय सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अरविंद चौहान राजन यादव चंद्रभूषण मणि त्रिपाठी सहायक विकास अधिकारी पंचायत सौरभ द्विवेदी सहायक विकास सहकारिता सुशील यादव ग्राम प्रधान संजय दुबे सचिव विपिन यादव चंदन चौहान अवधेश गुप्ता डॉक्टर गंगा शरण पांडे भूपेंद्र सिंह और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जिला एड्स समन्वय समिति की हुई बैठक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज धनवंतरी सभागार में जिला एड्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में युवाओं को एचआईवी की सही व पूरी जानकारी देने एवं जन जागरूकता लाने के लिए के लिए आयोजित होने वाले यूथ फेस्ट महोत्सव के अंतर्गत जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं के संबंध में व्यापक विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद एचआईवी की दृष्टि से संवेदनशील श्रेणी में आता है जनपद में पांच हजार से अधिक एड्स संक्रमित व्यक्ति हैं। जनपद में संक्रमण की बड़ी वजह प्रवासी श्रमिक है जो गैर राज्यों में रहते हैं। ऐसे में युवाओं को सजग रहने की आवश्यकता है। जनपद के 10 कॉलेज में यूथ फेस्ट आयोजित किया जाएगा, जिसमें रील मेकिंग कंपटीशन, क्विज कंपटीशन, मैराथन एवं ड्रामा आयोजित किया जाएगा। प्रदेश श्रेणी में प्रथम तीन स्थान पर रहने वाले युवाओं को नकद पुरस्कार दिया जाएगा साथ ही प्रतिभाग करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

### डीएम ने किया पैकौली महाराज मंदिर में सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज सदर तहसील के ग्राम पैकौली महाराज में स्थित श्री राज राजेश्वर पवहारी महाराज की कुटी (मंदिर) में पर्यटन विभाग द्वारा 64.37 लाख रुपए के लागत से कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। परियोजना के अंतर्गत कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टॉयलेट ब्लॉक, धर्मशाला, छायाकुंज, इंटरलॉकिंग, व साइनेज का कार्य किया जा रहा है। कार्य जून 2023 में प्रारंभ हुआ जिसे इसी वर्ष दिसंबर में पूर्ण करना है। जिलाधिकारी ने कार्य को पूरी गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक के अनुसार समयबद्धता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परियोजना के पूर्ण होने से श्रद्धालुओं को सुविधा होगी और पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। डीएम ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर के निकट स्थित सरोवर के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश भी दिया।

# आजादी के नायकों के सम्मान के लिये मेरी माटी मेरा देश अभियान: सांसद

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने देवरिया नगर मंडल के आजाद नगर और चकियवा, देवरिया देहात मंडल के बहोरवा, बैतालपुर नगर के बेलही जगदीशपुर तथा गौरीबाजार नगर में इस अभियान के तहत घर-घर जाकर ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी तथा शहरी क्षेत्रों में चुटकी भर चावल कलश में एकत्रित किया। इन स्थानों पर कार्यक्रम में शामिल होते हुये सदर सांसद डा.रमापतिराम त्रिपाठी ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरुआत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है।

इस अभियान की शुरुआत भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगांठ के दिन से किया गया है। मेरी माटी मेरे देश अभियान के अंतर्गत कलशो में लाई गयी मिट्टी का उपयोग दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बनी अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली में एक शीलाफलकम स्थापित की जाएगी जिस पर देश के उन शहीदों का नाम अंकित होगा जिन्होंने देश की आजादी के लिये अपने प्राणों की कुर्बानी दी थी यानी यह कार्यक्रम देश की आजादी के नायकों को सम्मान में किया जा रहा। नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि हमारी स्वतंत्रता के लिए हमारे कई वीर शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है। जिनमें से कुछ स्वतंत्रा सेनानी तो ऐसे हैं, जिनके बारे में नागरिकों को मालूम नहीं है। वह आजादी की लड़ाई में कुर्बान हो गए और उनकी कुर्बानी के बारे में किसी कोई नहीं जानता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे सभी स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में लोगों को बताने का भी काम किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह ने कहा कि भारत को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं, और आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने अमृत महोत्सव के समापन के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया है।इस कार्यक्रम का शुभारंभ आज भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सभी मण्डलों में कर दिया गया है।

इस दौरान अजय कुमार दूबे, राजेश कुमार मिश्रा, प्रमोद शाही, अजय शाही, अम्बिकेश पाण्डेय, सरिता पासवान, प्रदीप मद्धेशिया, भूपेन्द्र सिंह, संजय पाण्डेय, बृजेश गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, विपिन यादव, अखिलेश मिश्रा, विनय जायसवाल, मनमोहन मिश्रा, सौरभ तिवारी, रमेश मल्ल, अमित मिश्रा, संजय सिंह, संजय तिवारी, दुर्गेशनाथ तिवारी, बंटी जायसवाल, अजय सिंह, निरंजन शुक्ला, राधेश्याम शुक्ला, राहुल कुमार, जयदीप मणि, रूपम पाण्डेय, एजाज अहमद, रवि पाण्डेय, दिनेश शुक्ला, विजय पटेल, नीलरतन जायसवाल, रमेश गुप्ता आदि रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले 37 सूत्रीय विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में विगत दिवस को देर शाम आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित गारण्टी अधिनियम अन्तर्गत हैसियत, निवास, जाति, आय, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, कुटुम्ब रजिस्टर की नकल, असहाय व्यक्तियों के इलाज एवं उनकी पुत्री की शादी के लिए वित्तीय सहायता, दम्पत्ति पुरस्कार योजना, विधवा महिला की बेटी की शादी के लिए अनुदान, दिव्यांग व्यक्ति के पुर्नवासन हेतु ऋण/अनुदान, दिव्यांग व्यक्तियो से विवाह करने पर अनुदान तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र इत्यादि सभी प्रकार के प्रकरणों का समयबद्धता के साथ निस्तारण कराया जाय ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिले में संचालित गौआश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गोवंशों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि गोवंशो के भरण-पोषण की धनराशि का भुगतान कार्य समयबद्धता के साथ कराएं। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि भरण-पोषण के भुगतान कार्य की समीक्षा भी अपने स्तर पर करते रहें। उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को निर्देश दिया गया कि गो आश्रय स्थलों को आत्म निर्भर बनाने के लिए समूह की महिलाओं को गोबर आधारित उत्पादों के निर्माण तथा कम्पोस्ट खाद तैयार करने का प्रशिक्षण दिलाकर इन्हें रोज़गार उपलब्ध कराएं। डीएम ने गोआश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गोवंशों के हरे चारे की व्यवस्था हेतु उपलब्ध भूमि पर नैपियर घास की बुआई कराये जाने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री डैश बोर्ड की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जो बिन्दु लागू न हो उसके सम्बन्ध में विभाग से पत्राचार कर अवगत कराया जाय। यदि किसी योजना में कार्यालय की प्रगति पोर्टल से भिन्न है तो उसके सम्बन्ध में सक्षम स्तर पर पत्राचार कर उसे दुरूस्त कराया जाय। विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में आनलाइन प्राप्त हुए आवेदन-पत्रों की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही करते हुए उन्हें मेरिट के आधार पर स्वीकृत अथवा रिजेक्ट कर दें ताकि पेन्डेन्सी जैसी स्थिति न रहे। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आई.जी.आर.एस. सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों की नियमित समीक्षा करें समयबद्धता के साथ निस्तारण कराया जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि मा. न्यायालयों के निर्णयों का भी सभी विभाग समयबद्धता के साथ पालन कराएं।

डीएम ने जिले के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि विभागीय भवनों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट तैयार कर लें। यदि भवन जर्जर स्थिति में हों तो उन्हें नियमानुसार निष्प्रयोज्य घोषित कराए जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जाय। डीएम ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं व प्रशासकीय विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमिति रूप से कार्यस्थल का निरीक्षण कर परियोजनाओं को पूर्ण कराये साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि जो प्रोजेक्ट पूर्ण हो गये हैं उन्हें उपयोग में भी लाया जाय। आनगोईंग प्रोजेक्ट्स को निर्धारित मानक व समयबद्धता के साथ पूर्ण करायें तथा धनाभाव के कारण अपूर्ण परियोजनाओं के लिए अवशेष धनराशि की मांग करें।

# मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा का जिले में 11 सितम्बर को होगा आगाज़

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में 12 मार्च 2021 को साबरमती के तट से मा. प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रप्रेम के उद्बोधन से प्रारम्भ हुए महोत्सव का ''मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा'' के चरम के साथ 30 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर समापन किया जाना प्रस्तावित है। जनपद में अमृत कलश यात्रा का 11 सितम्बर 2023 से श्रीगणेश होगा। प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा ग्राम, ब्लाक एवं जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली ''मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा'' का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत कलश यात्रा के सफल आयोजन हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी तथा नगरीय क्षेत्रों के लिए नगर मजिस्ट्रेट तथा सम्बन्धित नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 11 से 30 सितम्बर 2023 तक प्रत्येक ग्राम के महिला मंगल दल, युवक मंगल दल/ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम पंचायत के सदस्य आदि अन्य उत्साही स्वयंसेवी ग्रामीणजन के साथ जुलूस निकालकर गाँव के प्रत्येक घर से मुट्ठीभर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल) प्राप्त करेंगे तथा निर्धारित किये गये स्थलों शासकीय प्राथमिक/अपर प्राथमिक विद्यालय अथवा ग्राम सचिवालय भवन में संग्रहण करेंगे। ग्राम स्तर पर 11 से 30 सितम्बर के मध्य अमृत-वाटिकाओं/ अमृत शिलापट्ट (शिलाफलकम) स्थलों पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया जायेगा, जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, कोटेदार, ग्राम स्तरीय समस्त कर्मी तथा अन्य समस्त स्थानीयजन उपस्थित रहेंगे। समारोह में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कलाकारों द्वारा राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं माटी गीत की प्रस्तुति के साथ-साथ सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के वीर शहीदों के परिवारजनों का सम्मान एवं पंचप्रण की शपथ दिलायी जायेगी। डीएम ने बताया कि 01 से 13 अक्टूबर के बीच निर्धारित तिथि पर प्रत्येक गाँव/ग्राम-पंचायत से संग्रहीत अमृत-कलश लेकर युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, नेहरू युवा केन्द्र, स्काउट एवं गाइड, एनसीसी एवं अन्य अन्य ग्रामीण जन जुलूस की शक्ल में साइकिल, मोटर साइकिल व अन्य समरूप सुलभ वाहन भी अनुषंगी रूप में शामिल रहेंगे।

# उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य का आगमन 10 सितम्बर को

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य का 10 सितम्बर 2023 को जनपद भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य 10 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11:10 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचकर पूर्वान्ह 11:25 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचकर पार्टी पटाधिकारियों/ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे तदोपरान्त अपरान्ह 12:15 निरीक्षण भवन पहुंचकर जिले के विभागीय अधिकारियों ग्राम विकास एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन कर, सार्वजनिक उद्यम एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद की विकासशील एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

उप मुख्यमंत्री मौर्य अपरान्ह 01:10 बजे हरियाली रिसार्ट पहुंचकर अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं राष्ट्रीय महिला सम्मेलन तथा समाज के युवक एवं युवती वैवाहिक परचिय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। तदोपरान्त अपरान्ह 02:45 बजे ग्राम चन्दनापुर सिकड़िया, पोस्ट खैरा बाजार स्थित दिनेश कुमार मौर्य के आवास पर जायेंगे। श्री मौर्य अपरान्ह 03:30 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचकर लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वी.आई.पी./नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है।

# प्रेम किहौ निज नारि से, परनारि से प्रेम किहौ कबहूं न विलुप्त होता

## आल्हा सुन रोमांचित हुए श्रोता

अवधनामा संवाददाता




**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** तहसील क्षेत्र बल्दीराय के बाबा दुलदुल दास की कुटी परिसर में बृहस्पतिवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष में आल्हा गायन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह व ब्लॉक प्रमुख धनपतगंज यशभद्र सिंह उर्फ मोनू सिंह के चाचा ऋषिभद्र सिंह ने फीता काटकर किया। रायबरेली की प्रख्यात आल्हा गायिका नेहा सिंह ने उदल हरण झारखंड की लड़ाई सुना कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। पूरा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से रोमांचित हो उठा। लड़ाई का प्रसंग सुनाते हुए जब नेहा सिंह ने कहा कि बड़े लड़ाईया माडौ वाले इनसे हार जाए संसार ,तो जहां लोगों को पुरानी सांस्कृतिक गाथाओं की यादें ताजा हो उठी तो वहीं पर लोगों की भुजाएं भी फड़क उठी। जादूगरनी शोभा द्वारा उदल को जादू से तोता बना लिये जानें के आल्ह खंड वर्णन करते हुए कुछ प्रचलित बातों पर भी आल्हा के माध्यम से सुनाकर श्रोताओं को ओज से मंत्रमुग्ध कर दिया।

**बात कहें तो विचारि कहैं,पर**
**बात कहैं तो हसैं कबहूं न**

गायन बिधि से लोगों को अच्छे संदेश देने का काम भी पुरानी सांस्कृतिक विरासत को भी नेहा सिंह ने संजोया।

बीच बीच में आल्हा सुनने के लिए आसपास के गांव से भारी संख्या में मौजूद रहे लोगों को पुरानी सांस्कृतिक कार्यक्रम की तरफ इशारा करते हुए जनमानस को शिक्षा प्रद बातें आल्हा गीत के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य भी गायिका द्वारा किया गया।

इस मौके पर दिलीप कुमार सिंह उर्फ दीपक सिंह,बैद्यनाथ यादव उर्फ करिया यादव, मनोज मिश्रा, नंदलाल नेता ,शैलेंद्र यादव ,हौसला सिंह, बब्बू पांडे ,योगेश्वर पांडे ,मनोज मिश्रा, वेद प्रकाश तिवारी,बब्लू सिंह, हीरालाल मिश्र सहित सैकड़ो श्रोता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आये हुऐ सभी श्रोताओं का आयोजक बाबा बाल योगी योगराज जी ने अभिवादन व आभार प्रकट किया।

# कोटेदार समेत दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** खाद्यान्न की कालाबाजारी और घटतौली करने वालों पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बड़ी कार्रवाई की है। खाद्यान्न की कालाबाजारी का प्रकरण संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी के आदेश पर शुरू हुई जांच में गड़बड़झाले की पुष्टि हुई। जिसके बाद थाना खोडारे में कोटेदार समेत दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। जानकारी के मुताबिक पांच सितम्बर की रात को नान्हू नगर चौराहे पर मुकेश कुमार नामक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। जिसके पास से पुलिस ने चावल की दो बोरी बरामद कीं। बरामद चावल की यह बोरियां सरकारी प्रतीत हो रही थीं। जिसकी जानकारी होने पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने हरकत में आते हुए अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए। जांच में यह अनाज खाद्य एवं रसद विभाग का होने की पुष्टि हुई। दरअसल, पूछताछ के दौरान मुकेश कुमार पुत्र राम नरेश निवासी ग्राम पंचायत केशव नगर, बभनजोत मनकापुर ने बताया कि उसने यह चावल सुकरौली निवासी सनाउल्लाह से 1000 रुपये प्रति बोरी की दर पर खरीदा है। इतना ही नहीं जांच में कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम मात्रा का वितरण किए जाने की बात भी पुष्ट हुई। यह पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई। जिलाधिकारी ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए एफआईआर के आदेश दिए। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने थाना खोडारे में कोटेदार तहिरुनिशा निवासी सुकरौली व क्रेता मुकेश कुमार के खिलाफ विधि संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

# परिवार परामर्श महिला सहायता केंद्र द्वारा एक जोड़ी की विदाई

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में महिला परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी अंजू मिश्रा, महिला मुख्य आरक्षी रोशन जहां, महिला आरक्षी सीमा शर्मा, महिला आरक्षी रेनू यादव, वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडे सदस्य, उषा शर्मा सदस्य, अमर बहादुर सिंह सदस्य एवं सलीम अहमद सदस्य के अथक प्रयास से लगभग 1 साल से विवादित चले जा रहे मामले को सुलझाकर विदाई कराई गई।पीड़िता सुलेखा बानो पुत्री मतिम निवासी दादूपुर थाना बंधुआकल को उनके पति रजा अब्बास पुत्र मुजाहिद हुसैन निवासी ग्राम गोरा बारीक थाना कोतवाली नगर को समझाबुझाकर उनके साथ विदाई कराई गई। यह मामला काफी दिनों से विवादित चल रहा था। सारे मतभेद को भूलाकर वह अपनी पत्नी को विदा करा कर ले गए। इसकी भूरीभूरी सराहना की जाती है।

वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो इससे समाज को एक नई दिशा के साथ-साथ नहीं सोच भी लोगों में जागृत हो रही है।जनवरी से लेकर अब तक लगभग सैकड़ो परिवार जो मन मुटाव के चलते अलग-अलग रह रहे थे, वह परिवार परामर्श महिला सहायता केंद्र के सदस्यों के अथक प्रयास से एक दूसरे के साथ जीवन यापन कर हंसी खुशी जी बसर कर रहे हैं। पुलिस परिवार का यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इसमें सदस्यों का भी बहुत ही अच्छा योगदान रहता है। वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडे ने बताया कि इस परिवार परामर्श केंद्र का मुख्य उद्देश्य छोटी-छोटी बातों से अलग रह रहे पति-पत्नी को समझा बुझाकर एक नए सुनहरे जीवन की शुरुआत करवाकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# शिकायत का निस्तारण न करने पर होगी कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल द्वारा आईजीआरएस से प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक संदर्भों की मण्डलीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

समीक्षा में मण्डलीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई व सख्त निर्देश दिए कि जनसुनवाई संदर्भों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है जिसके अनुपालन में हर अधिकारी का दायित्व है कि उनके कार्यालय में प्राप्त शिकायतों का अनिवार्य रूप से गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण करें तथा आवेदक को भी अवगत कराएं जिससे शिकायतकर्ता द्वारा निस्तारण पर असंतुष्ट प्रक्रिया न दे। इस पर मण्डलायुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे इस संबंध में शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुसार तत्परता से शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें।

कुछ अधिकारी अपने जनसुनवाई पोर्टल से संबंधित कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं जिससे मण्डल के मूल्यांकन पर प्रभाव पड़ता है, जो कदापि उचित नहीं है। उन्होंने कहा इसकी निगरानी मेरे द्वारा की जा रही है, जिन अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# पंचायत सहायकों ने क्रॉप सर्वे कार्य का किया बहिष्कार

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** मानदेय न मिलने और अन्य समस्याओं से हलाकान जनपद सुलतानपुर के पंचायत सहायकों ने शुक्रवार को जिला पंचायतराज अधिकारी अभिषेक शुक्ल को ज्ञापन सौंपा। पंचायत सहायकों ने उन लोगों से क्रॉप सर्वे का कार्य न कराए जाने को मांग की और डीपीआरओ से इसके निस्तारण करने का अनुरोध किया।

पंचायत सहायकों का कहना है कि अधिकांश ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों का मानदेय पिछले छः महीने से नहीं मिला है। उन्होंने मांग की है कि उनका मानदेय प्रत्येक माह के 5 तारीख तक भुगतान कराया जाए। प्रत्येक माह इसकी समीक्षा हो और निर्धारित समय पर मानदेय हस्तांतरित न करने पर संबंधित पर कार्यवाई की जाए। साथ ही पंचायत सहायकों ने उनके द्वारा बनाए गए आयुष्मान कार्ड की प्रोत्साहन राशि को तत्काल प्रभाव से उनके खाते में हस्तांतरित करने की बात कही। सभी पंचायतों में इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराए जाने की मांग पंचायत सहायकों ने की है।

इनका कहना था कि कृषि विभाग और राजस्व विभाग के डिजिटल क्रॉप सर्वे के कार्य को इनको जबरन सौंपा जा रहा है जो की शासन द्वारा जारी जॉब चार्ट के अनुरूप नहीं है। ऐसे में उनसे यह और दूसरे विभागों के कार्य ना कराया जाए।

डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल ने पंचायत सहायक सहायकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने जिलाधिकारी से बात करके क्रॉप सर्वे से पंचायत सहायकों की ड्यूटी कटवाने का आश्वासन दिया है। साथ ही एक सप्ताह के अंदर सभी पंचायत सहायकों के मानदेय, इंटरनेट रिचार्ज का भुगतान समेत अन्य समस्याओं के निस्तारण कराने की बात कही है।

इस दौरान शुभम सरोज, प्रांजुल तिवारी, अकुंश यादव, राधे श्याम यादव, किसलय, महेन्द्र कुमार, पवन सरोज, सोनल पांडेय, फरहान अहमद, आयुष तिवारी, सौरभ, लवकुश, अमजद, संतोष, जया, प्रतिभा, अंशुल, रूबी समेत जनपद के सभी पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# महिलाओं, बालिकाओं को दी हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** पुलिस महानिदेशक लखनऊ के निर्देशन में प्रत्येक माह के अन्तिम 21 से 30 तक मिशन शक्ति (शक्ति दीदी) विशेष अभियान चलाये जाने के क्रम में जनपद के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी/एण्टी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के गांवों में ग्राम चौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरुक किया। साथ ही उनकी समस्याओं के निस्तारण तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। अब महिलाओं/ बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा। अपितु स्थानीय पुलिस नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जा रहा है। जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/ महिला बीट अधिकारी द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांवों, कस्बों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं की समस्याओं से अवगत होकर उनकी सुरक्षा आदि के संबंध में वार्ता की जा रही है। विभिन्न लाभप्रद योजनाओं/ हेल्पलाइन नम्बर जिनमें वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, ऑन लाइन साइबर फ्रॉड हेल्प लाइन नं-1930 आदि नम्बरों के सम्बंध में जानकारी प्रदान प्रदान की जा रही है। इस दौरान पिंक लेटर वॉक्स भी चेक किये जा रहे हैं ।

# वीएचपी के स्थापना दिवस का कार्यक्रम नए उद्देश्यों के साथ संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस (जन्माष्टमी) का वार्षिक कार्यक्रम श्री तुवन मन्दिर पर मनाया गया। जिसमें विभाग के संगठन मंत्री चन्द्रिका एवं प्रान्त सह संयोजक शुभम कौशिक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विभाग के मंत्री राहुल जैन एवं जिलाध्यक्ष नवलकिशोर सोनी का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। वहीं विशेष उपस्थिति कार्यकम में दिगम्बर अखाड़ा के उत्तराधिकारी श्री राम लखन दास जी महाराज ने दीप अर्पित कर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। शुभम ने बताया स्वामी चिन्मयानन्द जी के आश्रम संदीपनी साधनालय पवई मुंबई में 1964 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिवस पर देश भर के हिन्दुओं की दशा और दिशा के चिंतन हेतु एकत्रित सन्तों और महाजनों द्वारा तात्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए विहिप की स्थापना करी गई। विहिप की स्थापना जिन महाजनों के नेतृत्व में हुई उनमे प्रमुख स्वामी चिन्मयानन्द जी, संघ के द्वितीय सरसंघचालक पूज्यश्री गुरूजी एवं अन्य थे। कार्यक्रम को जारी रखते हुए चन्द्रिका जी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार की केंद्र द्वारा सुनियोजित उपक्रम त्रिस्तरीय प्रवास पद्धति पर परिचर्चा की, योजना अनुसार प्रान्त के पदाधिकारियों का प्रखंडों में जिला के पदाधिकारी खण्डों में ओर खण्डों के ग्रामों में प्रवास करेंगे व स्थापना दिवस के महत्व में पूज्य संतों द्वारा उस सुअवसर पर दिए गए भाषण व परिषद के आदर्श वाक्य हिन्दवः सोदरा सर्वे न हिन्दू पतितो भवेत जो अस्पृश्यता के विरुद्ध प्रस्ताव पारित हुआ था उसे भी समझाया। विभाग मंत्री राहुलजी ने इस शुभ अवसर पर कार्यकर्ताओं तक विहिप की उपलब्धि बताये हुए कहा हिन्दू समाज के सम्मान के प्रत्येक संघर्ष में परिषद का अनूठा योगदान रहा-चाहें वह अमरनाथ यात्रा का पुनर्जीवन, रामसेतु आन्दोलन, हो या गऊ रक्षा, गऊ संवर्धन, अमरनाथ साइन बोर्ड का आन्दोलन, या 500वर्ष पूर्व से चल रहा श्रीराम मंदिर आंदोलन हो। इन सभी उपलब्धियों के इतर जिलाध्यक्ष नवल किशोर सोनी ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद के ध्येययात्रा के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को 59 वर्ष पूर्ण हो गए इन बीते वर्षो में संगठन बढ़ा तो कार्य भी बढ़ा। पिछले 59 वर्ष में हिन्दु समाज और देश के समक्ष की अन्य चुनौतियां भी बढ़ी हैं। गोपाल के देश में उसका बहता हुआ रक्त, अपने ही देश मे विस्थापित काश्मीरी हिन्दू, बांग्लादेशी घुसपैठिये, जेहादी आतंकवाद, लव जेहाद, नक्सलवाद, विदेशी धन से ईसाई करण, मठ मंदिरों का सरकारीकरण, जनसंख्या असंतुलन सिमटती पतित पावनी गंगा, पर्यटन केंद्र में बदल रहा देवतात्मा हिमालय, राष्ट्रहित की भी कीमत पर मुस्लिम तुष्टिकरण, हिन्दू जीवन मूल्यों का क्षरण तथा एक ही देश में दो विधान। इन चुनौतियों का हमें सतत सामना करना है और हमें पूर्ण विश्वास है अपने अनथक श्रम और ध्येयनिष्ठा के बल पर हम सफल होंगे ही। इस कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री रामेश्वर मालवीय ने किया जिसमें जिला संयोजक बजरंग दल विजय बजरंगी, जिला संयोजिका दुर्गावाहिनी मधुरिमा तिवारी, उपाध्यक्ष शुभ्रा जैन, जिला संयोजिका मातृ शक्ति प्रतिमा श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद साहू, जिला संस्कार प्रमुख सरोज श्रीवास्तव, जिला सह मंत्री धर्मेंद्र राठौर, सह जिला धर्म जागरण प्रमुख बृजेन्द्र सिंह गौर, जिला सेवा प्रमुख विकास श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष संजय जैन, नगर मंत्री दीपक सोनी, एवं विश्व हिन्दू परिषद के सभी आयामों से आये पदाधिकारीगण एवं नगर में निवासित कार्यकर्ता बन्धु थे।

# पेड़ लगाकर कर पर्यावरण को बनायें शुद्धः डॉ. अफरोज

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** शुकवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डा0 अफरोज अहमद, सदस्य/जज राष्ट्रीय हरित अधिकरण प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला पर्यावरण प्लान के संबंध में समीक्षा बैठक आहूत की गई। डीएम की मौजूदगी में उन्होंने सभी अफसरों को पर्यावरण को बचाने एवं प्रदूषण प्रबंधन के लिए बनाई कार्य योजनाओं को शत-प्रतिशत अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों के चारों तरफ पेड़-पौधे लगवाने पर जोर दिया जाए तथा मिल से निकलने वाली अवशिष्ठ राख का सुरक्षित निस्तारण काराया जाये।तालाब की जमीन पर बिल्कुल भी अतिक्रमण न होने दिया जाये। अवैध रूप से संचालित भठ्ठो को बंद कराया जाये। उन्होंने कहा कि ठोस कचरा, प्लास्टिक कचरा, बायो मेडिकल कचरा, औद्योगिक कचरा, ई-वेस्ट वायु, जल, ध्वनि, डोमेस्टिक सीवेज, खनन एवं निर्माण कार्य आदि के प्रदूषण का निस्तारण बेहतर ढंग से किया जाए। पर्यावरण को बचाने के लिए सिर्फ प्रशासन ही नहीं, बल्कि सभी नागरिकों को भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समीक्षा से पता चला है कि गोण्डा जिला प्रशासन पर्यावरण प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए काफी सजग है।

### औद्योगीकरण आधुनिक समय की आवश्यकता

उन्होंने कहा कि औद्योगीकरण आधुनिक समय की आवश्यकता है। हमें पर्यावरण और विकास को साथ लेकर चलना होगा। विकास के साथ-साथ हमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हर सम्भव प्रयास करने होंगे। इसके लिए प्रदूषण प्रबंधन में टेक्नोलॉजी का उपयोग, बड़ी संख्या में पौधरोपण, प्राकृतिक नदियों, झीलों, तालाबों, भूमियों, वनों का संरक्षण करना होगा।

### खाली भूमियों पर पौधरोपण कराने के निर्देश

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी को विलुप्त पौधों की नस्लों को विकसित करने तथा जिला प्रशासन की मदद से जनपद की खाली भूमियों पर पौधरोपण कराने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल कॉलेज, कार्यालय, हॉस्पिटल आदि में पौधारोपण किया जाए। इसके अलावा पंचायतों में बायोडायवर्सिटी पार्क भी बनाए जाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट व अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सक्षम ने शुरू किया नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** समदृष्टि विकास अनुसंधान मण्डल सक्षम द्वारा आज नेत्रदान जागरूकता पखवाडा का शुभारम्भ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पोस्टर का लोकार्पण करते हुए कहा दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। दिव्यांगजनों को अपने सकारात्मक विचार के साथ आगे वढना है। उन्होने दिव्यांगों के हित में सक्षम द्वारा चलाए जा रहे कार्यो की प्रसंशा करते हुए कहा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार दिव्यांगों के कल्याण के लिए संकल्पित है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त सक्षम जिलाध्यक्ष अक्षय अलया, महामंत्री अजय जैन साइकिल, डा.तेजस्व श्रीवास्तव, मनविन्दर कौर, नीलम सर्राफ ने जिलाधिकारी को सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष अक्षय अलया ने सक्षम द्वारा चलाए जा रहे नेत्रदान पखवाडा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सक्षम का दृढ विश्वास है कि प्रत्येक मानव दिव्यगुणों तथा क्षमताओं से सम्पन्न है। दिव्यांग के पूर्ण सहभाग एवं समावेश से दिव्यांगजनों का ही नहीं अपितु समाज एवं राष्ट का महान हित होगा। समाज में दिव्यांगता को सम्मानजनक स्थान दिलाकर उनको स्वावलम्बी बनाने के लिए प्रान्तीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है।

## झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना



**मौदहा हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** बुधवार से रूक रूक कर हो रही तेज बारिश से लोगों को गर्मी से निजात मिली और ठंडी हवाओं के साथ मौसम सुहावना हो गया। कस्बा सहित क्षेत्र में बीते दो दिनों से रूक रूक कर हो रही बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है और ठंड हवाएं चलने से मौसम सुहावना हो गया है। तो वहीं जानकारो की मानें तो इससे खेती को फायदा भी है और कुछ नुकसान भी हैं। जहां एक ओर तिलहन की बोई गई फसल को नुकसान पहुंच सकता है जिससे किसानों के चेहरे पर मायूसी देखी गई और वहीं आगामी दिनों मे सरसों की बोई जाने वाली फसल के लिए यह पानी लाभदायक साबित होगा। रूक रूक कर हो रही बारिश के पानी में नहाते हुए बच्चों ने मजा लिया है। मौसम विभाग की मानें तो अभी आज कल भी बारिश की संभावना है।

## बाबा साहब के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने पर की शिकायत



**मौदहा हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के विरुद्ध सोशल मीडिया में अभद्र पोस्ट करने के मामले में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक बब्बू निगम और नगर पालिका मौदह के चेयरमैन रजा मुहम्मद ने बिंवार थाने में शिकायत दर्ज कराई ।जिसमें कहा गया है कि संविधान निर्माता बाबा साहेब के प्रति सायर के आकाश दीक्षित द्वारा फेसबुक पर अभद्रता की जा रही है ।इसलिए फेसबुक आईडी के माध्यम से मामले की जांच कर कार्यवाही करने की कृपा करें ।जबकि थाना प्रभारी निशिकांत ने ऐसी किसी शिकायत की जानकारी होने से इनकार किया है।

## जिलाधिकारी ने पोषण माह का किया शुभारंभ



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर 2023 के क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर की उपस्थिति में बैठक व अन्न प्रासन, गोद भराई कर पोषण माह का शुभारंभ डा एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रतिभागी अधिकारियो एवं कर्मचारियों को बताया गया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार पूरे देश में सितंबर 2023 को पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। पोषण अभियान बहुविभागीय कन्वर्जेंस से क्रियान्वित किया जाना है, जिसमें विकास से जुड़े राज्य सरकार के सभी विभागों की सहभागिता आवश्यक है। इस वर्ष मनाये जाने वाले छठे राष्ट्रीय पोषण माह की थीम सुपोषित भारतए साक्षर भारत, सशक्त भारत है।

## भारत भी हमारा है हिंदुस्तान भी हमारा है और इण्डिया भी हमारा है: रजनीश गुप्ता



**शाहजहांपुर अवधनामा संवाददाता।** भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगाँठ पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ज़िला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह के नेतृव में भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई। शहीदों की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण कर सदर, बहादुरगंज, घंटाघर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर मल्हार रोड होते हुए लाल इमली चौराहा होकर निशात रोड से वापस पार्टी कार्यालय पर एक सभा के उपरांत समाप्त हुई। बैठक में बोलते हुए कांग्रेस के ज़िलाध्यश रजनीश गुप्ता ने कहा कि भारत भी हमारा है और इंडिया भी हमारा है और हिंदुस्तान भी हमारा है। उन्होने कहा कि वो भाजपा वालों से पूछना चाहते हैं कि तुम्हारा क्या है? आज राहुल गांधी जी लगातार देश के संविधान को बचाने के लिए लड़ रहे हैं हम सबको मिलकर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा। महानगर अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का होगा।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का चौबे ने किया शुभारंम्भ




**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** सदर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बेठिगांव निस्फ मे सदर विधायक भूपेश चौबे, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह व ग्राम प्रधान नीलम त्रिपाठी ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंम्भ किया। व उपस्थित ग्रामीण के बीच में अमृतकाल मे दिये गये पंच प्रण प्रतिज्ञा दिलाया गया साथ ही कलश लेकर जूलूस व गाजे बाजे के साथ गांव भ्रमण कर हर घर से विधायक जी ने मिट्टी एकत्र किया। विधायक जी ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम मे आना सौभाग्य की बात है। यह जो मिट्टी इकट्ठी हो रही है यह हमारी एकता को दर्शाती है।

## देशप्रेम और त्याग का संदेश देती है शहीद उद्यान की मिट्टी




**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** मेरी माटी - मेरा देश अभियान के तहत शहीद उद्यान की मिट्टी एकत्र की गई। शहीद उद्यान ट्रस्ट के चेयरमैन विजय शंकर चतुर्वेदी ने घोरावल विधायक अनिल मौर्या को उद्यान की पवित्र मिट्टी सौंपी, अतिथियों ने गौरव स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर जिले के सभी सेनानियों के प्रति सम्मान प्रकट किया। विजय शंकर चतुर्वेदी ने स्थल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह स्थान सिर्फ पेड़ों का बगीचा नहीं विरासत की गौरव गाथा है। यही वह स्थान हैं जहां अविभाजित मिर्जापुर का स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष के कई आंदोलन यहां संपन्न हुए। इस अवसर पर सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने कहा कि यहां की मिट्टी में देशप्रेम, त्याग और बलिदान की खुशबू है। उन्होंने कहा कि वे जब भी इस स्थान पर आते हैं उन्हें इस स्थल से काफी ऊर्जा प्राप्त होती है। ओम प्रकाश दुबे ने कहा कि इस मिट्टी के स्पर्श से ही हम सब गौरवान्वित होते हैं। भाजपा नेता गोविंद यादव ने मेरी माटी मेरा देश अभियान की व्याख्या करते हुए कहा कि बच्चों को प्रारंभ से ही एक कविता पढाई जाती थी कि - इस मिट्टी से तिलक करो यह धरती है बलिदान की, तो यही वह मिट्टी है जिससे हमसब प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

# सभी अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें: जिलाधिकारी

- विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई
- मरीजों को दी जाने वाली सभी मूलभूत सुविधाओं का लाभ हर हाल में मिलें

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में विकास कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, प्रोबेशन विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायत विभाग, दिव्यांग, सहित अन्य सभी विभागों से संबंधित जनपद में चल रही योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। बैठक में जिलाधिकारी ने भ्रामक सूचना देने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी पुनरावृति न हो। धरातल पर सभी अधिकारियों को कार्य करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि ऐसी पुनरावृति होने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एक्सईएन सिंचाई विभाग से सिल्ट की सफाई, माह अक्टूबर तक कराने तथा नहर चलाने के रोस्टर की सूचना प्रसारित करने को निर्देशित किया गया जिससे किसानों को सिंचाई का कार्य करने में असुविधा का सामना न करना पड़े। एक्सईएन लोक निर्माण विभाग से गड्ढा मुक्ति, प्रांतीय खंड के कार्यो तथा उसकी डेडलाइन की तिथि, जल निगम से जुड़ी परियोजनाओं, निर्माण खंड से जुड़ी परियोजनाओं, कृषि विभाग से किसान सम्मान निधि योजना, डेटाबेस में सुधार तथा लंबित डाटा अद्यतन की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से निराश्रित गोवंशों, गौशालाओं में चारागाह, पानी तथा भूसे की उपलब्धता, पशुओं के टीकाकरण व लम्पी रोग इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त कर पशुओं का इलाज करनें व बीडीओ से समन्वय कर गौशालाओं में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए, तथा गोवंशो की नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के निर्देश दिए।। जिलाधिकारी ने बिजली की कटौती पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि त्यौहारों में बिजली कटौती न करने व आपूर्ति में तकनीकी खराबी आने पर तत्काल दुरूस्त करने का हुक्म दिया जिससे आम लोगो को बिजली की कटौती से असुविधा न हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल में दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित कराए तथा अस्पतालों में मरीजों को दी जाने वाली सभी मूलभूत सुविधाएं अवश्य होनी चाहिए।

उन्होंने विभिन्न विभागों से जुड़े अधूरे निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण करनेके निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एक्सईएन जल निगम से पेयजल योजना की प्रगति, खुदे हुए सड़कों, परियोजना निदेशक से पीएम आवास योजना, इसके किस्त वितरण, तथा इसके निर्माण कार्य और पात्रता की जांच की प्रगति की भी जानकारी ली।

## भूमाफिया बता ग्राम प्रधान पर लगाया चारागाह पर कब्जे का आरोप



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** ग्राम पंचायत की चारागाह के सुरक्षित जमीन पर ग्राम प्रधान और उसके पति सहित अन्य सम्बंधियों द्वारा कब्जे का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर जमीन मुक्त कराने की गुहार लगाई है। जबकि ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों द्वारा जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है जिसे मुक्त कराया गया है।

बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम रोहारी की लगभग एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्राम प्रधान मुलिया और उसके पति तथा परिजनों ने ग्राम पंचायत की चारागाह के लिए सुरक्षित जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बनवा लिया है।और यूकेलिप्टस के पेड़ लगवा दिए हैं जो भूमाफिया की श्रेणी में आने वाला अपराध है। जबकि उसी जमीन पर अन्य गरीब लोगों ने भी कब्जा कुछ है जिसे हटाया जा रहा है। इस दौरान पूजा देवी, सुमन देवी, सदा देवी,सावित्री, रसपाल, किशनपाल सहित एक दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।जबकि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतराम कुशवाहा ने बताया कि लोगों ने कब्जा कर लिया था जिसे खाली कराया गया है उसी के चलते शिकायत की गई है।जबकि एसडीएम राजेश कुमार बताया कि इस मामले में राजस्व विभाग और पुलिस को आदेश दिए गए हैं जो मामले की मौके पर जाकर नापजोख करेंगे।

## सपाइयों ने मनाया घोसी चुनाव जीत का जश्न



**बांदा अवधनामा संवाददाता।** घोषी चुनाव में जीत हासिल करने पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर नजर आया। सपाइयों ने पार्टी कार्यालय में इकट्ठा होकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से त्रस्त जनता ने भाजपा को सबक सिखाया है। इधर, साइकिल यात्रियों ने पड़री गांव में सपा की जीत का जश्न मनाते हुए ग्रामीणों को मिठाई का वितरण किया। समाजवादी पार्टी कार्यालय में जुटे सपाइयों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की महंगाई, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से परेशान होकर जनता ने उन्हें यह सबक सिखाया है। सपाइयों ने कहा कि यह जुनून लोकसभा चुनाव तक जारी रहेगा। इसके बाद सपाइयों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। इधर, लोकतन्त्र एवं संविधान बचाओ साइकिल यात्रा 28 वें दिन साइकिल यात्रा ग्राम टोला कला से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनुज यादव ने झंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। साइकिल यात्रा सिमौनी पंडरी अनौसा रगौली केल्हनुआ मढ़ुवा तक चली। ग्राम पंचायत पंडरी में साइकिल यात्रा टीम ने ग्रामवासियों को मिठाई खिलाकर घोषी चुनाव जीत का जश्न मनाया।

## टक्कर के बाद बस ने बाइक को घसीटा बाइक सवार की हुई दर्दनाक मौत

अवधनामा संवाददाता

**तिंदवारी बांदा।** सामान खरीदकर बाइक से गांव जा रहे युवक को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार रोडवेज बस में फंस गया। रोडवेज बस में फंसकर वह तकरीबन 100 मीटर तक घिसटता चला गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रोडवेज चालक व परिचालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गए। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



चिल्ला थाना क्षेत्र के बंबिया गांव निवासी लल्लू (36) पुत्र मातादीन कुशवाहा शुक्रवार को तिंदवारी कस्बे से सामान खरीदकर बाइक से घर जा जा रहा था। तभी जसईपुर के पास सामने से आ रही रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह बाइक समेत बस केनीचे आकर फंस गया। रोडवेज बस बाइक समेत लल्लू को 100 मीटर दूरी तक घसीट ले गई। इस दौरान वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। शोर मचाने पर चालक ने बस को रोक दिया। मौका पाते ही चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने लल्लू को बस से निकाला, तब तक उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष कौशल सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के बड़े भाई गौतम कुशवाहा ने बताया कि पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। वह हैदराबाद में मजदूरी करता था। जन्माष्टमी के त्योहार पर 4 सितंबर को गांव आया था। मृतक की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले हुई थी। वह अपने पीछे पत्नी सोनम के अलावा आठ माह की बच्ची छोड़ गया है। थाना प्रभारी तिंदवारी कैशल सिंह ने बताया कि चालक और परिचालक मौके से भाग निकले हैं। रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया गया है।


मृतक लल्लू (फाइल फोटो)

## वनिता समाज, एनटीपीसी सिंगरौली ने महिला सशक्तिकरण हेतु की एक अभिनव पहल

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** वनिता समाज, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु की गई एक और अभिनव पहल। भारत सरकार की डिजिटल साक्षरता और कौशल विकास पहल को बढ़ावा देने के लिए, वनिता समाज द्वारा आसपास की महिलाओं हेतु दस दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज एवं वनिता समाज के अन्य वरिष्ठ गणमान्य सदस्याओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती पीयूषा अकोटकर ने वनिता समाज के सदस्याओं को महिलाओं को शिक्षित करने एवं कंप्यूटर से संबंधित कार्यों के लिए आत्मनिर्भर बनाने की इस अनुकरणीय पहल के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा की तेजी से बदल रही दुनिया में, विश्व भर में असाधारण दर से डिजिटल की ओर बढ़ रही है, इसलिए इन डिजिटल परिवर्तनों को अपनाना महत्वपूर्ण है।

## शहीद-ए-कर्बला की याद में अकीदत के साथ मना चेहल्लुम

### अकीदतमंदों की नम नजर आई आंखें, मातमी धुन के साथ निकाले गए ताजिए

अवधनामा संवाददाता

**बदौसा।** मैदान-ए-कर्बला में इंसानियत की रक्षा करते हुए शहीद हुए मोहम्मद साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन और उनके 71 अनुयायियों की याद में उनके 40वें पर चाहने वालों की आंखें नम नज़र आयीं। चेहल्लुम पर कस्बे में ताज़िए के साथ मातमी धुन पर ढ़ोल बजाकर जुलूस निकाला गया। इस दौरान तमाम चौकों (इमामबाड़ों) पर मजलिस हुई व कई जगहों पर लोगों ने लंगर के इंतज़ाम किए। शुक्रवार को कस्बे में चेहल्लुम पर हज़रत इमाम हुसैन की याद में मातमी धुन पर जुलूस निकाला गया और यजीद के ज़ुल्मो के खिलाफ़ लड़ते हुए शहीद हुए इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों को याद किया गया। चेहल्लुम पर उनकी शहादत को याद कर सारा माहौल गमगीन हो गया।

ताजिया जुलूस मध्यरात्रि को उठा और दुबरिया स्थित अलग-अलग मोहल्लों से होता हुआ इमामबाड़ों में रख दिया गया। इसके बाद दोपहर बाद अपने-अपने इमामबाड़ों से उठकर नदी रोड स्थित पुरानी बाजार मैदान में पहुंचा, जहां मेले के रूप में परिवर्तित हो गया। इसके बाद रात्रि 9 बजे नदी के पार बगीचा पुरवा को बढ़ गया, वहां शनिवार को कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया जाएगा। जुलूस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी विजय कुमार कुशवाहा, उपनिरीक्षक गुलाब चंद्र यादव, केके मिश्रा व पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। **क्यों मनाते हैं चेहल्लुम:**



मुस्लिम धर्मावलंबियों के अनुसार कर्बला के शहीदों की शहादत को याद करने के लिए चेहल्लुम मनाया जाता है। चेहल्लुम मुहर्रम के 40वें दिन पर मनाया जाता है। कर्बला के मैदान में हज़रत इमाम हुसैन मानवता की रक्षा करते हुए अपने परिवार व साथियों के साथ जंग के मैदान में शहीद हो गए थे। उनके साथ मात्र 72 हकपरस्त यानी वफादार लोगों का समूह था, वहीं दूसरी ओर यजीद की 22 हजार से भी अधिक हथियार बंद सेना थी। कर्बला जंग समय के हिसाब से तो छोटी जंग थी, लेकिन इस्लाम के इतिहास में लड़ाई सत्य और असत्य या कहें कि न्याय और अन्याय के बीच थी। जिसमें गिनती के चंद लोगों के साथ इमान और इंसाफ़ के लिए लड़ते हुए शहादत दी।

## प्रिंस डांस अकादमी में धूमधाम से मनी कृष्ण जन्माष्टमी

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** भगवान कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर आज प्रिंस डांस एकेडमी में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ।जिसका उद्घाटन आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के संरक्षक हरिशरण बाजपेई ने किया।

उन्होंने भगवान कृष्ण के चरित्र के बारे में बोलते हुए कहा कि यदा यदा हि धर्मस्य अर्थात जब जब धर्म की हानि होती है तब तब भगवान अवतार लेकर संसार की रक्षा करते है। जब जब आसुरी प्रवृत्तियों की 99 गाली पूर्ण हो जाती हैं तब तब 100 वीं गाली से पहले ही सुदर्शन चल जाता है। जब भी कोई आत ताई महिला का शील हरण करना चाहता है तब तब यशोदा नंदन उस आत ताई का मान मर्दन कर अपने भक्त की रक्षा करते हैं। जब जब अहंकारी दुर्योधन कृष्ण को बांधने की बात करता है तो कृष्ण सभा में ही उसे ललकारते हुए उसका मान मर्दन करते हुए कहते हैं। हां हां दुर्योधन बांध मुझे। भगवान कृष्ण का चरित्र आदर्श और अनुकरणीय है।आज का दिन हम सबके लिए प्रेरणा लेने उनके आदर्शों को आत्म सात करने का दिन है। प्रिंस डांस अकादमी द्वारा एक मैरिज लॉन में आयोजित रंगारंग डांस प्रतियोगिता में



विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार आदर्श दिव्यांग समिति के सचिव नीरज बाजपेई एवम डांस कोचिंग के डायरेक्टर चंदन कुमार द्वारा दिए गए। सांत्वना पुरुस्कार में सृष्टि शर्मा अंशिका, शिखा कश्यप, सैजल आरोही, मुस्कान, राधा, मानसी, खुशी आदि अनेक बच्चों का नाम शामिल रहे।

## लगातार बढ़ रही महंगाइयों से आमजनमानस त्रस्त: कांग्रेस



**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** सरकार 200 कम करके ऐसा प्रचार कर रही है मानो सिलेंडर का दाम 200 हो गया हो दिनांक 9-8-2023 को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर वर्तमान समय में चल रही तानाशाह सरकार द्वारा आमजनमानस पर लगातार डाले जा रहे भार एवम गलत प्रचार के माध्यम से लोगों को गुमराह करने वाली ये सरकार जिसने 2014 में आने के पहले तमाम वादे किए थे। ये भी कहा था कि नीचे कि पंक्ति में रहने वाले लोगों को राहत दी जाएगी। वही 2014 से लेकर आज तक अगर देखा जाए तो सिलेंडर का दाम करीब तीन गुने के आसपास बढ़ चुका हैं, सरकार मात्र 200 कम करके इसका प्रचार प्रसार इतना कर रही है कि मानो उन्होंने सिलेंडर का दाम 200 कम नहीं 200 ही कर दिया हो इस परिपेक्ष में आज जिला कांग्रेस सोनभद्र कमेटी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई, जिसमें रामराज सिंह गोड़ ने कहा कि जहां सरकार कहती है कि हमने गरीबों के लिए बहुत कुछ किया जिसमें उज्वला योजना को बार-बार बताती और दिखाती है 2017 से लेकर अभी तक में करीब 68702.76 करोड रुपए इस सरकार ने केवल उज्वला योजना के अंतर्गत गरीबो का लूट लिया है। दूसरी ओर इन लोगों ने जनता की जेब पर करीब 833640.76 करोड़ से ज्यादा लूटने का काम किया और केवल प्रचार प्रसार में ही यह दिखाते हैं कि आम जनमानस बहुत खुश है।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में पहुंचे समाज कल्याण मंत्री, कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा

अवधनामा संवाददाता

**चोपन/ सोनभद्र।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम के रूप में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत मिट्टी व अक्षत संग्रह का शुभारंभ शुक्रवार को चोपन मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह के अध्यक्षता में चोपन नगर के वार्ड नंबर 8, 9 और 2 में घर-घर से मिट्टी व अक्षत संग्रह शीतला माता का पूजन कर ढोल नगाड़े के साथ किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ घर घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी व अक्षत संग्रह किया वार्ड की माता बहनों में इस कार्यक्रम के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखा व स्वयं घर-घर से महिलाएं निकल कर कलश में मिट्टी व अक्षत डालकर अपना सहयोग दे रही है वहीं संजीव सिंह गोंड़ ने कहा कि यह कार्यक्रम अपनी भूमि से जुड़कर और अपने नायकों का सम्मान करके राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करेगा और भावी पीढ़ियों को भारत की विरासत की रक्षा करने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद ने कहा कि जनपद के सभी मंडलों के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, ब्लॉक स्तर पर यह कार्यक्रम चल रहा है एवं कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बना रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली व जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत यह कार्यक्रम अमृत वाटिका के निर्माण में घर-घर की



मिट्टी व अक्षत सभी को देशभक्ति के भावना से जोड़ेगा तथा अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कार्य समिति सदस्य प्रदीप अग्रवाल, डॉ सत्येंद्र आर्य, राजेश अग्रहरि, अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष घनश्याम चौधरी मंडल महामंत्री विकास चौबे, प्रेम पटेल, सत्यदेव पांडे, मनीष त्रिपाठी, कामेश्वर विश्वकर्मा, बुधीराम सिंह बैसवार, विजय साहनी, प्रिंस चौबे, सुभाष साहनी, आईटी प्रमुख विकास सिंह छोटू विनोद साहनी इत्यादि कार्यकर्ताओं ने अमृत कलश में मिट्टी व अक्षत संग्रह किया।

## अंधेरे में पार्क निर्माण पर ग्रामीणों का हंगामा

**नरैनी।** पर्यटन पार्क में रात के अंधेरे में किए जा रहे निर्माण कार्य को अवैध बता ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस और तहसील प्रशासन को जानकारी दी गई है। तहसीलदार ने मामले की जांच नायब तहसीलदार को सौंपी है। नहरी गांव के मजरा उदई पुरवा में कानपुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा पर्यटन पार्क बनाया जा रहा है। गांव के लोग बीते दो महीने से स्थानीय और जिला स्तर के अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर चकमार्ग पर निर्माण कर सार्वजनिक रास्ता रोकने का आरोप लगाते रहे हैं। गांव के कई लोगों ने बताया कि गुरुवार की रात के अंधेरे में पर्यटन पार्क के निकट अवैध निर्माण किया जा रहा था, तब उन्होंने डायल 112 पर फोन कर मामले की सूचना पुलिस को दी है। सूचना के बाद सुबह करतल पुलिस चौकी के सिपाही भी मौके पर पहुंचे थे। गांव के लोगों ने मामले की सूचना तहसीलदार लखन लाल सिंह राजपूत को दी। तहसीलदार ने बताया कि ग्रामीणों ने चक मार्ग पर अवैध निर्माण की शिकायत की है।

# स्थानीय जल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए वाटर वेज अथारिटी का होगा गठन

## जल परिवहन स्थानीय उत्पादों के परिवहन के साथ ही ट्रैफिक लोड को कम करने में मददगार साबित होगाः जयवीर सिंह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में स्थानीय जल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए शीघ्र ही उत्तर प्रदेश जल परिवहन प्राधिकरण का गठन किया जायेगा। इसके माध्यम से स्थानीय व्यापार, रोजगार तथा कृषि उत्पाद को शीघ्रता से एक स्थान से दूसरे स्थान तक परिवहन के लिए राप्ती, गंगा तथा सरयू जैसी नदियों में क्रूज का संचालन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इससे सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा और आम जनता को ताजी सब्जियां एवं स्थानीय उत्पाद प्राप्त होंगे। इसके साथ ही किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है।

पर्यटन मंत्री आज अयोध्या में चौधरी चरण सिंह घाट पर जटायू क्रूज बोट के संचालन शुरू करने के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनिर्मित जटायू क्रूज बोट को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन के अनुसार अयोध्या को त्रेता युग की भव्यता एवं दिव्यता देने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अयोध्या को नये सिरे से संवार रहे हैं।

जयवीर सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में बड़े पैमाने पर विकास कार्य एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की अवस्थापना सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। अयोध्या में बहुप्रतीक्षित भव्य मंदिर निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है।



पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अयोध्या में नवनिर्मित जटायू क्रूज बोट का लोकार्पण किया

अगले साल पूरे विश्व भर के श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के दर्शन के लिए देशी-विदेशी पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ ही पर्यटकों की संख्या में कई गुना बढ़ोत्तरी होगी।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही क्रूज संचालन का कार्य मथुरा और तीर्थराज प्रयाग में भी शुरू किया जायेगा। वाराणसी में क्रूज सेवा पहले से ही संचालित है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि आज क्रूज सेवा शुरू होने से अयोध्या की भव्यता में एक नया अध्याय जुड़ जायेगा। जटायू क्रूज अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें 100 यात्रियों के बैठने की सुविधा है। यह अयोध्या से चलकर 18 किमी0 की दूरी तय करते हुए गुप्तारघाट पहुंचेगा। यह यात्रा लगभग एक घंटे की होगी। प्रति यात्री 300 रू0 किराया होगा। इस क्रूज में 70 यात्री अन्दर और 30 यात्री बाटम में यात्रा कर सकेंगे। इस क्रूज के माध्यम से सरयू नदी के शांत जल पर नौकायन करते हुए भगवान श्रीराम की स्मृतियों से जुड़े हुए विभिन्न स्थलों को निहारा जा सकता है।

इसके पूर्व पर्यटन मंत्री ने सरयू होटल, रामकथा पार्क में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा कराये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं तथा अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों में उच्च स्तरीय सामग्री का उपयोग किया जाय। अधोमानक एवं घटिया सामग्री पाये जाने पर सम्बंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए निर्धारित समय को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का पालन किया जाय। इस अवसर पर विभिन्न उच्चाधिकारियों ने भी अपने सुझाव दिये। इस अवसर पर अयोध्या क्रूज लाइन्स प्रा0लि0 के एम.डी. राहुल शर्मा ने बताया कि हमारी जटायू क्रूज बोट यात्रियों को अविस्मरणीय यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह क्रूज अयोध्या की भव्यता एवं आधुनिकता को समेटे हुए है। उन्होंने बताया कि यात्रियों की मांग को देखते हुए पुष्पक विमान नामक अल्ट्रा लग्जरी क्रूज जहाज का निर्माण किया जा रहा है। 150 यात्रियों की क्षमता वाला पुष्पक विमान अयोध्या की शोभा में चार चांद लगायेगा।

# 35 वाहिनी पीएसी परिसर में जन्माष्टमी समारोह संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** महानगर क्षेत्र स्थित 35वीं वाहिनी पीएसी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक विजय कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर डा. केएस प्रताप कुमार, एसएन सावत, पीयूष मोर्डिया ,प्रकाश डी, महेन्द्र लालका, सूर्य कुमार शुक्ला, आशुतोष कुमार, अर्पणा कुमार आदि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अलावा भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार सृष्टि धवन राठौड़ की उपस्थिति रही। जन्माष्टमी समारोह के अवसर पर पुलिस माडर्न स्कूल, भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय, सांस्कृतिक विभाग एवं वाहिनी के परिवारीजनों के बच्चों द्वारा मनमोहक सामूहिक और व्यक्तिगत नृत्य प्रस्तुतियां दी गयीं।आयोजक के रूप में 35वीं पीएसी वाहिनी के सेनानायक किरीट राठौड़ द्वारा आमंत्रित अतिथियों को धन्यवाद प्रस्तुत करने के साथ ही समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। सेनानायक एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा वाहिनी मन्दिर के भव्य झाँकी का दर्शन, पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर सभी को शुभकामनाएँ दी गयी तथा भक्तगणों को प्रसाद वितरण किया गया। इस शुभ अवसर पर भारी संख्या में कृष्णभक्त उपस्थित रहे।

# मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली निष्काशित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिषन के उप कार्यालय 201, ख्वाजा अर्पाटमेन्ट, नक्खास, लखनऊ में एक महत्वपूर्ण बैठक हजरत सैयद अयूब अषरफ संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिषन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें नवगठित कार्याकरणी के सदस्यगण शामिल हुए। बैठक में आगामी 12 रबीअव्वल ईदमिलादुन्नबी के मौके पर निकाले व मनाए जाने वाले जुलूस व जष्न ए मोहम्मदी की तैयारियों के सिलसिले में चर्चा हुए। चर्चा में लोगों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत करते हुए मिषन के अध्यक्ष ने कहा कि यह पर्व मुल्क में शांति व सदभावना की एक मिसाल है जहॉं सभी सम्प्रदाय, जाति, ऊँच नीच को भुलाकर प्यारे नबी की मोहब्बत में आषिकाने नबी उनका जष्न मनाने निकलते है हमें इस जष्न की गरिमा को बनाए रखने के लिए हर मुमकीन कोषिष करना है। इसी के साथ ही साथ विगत वर्षो में मिषन के उद्देष्यों के विरूद्ध कार्य करने वाले सदस्यों पर भी विचार विमर्ष किया गया। जिसमें संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद अयूब अषरफ द्वारा नामित पूर्व संरक्षक श्री अबुल इरफान मियॉं फिरंगी महली स्वयं एवं उनके अन्य सहयोगी पर, मिषन के उद्देषो के खिलाफ कई गंभीर आरोप सामने आए जिसमें सभी सदस्यों ने विस्तार से चर्चा की और उन आरोंपों का खुलासा किया।

## सरोजनीनगर की मातृशक्ति को मिला एक और बड़ा उपहार

# डॉ. राजेश्वर ने किया 10 नए तारा शक्ति केंद्रों का लोकार्पण

## डॉ राजेश्वर सिंह ने अक्टूबर 2022 में 4 तारा शक्ति केंद्र ओपन कर ऐसे 100 सेंटर खोलने का लिया था संकल्प

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मातृशक्ति को अनूठी सौगात दी। पराग चौराहा स्थित विधायक कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपनी प्रेरणा माता तारा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा 10 नए तारा शक्ति केंद्रों का लोकार्पण कर सरोजनीनगर की माताओं, बहनों, बेटियों को समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुडी व क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने महिलाओं को साड़ी एवं सिलाई किट भेंट स्वरूप प्रदान किया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने तारा शक्ति केंद्र सदरौना, तारा शक्ति केंद्र बलदेव विहार, तारा शक्ति केंद्र स्कूटर इंडिया, तारा शक्ति केंद्र एल्डिको, तारा शक्ति केंद्र मौंदा, तारा शक्ति केंद्र हरौनी, तारा शक्ति केंद्र वृंदावन सेक्टर 6, तारा शक्ति केंद्र सदुल्लागंज, तारा शक्ति केंद्र पानखेड़ा, तारा शक्ति केंद्र बिजनौर का शुभारंभ किया। विधायक द्वारा इन सभी सेंटरों में 10-10 सिलाई मशीनें जिसमें 8 मोटराइज्ड एवं मैन्युअल सिलाई मशीनें, 1 पीको व 1 इंटरलॉकिंग मशीन प्रदान की गई। लोकार्पण उपरांत विधायक ने सभी महिलाओं से एक - एक कर वार्ता की और उनकी समस्याएँ और आवश्यकताओं के बारे में भी पूछा तथा सभी महिलाओं द्वारा उनकी आवश्यकता अनुरूप पूरा किये जाने का आश्वासन दिया। महिला स्वावलंबन हेतु किये जा रहे अभिनव कार्यों और उनकी सभी आवश्यकताओं को समझ उन्हें पूरा किये जाने के लिए सभी महिलाओं ने एक स्वर में विधायक को धन्यवाद दिया तथा उनकी सराहना की। डॉ राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर की 404 स्वयं सहायता समूहों को अधिक से अधिक कार्य के अवसर उपलब्ध कराने, उनके द्वारा निर्मित वस्तुओं को बाजार दिलाने, नए सिलाई सेंटरों की स्थापना करवाने, महिला हेल्प डेस्क स्थापित कराने के साथ-साथ बंथरा क्षेत्र के अंतर्गत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के समूह के लिए एक स्थान सुनिश्चित कर समूह बाजार की स्थापित कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विधायक ने स्वयं सहायता समूहों से मिले 26 आवेदनों को पूरा कर नए केंद्र खोलने की भी बात कही। सदरौना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के लिए पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव पर पुनर्विचार कर जल्द से जल्द स्थापित कराने एवं दिव्यांग बच्चों को स्कूल में एडमिशन करवाने की भी बात भी विधायक द्वारा कही गई।



डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों से सरोजनीनगर बन रहा 'मातृशक्ति स्वावलंबन का नेशनल मॉडल

## डा0 अतुल कुमार सिंह को मिला उद्यान निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अपर निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह को वर्तमान पद के साथ ही उद्यान निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इस सम्बन्ध में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा आवश्यक शासनादेश जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में कहा गया है कि डा0 सिंह को अग्रिम आदेश जारी होने तक या नियमित तैनाती होने की अवधि तक निदेशक के रूप में तैनात किया गया है।

ज्ञातव्य है कि डा0 आर.के. तोमर 31 अगस्त, 2023 को अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने उपरान्त डा0 अतुल कुमार सिंह को अस्थायी रूप से निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री कल वाराणसी के भ्रमण पर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल शनिवार 09 सितम्बर 2023 को वाराणसी के भ्रमण पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री प्रातः बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके उपरान्त पूर्वान्ह 11:00 बजे से 01:30 बजे अपरान्ह तक संसदीय जनसम्पर्क कार्यालय 194 जवाहर विस्तार भेलूपुर वाराणसी में माननीय प्रधानमंत्री जी के संसदीय कार्यालय पर जन-सुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## चित्रकूट में होगी सहकार भारती की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सहकारिता क्षेत्र के देशव्यापी संगठन सहकार भारती, उत्तर प्रदेश की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 9-10 सितंबर (शनिवार-रविवार) को चित्रकूट स्थित उद्यमिता पीठ के विवेकानंद सभागार में हो रही है। इसमें उत्तर प्रदेश के 400 से अधिक दायित्ववान पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त जानकारी सहकार भारती, उत्तर प्रदेश के महामंत्री डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 30 सितंबर तक चलने वाले बी पैक्स सदस्यता अभियान में सहकार भारती के पदाधिकारी अधिक से अधिक सदस्य बनाए जाने पर जोर दे रहे हैं।

# अकीदत व एहतेराम के साथ निकला चेहल्लुम का जुलूस

## इराक की तर्ज पर लखनऊ में भी अरबाईन वॉक

### शामिल हुए हजारों अजादार

**लखनऊ।** चेहलुम के मौके पर हर साल दुनिया भर से लाखों अजादार कर्बला इराक जाते हैं और वहा नजफ शहर स्थित रौजाए हजरत अली (अ.स.) से कर्बला में रौजाए इमाम हुसैन (अ.स.) तक 80 किलो मीटर पैदल सफर करते हैं। जिसे अरबाईन वॉक कहते है। इसी तर्ज पर अजादारों ने इमामबाड़ा शाहनजफ हजरतगंज, रौजाए हजरत अली सरफराजगंज और कर्बला अब्बासिया बक्शी का तलाब से कर्बला तालकटोरा के लिए पैदल सफर तय किया। जिसमें पुरूष, ख्वातीन व बच्चों के साथ हजारों अजादार शामिल हुए। बक्शी का तालाब से आये अजादारों के शिया पीजी कालेज सीतापुर रोड पर गुलामाने हजरत मुख्तार फेडरेशन हसन पुरिया के सदस्यों ने हाथ-पैर दबा कर उनकी खिदमत की। पैदल आये जायरीन के लिए असद मोहानी की ओर से शहीद स्मारक रोड पर सबीले अली असगर सहित अनेक इदारों व अजादारों ने जगह पर खाने पीने के विषेश इंतजाम किये थे।

### लब्बैक या हुसैन की रही गूंज

जुलूस के दौरान इमामबाड़ा नाजिम साहब से कर्बला तालकटोरा तक अजादारों के लबों पर लब्बैक या हुसैन...लब्बैक या हुसैन... यानी हुसैन हम हाजिर हैं की सदाएं थीं। जुलूस में ईराक की तर्ज पर अजादार हाथों में या हुसैन व या अब्बास लिखे लाल, हरे, सफेद और काले झंडे लहरा रहे थे।

### शहीदों के नाम पर सबीलों के विशेष इंतजाम

चेहलुम के मौके पर विक्टोरिया स्ट्रीट से लेकर कर्बला ताल कटोरा व कर्बला इमदाद हुसैन खा के पास तक बिभिन्न इदारों की तरफ से चाय, काफी, दूध, बिरयानी, दाल-चावल, खिचड़ा, बिस्कुट, शीरमाल, चाकलेट, विभिन्न तरह के शर्बत,फ्रूट ,जूस व चिप्स, आदि का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त कई सचल सबीले भी जुलूस के साथ चल रही थी।

## अकीदत के साथ निकाला गया चेहल्लुम का जुलूस



**हरदोई।** कर्बला की जंग में अपने 72 साथियों के साथ शहीद हुए नवासा-ए-रसूल इमाम हुसैन और शहीदाने करबला की याद में मनाया जाने वाला चेहल्लुम का जुलूस शुक्रवार को गौरी खालसा में निकाला गया। जुलूस में अलम और ताजिये निकाले गए। इस्लामिक वर्ष के पहले माह मोहर्रम की 10 तारीख को कर्बला की जंग में नवासा-ए-रसूल इमाम हुसैन व उनके 71 साथियों के साथ शहीद कर दिया गया था। इसी क्रम में शहादते हुसैन के 40 दिन पूरे होने पर शिया मुसलमानों द्वारा चेहल्लुम (चालीसवां) मनाया जाता है। शुक्रवार को गौरी खालसा में चेहल्लुम का जुलूस इमामबाड़ा व दरगाह से निकाला गया। जुलूस इमामबाड़े से शुरू होकर जुलूस मार्ग होते हुए करबला पहुंचा। करबला में पहुंचकर ताजिये दफन किए गए और मातमी पुर्सा दिया गया। जुलूस से पूर्व एक मजलिस इमामबाड़े में हुई जिसको आली जनाब मौलाना सैय्यद गुलाम अब्बास नकवी ने खिताब फरमाई। जुलूस में अंजुमन-ए- हैदरी व अंजुमन-ए-मज़लूमिया के नोहेख्वानों ने नोहे पढ़े। इमाम हुसैन का चेहल्लुम हिंदुस्तान के साथ-साथ संपूर्ण विश्व में चेहल्लुम (चालीसवा) का आयोजन किया जाता है।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों की दर्दनाक शहादत की याद में इमामबाड़ा नाजिम साहब विक्टोरिया स्ट्रीट से कर्बला के शहीदों के चेहलुम का जुलूस निकाला गया जो कर्बला तालकटोरा जाकर संपन्न हुआ। जुलूस में हजारों अजादार शरीक हुए जिसमें पुरूषों के साथ पर्दानशीन महिलाएं व बच्चे शामिल थे। इससे पूर्व मजलिस को मौलाना कल्बे अहमद ने खिताब किया। मजलिस के बाद इमामबाड़े से अंजुमनों के निकलने का सिलसिला शुरू हुआ। जुलूस में शहर की करीब दो सौ मातमी अंजुमनें अपने अलम के साथ नौहाख्वानी व सीनाजनी करती चल रही थीं। अंजुमनों के साहिबे बयाज चेहलुम पर कदीमी नौहे पढ़ रहे थे, जिन्हें सुन अजादारों की आंखें भर आयी। जुलूस नाजिम साहब के इमामबाड़े से निकलकर नक्खास चौराहा, टूरियागंज, हैदरगंज, बुलाकी अड्डा, एवरेडी चौराहा होते हुए तालकटोरा कर्बला में संपन्न हुआ। इस दौरान अजादारों ने जंजीर और कमा का मातम भी किया। जुलूस में सबसे पीछे अंजुमन रौनके दीने इस्लाम, हजरत औन व मोहम्मद, हजरत अली अकबर, हजरत अली असगर और हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के ताबूत व गहवारा, ऊंटों पर अमारियां, जुलजनाह और हजरत अब्बास (अ.स.) की निशानी अलम के साथ नौहाख्वानी व सीनाजनी करती हुई शामिल हुई। अकीदतमंदों ने जियारत कर दुआएं मांगी। शाम तक अंजुमनों का कर्बला तालकटोरा पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। कर्बला में अलविदाई मजलिस के बाद जुलूस सम्पन्न हुआ।

### बहत्तर शहीदों की हुई नज्र ,देर रात तक चली मजलिसें

कर्बला के शहीदों की याद में अजादारों ने घरों में नज्र दिलायी। इस मौके पर मुख्य रूप से खड़ी मसूर की दाल, दूध, शर्बत व पानी को नज्र में रखा जिस पर नज्र की और बड़ी अकीदत के साथ चखा। नज्र चखते ही आंखों से आंसू जारी हो गये। अजाखाना-ए-अबुल फजलिल अब्बास हसन पुरिया में मजलिस को मौलाना राशिद अस्करी ने खिताब किया। इसके बाद बहत्तर शहीदों की नज्र दी गयी। जिसमें बहत्तर थालियों में नज्र का सामान व बहत्तर कूजों में पानी था जिसे देखकर कर्बला के शहीदों की तीन दिन की भूख-प्यास की याद ताजा हो गयी। इदारे अजरे रिसालत मिशन की ओर से रौजाए बैतुल हुज्न रूस्तम नगर में मजलिसे अरबाईन-ए-शोहदा-ए-कर्बला को मौलाना इकरार रजा आब्दी ने खिताब किया। अंजुमन महमूदाबाद ने कर्बला तालकटोरा में बनी असद का काफिला निकाला। जिसमें इमाम हुसैन(अ.स.), हजरत अब्बास (अ.स.) का ताबूत, जुलजनाह, अलम, हजरत अली असगर का झूला और कफनी पहने सोगवार काफिले में शामिल रहे।

तीन दिवसीय तरही शब्बेदारी अन्जुमन गुंचा-ए-महेदवियां (रईस मंज़िल) का सिलसिला कल से शुरू होगा जिसमे पढ़ने वाली अंजुमनों की आज कुरा अंदाजी हुई जिसमे मिसरा-ए-तरहः-

**हर एक रुख़ से है अब्बास मुरतुज़ा जैसे**
**है इस कुरा अंदाजी में कल**

22-सफर-को
1: शहीदाने कर्बला
2: शब्बीरिया
3: नासिरूल इस्लाम
4: गुंचा-ए-मज़लूँमियां
5: गुलज़ारे पंजेतन

**इतवार 23-सफर को अंजुमने**
1: मोहिब्बने हुसैन
2: तहज़ीबुल इस्लाम
3: हुसैनिया क़दीम
4: नय्यरूल इस्लाम
5: तस्वीरुल अज़ा
6: रज़ाये हुसैन कानपुर

और आखिरी दिन
24-सफर-1445 हिजरी
1: रौनक़-ए-दीने इस्लाम
2: शामें ग़रीबा
3: नासिरूल अज़ा
4: मक़सदे हुसैनी
5: ज़फरुल ईमान अंजुमने नोहा ख्वानी वा सीनाजनी करेंगी

## द एमएसजी फाउंडेशन और रिलीफ हास्पिटल द्वारा मेडिकल कैम्प का आयोजन



**लखनऊ।** चेहलुम के अवसर द मदद सहयोग गाइडेंस फ़ाउंडेशन (द एमएसजी फाउंडेशन) और रिलीफ हास्पिटल द्वारा नियर वात्सला हॉस्पिटल विक्टोरिया स्ट्रीट मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैंप में ज़ंजीर और क़मा किये हुए अज़ादारों को बैंडेज करके फ्री दवाएं वितरित की गई। इस कैंप में लगभग 50 लोगों को चिकित्सकीय सुविधा प्रदान की गई तथा साथ ही साथ ज़ायरीन को दूध का शर्बत वितरित किया गया। चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान करने वाली टीम में डाक्टर मोबशशिर ख़ान, डॉक्टर आसिफ, डॉक्टर सफ़वान क़िदवई, डॉक्टर फुरकान ख़ान, डॉक्टर मनीष कुमार मौर्य, डॉक्टर महक बाकरी, डॉक्टर नूर अफशां फातमा व डॉक्टर अरशीना अतहर मौजूद रहे। इसके अलावा द एमएसजी फ़ाउण्डेशन टीम में इमरान अली, कम्बर वसी, फ़ज़्ल, मेराज, मिंहाल, आबिस, अली मिर्ज़ा, हुर अब्बास, सैयद अली हुसैन, मोहम्मद अली, सैयद अली मुबीन, सैयद अली अमीन व सैयद आबिद मौजूद रहे।

# मनरेगा श्रमिकों के भुगतान हेतु श्रमांश मद में 729 करोड़ स्वीकृति




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सार्थक व सकारात्मक प्रयासों के फलस्वरूप ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मनरेगा (महात्मा गांधी नेशनल रूरल इम्प्लायमेन्ट गारण्टी ऐक्ट) के अन्तर्गत श्रमिकों के पारिश्रमिक के भुगतान हेतु रू 729 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गयी है। मनरेगा मजदूरों को भुगतान सीधे उनके खाते में नियमानुसार (छम.थ्डै) नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फण्ड मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से किया जाता है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गांवों में मनरेगा व मनरेगा अभिसरण के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों में तेजी लाने के निर्देश सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैं। बताया कि मनरेगा के तहत 266 प्रकार के कार्य कराये जा सकते हैं। निर्देश दिए हैं कि गांवों में मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों के प्रकार का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाए, कहा कि जानकारी के अभाव में तमाम लोग काम करने/कराने से वंचित रह जाते हैं, इसलिए मनरेगा के बारे में ग्रामीणो में और अधिक जागरूकता पैदा करने की प्रबल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में किसी भी दशा में धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि मनरेगा में श्रमिकों का भुगतान की कार्यवाही नियमानुसार समय से करायी जाती रहे।

ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा में व्यक्तिगत लाभार्थीपरक कार्यों में-पात्र ग्रामीण परिवारों के आजीविका संसाधनों में वृद्धि हेतु पशु शेड,बकरी शेड, मुर्गी शेड,भूमि सुधार, मेड़बन्दी, वृक्षारोपण, नेडप कम्पोस्ट/वर्मी कम्पोस्ट आदि बनाने का लाभ दिया जा रहा है। योजनान्तर्गत कृषकों को सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु व्यक्तिगत भूमि पर खेत-तालाब निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, जिससे उनकी आजीविका में वृद्धि हो रही है।

विकास निषाद फ्रैक्चर क्लिनिक के तरफ से श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

